वीरोदय महाकाव्य

-: मूलग्रन्थलेखक एवं संस्कृत हिन्दी टीकाकार :-

श्री वाणीभूषण बा. ब्र. पं. भूरामलजी शास्त्री

(आचार्य ज्ञानसागर जी महाराज)

प्रेरक प्रसंग : प. पू. आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज के परमशिष्य मुनि श्री सुधासागरजी महाराज, क्षु. श्री गम्भीर सागरजी, क्षु. श्री धैर्य सागरजी महाराज के ऐतिहासिक १९९४ के श्री सोनी जी की नसियाँ, अजमेर के चातुर्मास के उपलक्ष्य में प्रकाशित।

ट्रस्ट संस्थापक : स्व. पं. जुगल किशोर मुख्तार

प्रूफ रीडिंग : श्री कमल कुमार जी बड़जात्या, अजमेर

ग्रन्थमालासम्पादक एवं नियामक : डॉ. दरबारी लाल कोठिया न्यायाचार्य, बीना (मध्य प्रदेश)

संस्करण : द्वितीय

प्रति : 2000

मूल्य : स्वाध्याय
(नोट :- डाक खर्च भेजकर प्रति निशुल्क प्राप्ति स्थान से मंगा सकते है।

प्राप्ति स्थान :

* **सोनी मंन्दिर ट्रस्ट**
  सोनीजी की नसियाँ,
  अजमेर (राज.)

* **डा. शीतलचन्द जैन**
  मंत्री – श्री वीर सेवा मन्दिर ट्रस्ट
  १३१४ अजायब घर का रास्ता,
  किशनपोल बाजार, जयपुर

* **श्री दिगम्बर जैन मन्दिर अतिशय क्षेत्र**
  मन्दिर संघी जी, सांगानेर
  जयपुर (राज.)

श्री वाणीभूषण बा. ब्र. पं. भूरामलजी शास्त्री

वीरोदय महाकाव्य

आशीर्वाद एवं प्रेरणा :
मुनि श्री सुधासागर जी महाराज एवं
क्षु. श्री गंभीरसागर जी, एवं क्षु. श्री धैर्यसागर जी महाराज

सम्पादक
पं. हीरालाल सिद्धान्त शास्त्री

सौजन्यता :
श्री गुप्त दातार

प्रकाशक :
श्री दिगम्बर जैन समिति एवं सकल दिगम्बर जैन समाज,
अजमेर (राज.)

प्रकाशन :
वीर सेवा मन्दिर ट्रस्ट, जयपुर

मुद्रण एवं लेजर टाइप सैटिंग :
लिओ ब्लॉक एण्ड प्रिन्टर्स
पुरानी मण्डी, अजमेर फोन 22291

दिगम्बर जैनाचार्य १०८ श्री ज्ञानसागर मुनि महाराज

प्रकाशकीय समर्पण

आ. श्री विद्यासागर जी

卐

मु. श्री सुधासागर जी

पंचाचार युक्त
महाकवि, दार्शनिक विचारक,
धर्मप्रभाकर, आदर्श चारित्रनायक, कुन्द-कुन्द
की परम्परा के उन्नायक, संत शिरोमणि, समाधि सम्राट,
परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज के कर कमलों में
एवं
इनके परम सुयोग्य
शिष्य ज्ञान, ध्यान, तप युक्त
जैन संस्कृति के रक्षक, क्षेत्र जीर्णोद्धारक,
वात्सल्य मूर्ति, समता स्वभावी, जिनवाणी के यथार्थ
उद्घोषक, आध्यात्मिक एवं दार्शनिक संत मुनि
श्री सुधासागर जी महाराज के कर कमलों में
सकल दि. जैन समाज एवं दिगम्बर जैन समिति,
अजमेर (राज.) की ओर से
सादर समर्पित।

आचार्य श्री ज्ञानसागर जी की जीवन यात्रा आँखों देखी

आलेख - निहाल चन्द जैन
सेवा निवृत्त प्राचार्य
मिश्रसदन सुन्दर विलास, अजमेर

प्राचीन काल से ही भारत वसुन्धरा ने अनेक महापुरुषों एवं नर-पुंगवों को जन्म दिया है । इन नर-रत्नों ने भारत के सामाजिक, राजनैतिक, धार्मिक, आध्यात्मिक एवं शौर्यता के क्षेत्र में अनेकों कीर्तिमान स्थापित किये हैं । जैन धर्म भी भारत भूमि का एक प्राचीन धर्म है, जहाँ तीर्थंकर, श्रुत केवली, केवली भगवान के साथ साथ अनेकों आचार्यों, मुनियों एवं सन्तों ने इस धर्म का अनुसरण कर मानव समाज के लिए मुक्ति एवं आत्मकल्याण का मार्ग प्रशस्त किया है ।

इस १९-२० शताब्दी के प्रथम दिगम्बर जैनाचार्य परम पूज्य, चारित्र चक्रवर्ती आचार्य १०८ श्री शांतिसागर जी महाराज थे जिनकी परम्परा में आचार्य श्री वीर सागरजी, आचार्य श्री शिव सागरजी इत्यादि तपस्वी साधुगण हुये । मुनि श्री ज्ञान सागरजी आचार्य श्री शिवसागर जी महाराज से वि. स २०१६, में खानियाँ (जयपुर) में मुनि दीक्षा लेकर अपने आत्मकल्याण के मार्ग पर आरूढ़ हो गये थे । आप शिवसागर आचार्य महाराज के प्रथम शिष्य थे ।

मुनि श्री ज्ञान सागर जी का जन्म राणोली ग्राम (सीकर-राजस्थान) में दिगम्बर जैन के छाबड़ा कुल में सेठ सुखदेवजी के पुत्र श्री चतुर्भुज जी की धर्म पत्नि घृतावरी देवी की कोख से हुआ था । आपके बड़े भ्राता श्री छगनलालजी थे तथा दो छोटे भाई और थे तथा एक भाई का जन्म तो पिता श्री के देहान्त के बाद हुआ था । आप स्वयं भूरामल के नाम से विख्यात हुये । प्रारम्भिक शिक्षा गाँव के प्राथमिक विद्यालय में हुई । साधनों के अभाव में आप आगे विद्याध्ययन न कर अपने बड़े भाई जी के साथ नौकरी हेतु गयाजी (बिहार) आगये । वहां १३-१४ वर्ष की आयु में एक जैनी सेठ के दुकान पर आजीविका हेतु कार्य करते रहे । लेकिन आपका मन आगे पढ़ने के लिए छटपटा रहा था । संयोगवश स्याद्वाद महाविद्यालय वाराणसी के छात्र किसी समारोह में भाग लेने हेतु गयाजी (बिहार) आये । उनके प्रभावपूर्ण कार्यक्रमों को देखकर युवा भूरामल के भाव भी विद्या प्राप्ति हेतु वाराणसी जाने के हुए । विद्या-अध्ययन के प्रति आपकी तीव्र भावना एवं दृढ़ता देखकर आपके बड़े भ्राता ने १५ वर्ष की आयु में आपको वाराणसी जाने की स्वीकृति प्रदान कर दी ।

श्री भूरामल जी बचपन से ही कठिन परिश्रमी अध्यवसायी, स्वावलम्बी, एवं निष्ठावान थे । वाराणसी में आपने पूर्ण निष्ठा के साथ विद्याध्ययन किया और संस्कृत एवं जैन सिद्धान्त का गहन अध्ययन कर शास्त्री परीक्षा पास की । जैन धर्म से संस्कारित श्री भूरामल जी न्याय, व्याकरण एवं प्राकृत ग्रन्थों को जैन सिद्धान्तानुसार पढ़ना चाहते थे, जिसकी उस समय वाराणसी में समुचित व्यवस्था नहीं थी । आपका मन क्षुब्ध ही उठा, परिणामत: आपने जैन साहित्य, न्याय और व्याकरण को पुन:जीवित करने का भी दृढ़ संकल्प ही लिया । अडिग विश्वास, निष्ठा एवं संकल्प के धनी श्री भूरामल जी ने कई जैन एवं जैनेत्तर विद्वानों से जैन वाङ्‌मय की शिक्षा प्राप्त की । वाराणसी में रहकर ही आपने स्याद्वाद महाविद्यालय से "शास्त्री" की परीक्षा पास कर आप पं. भूरामल जी नाम से विख्यात हुए । वाराणसी में ही आपने जैनाचार्यों द्वारा लिखित न्याय, व्याकरण, साहित्य, सिद्धान्त एवं अध्यात्म विषयों के अनेक ग्रन्थों का गहन अध्ययन किया ।

बनारस से लौट कर आपने अपने ही ग्रामीण विद्यालय में अवैतनिक अध्यापन कार्य प्रारम्भ किया, लेकिन साथ में, निरन्तर साहित्य साधना एवं साहित्य लेखन के कार्य में भी अग्रसर होते गये। आपकी लेखनी से एक से एक सुन्दर काव्यकृतियाँ जन्म लेती रही। आपकी तरुणाई विद्वता और आजीविकोपार्जन की क्षमता देखकर आपके विवाह के लिए अनेकों प्रस्ताव आये, सगे सम्बन्धियों ने भी आग्रह किया। लेकिन आपने वाराणसी में अध्ययन करते हुए ही संकल्प ले लिया था कि आजीवन ब्रह्मचारी रहकर माँ सरस्वती और जिनवाणी की सेवा में, अध्ययन-अध्यापन तथा साहित्य सृजन में ही अपने आपको समर्पित कर दिया। इस तरह जीवन के ५० वर्ष साहित्य साधना, लेखन, मनन एवं अध्ययन में व्यतीत कर पूर्ण पांडित्य प्राप्त कर लिया। इसी अवधि में आपने दयोदय, भद्रोदय, वीरोदय, सुदर्शनोदय आदि साहित्यिक रचनायें संस्कृत तथा हिन्दी भाषा में प्रस्तुत की वर्तमान शताब्दी में संस्कृत भाषा के महाकाव्यों की रचना की परम्परा को जीवित रखने वाले मूर्धन्य विद्वानों में आपका नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। काशी के दिग्गज विद्वानों की प्रतिक्रिया थी "इसकाल में भी कालीदास और माधकवि की टक्कर लेने वाले विद्वान हैं, यह जानकर प्रसन्नता होती है" इस तरह पूर्ण उदासीनता के साथ, जिनवाणी माँ को अविरत सेवा में आपने गृहस्थाश्रम में ही जीवन के ५० वर्ष पूर्ण किये। जैन सिद्धान्त के हृदय को आत्मसात करने हेतु आपने सिद्धान्त ग्रन्थों श्री धवल, महाधवल जयधवल महाबन्ध आदि ग्रन्थों का विधिवत् स्वाध्याय किया। "ज्ञान भारं क्रिया बिना" क्रिया के बिना ज्ञान भार- स्वरूप है - इस मंत्र को जीवन में उतारने हेतु आप त्याग मार्ग पर प्रवृत्त हुए।

सर्वप्रथम ५२ वर्ष की आयु में सन् १९४७ में आपने अजमेर नगर में ही आचार्य श्री वीर सागरजी महाराज से सप्तम प्रतिमा के व्रत अंगीकार किये। ५४ वर्ष की आयु में आपने पूर्णरूपेण गृहत्याग कर आत्मकल्याण हेतु जैन सिद्धान्त के गहन अध्ययन में लग गये। सन् १९५५ में ६० वर्ष की आयु में आपने आचार्य श्री वीर सागरजी महाराज से ही रेनवाल में क्षुल्लक दीक्षा लेकर ज्ञानभूषण के नाम से विख्यात हुए। सन् १९५९ में ६२ वर्ष की आयु में आचार्य श्री शिवसागर जी महाराज से खानियाँ (जयपुर) में मुनि दीक्षा अंगीकार कर १०८ मुनि श्री ज्ञानसागरजी के नाम से विभूषित हुए। और आपकों आचार्य श्री का प्रथम शिष्य होने का गौरव प्राप्त हुआ। संघ में आपने उपाध्याय पद के कार्य को पूर्ण विद्वत्ता एवं सजगता के साथ सम्पन्न किया। रूढ़िवाद से कोसों दूर मुनि ज्ञानसागर जी ने मुनिपद की सरलता और गंभीरता को धारण कर मन, वचन और कायसे दिगम्बरत्व की साधना में लग गये। दिन रात आपका समय आगमानुकूल मुनिचर्या की साधना, ध्यान अध्ययन-अध्यापन एवं लेखन में व्यतीत होता रहा। फिर राजस्थान प्रान्त में ही विहार करने निकल गये। उस समय आपके साथ मात्र दो-चार त्यागी व्रती थे, विशेष रूप से ऐलक श्री सन्मतिसागर जी, क्षुल्लक श्री संभवसागर जी व सुख सागरजी तथा एक-दो ब्रह्मचारी थे। मुनि श्री उच्च कोटि के शास्त्र-ज्ञाता, विद्वान एवं तात्विक वक्ता थे। पंथ वाद से दूर रहते हुए आपने सदा जैन सिद्धान्तों को जीवन में उतारने की प्रेरणा दी और एक सद्‌गृहस्थ का जीवन जीने का आह्वान किया।

विहार करते हुए आप मदनगंज-किशनगढ़, अजमेर तथा ब्यावर भी गये। ब्यावर में पंडित हीरा लालजी शास्त्री ने मुनि श्री को उनके द्वारा लिखित ग्रन्थों एवं पुस्तकों को प्रकाशित कराने की बात कही, तब आपने कहा "जैन वाँगमय की रचना करने का काम मेरा है, प्रकाशन आदि का कार्य आप लोगों का है"।

जब सन् १९६७ में आपका चातुर्मास मदनगंज किशनगढ़ में हो रहा था, तब जयपुर नगर के चूलगिरि क्षेत्र पर आचार्य देश भूषण जी महाराज का वर्षा योग चल रहा था। चूलगिरी का निर्माण कार्य भी आपकी देखरेख एवं संरक्षण में चल रहा था। उसी समय सदलगा ग्रामनिवासी, एक कन्नड़-भाषी नवयुवक आपके पास ज्ञानार्जन हेतु आया। आचार्य देशभूषण जी की आँखों ने शायद उस नवयुवक की भावना को पढ़ लिया था, सो उन्होंने उस नवयुवक विद्याधर को आशीर्वाद प्रदान कर ज्ञानार्जन हेतु मुनिवर ज्ञानसागर जी के पास भेज दिया। जब मुनि श्री ने नौजवान विद्याधर में ज्ञानार्जन की एक तीव्र कसक एवं ललक देखी तो मुनि श्री ने पूछ ही लिया कि अगर विद्यार्जन के पश्चात छोडकर चले

जावोगे तो मुनि तो का परिश्रम व्यर्थ जायेगा । नौजवान विद्याधर ने तुरन्त ही दृढ़ता के साथ आजीवन सवारी का त्याग कर दिया । इस त्याग भावना से मुनि ज्ञान सागरजी अत्यधिक प्रभावित हुए और एक टक-टकी लगाकर उस नौजवान की मनोहारी, गौरवर्ण तथा मधुर मुस्कान के पीछे छिपे हुए दृढ़-संकल्प को देखते ही रह गये ।

शिक्षण प्रारम्भ हुआ । योग्य गुरू के योग्य शिष्य विद्याधर ने ज्ञानार्जन में कोई कसर नहीं छोड़ी । इसी बीच उन्होंने अखंड ब्रह्मचर्य्य व्रत को भी धारण कर लिया । ब्रह्मचारी विद्याधर की साधना प्रतिभा, तत्परता तथा ज्ञान के क्षयोपशम को देखकर गुरू ज्ञानसागर जी इतने प्रभावित हुए कि, उनकी कड़ी परीक्षा लेने के बाद, उन्हें मुनिपद ग्रहण करने की स्वीकृति दे दी । इस कार्य को सम्पन्न करने का सौभाग्य मिला अजमेर नगर को और सम्पूर्ण जैन समाज को । ३० जून १९६८ तदानुसार आषाढ़ शुक्ला पंचमी को ब्रह्मचारी विद्याधर की विशाल जन समुदाय के समक्ष जैनेश्वरी दीक्षा प्रदान की गई और विद्याधर, मुनि विद्यासागर के नाम से सुशोभित हुए । उस वर्ष का चातुर्मास अजमेर में ही सम्पन्न हुआ ।

तत्पश्चात मुनि श्री ज्ञानसागर जी का संघ विहार करता हुआ नसीराबाद पहुँचा। यहाँ आपने ७ फरवरी १९६९ तदानुसार मगसरबदी दूज को श्री लक्ष्मी नारायण जी को मुनि दीक्षा प्रदान कर मुनि १०८ श्री विवेकसागर नाम दिया । इसी पुनीत अवसर पर समस्त उपस्थित जैन समाज द्वारा आपको आचार्य पद से सुशोभित किया गया ।

आचार्य ज्ञानसागर जी की हार्दिक अभिलाषा थी कि उनके शिष्य उनके सान्निध्य में अधिक से अधिक ज्ञार्नाजन कर ले । आचार्य श्री अपने ज्ञान के अथाह सागर को समाहित कर देना चाहते थे विद्या के सागर में और दोनों ही गुरू-शिष्य उतावले थे एक दूसरे में समाहित होकर ज्ञानामृत का निरन्तर पान करने और कराने में । आचार्य ज्ञानसागर जी सच्चे अर्थों में एक विद्वान-जौहरी और पारखी थे तथा बहुत दूर दृष्टि वाले थे । उनकी काया निरन्तर क्षीण होती जा रही थी । गुरू और शिष्य की जैन सिद्धान्त एवं वांगमय की आराधना, पठन, पाठन एवं तत्वचर्चा-परिचर्चा निरन्तर अबाधगति से चल रही थी ।

तीन वर्ष पश्चात १९७२ में आपके संघ का चातुर्मास पुन: नसीराबाद में हुआ। अपने आचार्य गुरू की गहन अस्वस्थ्यता में उनके परम सुयोग्य शिष्य मुनि श्री विद्यासागर जी ने पूर्ण निष्ठा और निस्पृह भाव से इतनी सेवा की कि शायद कोई लखपती बाप का बेटा भी इतनी निष्ठा और तत्परता के साथ अपने पिता श्री की सेवा कर पाता । कानों सुनी बात तो एक बार झूंठी हो सकती है लेकिन आँखो देखी बात को तो शत प्रतिशत सत्य मान कर ऐसी उत्कृष्ट गुरू भक्ति के प्रति नतमस्तक होना ही पड़ता है।

चातुर्मास समाप्ति की ओर था । आचार्य श्री ज्ञानसागर जी शारीरिक रुप से काफी अस्वस्थ्य एवं क्षीण हो चुके थे । साइटिका का दर्द कम होने का नाम ही नहीं ले रहा था दर्द की भयंकर पीड़ा के कारण आचार्य श्री चलने फिरने में असमर्थ होते जा रहे थे । १६-१७ मई १९७२ की बात है - आचार्य श्री ने अपने योग्यतम शिष्य मुनि विद्यासागर से कहा "विद्यासागर ! मेरा अन्त समीप है । मेरी समाधि कैसे सधेगी ?

इसी बीच एक महत्वपूर्ण घटना नसीराबाद प्रवास के समय घटित हो चुकी थी । आचार्य श्री के देह-त्याग से करीब एक माह पूर्व ही दक्षिण प्रान्तीय मुनि श्री पार्श्वसागर जी आचार्य श्री की निर्विकल्प समाधि में सहायक होने हेतु नसीराबाद पधार चुके थे । वे कई दिनों से आचार्य श्री ज्ञानसागरजी की सेवा सुश्रुषा एवं वैय्यावृत्ति कर अपने जीवन को सार्थक बनाना चाहते थे। नियति को कुछ और ही मंजूर था। १५ मई १९७२ को पार्श्वसागर महाराज को शारीरिक व्याधि उत्पन्न हुई और १६ मई को प्रात:काल करीब ७ बजकर ४५ मिनिट पर अरहन्त, सिद्ध का स्मरण करते हुए वे इस नश्वर

देह का त्याग कर स्वर्गारोहण हो गये । अतः अब यह प्रश्न आचार्य ज्ञानसागर जी के सामने उपस्थित हुआ कि समाधि हेतु आचार्य पद का परित्याग तथा किसी अन्य आचार्य की सेवा में जाने का आगम में विधान है । आचार्य श्री के लिए इस भंयकर शारीरिक उत्पीडन की स्थिति में किसी अन्य आचार्य के पास जाकर समाधि लेना भी संभव नहीं था। आचार्य श्री ने अन्ततोगत्वा अपने शिष्य मुनि श्री विद्यासागर जी को कहा "मेरा शरीर आयु कर्म के उदय से रत्नत्रय- आराधना में शनैः शनैः कृश हो रहा है। अतः मैं यह उचित समझता हूँ कि शेष जीवन काल में आचार्य पद का परित्याग कर इस पद पर अपने प्रथम एवं योग्यतम शिष्य को पदासीन कर दूं। मेरा विश्वास है कि आप श्री जिनशासन सम्वर्धन एवं श्रमण संस्कृति का संरक्षण करते हुए इस पदकी गरिमा को बनाये रखोगे तथा संघ का कुशलता पूर्वक संचालन करसमस्त समाज को सही दिशा प्रदान करोगे।" जब मुनि श्री विद्यासागरजी ने इस महान भार को उठाने में, ज्ञान, अनुभव और उम्र से अपनी लघुता प्रकट की तो आचार्य ज्ञान सागरजी ने कहा "तुम मेरी समाधि साध दो, आचार्य पद स्वीकार करलो। फिर भी तुम्हें संकोच है तो गुरु दक्षिणा स्वरुप ही मेरे इस गुरुत्तर भार को धारण कर मेरी निर्विकल्प समाधि करादो- अन्य उपाय मेरे सामने नहीं है।"

मुनि श्री विद्यासागर जी काफी विचलित हो गये, काफी मंथन किया, विचार-विमर्श किया और अन्त में निर्णय लिया कि गुरु दक्षिणा तो गुरु को हर हालत में देनी ही होगी । और इस तरह उन्होंने अपनी मौन स्वीकृति गुरु चरणों से समर्पित करदी ।

अपनी विशेष आभा के साथ २२ नवम्बर १९७२ तदानुसार मगसर बदी दूज का सूर्योदय हुआ। आज जिन शासन के अनुयायिओं को साक्षात् एक अनुपम एवं अद्भुत दृश्य देखने को मिला । कल तक जो श्री ज्ञान सागरजी महाराज संघ के गुरु थे, आचार्य थे, सर्वोपरि थे, आज वे ही साधु एवं मानव धर्म की पराकाष्ठा का एक उत्कृष्ठ उदाहरण प्रस्तुत करने जा रहे थे यह एक विस्मयकारी एवं रोमांचक दृश्य था, मुनि की संज्वलन कषाय की मन्दता का सर्वोत्कृष्ठ उदाहरण था । आगमानुसार आचार्य श्री ज्ञानसागरजी ने आचार्य पदत्याग की घोषणा की तथा अपने सर्वोत्तम योग्य शिष्य मुनि श्री विद्यासागरजी को समाज के समक्ष अपना गुरुत्तर भार एवं आचार्य पद देने की स्वीकृति मांगकर, उन्हें आचार्य पद से विभूषित किया । जिस बडे पट्टे पर आज तक आचार्य श्री ज्ञानसागर जी आसीन होते थे उससे वे नीचे उतर आये और मुनि श्री विद्यासागरजी को उस आसन पर पदासीन किया। जन-समुदाय की आँखे सुखानन्द के आँसुओं से तरल हो गई । जय घोष से आकाश और मदिर का प्रागंण गूंज उठा। आचार्य श्री विद्यासागर जी ने अपने गुरु के आदेश का पालन करते हुये पूज्य गुरुवर की निर्विकल्प समाधि के लिए आगमानुसार व्यवस्था की। गुरु ज्ञानसागरजी महाराज भी परम शान्त भाव से अपने शरीर के प्रति निर्ममत्व होकर रस त्याग की ओर अग्रसर होते गये।

आचार्य श्री विद्यासागरजी ने अपने गुरु की संलेखना पूर्वक समाधि कराने में कोई कसर नहीं छोडी । रात दिन जागकर एवं समयानुकूल सम्बोधन करते हुए आचार्य श्री ने मुनिवर की शांतिपूर्वक समाधि कराई । अन्त में समस्त आहार एवं जल का त्यागोपरान्त मिती जेष्ठ कृष्णा अमावस्या वि. स. २०३० तदनानुसार शुक्रवार दिनांक १ जून १९७३ को दिन में १० बजकर ५० मिनिट पर गुरु ज्ञानसागर जी इस नश्वर शरीर का त्याग कर आत्मलीन हो गये । और दे गये समस्त समाज को एक ऐसा सन्देश कि अगर सुख,शांति और निर्विकल्प समाधि चाहते हो तो कषायों का शमन कर रत्नत्रय मार्ग पर आरूढ़ हो जाओ, तभी कल्याण संभव है ।

इस प्रकार हम कह सकते है कि आचार्य ज्ञानसागरजी का विशाल कृतित्व और व्यक्तित्व इस भारत भूमि के लिए सरस्वती के वरद पुत्रता की उपलब्धि कराती है। इनके इस महान साहित्य सृजनता से अनेकानेक ज्ञान पिपासुओं ने इनके महाकाव्यों परशोध कर डाक्टर की उपाधि प्राप्त कर अपने आपको गौरवान्वित किया है। आचार्य श्री के साहित्य की सुरभि वर्तमान में सारे भारत में इस तरह फैल कर विद्वानों को आकर्षित करने लगी है कि समस्त भारतवर्षीय जैन अजैन विद्वानों का ध्यान उनके महाकाव्यों

की ओर गया है। परिणामतः आचार्य श्री ज्ञानसागरजी की ही संघ परम्परा के प्रथम आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज के परम सुयोग्य शिष्य, प्रखर प्रवचन प्रवक्ता, मुनि श्री १०८ श्री सुधासागर जी महाराज के सान्निध्य में प्रथम बार "आचार्य ज्ञानसागर जी महाराज के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर ९-१०-११ जून १९९४ को महान अतिशय एवं चमत्कारिक क्षेत्र, सांगानेर (जयपुर) में संगोष्ठी आयोजित करके आचार्य ज्ञानसागरजी के कृतित्व को सरस्वती की महानतम साधना के रूप में अंकित किया था, उसे अखिल भारतवर्षीय विद्वत समाज के समक्ष उजागर कर विद्वानों ने भारतवर्ष के सरस्वती पुत्र का अभिनन्दन किया है। इस संगोष्ठी में आचार्य श्री के साहित्य-मंथन से जो नवनीत प्राप्त हुवा, उस नवनीत की स्निग्धता से सम्पूर्ण विद्वत्त मण्डल इतना आनन्दित हुआ कि पूज्य मुनि श्री सुधासागरजी के सामने अपनी अंतरंग भावना व्यक्त की, कि- पूज्य ज्ञानसागरजी महाराज के एक एक महाकाव्य पर एक एक संगोष्ठी होना चाहिए, क्योंकि एक एक काव्य में इतने रहस्मय विषय भरे हुए हैं कि उनके समस्त साहित्य पर एक संगोष्ठी करके भी उसे प्राप्त नहीं किया जा सकता। विद्वानों की यह भावना तथा साथ में पूज्य मुनि श्री सुधासागर जी महाराज के दिल में पहले से ही गुरु नाम गुरु के प्रति,स्वभावतः कृतित्व और व्यक्तित्व के प्रति प्रभावना बैठी हुई थी, परिणामस्वरुप सहर्ष ही विद्वानों और मुनि श्री के बीच परामर्श एवं विचार विमर्श हुआ और यह निर्णय हुआ कि आचार्य श्री ज्ञानसागरजी के पृथक पृथक महाकाव्य पर पृथक पृथक रुप से अखिल भारतवर्षीय संगोष्ठी आयोजित की जावे। उसी समय विद्वानों ने मुनि श्री सुधासागर जी के सान्निध्य मे बैठकर यह भी निर्णय लिया कि आचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज का समस्त साहित्य पुनः प्रकाशित कराकर विद्वानों को, पुस्तकालयों और विभिन्न स्थानों के मंदिरों को उपलब्ध कराया जावे।

साथ में यह भी निर्णय लिया गया कि द्वितीय संगोष्ठी में वीरोदय महाकाव्य को विषय बनाया जावे। इस महाकाव्य में से लगभग ५० विषय पृथक पृथक रुप से छाँटे गये, जो पृथक पृथक मूर्धन्य विद्वानों के लिए आलेखित करने हेतु प्रेषित किये गये है। आशा है कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुनि श्री के ही सान्निध्य में द्वितीय अखिल भारतवर्षीय विद्वत संगोष्ठी वीरोदय महाकाव्य पर माह अक्टूबर ९४ मे अजमेर में सम्पन्न होने जा रही है जिसमें पूज्य मुनि श्री का संरक्षण, नेतृत्व एवं मार्गदर्शन सभी विद्वानों को निश्चित रुप से मिलेगा।

हमारे अजमेर समाज का भी परम सौभाग्य है कि यह नगर आचार्य ज्ञानसागरजी महाराज की साधना स्थली एवं उनके परम सुयोग्य शिष्य आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज की दीक्षा स्थली रही है। अजमेर के सातिशय पुण्य के उदय के कारण हमारे आराध्य पूज्य आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज ने अपने परम सुयोग्य शिष्य, प्रखर प्रवक्ता, तीर्थोद्धारक, युवा मनिषी, पूज्य मुनि श्री सुधासागरजी महाराज, पूज्य क्षुल्लक १०५ श्री गंभीर सागरजी एवं पूज्य क्षुल्लक १०५ श्री धैर्य सागर जी महाराज को, हम लोगों की भक्ति भावना एवं उत्साह को देखते हुए इस संघ को अजमेर चातुर्मास करने की आज्ञा प्रदान कर हम सबको उपकृत किया है।

परम पूज्य मुनिराज श्री सुधासागरजी महाराज का प्रवास अजमेर समाज के लिए एक वरदान सिद्ध हो रहा है। आजतक के पिछले तीस वर्षों के इतिहास में धर्मप्रेमी सज्जनों व महिलाओं का इतना जमघट, इतना समुदाय देखने को नहीं मिला जो एक मुनि श्री के प्रवचनों को सुनने के लिए समय से पूर्व ही आकर अपना स्थान ग्रहण कर लेते हैं। सोनी जी की नसियाँ मे प्रवचन सुनने वाले जैन-अजैन समुदाय की इतनी भीड़ आती हैं कि तीन-तीन चार-चार स्थानों पर "क्लोज-सर्किट टी वी" लगाने पड़ रहे हैं। श्रावक संस्कार शिविर जो पर्यूषण पर्व में आयोजित होने जा रहा है। अपने आपकी एक एतिहासिक विशिष्ठता है। अजमेर समाज के लिए यह प्रथम सौभाग्यशाली एवं सुनहरा अवसर होगा जब यहाँ के बाल-आबाल अपने आपकी आगमानुसार संस्कारित करेंगे।

महाराज श्री के व्यक्तित्व का एवं प्रभावपूर्ण उद्बोधन का इतना प्रभाव पड़ रहा है कि दान दातार और धर्मप्रेमी निष्ठावान व्यक्ति आगे बढ़कर महाराज श्री के सानिध्य में होने वाले कार्यक्रमों को मूर्त रुप देना चाहते हैं। अक्टूबर माह के मध्य अखिल भारतवर्षीय विद्वत-संगोष्ठी का आयोजन भी

एक विशिष्ठ कार्यक्रम है जिसमें पूज्य आचार्य ज्ञानसागरजी महाराज के द्वारा रचित वीरोदय महाकाव्य के विभिन्न विषयों पर ख्याति प्राप्त विद्वान अपने आलेख का वाचन करेंगे। काश यदि पूज्य मुनिवर सुधासागरजी महाराज का संसघ यहाँ अजमेर में पर्दापण न हुआ होता तो हमारा दुर्भाग्य किस सीमा तक होता, विचारणीय है ।

पूज्य मुनिश्री के प्रवचनों का हमारे दिल और दिमाग पर इतना प्रभाव हुआ कि सम्पूर्ण दिगम्बर समाज अपने वर्ग विशेष के भेदभावों को भुलाकर जैन शासन के एक झंडे के नीचे आ गये । यहीं नहीं हमारी दिगम्बर जैन समिति ने समाज की ओर से पूज्य आचार्य श्री ज्ञानसागरजी महाराज के समस्त साहित्य का पुनः प्रकाशन कराने का संकल्प मुनिश्री के सामने व्यक्त किया । मुनि श्री का आशीर्वाद मिलते ही समाज के दानवीर लोग एक एक पुस्तक को व्यक्तिगत धनराशि से प्रकाशित कराने के लिए आगे आये ताकि वे अपने राजस्थान में ही जन्मे सरस्वती-पुत्र एवं अपने परमेष्ठी के प्रति पूजांजली व्यक्त कर अपने जीवन में सातिशय पुण्य प्राप्त कर तथा देव, शास्त्र, गुरु के प्रति अपनी आस्था को बलवती कर अपना अपना आत्म कल्याण का मार्ग प्रशस्त कर सके।

इस प्रकार आचार्य ज्ञानसागर जी महाराज के साहित्य की आपूर्ति की समस्या की पूर्ती इस चातुर्मास में अजमेर समाज ने सम्पन्न की है उसके पीछे एक ही भावना है कि अखिल भारतवर्षीय जन मानस एवं विद्वत जन इस साहित्य का अध्ययन, अध्यापन कर सृष्टी की तात्विक गवेषणा एवं साहित्यक छटा से अपने जीवन को सुरभित करते हुए कृत कृत्य कर सकेंगे।

इसी चातुर्मास के मध्य अनेकानेक सामाजिक एवं धार्मिक उत्सव भी आयेगें जिस पर समाज को पूज्य मुनि श्री से सारगर्भित प्रवचन सुनने का मौका मिलेगा । आशा है इस वर्ष का भगवान महावीर का निर्वाण महोत्सव एवं पिच्छिका परिवर्तन कार्यक्रम अपने आप में अनूठा होगा । जो शायद पूर्व की कितनी ही परम्पराओं से हटकर होगा ।

अन्त में श्रमण संस्कृति के महान साधक महान तपस्वी, ज्ञानमूर्ति, चारित्र विभूषण, बाल ब्रह्मचारी परम पूज्य आचार्य श्री १०८ श्री ज्ञानसागर जी महाराज के पुनीत चरणों में तथा उनके परम सुयोग्यतम शिष्य चारित्र चक्रवर्ती पूज्य आचार्य श्री १०८ श्री विद्यासागर जी महाराज और इसी कड़ी में पूज्य मुनि श्री १०८ श्री सुधासागर जी महाराज, क्षुल्लकगण श्री गम्भीर सागर जी एवं श्री धैर्य सागरजी महाराज के पुनीत चरणों में नत मस्तक होता हुआ शत्-शत् वंदन, शत्-शत् अभिनंदन करता हुआ अपनी विनीत विनयांजली समर्पित करता हूँ ।

इन उपरोक्त भावनाओं के साथ प्राणी मात्र के लिए तत्वगवेषणा हेतु यह ग्रन्थ समाज के लिए प्रस्तुत कर रहे हैं । यह **वीरोदय महाकाव्य** श्री वाणीभूषण बा ब्र पं भूरामलजी शास्त्री ने लिखा था, यही ब्र बाद में आचार्य ज्ञानसागर जी महाराज के नाम से जगत विख्यात हुए।

इस ग्रन्थ का प्रथम संस्करण वीर निर्माण संवत् २४९४ में मुनि श्री ज्ञानसागर जैन ग्रन्थ माला से प्रकाशित हुआ था । उसी प्रकाशन को पुनः यथावत प्रकाशित करके इस ग्रन्थ की आपूर्ती की पूर्ती की जा रही है । अतः पूर्व प्रकाशक का दिगम्बर जैन समाज अजमेर आभार व्यक्त करती है । एवं इस द्वितीय संस्करण में दातारों का एवं प्रत्यक्ष एवं परोक्ष से जिन महानुभोवों ने सहयोग दिया है, उनका भी आभार मानते हैं ।

इस ग्रन्थ की महिमा प्रथम संस्करण से प्रकाशकीय एवं प्रस्तावना में अतिरिक्त है । जो इस प्रकाशन में भी यथावत संलग्न हैं ।

विनीत

श्री दिगम्बर जैन समिति

एवं सकल दिगम्बर जैन समाज

अजमेर (राज)

परम पूज्य आचार्य १०८ श्री ज्ञानसागरजी महाराज
सांख्यिकी – परिचय

प्रस्तुति - कमल कुमार जैन

पारिवारिक परिचय :

जन्म स्थान - राणोली ग्राम (जिला सीकर) राजस्थान, **जन्म काल** - सन् १८९१
पिता का नाम - श्री चतुर्भुज जी; **माता का नाम** - श्रीमती घृतवरी देवी
गोत्र - छाबड़ा (खंडेलवाल जैन), **बाल्यकाल का नाम** - भूरामल जी
भ्रात परिचय - पाँच भाई (छगनलाल/भूरामल/गंगाप्रसाद/गौरीलाल/एवं देवीदत्त)
पिता की मृत्यु - सन १९०२ में **शिक्षा** - प्रारम्भिक शिक्षा गाँव के विद्यालय में एवं शास्त्रि स्तर की शिक्षा स्याद्वाद महाविद्यालय बनारस (उ प्र) से प्राप्त की ।

साहित्यिक परिचय :

संस्कृत भाषा में

* दयोदय / जयोदय / वीरोदय / (महाकाव्य)
* सुदर्शनयोदय / भद्रोदय / मुनि मनोरंजनाशीति - (चरित्र काव्य)
* सम्यकत्व सार शतक (जैन सिद्धान्त)
* प्रवचन सार प्रतिरुपक (धर्म शास्त्र)

हिन्दी भाषा में

* ऋषभावतार / भाग्योदय / विवेकोदय / गुण सुन्दर वृत्तान्त (चरित्र काव्य)
* कर्त्तव्य पथ प्रदर्शन / सचित्तविवेचन / तत्वार्थसूत्र टीका / मानव धर्म (धर्मशास्त्र)
* देवागम स्तोत्र / नियमसार / अष्टपाहुड़ (पद्यानुवाद)
* स्वामी कुन्दकुन्द और सनातन जैन धर्म और जैन विवाह विधि

चारित्र पथ परिचय :

* सन १९४७ (वि सं २००४) में व्रतरुप से ब्रह्मचर्य प्रतिमा धारण की ।
* सन १९५५ (वि सं २०१२) में क्षुल्लक दीक्षा धारण की ।
* सन १९५७ (वि. सं २०१४) में ऐलक दीक्षा धारण की ।
* सन १९५९ (वि. सं. २०१६) में आचार्य १०८ श्री शिवसागर महाराज से उनके प्रथम शिष्य के रुप में मुनि दीक्षा धारण की । स्थान खानिया (जयपुर) राज । आपका नाम मुनि ज्ञानसागर रखा गया ।
* ३० जून सन् १९६८ (आषाड़ शुक्ला ५ सं २०२५) को ब्रह्मचारी विद्याधर जी को मुनि पद की दीक्षा दी जो वर्तमान में आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर जी के रुप में विराजित है ।
* ७ फरवरी सन् १९६९ (फागुन वदी ५ सं. २०२५) को नसीराबाद (राजस्थान) में जैन समाज ने आपको आचार्य पद से अलंकृत किया एवं इस तिथि को विवेकसागर जी को मुनिपद की दीक्षा दी ।
* संवत् २०२६ को ब्रह्मचारी जमनालाल जी गंगवाल खाचरियावास (जिला-सीकर) रा को क्षुल्लक दीक्षा दी और क्षुल्लक विनयसागर नाम रखा । बाद में क्षुल्लक विनयसागर जी ने मुनिश्री विवेकसागर जी से मुनि दीक्षा ली और मुनि विनयसागर कहलाये।

* संवत् २०२६ में ब्रह्म. पन्नालाल जी को केशरगंज अजमेर (राज.) में मुनि दीक्षा पूर्वक समाधि दी ।
* संवत् २०२६ में बनवारी लाल जी को मुनि दीक्षा पूर्वक समाधि दी ।
* २० अक्टूबर १९७२ को नसीराबाद में ब्रह्म. दीपचंदजी को क्षुल्लक दीक्षा दी, और क्षु. स्वरुपानंदजी नाम रखा जो कि आचार्य श्री ज्ञानसागर जी के समाधिस्थ पश्चात् सन् १९७६ (कुण्डलपुर) तक आचार्य विद्यासागर महाराज के संघ में रहे ।
* २० अक्टूबर १९७२ को नसीराबाद जैन समाज ने आपको चारित्र चक्रवर्ती पद से अलंकृत किया ।
* क्षुल्लक आदिसागर जी, क्षुल्लक शीतल सागर जी (आचार्य महावीर कीर्ति जी के शिष्य भी आपके साथ रहते थे ।
* पांडित्य पूर्ण, जिन आगम के अतिश्रेष्ठ ज्ञाता आचार्य श्री ज्ञानसागरजी महाराज ने अपने जीवन काल में अनेकों श्रमण/आर्यिकाएँ/ऐलक/क्षुल्लक/ब्रह्मचारी/श्रावकों को जैन आगम के दर्शन का ज्ञान दिया। आचार्य श्री वीर सागर जी/आचार्य श्री शिवसागर जी/आचार्य श्री धर्मसागर जी/आचार्य श्री अजित सागर जी / एवं वर्तमान श्रेष्ठ आचार्य विद्यासागर जी इसके अनुपम उदाहरण है ।

आचार्य श्री के चातुर्मास परिचय

* संवत् २०१६ - अजमेर सं २०१७ - लाडनू, सं. २०१८ - सीकर (तीनों चातुर्मास आचार्य शिवसागर जी के साथ किये)
* संवत २०१९ - सीकर, २०२० - हिंगोनिया (फुलेरा); सं. २०२१ - मदनगंज - किशनगढ़ सं. २०२२ - अजमेर, सं २०२३ - अजमेर, सं. २०२४ - मदनगंज-किशनगढ़ सं. २०२५ - अजमेर (सोनी जी की नसियाँ), सं २०२६ - अजमेर (केसरगंज), सं. २०२७ - किशनगढ़ रैनवाल, सं २०२८ - मदनगंज-किशनगढ़ सं. २०२९ - नसीराबाद।

विहार स्थल परिचय

* सं २०१२ से सं २०१६ तक क्षुल्लक/ ऐलक अवस्था में - रोहतक/हासी/हिसार/गुडगाँवा/रिवाड़ी/ एवं जयपुर ।
* सं २०१६ से सं २०२९ तक मुनि/आचार्य अवस्था में - अजमेर/लाडनू/सीकर/हिंगोनिया/फुलेरा/मदनगंज-किशनगढ़/नसीराबाद/बीर/रुपनगढ़/मरवा/छोटा नरेना/साली/साकून/हरसोली/छप्या/दूदू/मोजमाबाद/चोरु/झाग/सांवरदा/खंडेला/हयोढ़ी/कोठी/मंडा-भीमसींह/भींडा/किशनगढ़-रैनवाल/कांस/श्यामगढ़/मारोठ/सुरेरा/दांता/कुली/खाचरियाबाद एवं नसीराबाद ।

अंतिम परिचय

* आचार्य पद त्याग एवं संल्लेखना व्रत ग्रहण	- मंगसर वदी २ सं. २०२९ (२२ नवम्बर सन् १९७२)
* समाधिस्थ	- ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या सं २०३० (शुक्रवार १ जून सन् १९७३)
* समाधिस्थ समय	- पूर्वान्ह १० बजकर ५० मिनिट ।
* सल्लेखना अवधि	- ६ मास १३ दिन (मिति अनुमार) ६ मास १० दिन (दिनांक अनुसार)

दर्शन-ज्ञान-चारित्र के अतिश्रेष्ठ अनुयायी के चरणों में श्रद्धेय नमन् । शत् शत् नमन ।

प्रकाशकीय

जैन साहित्य और इतिहास के मर्मज्ञ एवं अनुसंधाता स्वर्गीय सरस्वतीपुत्र पं. जुगल किशोर जी मुख्तार "युगवीर" ने अपनी साहित्य इतिहास सम्बन्धी अनुसन्धान- प्रवृत्तियों को मूर्तरुप देने के हेतु अपने निवास सरसावा (सहारनपुर) में "वीर सेवा मंदिर" नामक एक शोध संस्था की स्थापना की थी और उसके लिए क्रीत विस्तृत भूखण्ड पर एक सुन्दर भवन का निर्माण किया था, जिसका उद्घाटन वैशाख सुदि 3 (अक्षय-तृतीया), विक्रम संवत् 1993, दिनांक 24 अप्रैल 1936 में किया था। सन् 1942 में मुख्तार जी ने अपनी सम्पत्ति का "वसीयतनामा" लिखकर उसकी रजिस्ट्री करा दी थी। "वसीयतनामा" में उक्त "वीर सेवा मन्दिर" के संचालनार्थ इसी नाम से ट्रस्ट की भी योजना की थी, जिसकी रजिस्ट्री 5 मई 1951 को उनके द्वारा करा दी गयी थी। इस प्रकार पं. मुख्तार जी ने वीर सेवा मन्दिर ट्रस्ट की स्थापना करके उनके द्वारा साहित्य और इतिहास के अनुसन्धान कार्य को प्रथमत: अग्रसारित किया था।

स्वर्गीय बा. छोटेलालजी कलकत्ता, स्वर्गीय ला. राजकृष्ण जी दिल्ली, रायसाहब ला. उल्फतरायजी दिल्ली आदि के प्रेरणा और स्वर्गीय पूज्य क्षु. गणेश प्रसाद जी वर्णी (मुनि गणेश कीर्ति महाराज) के आशीर्वाद से सन् 1948 में श्रद्धेय मुख्तार साहब ने उक्त वीर सेवा मन्दिर का एक कार्यालय उसकी शाखा के रुप में दिल्ली में,उसके राजधानी होने के कारण अनुसन्धान कार्य को अधिक व्यापकता और प्रकाश मिलने के उद्देश्य से, राय साहब ला.उल्फतरयजी के चैत्यालय में खोला था।पश्चात् बा. छोटे लालजी,साहू शान्तिप्रसादजी और समाज की उदारतापूर्ण आर्थिक सहायता से उसका भवन भी बन गया, जो 21 दरियागंज दिल्ली में स्थित है और जिसमें "अनेकान्त" (मासिक) का प्रकाशन एवं अन्य साहित्यिक कार्य सम्पादित होते हैं। इसी भवन में सरसावा से ले जाया गया विशाल ग्रन्थागार है, जो जैनविद्या के विभिन्न अङ्गो पर अनुसन्धान करने के लिये विशेष उपयोगी और महत्वपूर्ण है।

वीर-सेवा मन्दिर ट्रस्ट गंथ-प्रकाशन और साहित्यानुसन्धान का कार्य कर रहा है। इस ट्रस्ट के समर्पित वयोवृद्ध पूर्व मानद मंत्री एवं वर्तमान में अध्यक्ष डा. दरबारी लालजी कोठिया बीना के अथक परिश्रम एवं लगन से अभी तक ट्रस्ट से 38 महत्वपूर्ण ग्रन्थों का प्रकाशन हो चुका है। आदरणीय कोठियाजी के ही मार्गदर्शन में ट्रस्ट का संपूर्ण कार्य चल रहा है। अत: उनके प्रति हम हृदय से कृतज्ञता व्यक्त करते हैं और कामना करते हैं कि वे दीर्घायु होकर अपनी सेवाओं से समाज को चिरकाल तक लाभान्वित करते रहें।

ट्रस्ट के समस्त सदस्य एवं कोषाध्यक्ष माननीय श्री चन्द संगल एटा, तथा संयुक्त मंत्री ला.सुरेशचन्द्र जैन सरसावा का सहयोग उल्लेखनीय है । एतदर्थ वे धन्यवादार्ह हैं ।

संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागरजी के परम शिष्य पूज्य मुनि 108 सुधासागर जी महाराज के आर्शीवाद एवं प्रेरणा से दिनांक 9 से 11 जून 1994 तक श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र मंदिर संघीजी सागांनेर में आचार्य विद्यासागरजी के गुरु आचार्य प्रवर ज्ञानसागरजी महाराज के व्यक्तित्व एवं कृतित्व परअखिल भारतीय विद्वत संगोष्ठी का आयोजन किया गया था। इस संगोष्ठी में निश्चय किया था कि आचार्य ज्ञानसागरजी महाराज के समस्त ग्रन्थों का प्रकाशन किसी प्रसिद्ध संस्था से किया जाय । तदनुसार समस्त विद्वानों की सम्मति से यह कार्य वीर सेवा मन्दिर ट्रस्ट ने सहर्ष स्वीकार कर सर्वप्रथम वीरोदयकाव्य के प्रकाशन की योजना बनाई और निश्चय किया कि इस काव्य पर आयोजित होने वाली गोष्ठी के पूर्व इसे प्रकाशित कर दिया जाय । परम हर्ष है कि पूज्य मूनि 108 सुधासागर महाराज का संसघ चातुर्मास अजमेर में होना निश्चय हुआ और महाराज जी के प्रवचनों से प्रभावित होकर श्री दिगम्बर जैन समिति एवम् सकल दिगम्बर जैन समाज अजमेर ने पूज्य आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज के वीरोदय काव्य सहित समस्त ग्रन्थों के प्रकाशन एवं संगोष्ठी का दायित्व स्वयं ले लिया और ट्रस्ट को आर्थिक निर्भार कर दिया । एतदर्थ ट्रस्ट अजमेर समाज का इस जिनवाणी के प्रकाशन एवं ज्ञान के प्रचार प्रसार के लिये आभारी है ।

प्रस्तुत कृति **वीरोदय महाकाव्य** के प्रकाशन में जिन महानुभाव ने आर्थिक सहयोग किया प्रूफ रीडिंग : श्री कमल कुमार जी बड़जात्या, अजमेर तथा मुद्रण में निओ ब्लॉक एण्ड प्रिन्ट्स, अजमेर ने उत्साह पूर्वक कार्य किया है। वे सभी धन्यवाद के पात्र हैं ।

अन्त में उस संस्था के भी आभारी है जिस संस्था ने पूर्व में यह ग्रन्थ प्रकाशित किया था । अब यह ग्रन्थ अनुपलब्ध है । अत: ट्रस्ट इसको प्रकाशित कर गौरवान्वित है । जैन जयतुं शासनम् ।

दिनाङ्क : 9-9-1994

(पर्वाधिराज पर्यूषण पर्व)

डॉ. शीतल चन्द जैन

मानद मंत्री

वीर सेवा मन्दिर ट्रस्ट

1314 अजायव घर का रास्ता

किशनपोल बाजार, जयपुर

प्रथम संस्करण से

सम्पादकीय

भ. महावीर के चरित्र का आश्रय लेकर मुनि श्री ने इस काव्य की रचना की है, जिस पर 'आमुखम' और प्रस्तावना में पर्याप्त प्रकाश डाला गया है। मुनि श्री ने इसकी पुरानी भाषा में विस्तृत हिन्दी व्याख्या भी लिखी है हमने उसका संक्षिप्त नया रूपान्तर मात्र किया है।

प्रस्तावना लिखते समय यह उचित समझा गया कि उपलब्ध दि. और श्वे. ग्रन्थो की भ. महावीर से सम्बन्धित सभी आवश्यक सामग्री भी सक्षेप मे दे दी जाय। अतः मुख्य-मुख्य बातो में मत-भेद-सम्बन्धी सभी जानकारी प्रस्तावना में दी गई है । भ. महावीर के विविध चरित्र जो संस्कृत, प्रकृत अपभ्रंश और हिन्दी में अनेक विद्वानों ने लिखे हैं और जिनके निकट भविष्य में प्रकाशन की कोई आशा नहीं है उनकी अनेक ज्ञातव्य बातों का संकलन प्रस्तावना मे किया गया है। कुछ विशिष्ट सामग्री तो विस्तार के साथ दी गई है जिससे कि जिज्ञासु पाठको के सर्व आवश्यक जीनकारी एक साथ प्राप्त हो सके । आशा है हमारा यह प्रयास पाठको को रुचि-कर एवं ज्ञान-वर्धक सिद्ध होगा ।

श्वे. आगम-वर्णित स्थलों के परामर्श में हमारे स्नेही मित्र श्री पं. शोभाचन्द्रजी भारिल्ल से पर्याप्त सहयोग मिला है, श्री पं. रघुवरदत्तजी शास्त्री ने हमारे अनुरोध पर 'आमुखम' लिखने की कृपा की है, श्री जैन सांखला लायब्रेरी के व्यस्थापक श्री सुजानमलजी सेठिया से समय-समय पर आवश्यक पुस्तकें प्राप्त होती रही है । ऐ. पन्नालाल दि. जैन सरस्वती भवन के ग्रन्थो का सम्पादन और प्रस्तावना- लेखन में भर-पूर उपयोग किया है, श्री पं. महेन्द्रकुमारजी पाटनी किशनगढ ने शुद्धिपत्र तैयार करके भेजा है और ग्रन्थमाला के मंत्री श्री पं. प्रकाशचन्द्रजी का सदैव सद्भाव सुलभ रहा है । इसलिये मैं इन सबका आभारी हूँ ।

मुद्रण-काल के बीच-बीच में बाहिर रहने से तथा दृष्टि-दोष से रह गई अशुद्धियों के लिए मुझे खेद है। पाठको से निवेदन है कि वे पढ़ने से पूर्व शुद्धिपत्र से पाठ का संशोधन कर लेवे।

ब्यावर — हीरालाल सिद्धान्त शास्त्री

5-2-1968 — ऐ. पन्नालाल दि. जैन सरस्वती भवन,

प्रथम संस्करण

आमुखम्

मया कविवर्य्य - श्री १०८ श्रीमुनिज्ञानसागरमहाराज - विरचितं द्वाविंशतिसर्गात्मकं 'वीरोदय' नाम महाकाव्यमवलोकितम् । तेन मे मनसि महान् सम्मदः समजनि । यतः प्राक्कालिक-कविवर-कालिदासभारवि-माघ-श्रीहर्षादिभिरनेकानि काव्य-नाटकदीनि विरचितानि सन्ति, किन्तु तदनन्तरं कश्चिदपि कविरेतादृशं सकलगुणालङ्कारभूषितं महाकाव्यमरीरचदिति न मे दृष्टिपथं समायाति । एतादृशाद्भुतमहाकाव्यप्रणेतारः श्रीमुनिवर्य्याः समस्तसंस्कृतविचक्षणानां धन्यवादार्हा इति निश्चप्रचम् ।

निखिलरसभावगुणालङ्कारालङ्कृतमेतन्महाकाव्यं कुण्डिननगर-वास्तव्य - क्षत्रियनृपमुकुटमेणि - श्रीसिद्धार्थराजकुमारं श्री महावीरं नायकीकृत्य संग्रथितं विद्वतल्लजैः श्री कविकुलालङ्कारभूतैर्मुनिवर्य्यैः । अयमेव श्रीमहावीरः स्वीयाद्भुतवैराग्यशमदमादितपोबलेन जैनसमाजे चतुर्विंशतीर्थङ्करत्वमलभत । अयमेवास्य महाकाव्यस्य धीरोदात्तः, दयावीरः, धर्मवीरश्च नायकायते । 'सर्गबन्धो' महाकाव्यम' इत्यभियुक्तोत्तया महाकाव्यस्याखिललक्षणानि ग्रन्थेऽस्मिन् वरीवर्तन्ते ।

अस्यानुशीलनेन ग्रन्थकर्तुः प्रगल्भपाण्डित्यं कवित्वशक्तिश्च स्पष्टमनुमीयते । एतदध्ययनेन प्राक्तनकवयोऽध्येतृणां स्मृतिपथमायान्ति । तथाहि - एतावान् प्रौढपाण्डित्यसम्पन्नोऽपि कविः प्रथमसर्गस्य सप्तमे पद्ये - 'वीरोदयं यं विदधातुमेव न शक्तिमान् श्रीगणराजदेवः' इति वर्णयन् स्वीयविनीततामाविष्करोति । अनेन 'क्व सूर्यप्रभवो वंशः क्व चाल्पविषया मतिः इति निगदन् कालिदासः स्मर्यते ।

शान्तरसप्रधानमपीदं महाकाव्यं प्रायोऽनेकरसभामावगुणालङ्कारान् विभर्ति । नायकजन्मसमये श्रीदेवी नामागमनं तासां मातृपरिचर्या, रत्नवृष्टि, इन्द्रादिसुरगणानुष्ठितः प्रचुरमोदभारभासुरो महाभिषेक-इत्यादि वर्णनानि नायकस्य सर्वैश्वर्यसम्पन्नत्वमाधिदैविकवैभवञ्च प्रकटयन्ति । द्वितीयसर्गे जम्बूद्वीपादिवर्णनं श्रीहर्षस्य विदर्भनगरवर्णनं स्मारयति। एवमेव कविना महाकाव्येऽस्मिन्नायकजीवनचरितं वर्णयता स्थाने स्थाने कविसम्प्रदायानुसारं नगरवर्णन, ऋतुवर्णनं, सन्ध्यावर्णनमित्यादि सुललितगीर्वाणवाण्या सन्निबद्धं कस्य काव्यकलारसिकसहृदयस्य मानसं नाह्लादयति ।

नैषधीयचरिते यथा श्रीहर्षमहाकविना प्रतिसर्गान्तं तत्तत्सर्गविषयवर्णन-पुरस्सरं स्वीयप्रशस्तिपद्यमुट्टङ्कितं तथैवास्मिन् महाकाव्येऽपि महाकविमुनिवर्य्यैः सन्दब्धम् । तथा तृतीयसर्गस्य ३० तमे पद्ये महाकवेः, 'अधीतिबोधाचरणप्रचारैः' इति वर्णनं नैषधीयचरित्रस्य प्रथमसर्गे चतुर्थपद्ये 'अधीतिबौधाचरणप्रचारणैर्दशाश्चतस्त्रः प्रणयन्नुपाधिभिः' इति स्मारयति।

एवमेव द्वितीयसर्गे जम्बूद्वीपवर्णने, 'हिमालयोल्लासिगुणः स एष द्वीपाधिपस्येव धनुर्विशेषः' एतत्पद्य महाकविश्रीकालिदास विरचित-कुमारसम्भवीयम्, 'अस्त्युत्तरस्यां दिशि देवतात्मा हिमालयो नाम नगाधिराज' इति पद्यं स्मृतिविषयीकरोति । तथापि तदपेक्षयाऽत्रा स्ति कश्चिद्विशेषः । तथाहि-श्री कालिदासेन तु केवलं पूर्वापरसमुद्रावगाही हिमालयः पृथिव्या मानदण्डरुपेणैवोत्प्रेक्षितः । किन्तु महाकाव्येऽस्मिन् मुनिव्यर्यैर्विशेषाभिप्रायेण हिमालयो धनुर्गुणरुपेण वर्णितः । सागर एव तस्य वंश-दण्डः । इत्थेमेतद् भारतवर्ष जम्बूद्वीपे धनूरूपं विज्ञेयमिति तेषामभिप्रायः । अनेनास्य देशस्य विशिष्टक्षात्रशौर्यसम्पन्नत्वं प्रतीयते । अतएवास्मिन्नेव देशे वृषभादि-वीरान्तीर्थङ्करादि सदृशा लोकोत्तरा महावीराः पुरुषपुङ्गवाः समजायन्त, सञ्जायन्ते, सञ्जनिष्यन्ते चेति प्रतीयमानार्थः सहृदयैरनुभाव्यते।

इत्थमेव भट्टिकाव्ये ४६ तमे पद्ये यथा श्री भट्टिकविना, 'न तज्जलं यन्न सुचारुपङ्कजम्' इत्यादि पद्यमेकावल्यलङ्कारलंकृतं केवलं प्राकृतिसौन्दर्यवर्णनमात्रमुद्दिश्य सन्निबद्धं । तथैवात्र महाकाव्ये द्वितीयसर्गस्य ३८ तमे पद्येऽपि महामुनिभिः

'नासौ नरो यो न विभाति भोगी' इत्यादि वर्णितम्। परमेतद्धार्मिक भावना भावितमाकलितमित्यपि प्रेक्षावतामद्भुतचमत्कारकरं प्रतीयते ।

अस्य महाकाव्यस्य तृतीयसर्गे ३८ तमे श्लोके प्रबालता मूर्ध्न्यधरे करे च, मुखेऽब्जताऽस्याश्चरणे गले च । सुवृत्तता जानुयुगे चरित्रे रसालताऽभूत्कुचयोः कटित्रे ॥ इत्यत्र प्रबालता, अब्जता, सुवृत्तता, रसालतापदेषु विचक्षणश्लेषचमत्कारः कस्य काव्यकाल कोविदस्य हृदयं न चमत्करोति ।

अस्यैव तृतीयसर्गे २९ तमे पद्ये, 'पूर्वं विनिर्माय विधु' विशेषयत्नाद्विधिस्तन्मुखमेवमेष' इत्यादिवर्णनं कुमारसम्भवे महाकवि कालिदास्य 'शेषाङ्गनिर्माणविधौ विधातुर्लावण्य उत्पाद्य इवास यत्नः ।' इति पार्वतीरुपवर्णनमिव सहृदयहृदयनान्याह्लादयतितराम् ।

एवमेवास्य चतुर्थसर्गे वर्षावर्णने वर्षर्तौ रसायनाधीश्वरादिसारूप्ये श्लिष्टोत्प्रेक्षालङ्कारचमत्कारः श्रीमहाकवेर्माघस्य वर्षावर्णनमप्यति क्राम्यति । इत्थमेव षष्ठसर्गे, 'नहि पलाशतरोर्मुकुलोद्गतिर्वनभुवां नखरक्षतसन्ततिः' इति वर्णन कालिदासीयकुमारसम्भव-वसन्तवर्णनमि विभाति । किञ्च माघस्य 'नवपलाशपलाशवनं पुरः' इत्यपि स्मारयति ।

एवमेवाग्रे कवेः शिशिरर्तुवर्णनमपि विविधालंकारसमन्वितं पाठकाननुरञ्जयति । संसारभोगभंगुरतामवलोक्य तथाऽज्ञानतिमिराच्छन्नस्य मानवसमाजस्य दुष्कृत्यजनितभूरिदुःखान्यालक्ष्य सञ्जातवैराग्येण नायकेन पितृकृतं परिणयाग्रहं विविधयुक्तिभिः प्रत्याख्याय स्वीयलोकोत्तरमहामानवताप्रदर्शनमतीव हृदयहारि शिक्षाप्रदञ्चेति नात्र सन्देहलेशः।

अस्याध्ययनेनेदमपि ज्ञायते यत्तस्मिन्काले देशेऽस्मिन् धूर्तयाज्ञिकैर्यज्ञेषु स्वार्थसिद्ध्यर्थ प्रचुरा पशुहिंसाऽक्रियत। तदवलोक्य नायकस्य चेतसि महद्दुःखमभूत् । एवञ्च तदा समाजेऽनेकेऽनाचार कुरीतयश्च प्रचलिता आसन्। तेनापि दयार्द्रहृदयस्य नायकस्य परम कारुण्य-पूरपूरिते ऽन्तःकरणे स्वभोगसुखापेक्षया सामाजिकोद्धारः समुचितोऽन्वभूयत। एतदर्थमेव महामनस्वी परमदयालुर्नायकः लोकोद्धारचिकीर्षया सकलराजपुत्रोपभोगसामग्री विहाय परमकष्ट साध्यां शमदमातिसहितां प्रव्रज्यामङ्गीचकार । प्रव्रज्य कैवल्यं प्राप्य च सर्व जीवेभ्यो धर्मोपदेशं विधाय समाजस्य विशेषतोऽहिंसाप्रचारस्य महदभ्युदयमनुष्ठितवान् ।

इत्थं महाकवेरस्य विविधरसभावगुणालंकारालंकृता कविता कस्य सहृदयस्य मानसं न हरति । विशेषतः समस्तेऽपि काव्येऽन्त्यानुप्रासस्तु ग्रन्थकर्तु रद्भुतं वैदुष्यमाविष्कुरुते ।

पूज्यमहाकविभिर्मुनिवर्यै अस्मिन् महाकाव्ये गोमूत्रिकादि चित्रबन्धकाव्यकलाया अपि चमत्कारः कतिपय-पद्येषु संप्रदर्शितः । तथाहि - काव्यस्यास्यान्ति में सर्गे 'रमयन् गमयत्येष' इत्यादि सप्तत्रिं- शत्तमे पद्ये गोमूत्रिका बन्धरचना, 'न मनोद्यमि देवेभ्योऽर्हदभ्य' इत्याद्यष्टत्रिंशत्तमे पद्ये यानबन्धरचना, 'विनयेन मानहीनं' इत्याद्ये कोनत्रिंशत्तमे पद्ये पद्मबन्धरचना, 'सन्तः सदा समा भान्ति' इत्यादिचत्वारिंशत्तमे पद्ये च तालवृन्तपद्यरचना कस्य सहृदयस्य चित्तं नाह्लदयेत् । अनेनापि कवित्वनैपुण्येन मुनिवर्याणामद्भुतं महाकवित्वमाविर्भवति । यतो हि एतादृशादमभुत-चित्रबन्धकाव्यर चयितारो महाकवय एव प्रभवन्ति । अद्यतने काले त्वेवम्भूताः कवयितारो दुर्लभा एव दृश्यन्ते।

अतएव वयमेतादृशमहाकाव्यरचयितृभ्यो महाकवि श्रीमुनिवर्येभ्यो वर्धापनं वितरन्तस्तेषामुत्तरोत्तराभिवृद्ध्यै परमात्मानं प्रार्थयामः ।

बसंत पंचमी २०२४

रघुवरदत्त शास्त्री

साहित्याचार्य

प्रथम संस्करण से

प्रस्तावना

कविता का जनता के हृदय पर जैसा चमत्कारी प्रभाव पड़ता है, वैसा सामान्य वाणी का नहीं। कविता एक चित्त-चमत्कारी वस्तु है जो श्रोताओं के हृदयों में एक अनिर्वचनीय आनन्द उत्पन्न करती है। साधारण मनुष्य अधिक समय तक बोलने पर भी अपने भाव को स्पष्ट रूप से अभिव्यक्त नहीं कर पाता। परन्तु कवि उसे अपनी सरस कविता के द्वारा अल्प समय में ही अपने मनोगत भाव को स्पष्ट रूप से अभिव्यक्त कर देता है।

कविता करने की और अपने भावों को सुन्दर शब्दों में अभिव्यक्त करने की कला हर एक मनुष्य में नहीं होती। जिसे पूर्व भव के संस्कारों से जन्म-जात प्रतिभा प्राप्त होती है और जो इस जन्म में व्याकरण, साहित्य आदि शास्त्रों का अध्ययन करके व्युत्पत्ति प्राप्त करता है, ऐसा व्यक्ति ही कविता करने में सफल होता है। यही कारण है कि विद्वानों ने कवि का लक्षण -"प्रतिभा-व्युत्पत्तिर्मांश्च कविः" इन शब्दों में किया है।

साहित्यदर्पण-कारने 'रसात्मक वाक्य' को काव्य कहा है[१]। इसी का स्पष्टीकरण करते हुए अलङ्कारचिन्तामणि-कार कहते हैं कि जो वाक्य शब्दालङ्कार और अर्थालङ्कार से युक्त हों, नौ रसों से समन्वित हों, रीति, भाव आदि से अभिराम हों, व्यंग्य आदि के द्वारा अभिधेय के कथन करने वाले हों, दोष-रहित और गुण-समूह से संयुक्त हों, नेता या कथा-नायक का उत्तम चरित्र वर्णन करने वाले हों और दोनों लोकों में उपकारक हों, वे ही वाक्य काव्य कहलाने के योग्य हैं और ऐसे काव्य मय प्रबन्ध का रचयिता ही कवि कहा जाता है[२]।

काव्य के पठन-पाठन से न केवल जन-मन-रंजन ही होता है, अपितु उससे धर्म-जिज्ञासुओं को धार्मिक, नैतिक, दार्शनिक ज्ञान का शिक्षण, कायर जनों को साहस, वीर जनों को उत्साह, तथा शोक-सन्तप्त जनों को ढांढस और धैर्य प्राप्त होता है। धर्मशास्त्र तो कड़वी औषधि के समान अविद्या रूप व्याधि का नाशक है, किन्तु काव्य आल्हाद-जनक अमृत के समान अविवेक रूप रोग का अपहारक है[३]।

काव्य साहित्य मर्मज्ञ विद्वानों ने काव्य-रचना के लिए आवश्यक सामग्री का निर्देश करते हुए बतलाया है कि काव्य-कथा का नायक धीरोदात्त हो, कथा-वस्तु चामत्कारिक हो उसमें यथा स्थान षड् ऋतुओं एवं नव रसों का वर्णन किया गया हो और वह नाना अलङ्कारों से अलङ्कृत हो।

इस भूमिका के आधार पर हम देखते हैं कि वीरोदय-कार ने भ. महावीर जैसे सर्वश्रेष्ठ महापुरुष को अपनी कथा का नायक चुना है, जिनका चरित्र उत्तरोत्तर चमत्कारी है। कवि ने यथा स्थान सर्व ऋतुओं का वर्णन किया है, तथा करुण श्रृङ्गार और शान्त रस का मुख्यता से प्रतिपादन किया है। वस्तुतः ये तीन रस ही नव रसों में श्रेष्ठ माने गये हैं।

दश सर्गों से अधिक सर्गवाले काव्य को महाकाव्य कहा जाता है। महाकाव्य के लिए आवश्यक है कि प्रत्येक सर्ग के अन्त में कुछ पद्य विभिन्न छन्दों के हों और यथास्थान, देश, नगर, ग्राम, उद्यान, बाजार, राजा, रानी क्षेत्रादिक का ललित पद्यों में वर्णन किया गया हो। इस परिप्रेक्ष्य में 'वीरोदय' एक महाकाव्य सिद्ध होता है।

---

१ वाक्यं रसात्मकं काव्यम्। (साहित्यदर्पण १,३)

२ शब्दार्थालंकृतीद्धं नवरसकलितं रीतिभावाभिरामं,
व्यङ् ग्याद्यर्थं विदोषं गुणगणकलितं नेतृसद्वर्णनाढ्यम्।
लोकद्वन्द्वोपकारि स्फुटमिह तनुतात्काव्यमग्र्यं सुखार्थी
नानाशास्त्रप्रवीणः कविरतुलमतिः पुण्यधर्मोरुहेतुम्॥

(अलङ्कारचिन्तामणि १,७)

३. कटुकौषधवच्छास्त्रमविद्याव्याधिनाशनम्।
आल्हाद्यमृतवत्काव्यम विवेकगदापहम्॥

(वक्रोक्ति जीवित)

काव्य शास्त्र में अलङ्कार के दो भेद माने गये हैं - शब्दालङ्कार और अर्थालङ्कार । प्रस्तुत काव्य प्राय: सर्वत्र तुकान्त पदविन्यास होने से अन्त्य अनुप्रासालङ्कार से ओत-प्रोत है । संस्कृत काव्यों में इस प्रकार की तुकान्त रचना वाली बहुत कम कृतियाँ मिलती हैं । वीरोदय-कार की यह विशेषता उनके द्वारा रचे गये प्राय: सभी काव्यों में पाई जाती हैं । यमक भी यथा स्थान दृष्टिगोचर होता है । अर्थालङ्कार के अनेक भेद-प्रभेद साहित्यदर्पणादि में बतलाये गये है । वीरोदय-कारने श्लेष, उपमा, उत्प्रेक्षा, वक्रोक्ति, अपह्नुति, परिसंख्या, मालोपमा, अन्योक्ति, समासोक्ति, अतिशयोक्ति, अतिदेश, समन्वय, रूपक दृष्टान्त, व्याजस्तुति, सन्देह, विरोधाभास, भ्रान्तिमदादि अनेक अर्थालङ्कारों के द्वारा अपने काव्य को अलङ्कृत किया है ।

इस काव्य के चौथे सर्ग में वर्षा ऋतु, छठे सर्ग में वसन्त ऋतु, बारहवें सर्ग में ग्रीष्म ऋतु और इक्कीसवें सर्ग में शरद् ऋतु का बहुत ही सुन्दर वर्णन किया गया है, जो कि किसी भी प्रसिद्ध महाकाव्य के समकक्ष ही नहीं, बल्कि कुछ स्थलों पर तो उनसे भी श्रेष्ठ है । सर्ग प्रथम और नवम में करुण रस, दशम और एकादश सर्ग में शान्त रस, तथा प्रथम और इक्कीसवें सर्ग में शृङ्गार रस दृष्टिगोचर होता है ।

प्रस्तुत काव्य में उर्दू-फारसी के भी मेवा, मीर, अमीर, नेक, मौका आदि कुछ शब्द दृष्टिगोचर होते हैं । उनमें से कुछ शब्दों की तो टीका में निरुक्ति देकर उन्हें संस्कृत रूप दे दिया गया है और कुछ शब्द अधिक प्रचलित होने के कारण स्वीकार कर लिए गये हैं, इस प्रकार कवि ने संस्कृत भाषा को और भी समृद्ध करने का मार्ग-दर्शन किया है ।

प्रारम्भ के छह सर्ग कुछ क्लिष्ट हैं, अत: विद्यार्थियों और जिज्ञासुओं के सुखावबोधार्थ वीरोदय-कार ने स्वयं ही उनकी संस्कृत टीका भी लिख दी है, जो कि परिशिष्ट के प्रारम्भ में दे दी गई है । टीका में श्लोक-गत श्लेष आदि का अर्थ तो व्यक्त किया ही गया है, साथ ही कहां कौनसा अलङ्कार है, यह भी बता दिया गया है ।

प्रस्तुत रचना का जब विद्वान् लोग तुलनात्मक अध्ययन करेंगे तो उन्हें यह सहज में ही ज्ञात हो जायगा कि इस रचना पर धर्म-शर्माभ्युदय, चन्द्रप्रभ चरित, मुनिसुव्रत काव्य और नैषध काव्य आदि का प्रभाव है । फिर भी वीरोदय की रचना अपना स्वतन्त्र और मौलिक स्थान रखती है ।

इस प्रकार यह वीरोदय एक महाकाव्य तो है ही । पर इसके भीतर जैन इतिहास और पुरातत्त्व का भी दर्शन होता है, अत: इसे इतिहास और पुराण भी कह सकते हैं । धर्म के स्वरूप का वर्णन होने से यह धर्मशास्त्र भी है, तथा स्याद्वाद, सर्वज्ञता और अनेकान्तवाद का वर्णन होने से यह न्याय-शास्त्र भी है । अनेकों शब्दों का संग्रह होने से यह शब्द-कोष भी है ।

संक्षेप में कहा जाय तो इस एक काव्य के पढ़ने पर ही भ. महावीर के चरित के साथ ही जैन धर्म और जैन दर्शन का भी परिचय प्राप्त होगा और काव्य-सुधा का पान तो सहज में होगा ही । इसीलिए कवि ने स्वयं ही काव्य को 'त्रिविष्टपं काव्यमुपैम्यहन्तु' कहकर (सर्ग १ श्लो. २३) साक्षात् स्वर्ग माना है ।

वीरोदय काव्य की कुछ विशेषताएं

काव्य-साहित्य की दृष्टि से ऊपर इस प्रस्तुत काव्य की महत्ता पर कुछ प्रकाश डाला गया है । यहां उसकी कुछ अन्य विशेषताओं का उल्लेख किया जाता है, जिससे पाठकगण इसके महत्त्व को पूर्ण रूप से समझ सकेंगे । प्रथम सर्ग में श्लो. ३० से लेकर ३९ तक काव्य-रचयिता ने भ. महावीर के जन्म होने से पूर्व के भारतवर्ष की धार्मिक और सामाजिक दुर्दशा का जो चित्र अंकित किया है, वह पठनीय है ।

पूर्वकाल में देश, नगर और ग्राम आदिक कैसे होते थे, वहां के मार्ग और बाजार कैसे सजे रहते थे, इसका सुन्दर वर्णन दूसरे सर्ग में किया गया है ।

राजा सिद्धार्थ और महारानी त्रिशला देवी के रूप में कवि ने एक आदर्श राजा-रानी का स्वरूप तीसरे सर्ग में बतलाया है ।

चौथे सर्ग में महारानी त्रिशला देवी को दिखे सोलह स्वप्न और उनके फल का बहुत सुन्दर वर्णन किया गया है, जिससे तीर्थंकर के जन्म की महत्ता चित्त में सहज ही अंकित हो जाती है ।

तीर्थंकर के गर्भ में आने पर कुमारिका देवियां किस प्रकार उनकी माता की सेवा-टहल करती हैं और कैसे-कैसे प्रश्न पूछ कर उनका मनोरंजन और अपने ज्ञान का संवर्धन करती हैं, यह बात पांचवें सर्ग में बड़ी अच्छी रीति से प्रकट की गई है ।

छठे सर्ग में त्रिशला देवी के गर्भ-कालिक दशा के वर्णन के साथ ही कवि ने वसन्त ऋतु का ऐसा सुन्दर वर्णन किया है कि जिससे उसके ऋतुराज होने में कोई सन्देह नहीं रहता ।

सातवें सर्ग में भ. महावीर के जन्माभिषेक के लिए आने वाले देव और इन्द्रादिक का तो सुन्दर वर्णन है ही, कवि ने शची इन्द्राणी के कार्यों का, तथा सुमेरु पर्वत और क्षीर सागर आदि का जो सजीव वर्णन किया है, वह तात्कालिक दृश्यों को आंखों के सम्मुख उपस्थित कर देता है ।

आठवें सर्ग में महावीर की बाल-लीलाओं और कुमार-क्रीडाओं का वर्णन करते हुए उनके मानस पटल पर उभरने वाले उच्च विचारों का कवि ने बहुत ही सुन्दर वर्णन किया है । इसी सर्ग में महाराज सिद्धार्थ के द्वारा विवाह का प्रस्ताव उपस्थित किये जाने पर जिन सुन्दर और सुदृढ़ युक्तियों के द्वारा भगवान् महावीर ने उसे अस्वीकार किया है, उससे उनकी जन्म-जात लोकोद्धारक मनोवृत्ति का अच्छा परिचय प्राप्त होता है ।

इसमें बतलाया गया है कि संसार के जितने भी बन्धन हैं, वे सब स्त्री के बन्धन से उत्पन्न होते हैं । स्त्री के निमित्त से इन्द्रियां प्रमत्त होती हैं, मनुष्य की आंखें सदा स्त्री के रूप देखने को उत्सुक बनी रहती हैं । उसे प्रसन्न रखने के लिए वह सदा उबटन, तेल-फुलेलादि से अपने शरीर को सजाता-संवारता रहता है और शरीर-पोषण के लिए बाजीकरण औषधियों का निरन्तर उपयोग करता है । कवि भ महावीर के मुख से कहलाते हैं कि जो इन्द्रियों का दास है, वह समस्त जगत् का दास है । अतः इन इन्द्रियों को जीत करके ही मनुष्य जगज्जेता बन सकता है ।

इस प्रकार अपना अभिप्राय प्रकट कर उन्होंने पिता से अपने आजीवन अविवाहित रहने की ही बात नहीं कही, प्रत्युत भविष्य में अपने द्वारा किये जाने वाले कार्यों की ओर भी संकेत कर दिया । यह सारा वर्णन बड़ा ही हृदयस्पर्शी है ।

विवाह का प्रस्ताव अस्वीकार कर देने के पश्चात् भ महावीर के हृदय में जगज्जनों की तात्कालिक स्थिति को देखकर जो विचार उत्पन्न होते हैं, वे बड़े ही मार्मिक एवं हृदय-द्रावक हैं ।

भगवान् संसार की स्वार्थ-परता को देखकर विचारते हैं-अहो ये संसारी लोग कितने स्वार्थी हैं? वे सोचते हैं कि मैं ही सुखी रहूँ भले ही दूसरा दुःख-कूप में गिरता है, तो गिरे । हमें उससे क्या प्रयोजन है ?

कुछ लोगों की मांस खाने की दुष्प्रवृत्ति को देखकर महावीर विचारते हैं-आज लोग दूसरे के खून से अपनी प्यास बुझाना चाहते हैं और दूसरों का मांस खाकर अपनी भूख शान्त करना चाहते हैं । अहो यह कितनी दयनीय स्थिति है ।

देवी-देवताओं के ऊपर की जाने वाली पशु-बलि को देखकर भगवान् विचारते हैं- 'अहो, जगदम्बा कहलाने वाली माता ही यदि अपने पुत्रों के खून की प्यासी हो जाय, तो समझो कि सूर्य का उदय ही रात्रि में होने लगा ।''

''अहो, यह देवतास्थली जो कि देव-मन्दिरों की पावन भूमि कहलाती है, वह पशु-बलि होने से कसाई-घर बनकर यमस्थली हो रही है ? लोग पशुओं को मारकर और उनके मांस को खा-खाकर अपने पेट को कब्रिस्तान बना रहे हैं।''

इस प्रकार के अनेक दारुण दृश्यों का चित्रण करके कवि ने नवें सर्ग में बड़ा ही कारूणिक, मर्मस्पर्शी एवं उद्‌बोधक वर्णन किया है ।

जगत् की विकट परिस्थितियों को देखते हुए महावीर की वैराग्य भावनाएं उत्तरोत्तर बढ़ती जाती हैं और अन्त में एक दिन वे भरी जवानी में घर बार छोड़कर और वन में जाकर प्रव्रजित हो जाते हैं और सिंह के समान एकाकी इस भूतल पर विहार करते हुए विचरने लगते हैं । उनके इस छद्मस्थ कालिक विहार के समय की किसी भी परीषह और उपसर्ग रूप घटना का यद्यपि कवि ने कोई उल्लेख नहीं किया है, तथापि इतना स्पष्ट रूप से कहा है कि ''वीर प्रभु के इस तपश्चरण काल में ऐसे अनेक प्रसंग आये हैं, कि जिनकी कथा भी धीर वीर जनों के रोंगटे खड़े कर देती है ।'' इन परीषहों और उपसर्गों का विगत वार वर्णन दि और श्वे. ग्रन्थों के आश्रय से आगे किया गया है । इस प्रकार दसवें सर्ग में भ महावीर की आन्तरिक भावनाओं का बहुत सुन्दर वर्णन कवि ने किया है ।

ग्यारहवें सर्ग में कवि ने एक अनुपम ढंग से भ. महावीर के पूर्व भवों का वर्णन किया है । भगवान् ध्यानावस्था में ही अवधिज्ञान से अपने पूर्व भवों को देखते हैं और विचार करते हैं कि हाय, हाय ? आज संसार में जो मिथ्या आचार देख रहा हूँ, उनका मैं ही तो कुबीजभूत हूँ, क्योंकि पूर्व भवों में मैंने ही मिथ्या मार्ग का प्रचार एवं प्रसार किया है । वे ही मत-मतान्तर आज नाना प्रकार के असदाचारों के रूप में वृक्ष बन कर फल-फूल रहे हैं । इसलिए जगत् की चिकित्सा करने के पहिले मुझे अपनी ही चिकित्सा करनी चाहिए । जब तक मैं स्वयं शुद्ध (नीरोग एवं नीराग) न हो जाऊं, तब तक दूसरों की चिकित्सा करना कैसे उचित मानी जा सकती है । इसलिए मुझे बाहिरी परिग्रहादि से और आन्तरिक मद-मत्सरादि दुर्भावों से असहयोग करना ही चाहिए । भगवान् विचारते हैं कि मुझे स्व-राज्य अर्थात् आत्मीय स्वरूप की प्राप्ति के लिए परजनों से असहयोग ही नहीं, बल्कि दुर्भावों का बहिष्कार भी करना चाहिए, तभी मेरा स्व-राज्य-प्राप्ति के लिए किया गया यह सत्याग्रह सफल होगा ।

यहां यह उल्लेखनीय है कि जब कवि अपने इस काव्य की रचना कर रहे थे, उस समय महात्मा गांधी ने स्वराज्य प्राप्ति के लिए सत्याग्रह संग्राम और असहयोग आन्दोलन छेड़ा हुआ था उससे प्रभावित होकर कवि ने उसका उपयोग अध्यात्म रूप स्वराज्य प्राप्ति के लिए किया है ।

भ. महावीर के पूर्व भवों की विस्तृत चर्चा इसी प्रस्तावना में आगे की गई है ।

बारहवें सर्ग में कवि ने ग्रीष्म ऋतु का विस्तार से वर्णन करते हुए बतलाया कि जब सारा संसार सूर्य की गर्मी से त्रस्त होकर शीतलता पाने के लिए प्रयत्नशील हो रहा था, तब भ. महावीर शरीर से ममता छोड़कर पर्वत के शिखरों पर महान् आतापन योग से अपने कर्मों की निर्जरा करने में संलग्न हो रहे थे । वर्षाकाल में वे वृक्षों के नीचे खड़े रह कर कर्म मल गलाते रहे और शीतकाल में चौराहों पर रात-रात भर खड़े रह कर ध्यान किया करते थे । इस प्रकार कभी एक मास के, कभी दो मास के, कभी चार मास के और कभी छह मास के लिए प्रतिमा योग धारण कर एक स्थान पर अवस्थित रह कर आत्म ध्यान में मग्न रहते थे । भ. महावीर के इस छद्मस्थ कालीन महान् तपश्चरण का विवरण आगे विगतवार दिया गया है, जिससे पाठक जान सकेंगे कि उन्होंने पूर्व भव-संचित कर्मों का विनाश कितनी उग्र तपस्या के द्वारा किया था ।

इस प्रकार की उग्र तपस्या करते हुए साढ़े बारह वर्ष व्यतीत होने पर भ. महावीर को वैशाख शुक्ला दशमी के दिन कैवल्य विभूति की प्राप्ति हुई । उसके पाते ही भगवान् के केवल-ज्ञान जनित दश अतिशय प्राप्त हुए । तभी इन्द्र ने अपने देव परिवार के साथ आकर उस सभा स्थल का निर्माण कराया, जो कि समवशरण के नाम से प्रख्यात है।

तेरहवें सर्ग में उस समवशरण की रचना का विस्तार से वर्णन किया गया है । इस समवशरण के मध्य भाग में स्थित कमलासन पर भगवान् चार अंगुल अन्तरीक्ष विराजमान हुए, उनके समीप आठ प्रातिहार्य प्रकट हुए और देव कृत चौदह अतिशय भी प्रकट हुए । भ. महावीर के इस समवशरण में स्वर्ग से आते हुए देवों को तथा नगर निवासियों को जाते देख कर गौतम प्रथम तो आश्चर्य चकित होते हैं और विचारते हैं कि क्या मेरे से भी बड़ा कोई ज्ञानी हो सकता है । पश्चात् वे भ. महावीर के पास आते ही इतने अधिक प्रभावित हुए कि उन्होंने उनका शिष्यत्व ही स्वीकार कर लिया और तभी उनके निमित्त से भगवान् की दिव्य देशना प्रकट हुई ।

इस सन्दर्भ में भ. महावीर ने इन्द्रभूति गौतम को लक्ष्य करके जो उपदेश दिया है, वह पठनीय ही नहीं, बल्कि मननीय भी है ।

इन्द्रभूति गौतम को भ. महावीर का शिष्य बना देखकर उनके भाई अग्निभूति और वायुभूति भी अपने-अपने शिष्य परिवार के साथ भगवान् के शिष्य बन गये और उनके देखा देखी अन्य आठ महा विद्वान् भी अपने शिष्य परिवार के साथ दीक्षित हो गये ।

यहां यह बात उल्लेखनीय है कि ये सभी ब्राह्मण विद्वान् एक महान् यज्ञ समारोह में एकत्रित हुए थे । उसी समय भ. महावीर को केवल ज्ञान हुआ था और ज्ञान कल्याणक मनाने के लिए देवगण आ रहे थे । इस सुयोग ने महा मिथ्यात्वी इन्द्रभूति आदि ब्राह्मण विद्वानों को क्षण भर में सम्यक्त्वी और संयमी बना दिया और वे सभी विद्वान् भगवान् के सूत्ररूप उपदेश के महान् व्याख्याता बनकर गणधर के रूप में प्रसिद्ध हुए और उसी भव से मुक्त भी हुए । चौदहवें

सर्ग में इन ग्यारहों ही गणधरों के जन्मस्थान, माता-पिता और शिष्य परिवार का विस्तृत वर्णन किया गया है । प्रस्तावना में आगे और भी कई बातों के विवरण के साथ एक चित्र दिया गया है, जिससे कि गणधरों की आयु, दीक्षा-काल आदि अनेक महत्त्वपूर्ण बातें ज्ञात हो सकेंगी ।

पन्द्रहवें सर्ग में भ. महावीर के उपदेश की कुछ रूप-रेखा देकर बतलाया गया है कि गौतम गणधर ने किस प्रकार उनकी वाणी को द्वादशाङ्ग रूप में विभाजित किया और मागध जाति के देवों ने किस प्रकार उसे दूर-दूर तक फैलाया । इसी सर्ग में भगवान् के विहार करते हुए सर्वत्र धर्मोपदेश देने का भी वर्णन किया गया है और बतलाया गया है कि किस-किस देश के कौन-कौन से राज-परिवार भगवान् के दिव्य उपदेश से प्रभावित होकर उनके धर्म के अनुयायी बन गये थे ।

भ. महावीर ने जिन सर्वलोक-कल्याणकारी उपदेशों को दिया उनमें से साम्यवाद, अहिंसा, स्याद्वाद और सर्वज्ञता ये चार मुख्य मानकर चार सर्गों में ग्रन्थकार ने उनका बहुत ही सुन्दर एवं सरल ढंग से वर्णन किया है ।

साम्यवाद का वर्णन करते हुए कहा गया है-हे आत्मन्, यदि तुम यहां सुख से रहना चाहते हो, तो औरों को भी सुख से रहने दो । यदि तुम स्वयं दुखी नहीं होना चाहते, तो औरों को भी दुःख मत दो । अन्य व्यक्ति को आपत्ति में पड़ा देखकर तुम चुप मत बैठे रहो, किन्तु उसके संकट को दूर करने का शक्ति भर प्रयत्न करो । दूसरों का जहां पसीना बह रहा हो, वहां पर तुम अपना खून बहाने के लिए तैयार रहो । दूसरों के लिए किया गया बुरा कार्य स्वयं अपने ही लिए बुरा फल देता है, इसलिए दूसरों के साथ भला ही व्यवहार करना चाहिए ।

अहिंसा का वर्णन करते हुए कहा गया है-जो दूसरों को मारता है वह स्वयं दूसरों के द्वारा मारा जाता है और जो दूसरों की रक्षा करता है, वह दूसरों से रक्षित रहता हुआ जगत्-पूज्य बनता है । आश्चर्य है कि मनुष्य अपने स्वार्थ के वश में होकर दूसरों को मारने और कष्ट पहुँचाने के लिए तत्पर रहता है और नाना प्रकार के छलों का आश्रय लेकर दूसरों को धोखा देता है । पर वह यह नहीं सोचता कि दूसरों को धोखा देना वस्तुतः अपने आपको धोखा देना है ।

यज्ञों में की जाने वाली हिंसा को लक्ष्य करके कहा गया है- "इसे स्वर्ग भेज रहे हैं" ऐसा कहकर जो लोग बकरे, भैंसें आदि के गले पर तलवार का वार करते हैं, वे अपने स्नेही जनों को उसी प्रकार स्वर्ग क्यों नहीं भेजते?

इस प्रकार अनेक युक्तियों से अहिंसा का समर्थन करते हुए कवि ने कहा है कि भगवती अहिंसा ही सारे जगत् की माता है और हिंसा ही डाकिनी और पिशाचिनी है, इसलिए मनुष्य को हिंसा-डाकिनी से बचते हुए भगवती अहिंसा देवी की ही शरण लेना चाहिए ।

अहिंसा के सन्दर्भ में और भी अनेक प्रमाद-जनित कार्यों का उल्लेख कर उनके त्याग का विधान किया गया है और अन्त में बतलाया गया है कि अहिंसा-भाव की रक्षा और वृद्धि के लिए मनुष्य को मांस खाने का सर्वथा त्याग करना चाहिए । जो लोग शाक-पत्र, फलादिक को भी एकेन्द्रिय जीव का अंग मान कर उसे भी मांस खाने जैसा बतलाते हैं, उन्हें अनेक युक्तियों से सिद्ध कर यह बतलाया गया है कि शाक-पत्र फलादिक में और मांस में आकाश पाताल जैसा अन्तर है । यद्यपि दोनों ही प्राणियों के अंग है, तथापि शाक-फलादिक भक्ष्य हैं और मांस अभक्ष्य है । जैसे कि दूध और गोबर एक ही गाय-भैंस के अंगज-पदार्थ हैं, तो भी दूध ही भक्ष्य है, गोबर नहीं ।

इस प्रकार इस सोलहवें सर्ग में साम्यवाद और अहिंसावाद का बहुत ही सुन्दर वर्णन किया गया है ।

सत्तरहवें सर्ग में मनुष्यता या मानवता की व्याख्या करते हुए बतलाया गया है कि जो मनुष्य दूसरे का सन्मान करता है और उसकी छोटी सी भी बात को बड़ी समझता है, वास्तव में वही मनुष्यता को धारण करता है । किन्तु जो अहंकार-वश औरों को तुच्छ समझता है और उनका अपमान करता है, यह मनुष्य की सबसे बड़ी नीचता है । आत्महित के अनुकूल आचरण का नाम मनुष्यता है, केवल अपने स्वार्थ-साधन का नाम मनुष्यता नहीं है । अतः प्राणिमात्र के लिए हितकारक प्रवृत्ति करना चाहिए ।

आगे बताया गया है कि पापाचरण को छोड़ने पर ही मनुष्य उच्च कहला सकता है, केवल उच्च कुल में जन्म लेने से ही कोई उच्च नहीं कहा जा सकता । इसलिए पाप से घृणा करना चाहिए, किन्तु पापियों से नहीं ।

मानव कर्तव्यों को बतलाते हुए आगे कहा गया है कि दूसरों के दोषों को कभी प्रकट न करे, उनके विषय में सर्वथा मौन ही धारण करे। जहाँ तक बने, दूसरों का पालन-पोषण ही करे। दूसरे के गुणों को सादर स्वीकार करे उनका अनुसरण करे। आपत्ति आने पर हाय-हाय न करे और न्याय-मार्ग से कभी च्युत न होवे।

इस सन्दर्भ में एक बहु मूल्य बात कही गई है कि स्वार्थ (आत्म-प्रयोजन) से च्युत होना आत्म-विनाश का कारण है और परार्थ से च्युत होना सम्प्रदाय के विरुद्ध है। इसलिए मनुष्य को चाहिए कि अपने स्वार्थ को संभालते हुए दूसरों का उपकार अवश्य करे। यही सारभूत मनुष्यता है।''

आगे जाति, कुल आदि के अहंकार को निंद्य एवं वर्जनीय बतलाते हुए अनेक आख्यानकों का उल्लेख करके यह बतलाया गया है कि उच्च कुल में जन्म लेने वाले अनेक व्यक्ति नीच कार्य करते हुए देखे जाते हैं और अनेक पुरुष नीच कुल में उत्पन्न होकर के भी उच्च कार्य करते हुए दृष्टिगोचर होते हैं। अतएव उच्च और नीच का व्यवहार जाति और कुलाश्रित न मानकर गुण और कर्माश्रित मानना चाहिए।

इस विषय में इतना विशेष ज्ञातव्य है कि कितने ही लोग जाति और कुल को अमिट और अटल सिद्ध करने के लिए अनेक प्रकार की कल्पनाएं करते हैं। कोई तो कहते हैं कि ये ब्राह्मणादि वर्ण ब्रह्मा के द्वारा सृष्टि के आदि में बनाये गये हैं और युगान्त तक रहेंगे। कितने ही लोग इनसे भी आगे बढ़कर कहते हैं कि सभी जातियां अनादि से हैं और अनन्त काल तक रहेंगी। कितने ही लोग जातियों को नाशवान् कहकर वर्णों को नित्य कहते हैं, तो कितने ही लोग वर्णों को अनित्य मानकर जातियों को नित्य कहते हैं। कुछ लोग जाति और वर्ण का भेद मनुष्यों में ही मानते हैं, तो कुछ लोग पशु, पक्षी और वृक्षादिक में भी उनका सद्भाव बतलाते हैं। परन्तु ये सब कोरी और निराधार कल्पनाएं ही हैं। कर्म-सिद्धांत के अनुसार गति की अपेक्षा जीवों के मनुष्य, देव, नारकी और तिर्यंच ये चार भेद हैं और जाति की अपेक्षा एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रियादि पांच भेद हैं। यद्यपि एकेन्द्रियादि की उत्तर जातियाँ अनेक हैं, तथापि उनमें उपर्युक्त प्रकार से जाति या वर्ण का भेद मानना न आगम-संगत है और न युक्ति-संगत ही। वस्तुतः वर्ण-व्यवस्था आजीविका की विभिन्नता पर की गई थी। वर्तमान में प्रचलित जाति-व्यवस्था तो देश-काल-जनित नाना प्रकार की परिस्थितियों का फल है। यही कारण है कि इन जातियों के विषय में थोड़ा-बहुत जो इतिहास उपलब्ध है, वह उन्हें बहुत आधुनिक सिद्ध करता है।

जातिवाद को बहुत अधिक महत्व देने वाले हिन्दुओं के महान् ग्रन्थ महाभारत में लिखा है-

कैवर्ती-गर्भसम्भूतो व्यासो नाम महामुनिः।
तपसा ब्राह्मणो जातस्तस्माज्जातिरकारणम् ॥१॥
उर्वशी-गर्भसम्भूतो वशिष्टः सुमहामुनिः।
तपसा ब्राह्मणो जातस्तस्माज्जातिरकारणम् ॥२॥
श्वपाकि-गर्भसम्भूतः पाराशरमहामुनिः।
तपसा ब्राह्मणो जातस्तस्माज्जातिरकारणम् ॥३॥
चाण्डाली-गर्भसम्भूतो विश्वामित्रो महामुनिः।
तपसा ब्राह्मणो जातस्तस्माज्जातिरकारणम् ॥४॥

अर्थात् - धीवरी के गर्भ से उत्पन्न हुए व्यास महामुनि तप के प्रभाव से ब्राह्मण हो गये, उर्वशी के गर्भ से उत्पन्न हुए वशिष्ट महामुनि तप के प्रभाव से ब्राह्मण कहलाये, श्वपाकी (कुत्ते का मांस खाने वाली) के गर्भ से उत्पन्न हुए पाराशर महामुनि तप के प्रभाव से ब्राह्मण हो गये और चाण्डाली के गर्भ से उत्पन्न हुए विस्वामित्र महामुनि तप के प्रभाव से ब्राह्मण हो गये। इसलिए उच्च कहलाने के लिए जाति कोई कारण नहीं है, किन्तु आचरण ही प्रधान कारण है।

सारांश यह है कि वर्तमान में प्रचलित जाति और वर्णों को अनादि और अनन्त कालीन बतलाना सर्वथा असत्य है। हां, यह ठीक है कि साधारणतः उच्च और नीच कुल में जन्म लेने वाले जीवों पर उनके परम्परागत उच्च या नीच आचरण का प्रभाव अवश्य पड़ता है, पर अपवाद सर्वत्र दृष्टिगोचर होते हैं। कहीं उच्च कुलीन लोगों में भी हीनाचरण की प्रवृत्ति देखी जाती है। और कहीं नीच कुलीन लोगों में भी सदाचार की प्रवृत्ति पाई जाती है। इसलिए एकान्त

से सर्वथा ऐसा ही नहीं मान लेना चाहिए कि उच्च कुल में जन्म लेने वाले लोगों के ही सदाचारपना पाया जायगा, हीन कुल में जन्म लेने वालों के नहीं । उच्च या नीच कुल में जन्म होना पूर्व जन्म-संचित संस्कारों का फल है, अर्थात् दैवाधीन है । किन्तु वर्तमान में उच्च या नीच कार्य करना अपने पुरुषार्थ के अधीन है ।

इसी संदर्भ में ग्रन्थकार ने आज के प्रचलित विवाह-बन्धनों की ओर संकेत करते हुए बताया है कि देखो- वसुदेव ने अपने चचेरे भाई की पुत्री अर्थात् आज के शब्दों में अपनी भतीजी देवकी से विवाह किया और उससे जगत् प्रसिद्ध श्री कृष्ण नारायण का जन्म हुआ । इसके साथ ही यहां यह भी उल्लेखनीय है कि भ. नेमिनाथ का विवाह भी उन्हीं उग्रसेन की लड़की राजमती से होने जा रहा था । जो श्री कृष्ण के षड्यंत्र से बन्धन-बद्ध पशुओं को देख कर नेमिनाथ के संसार से विरक्त हो जाने से संभव नहीं हो सका । नेमिनाथ और राजमती परस्पर चचेरे भाई बहिन थे ।

वसुदेव और उग्रसेन का वंश परिचय इस प्रकार है-

उक्त वंश-परिचय से बिलकुल स्पष्ट है कि चतुर्थ काल में आज के समान कोई वैवाहिक बन्धन नहीं था और योग्य लड़के लड़कियों का विवाह-सम्बन्ध कर दिया जाता था ।

इसी सर्ग के २१ वें श्लोक में वेद के संकलयिता जिन व्यास ऋषि का उल्लेख किया गया है, वे स्वयं ही धीवरी (कहारिन) से उत्पन्न हुए थे, जिसका प्रमाण अभी ऊपर दिया जा चुका है ।

आगे इसी सर्ग के ३९ वें श्लोक में हरिषेण कथा कोष के एक कथानक का उल्लेख कर बताया गया है कि राजा ने यमपाश चाण्डाल के साथ उसकी अहिंसक प्रवृत्ति से हर्षित होकर अपनी पुत्री का विवाह कर दिया था ।

यहाँ पर विवाह के इस प्रकरण की, तथा इसी प्रकार के कुछ अन्य उल्लेखों की चर्चा का भी यह अभिप्राय है कि साधारणत: राजमार्ग तो यही रहा है कि मनुष्य अपने कुल, गुण, शील, रूप और विद्या आदि के अनुरूप हो योग्य कन्या से विवाह करते थे और आज भी करना चाहिए । परन्तु अपवाद सदा रहे हैं । इसलिए इस विषय में भी सर्वथा एकान्त मार्ग का आश्रय नहीं लेना चाहिए ।

इस प्रकार इस सर्ग में जाति और कुल की यथार्थता को बता कर अन्त में कहा गया है कि "धर्म-धारण करने में या आत्म-विकास करने में किसी एक व्यक्ति या जाति का ही अधिकार नहीं है । किन्तु जो उत्तम धर्म का अनुष्ठान करता है, वह सबका आदरणीय बन जाता है ।

अठारहवें सर्ग में काल की महत्ता बतलाते हुए इस अवसर्पिणी काल के प्राम्भिक तीन कालों को हिन्दू-मान्यतानुसार सत् युग बताया गया है, जिनमें कि भोग भूमि की रचना रहती है । जब तीसरे काल के अन्त में कल्पवृक्ष नष्ट होने लगे और कुलकरों का जन्म हुआ, तब से त्रेतायुग का प्रारम्भ हुआ । उस समय अन्तिम कुलकर नाभिराय से आदि तीर्थंकर भ. ऋषभदेव का जन्म हुआ । उन्होंने कल्पवृक्षों के लोप हो जाने पर भूख-प्यास से पीड़ित प्रजा को जीवन के उपाज बतलाये । प्रजा का संरक्षण करने वालों को क्षत्रिय संज्ञा दी, प्रजा का भरण-पोषण करने वालों को वैश्य

कहा और प्रजा की सेवा-सुश्रूषा करने वालों को शूद्र कहा। उन्हीं भ. ऋषभदेव ने पुरुषों को ७२ कलाओं और स्त्रियों की ६४ कलाओं को सिखाया। मिट्टी के बर्तन बनाना भी उन्होंने सिखाया। जिसके फलस्वरूप कुम्भार लोग आज भी 'परजापत' (प्रजापति) कहलाते हैं। आद्य स्तुतिकार स्वामी समन्तभद्र ने ऋषभदेव की स्तुति करते हुए उन्हें 'प्रजापति' के नाम से उल्लेख करके कहा कि उन्होंने ही जीने की इच्छुक प्रजा को कृषि, गोपालन आदि कार्यों की सर्व प्रथम शिक्षा दी[१]।

भ. ऋषभ देव के दीक्षित होने पर उनके साथ दीक्षित होने वाले लोग कुछ दिन तक तो भूख-प्यास को सहते रहे। अन्त में भ्रष्ट होकर यद्वा-तद्वा आचरण करने लगे। भ. ऋषभ देव ने कैवल्य प्राप्ति के बाद उन्हें संबोधा। जिससे कितने ही लोगों ने तो वापिस सुमार्ग स्वीकार कर लिया। पर मरीचि और उसके अनुयायियों ने अपना वेष नहीं छोड़ा और कुमार्ग पर ही चलते रहे। इसका विस्तृत विवेचन आगे किया गया है।

इस सन्दर्भ में कवि ने मुनिचर्या और गृहस्थ धर्म का जैसा सुन्दर वर्णन भ. ऋषभ देव के द्वारा कराया है, वह मननीय है।

आगे कवि ने भरत चक्री द्वारा ब्राह्मणों की उत्पत्ति का वर्णन किया है और बतलाया है कि ये ब्राह्मण भ. शीतलनाथ के समय तक तो अपने धर्म पर स्थिर रहे। पीछे उससे परान्मुख होकर अपने को धर्म का अधिकारी बताकर मन-माने क्रियाकाण्ड का प्रचार करने लगे। धीरे-धीरे यहां तक नौबत आई कि 'अजैर्यष्टव्यं' इस वाक्य के अर्थ पर एक ही क्षीर-कदम्ब गुरु से पढ़े हुई पर्वत और नारद में उग्र विवाद खड़ा हो गया। जब ये दोनों विवाद करते हुए अपने सहाध्यायी वसुराजा के पास पहुँचे, तो गुराणी के अनुरोध-वश वसुराजा ने गुरु-पुत्र पर्वत का कथन सत्य कह कर यथार्थ सत्य की हत्या करदी और तभी से तीन वर्ष पुराने-नवीन अंकुरोत्पादन के अयोग्य धान्य के स्थान पर बकरों का यज्ञ में हवन किया जाने लगा, जिसकी परम्परा भ. महावीर और महात्मा बुद्ध के समय तक उत्तरोत्तर बढ़ती गई। इस यज्ञ-बलि के विरोध में उक्त दोनों महान् आत्माओं ने जो प्रबल विरोध किया, उसके फलस्वरूप आज पशुयज्ञ दृष्टिगोचर नहीं हो रहे हैं। इतना ही नहीं, उनकी अहिंसामयी धर्म-देशना का प्रभाव तात्कालिक वैदिक विद्वानों पर भी पड़ा और उन्होंने भी सिंहक यज्ञों एवं बाहिरी क्रिया-काण्डों के स्थान पर आत्म-यज्ञ और ज्ञानमय क्रियाकाण्ड का विधान अपने उपनिषदों और ब्राह्मण-सूत्रों में किया। तथा इसी शताब्दी के प्रारम्भ में उत्पन्न हुए प्रसिद्ध आर्य-समाजी नेता स्वामी दयानन्द सरस्वती ने भी उन हिंसा-परक वेद-मंत्रों का अहिंसा-परक अर्थ करके अहिंसा की ध्वजा को फहराया।

कवि ने अवसर्पिणीकाल के चौथे भाग को द्वापर युग के नाम से उल्लिखित कर अपनी समन्वय दृष्टि प्रकट की है। तदनुसार आज का युग कलिकाल है, यह स्वतः सिद्ध हो जाता है। अनेक जैनाचार्यों ने 'काले कलौ चले चित्ते'[२] और 'काल कलिर्वा कलुषाशयो वा'[३] इत्यादि वाक्यों से आज के युग को कलिकाल कहा ही है।

उन्नीसवें सर्ग में कवि ने बहुत ही सरल ढंग से अनेकान्तवाद, स्याद्वाद और उसके सात भंगों का वर्णन किया है। दार्शनिक वर्णन साधारणतः कठिन होने से पाठकों को सहज-ग्राह्य नहीं होता। पर यह ग्रन्थकार की महान् कुशलता और सुविज्ञता ही समझना चाहिए कि उनके इस प्रकरण को पढ़ने पर सर्व साधारण पाठक भी स्याद्वाद और अनेकान्तवाद के गूढ़ रहस्य से परिचित हो सकेंगे।

द्रव्य का लक्षण 'सत' (अस्तित्व) रूप माना गया है और 'सत्' को उत्पाद-व्यय और ध्रौव्य रूप कहा गया है[४] जिसका अभिप्राय यह है कि प्रत्येक वस्तु प्रति समय अपने पूर्व रूप को छोड़ती रहती है, नवीन रूप तो धारण करती है। फिर भी उसका मूल अस्तित्व बना रहता है। पूर्व रूप या आकार के परित्याग को व्यय, नवीन रूप के

---

१. प्रजापतिर्यः प्रथमं जिजीविषूः शशास कृष्यादिषु कर्मसु प्रजाः।

(स्वयम्भूस्तोत्र, श्लो २)

१. सोमदेवसूरिने यशस्तिलकमें। २. समन्तभद्राचार्य युक्त्यनुशासनमें।

३. सद्-द्रव्यलक्षणम्। उत्पादव्ययध्रौव्ययुक्तं सत्।

(तत्त्वार्थसूत्र, अ. ५, सू २९-३०)

धारण करने को उत्पादन और मूल रूप के बने रहने को ध्रौव्य कहते हैं । स्वामी समन्त भद्र ने एक दृष्टान्त देकर बतलाया है कि जब सोने के घट को मिटाकर उसका मुकुट बनाया जाता है, तब घट के इच्छुक को शोक होता है, मुकुट से अभिलाषी को हर्ष होता है, किन्तु सुवर्णार्थी के मध्यस्थ भाव रहता है । घटार्थी को शोक घटके विनाश के कारण हुआ, मुकुटार्थी को हर्ष मुकुट के उत्पाद के कारण हुआ । किन्तु सुवर्णार्थी का मध्यस्थ भाव दोनों ही दशाओं में सोने के बने रहने के कारण रहा । अतएव यह सिद्ध होता है कि वस्तु उत्पादन-व्यय और ध्रौव्य रूप से त्रयात्मक है[1] । जैनदर्शन के इस रहस्य को पतञ्जलि ने अपने पातञ्जल भाष्य में और कुमारिल भट्ट ने अपनी मीमांसाश्लोकवार्तिक में स्वीकार किया है, ऐसा निर्देश इस सर्ग के १७ वें श्लोक में ग्रन्थकार ने किया है । पाठकों की जानकारी के लिए उक्त दोनों ग्रन्थों के यहां उद्धरण दिये जाते हैं-

"द्रव्यं हि नित्यमाकृतिरनित्या।सुवर्णं कयाचिदाकृत्या युक्तं पिण्डो भवति, पिण्डाकृतिमुपमृद्य स्वस्तिका: क्रियन्ते, रुचकाकृतिमुपमृद्य कटका: क्रियन्ते, कटकाकृतिमुपमृद्य स्वस्तिका: क्रियन्ते, पुनरावृत्त: सुवर्णपिण्ड:, पुनरपरया आकृत्या युक्त: खदिराङ्गारसदृशे कुण्डले भवत: । आकृतिरनित्या अन्या च भवति, द्रव्यं पुनस्तदेव । आकृत्युपमर्देन द्रव्यमेवावशिष्यते ॥"

(पाताञ्जल महाभाष्य १।१।१, योगभाष्य ४।१३)

अर्थात्- द्रव्य नित्य है और आकृति अनित्य है । सोना किसी आकृति-विशेष से युक्त होने पर पिण्ड कहलाता है । पिण्ड रूप आकृति का विनाश कर रुचक बनाये जाते हैं और रुचकरूप आकृति का उपमर्दन कर कटक बनाये जाते हैं । पुन: कटक रूप आकृति का विनाश कर स्वस्तिक बनाये जाते हैं और फिर उसे भी मिटा कर सुवर्ण पिण्ड बना दिया जाता है । पुन: नयी आकृति से वही खैर के अंगार-सदृश चमकते हुए कुण्डल बन जाते हैं । इस प्रकार आकृति तो अनित्य है, क्योंकि वह नये नये रूप धारण करती रहती है, किन्तु सुवर्ण रूप द्रव्य ज्यों का त्यों बना रहता है ।

मीमांसाश्लोकवार्तिककार कुमारिल भट्ट ने स्वामी समन्तभद्र का अनुसरण करते हुए वस्तु का स्वरूप विनाश-उत्पाद और स्थिति रूप से त्रयात्मक ही माना है । यथा-

वर्धमानकभङ्गे च रुचक: क्रियते यदा ।
तदा पूर्वार्थिन शोक: प्रीतिश्चाप्युत्तरार्थिन: ॥
हेमार्थिनस्तु माध्यस्थ्यं तस्माद् वस्तु त्रयात्मकम् ।

(मीमांसाश्लोकवार्तिक पृ ६१९)

अर्थात् जब सोने के वर्धमानक का विनाश करके रूचक बनाया जाता है, तब वर्धमानक के इच्छुक को तो शोक होता है और रुचकार्थी को प्रसन्नता होती है । किन्तु स्वर्णार्थी के तो माध्यस्थ्य भाव बना रहता है । इससे सिद्ध है कि प्रत्येक वस्तु उत्पाद-व्यय-ध्रौव्य रूप से त्रयात्मक है ।

इस प्रकार वस्तु की नित्या नित्यात्मकता और अनेक धर्मात्मकता को सिद्ध करके जैन दर्शनानुसार उसके चेतन और अचेतन ये दो भेद कर उनके भी उत्तर भेदों का वर्णन किया गया है । साथ ही जीव का अस्तित्व भी सयुक्तिक सिद्ध किया गया है । विस्तार के भय से यहां उसकी चर्चा नहीं की जा रही है ।

आगे बताया गया है कि यत: प्रत्येक वस्तु अनादि-निधन है और अपने-अपने कारण-कलापों से उत्पन्न होती है, अत: उसका कोई कर्त्ता, सृष्टा या नियन्ता ईश्वरादिक भी नहीं है ।

इस प्रकार इस सर्ग में अनेक दार्शनिक तत्त्वों की चर्चा की गई है ।

बीसवें सर्ग में अनेक सरल युक्तियों से अतीन्द्रिय ज्ञान का अस्तित्व सिद्ध करके उसके धारक सर्वज्ञ की सिद्धि की गई है ।

इक्कीसवें सर्ग में शरद् ऋतु का साहित्यिक दृष्टि से सुन्दर वर्णन करके अन्त में बताया गया है कि कार्तिक कृष्णा चतुर्दशी की रात्रि के अन्तिम भाग में भ. महावीर ने पावा नगरी के उपवन से मुक्ति-लक्ष्मी को प्राप्त किया ।

---

१. घट-मौलि-सुवर्णार्थी नाशोत्पादस्थितिष्वयम् ।
शोक-प्रमोद-माध्यस्थ्यं जनो याति सहेतुकम् ॥ (आप्तमीमांसा श्लो. ५९)

बाईसवें सर्ग में बताया गया है कि भ. महावीर ने जिस विज्ञान-सन्तुलित धर्म का जगत् के कल्याण के लिए उपदेश दिया था काल के प्रभाव से और विस्मरण आदि से उसकी जो शोचनीय दशा आज हो रही है, उस पर यहां कुछ विचार किया जाता है। भ. महावीर के पश्चात् और अन्तिम श्रुतकेवली श्री भद्रबाहु स्वामी के समय तक तो जैन धर्म की गंगा एक प्रवाह रूप से ही बहती रही। किन्तु भद्रबाहु स्वामी के समय में पड़े १२ वर्ष के महान् दुर्भिक्ष के पश्चात् वह धारा दो रूप में विभक्त हो गई। उस समय जैन श्रमण संघ में २४ हजार साधु थे। सबको भद्रबाहु ने सूचित किया कि उत्तर भारत में १२ वर्ष के दुर्भिक्ष पड़ने की संभावना है, अतः सर्व साधुओं को दक्षिण देश की ओर विहार कर देना चाहिए। उनकी घोषणा सुनते ही आधा संघ तो उनके साथ दक्षिण देश की ओर विहार कर गया। किन्तु आधा संघ श्रावकों के अनुरोध पर स्थूलभद्राचार्य के नेतृत्व में उत्तर भारत में रह गया। धीरे-धीरे दुर्भिक्ष का प्रकोप बढ़ने लगा और साधुओं को आहार मिलने में कठिनाई अनुभव होने लगी। तब श्रावकों के अनुरोध पर साधुओं ने पात्र रख कर श्रावकों के घर से आहार लाकर अपने निवास-स्थल पर जा करके खाना प्रारंभ किया। इसी के साथ ही उन्होंने वस्त्र और दण्डादिक भी आत्म-रक्षा के लिए स्वीकार कर लिए और इस प्रकार निर्ग्रन्थ साधुओं में धीरे-धीरे शिथिलाचार का प्रवेश हो गया। जब १२ वर्ष के उपरान्त दुर्भिक्ष का प्रकोप शान्त हुआ और दक्षिण की ओर गये हुए मुनि जन उत्तर भारत को लौटे, तो उन्होंने बहुत प्रयत्न किया कि इधर रहे हुए साधुओं में जो शिथिलाचार आ गया है, वह दूर कर वे लोग हमारे साथ पूर्ववत् मिलकर एक सूत्र के रूप में रहें। पर यह संभव नहीं हो सका। अतः उत्तर भारत में रहे साधुजन श्वेत-वस्त्र धारण करने लगे थे, अतः वे श्वेताम्बर साधुओं के नाम से कहे जाने लगे और जो नग्न निर्ग्रन्थ वेष के ही धारक रहे, वे दिगम्बर साधुओं के नाम से पुकारे जाने लगे।

यहां यह विशेष ज्ञातव्य है कि श्वे. आचाराङ्ग-सूत्र में भी साधु के लिए आचेलक्य ही परम धर्म बताया गया है और अचेलक का मुख्य अर्थ पूर्ण नग्नता ही है[१]। श्वे. शास्त्रों में राजा उदयन, ऋषभदत्त आदि के भी नग्न मुनि होने का उल्लेख आता है[२]। श्वे. स्थानाङ्ग सूत्र में भी साधुओं के अन्य कर्तव्यों के साथ नग्नता का विधान उपलब्ध है[३]। भ. महावीर स्वयं नग्न रहे थे।

वैदिक साहित्य 'ऋक्र संहिता' (१०।१३६-२) में 'मुनयो वातरशानाः' का उल्लेख है। 'जाबालोपनिषद' सूत्र ६ में 'यथाजातरूपधरो निर्ग्रन्थों निष्परिग्रह' का उल्लेख मिलता है। महाभारत के आदिपर्व श्लो ३२६-२७ में जैन मुनि को 'नग्न क्षपणक' कहा है। विष्णुपुराण में 'ततो दिगम्बरो मुण्डो' (तृतीयाँश अ. १७-१८) कहा गया है और पद्मपुराण में भी 'दिगम्बरेण जैन धर्मोपदेशः' (प्रथम खण्ड श्लो.१३) आदि रूप से दिगम्बर मुनियों का वर्णन किया गया है। भर्तहरि ने अपने वैराग्यशतक में जैन मुनि को 'पाणिपात्रो दिगम्बर' लिखा है[४]। वाराहमिहिर-संहिता में जैन मुनियों को 'नग्न' और अर्हन्तदेव को 'दिग्वास लिखा'। ज्योतिष ग्रन्थ गोलाध्याय में भी जैन साधुओं के नग्न रहने का उल्लेख है[६]। मुद्राराक्षस में भी इसी प्रकार का उल्लेख पाया जाता है।

---

१. जे अचेले परिवुसिए तस्स णं भिक्खुस्स णो एव.......(आचारांग १५१)
तं वोसेज्ज वत्थमणयारे.. ....(आचारंग २१०)

२. जस्सट्ठाए कीरइ नग्गभावो जाव तमट्ठं आरोहेइ। (भगवती सूत्र, शतक ९ उद्देशक ३३)

३. से जहा नामए अज्जोमए समणाणं णिग्गंथाणं नग्गभावे मुण्डभावे अण्हाणए...........अरहा समणाणं णिग्गंथाणं नग्गभावे जाव लद्धावलद्धवित्तीओ जाव पट्ठवेहित्ती। (ठाणां सूत्र, हैदराबाद संस्करण पृ. ८१३)

४. एकाकी निःस्पृहः शान्तः पाणिपात्रो दिगम्बरः। कदा शम्भो भविष्यामि कर्मनिर्मूलनक्षमः॥
भर्तृहरि-वैराग्यशतके श्लो. ७०।

५. नग्नान् जिनानाँ विदुः १९।६१॥
दिग्वाससस्तरुणो रुपवांश्च कार्यौऽर्हतां देवः ॥५५,५८॥ (वाराहमिहिर-संहिताः

६. नग्नीकृता मुण्डिताः। तत्र ४-५ (गोलाध्याय (३।८-१०)

बौद्धों के जातक घटकथा, चुल्लवग्ग (८।२८।३) महावग्ग (८।१५।८) संयुक्त निकाय (२।३।१०७) दिव्यावदान (पृ. १६५) और दाठावसो (पृ. १४) इत्यादि ग्रन्थों में निर्ग्रन्थों की नग्नता का उल्लेख है। चीनी यात्री फाहियान[१] और हुएनत्सांग ने[२] भी अपने यात्रा-विवरणों में जैन मुनियों को नग्न लिखा है ।

मथुरा का वर्णन करते हुए फाहियान ने लिखा है-"सारे देश में कोई अधिवासी न जीवहिंसा करता है, न मद्य पीता है और न लहसुन प्याज खाता है, सिवाय चाण्डाल के । जनपद में न कहीं सूनागार (कसाईघर) है और न मद्य की दुकानें हैं । (फाहियान पृ. ३१)

यहां यह बात ज्ञातव्य है कि फाहियान ने ईसा की चौथी शती के अन्त में और हुएनत्सांग ने ईसा की सातवीं शती के प्रारम्भ में भारत की यात्री की थी ।

श्वेताम्बर साधु जब नगराश्रित उपाश्रयों में रहने लगे, तो उनका प्रभाव दिगम्बर साधुओं पर भी पड़ा और उनमें से कितने ही आचार्यों ने कहना प्रारम्भ कर दिया कि साधुओं को इस कलिकाल में वन में नहीं रहना चाहिए । इस प्रकार जब साधुओं में शिथिलाचार ने प्रवेश कर लिया, तो गृहस्थ श्रावकों के आचार में भी शिथिलता आ गई ।

यद्यपि भद्रबाहु के समय सम्राट चन्द्रगुप्त ने, उनके पुत्र बिन्दुसार ने और पौत्र अशोक ने, तथा सम्प्रति आदि अनेक राजाओं ने अपने समय में जैन धर्म को राज्याश्रय दिया उसका प्रसार किया और विक्रमादित्य के समय तक उसका प्रभाव सारे भारतवर्ष पर रहा, तथापि इस अवधि के मध्य ही वैदिक-सम्प्रदाय-मान्य स्नान, आचमन आदि बाह्य क्रियाकाण्ड ने जैनधर्म में प्रवेश पा लिया और जैनों में अग्नि की उपासना यक्षादिक व्यन्तर देवों की पूजा, एवं पंचामृताभिषेक आदि का प्रचार प्रारम्भ हो गया । जैनों का भी प्रभाव हिन्दुओं पर पड़ा और उनमें से यज्ञ-हिंसा ने विदाई ले ली ।

धीरे-धीरे दि. और श्वे. दोनों ही साधु-परम्पराओं में जरा-जरा से मतभेदों के कारण अनेक गण-गच्छ आदि के भेद उठ खड़े हुए, जिससे आज सारा जैन समाज अनेक उपभेदों में विभक्त हो रहा है । इन नवीन उपभेदों के प्रवर्तकों ने तो सदा से चली आई जिनबिम्ब-पूजन का भी गृहस्थों के लिए निषेध करना प्रारम्भ कर दिया और कितनों ने वीतराग मूर्ति को भी वस्त्राभूषण पहिराना प्रारम्भ कर दिया । कितने ही लोग जनता को पीने का पानी सुलभ करने के लिए कुंआ, बावड़ी के खुदवाने आदि पुण्य कार्यों के करने से भी गृहस्थों को मना करने लगे और किसी स्थान पर लगी आग में घिरे जीवों को बचाने के लिए उसे बुझाने को भी जल-अग्नि आदि की विराधना का नाम लेकर पाप बताने लगे।

इस स्थल पर ग्रन्थकार कहते हैं जो धर्म प्राणि मात्र पर मैत्री और करुणा भाव रखने का उपदेश देता है, उसी के अनुयायी कुछ जैन लोग कहें कि साधु के सिवाय अन्य किसी भी प्राणी की रक्षा करना पाप है तो यह बड़े ही आश्चर्य और दु:ख की ही बात है । यथार्थ बात यह है कि जो जैन धर्म उत्तम क्षत्रिय राजाओं के द्वारा धारण करने योग्य था और अपनी सर्व कल्याण-कारिणी निर्दोष प्रवृत्ति के कारण सबका हितकारी था, वही जैन धर्म आज व्यापार करने वाले उन वैश्यों के हाथ में आ गया है जिनका कि धन्धा ही अपने माल को खरा और अन्य के माल को खोटा बताकर अपनी दुकान चलाना है ।

इस प्रकार अपने हार्दिक दु:ख पूर्ण उद्गारों को प्रकट करते हुए ग्रन्थकार ने इस सर्ग के साथ ही अपने ग्रन्थ को समाप्त किया है ।

अवतार–वाद नहीं, उत्तार–वाद

ससार में यह प्रथा प्रचलित रही है कि जो कोई भी महापुरुष यहां पैदा हुआ, उसे ईश्वर का पूर्णावतार या अंशावतार कह दिया गया है । भ महावीर ने अपने उपदेशों में कभी अपने आपको ईश्वर का पूर्ण या आंशिक अवतार नहीं कहा प्रत्युत अवतार वाले ईश्वर का निराकरण ही किया है । उन्होंने कहा-ईश्वर तो आत्मा की शुद्ध अवस्था का नाम

---

१ देखो फाहियान यात्रा-विवरण पृ. ४६,६३ आदि ।

२. देखो- हुएनत्सांग का भारत-भ्रमण पृ १४३, ३२०, ५२६, ५३३, ५४५, ५७०, ५७३ आदि)

है । एक बार आत्मा के शुद्ध हो जाने पर फिर उसकी संसार में अवतार लेने वाली अशुद्ध दशा नहीं हो सकती । जैसे धान्य के छिलके से अलग हुए चावल का पुन: उत्पन्न होना असंभव है, उसी प्रकार कर्म-मल से रहित हुए शुद्ध जीव का संसार में मनुष्यादि के रूप से जन्म लेकर अशुद्ध दशा को प्राप्त करना भी असंभव है । जैन धर्म अवतारवादी नहीं, प्रत्युत उत्तारवादी है । ईश्वर का मनुष्य के रूप में अवतरण तो उसके ह्रास या अवनति का द्योतक है, विकास का नहीं, क्योंकि अवतार का अर्थ है नीचे उतरना । किन्तु उत्तार का अर्थ है-ऊपर चढ़ना, अर्थात् आत्म-विकास करना। अवतारवादी परम्परा में ईश्वर या परमात्मा नीचे उतरता है, मनुष्य बनकर फिर सर्व साधारण संसारी पुरुषों के समान राग-द्वेष मयी हीन प्रवृत्ति करने लगता है । किन्तु उत्तारवादी परम्परा में मनुष्य अपना विकास करते हुए ऊपर चढ़कर ईश्वर भगवान् या परमात्मा बनता है । जैन धर्म ने पूर्ण रूप से विकास को प्राप्त आत्मा को ही भगवान् या परमात्मा कहा है, सांसारिक प्रपंच करने वाले व्यक्ति को नहीं ।

भ. महावीर ने स्वयं ही बतलाया कि सर्व साधारण के समान मैं भी अनादि से संसार में जन्म-मरण के चक्कर लगाता हुआ आ रहा था । इस युग के आदि में मैं आदि महापुरुष ऋषभदेव का पौत्र और आदि सम्राट् का पुत्र था। किन्तु अभिमान के वश में होकर मैंने अपनी उस मानव-पर्याय का दुरुपयोग किया और फिर उत्थान-पतन की अनेक अवस्थाओं का प्राप्त हुआ। पुन: अनेक भवों से उत्तरोत्तर आत्म-विकास करते हुए आज इस अवस्था को प्राप्त कर सका हूँ । अत: मेरे समान ही सभी प्राणी अपना विकास करते हुए मेरे जैसे बन सकते हैं । यही कारण है कि जैन धर्म ने जगत् का कर्ता धर्ता ईश्वर को नहीं माना है, किन्तु उद्धर्ता पुरुष को ही ईश्वर माना है । जैन धर्म का कर्मवाद सिद्धान्त यही उपदेश देता है कि- "आत्मा ही अपने सुख-दु:ख का कर्ता और भोक्ता है । सुमार्ग पर चलने वाला आत्मा अपना मित्र है और कुमार्ग पर चलने वाला आत्मा अपना शत्रु है[१] ।

भ. महावीर के पूर्व भव

भगवान् महावीर का भिल्लराज के भव से लेकर अन्तिम भव तक का जीवन-काल उत्थान पतन की अनेक विस्मय-कारक करुण कहानियों से भरा हुआ है । वर्तमान कालिक समस्त तीर्थङ्करों में से केवल भ महावीर के ही सबसे अधिक पूर्व भवों का वर्णन जैन सास्त्रों में देखने को मिलता है । दिगम्बर और श्वेताम्बर दोनों ही सम्प्रदायों में उनके पूर्व भव का श्री गणेश भिल्लराज के भव से ही पाया जाता है । संक्षेप में भगवान् का यह सर्व जीवन-कथानक इस प्रकार है -

भ ऋषभदेव के पौत्र और भरत चक्री के पुत्र मरीचि होने से दो भव पूर्व भ महावीर का जीव इसी जम्बू द्वीप के पूर्व विदेह क्षेत्र में सीता नदी के उत्तर किनारे पर पुष्कलावती देश की पुण्डरीकिणी नगरी के समीपवर्ती वन में पुरुरवा नामक का भील था । गन्तव्य मार्ग भूल जाने के कारण एक दिगम्बर मुनिराज उस वन में विचर रहे थे कि पुरुरवा भील ने दूर से उन्हें जाता हुआ देखकर और हरिण समझ कर मारने के लिए ज्यों ही धनुष-बाण संभाला कि उसकी स्त्री ने यह कह कर उसे मारने से रोक दिया कि 'ये तो वन के देवता घम रहे हैं, इन्हें मत मारो।' भील ने समीप जाकर देखा, तो उसका भ्रम दूर हुआ और अपनी भूल पर पश्चाताप करते हुए उन्हें भक्ति पूर्वक नमस्कार कर उनसे आत्म-कल्याण का उपाय पूछा । मुनिराज ने उसे मद्य, मांस और मधु-सेवन के त्याग रूप व्रत का उपदेश दिया, जिसे उसने जीवन-पर्यन्त पालन किया और आयु के समाप्त होने पर वह सौधर्म स्वर्ग में एक सागर की आयु का धारक देव हुआ । वहां के दिव्य सुखों को भोग कर वह इसी भरत क्षेत्र की अयोध्या नगरी में भ. ऋषभदेव का पौत्र और आदि चक्रवर्ती भरत महाराज का पुत्र हुआ, जिसका नाम मरीचि रखा गया ।

जब भ. ऋषभदेव संसार, देह और भोगों से विरक्त होकर दीक्षित हुए, तब अन्य चार हजार महापुरुषों के साथ मरीचि ने भी भगवान् की भक्ति-वश जिन-दीक्षा को धारण कर लिया । भ. ऋषभदेव ने दीक्षा लेने के साथ ही छह

---

१ अप्पा कत्ता विकत्ता य दुहाण य सुहाण य ।
अप्पा मित्तममित्तं च दुप्पट्ठिअ सुप्पट्ठिओ ॥ (उत्तराध्ययन अ. २० गा. ३७)

मास के उपवास की प्रतिज्ञा लेकर मौन धारण कर लिया । उनके दीक्षित हुए ये सभी लोग उनका अनुकरण करते हुए कुछ दिन तक तो भूख-प्यास की बाधा सहन करते रहे, किन्तु जब उनसे भूख-प्यास का कष्ट नहीं सहा गया, तो वे लोग वन के फल-फूल खाने लगे । वन-देवताओं ने उन लोगों से कहा कि दिगम्बर वेष धारण करने वाले मुनियों का यह मार्ग नहीं है । यदि तुम लोग मुनि धर्म के कठिन मार्ग पर नहीं चल सकते, तो वापिस घर चले जाओ, या अन्य वेष धारण कर लो, पर दिगम्बर वेष में रह कर ऐसी उन्मार्ग-प्रवृत्ति करना ठीक नहीं है । वे लोग भरत चक्री के भय से अपने घर तो नहीं गये, किन्तु नाना वेषों को धारण करके वन में रहते हुए ही अपना जीवन-यापन करने लगे ।

जब भ. ऋषभदेव को केवल ज्ञान प्रगट हो गया, तब उन्होंने उन भ्रष्ट हुए तपस्वियों को सम्बोधन कर मुनि-मार्ग पर चलने का उपदेश दिया । जिससे अनेक तपस्वियों ने पुनः दीक्षा ग्रहण कर ली । किन्तु तब तक मरीचि अपने अनेक शिष्य बना कर उनका मुखिया बन चुका था, अतः उसने जिन-दीक्षा को अंगीकार नहीं किया और जब उसे भरत के प्रश्न करने पर ऋषभदेव की दिव्यध्वनि से यह ज्ञात हुआ कि मैं ही आगे चलकर इस युग का अन्तिम तीर्थङ्कर होने वाला हूँ, तब तो वह और भी उन्मत्त होकर विचरने लगा और स्व-मन-गढ़न्त तत्त्वों का उपदेश देकर एक नये ही मत का प्रचार करने लगा, जो कि आगे जाकर कपिल-शिष्य के नाम पर कापिल या सांख्य मत के नाम से संसार में आज तक प्रसिद्ध है । मरीचि का यह भव भ. महावीर के ज्ञात पूर्व भवों की दृष्टि से तीसरा भव है ।

यद्यपि मरीचि जीवन-भर उन्मार्ग का प्रवर्तन करता रहा, तथापि कुतप के प्रभाव से मर कर वह पांचवें ब्रह्म स्वर्ग में जाकर देव उत्पन्न हुआ । यह भ महावीर का चौथा भव है । वहां से चय कर पांचवें भव में वह इसी मध्य लोक में जटिल नाम का ब्राह्मण हुआ । पूर्व भव के दृढ़ संस्कारों से इस भव में भी वह अपने पूर्व-प्रचारित कपिल मत का ही साधु बनकर तपस्या करते हुए उसका प्रचार करता रहा और छठे भव में पुनः सौधर्म स्वर्ग में उत्पन्न होकर देवपद पाया । वहां से चयकर सातवें भव में पुष्यमित्र नाम का ब्राह्मण हुआ और परिव्राजक बनकर उसी मिथ्या-मत का प्रचार करता रहा। जीवन के अन्त में मर कर आठवें भव में पुनः सौधर्म स्वर्ग का देव हुआ । नवें भव में वहां से चय कर पुनः इसी भूतल पर अवतीर्ण हुआ और ब्राह्मण कुल में जन्म लेकर अग्निसह नाम का धारक उग्र तपस्वी हुआ । इस भव में भी उसने उसी कपिल मत का प्रचार किया और मर कर दशवें भव में सनत्कुमार स्वर्ग का देव हुआ । ग्यारहवें भव में वह पुनः इसी भूतल पर जन्म लेकर अग्निमित्र नाम का ब्राह्मण हुआ और परिव्राजक बनकर उसी कपिल मत का प्रचार किया और मर कर दशवें भव में सनत्कुमार स्वर्ग का देव हुआ । ग्यारहवें भव में वह पुनः इसी भूतल पर जन्म लेकर अग्निमित्र नाम का ब्राह्मण हुआ और परिव्राजक बनकर उसी कपिल मत का प्रचार कर जीवन के अन्त में मरा और बारहवें भव में माहेन्द्र स्वर्ग का देव हुआ । वहां से चय कर तेरहवें भव में भारद्वाज नाम का ब्राह्मण हुआ और उसी कपिल मत का प्रचार करता हुआ मर कर चौदहवें भव में पुनः माहेन्द्र स्वर्ग का देव हुआ ।

इस प्रकार मरीचि काजीव लगातार आगे के पांचों मनुष्य भवों में अपने पूर्व दृढ़ संस्कारों से प्रेरित होकर उत्तरोतर मिथ्यात्व का प्रचार करते हुए दुर्मोच दर्शनमोहनीय के साथ सभी पाप कर्मों का उत्कृष्ट बन्ध करता रहा, जिसके फलस्वरूप चौदहवें भव वाले स्वर्ग से चयकर मनुष्य हो तिर्यग्योनि के असंख्यात भवों में लगभग कुछ कम एक कोड़ा-कोड़ी सागरोपम काल तक परिभ्रमण करता रहा । अतः इन भवों की गणना प्रमुख भवों में नहीं की गई है । तत्पश्चात् कर्म-भार के हलके होने पर मरीचि का जीव गणनीय पन्द्रहवें भव में स्थावर नाम का ब्राह्मण हुआ । इस भव में भी तपस्वी बनकर और मिथ्या मत का प्रचार करते हुए मरण कर सोलहवें भव में माहेन्द्र स्वर्ग का देव हुआ । वहां से चय कर सत्तरहवें भव में इसी भरत क्षेत्र के मगध-देशान्तर्गत राजगृह नगर में विश्वभूति राजा की जैनी नामक स्त्री से विपुल पराक्रम का धारक विश्वनन्दी नाम का पुत्र हुआ । इसी राजा विश्वभूति का विशाखभूति नामक एक छोटा भाई था, उसकी लक्ष्मणा स्त्री से विशाखनन्दी नाम का एक मूर्ख पुत्र उत्पन्न हुआ। किसी निमित्त से विरक्त होकर राजा विश्वभूति ने अपना राज्य छोटे भाई को और युवराज पद अपने पुत्र विश्वनन्दी को देकर जिन-दीक्षा धारण कर ली ।

तदनन्तर किसी समय युवराज विश्वनन्दी नन्दन-वन के समान मनोहर अपने उद्यान में अपनी स्त्रियों के साथ क्रीड़ा कर रहा था। उसे देख कर ईर्ष्या से सन्तप्त चित्त हुए विशाखनन्दी ने अपने पिता के पास आकर कहा कि उक्त उद्यान मुझे दिया जाय, अन्यथा मैं घर छोड़कर चला जाऊंगा। पुत्र-मोह से प्रेरित होकर राजा ने उसे देने का आश्वासन दिया और एक षडयन्त्र रचकर विश्वनन्दी को एक शत्रु-राजा को जीतने के लिए बाहिर भेज दिया और वह उद्यान अपने पुत्र को दे दिया। विश्वनन्दी जब शत्रु को जीत कर वापिस आया और उक्त षडयन्त्र का उसे पता चला, तो वह आग-बबूला हो गया और विशाखनन्दी को मारने के लिये उद्यत हुआ। भय के मारे अपने प्राण बचाने के लिए विशाखनन्दी एक कैथ के पेड़ पर चढ़ गया। विश्वनन्दी ने हिला-हिलाकर उस कैथ के पेड़ को जड़ से उखाड़ डाला और विशाखनन्दी को मारने के लिए ज्यों ही उद्यत हुआ कि विशाखनन्दी वहां से भागा और एक पाषाण-स्तम्भ के पीछे छिप गया। विश्वनन्दी ने उसे भी उखाड़ फैंका और विशाखनन्दी अपने प्राण बचाने के लिए वहां से भी भागा। उसे भागते हुए देखकर विश्वनन्दी को करुणा के साथ विरक्ति-भाव जागृत हुआ और राज-भवन में न जाकर वन में जा सम्भूत गुरु के पास जिन-दीक्षा धारण कर ली।

दीक्षा-ग्रहण करने के पश्चात् वे उग्र तप करते हुए विचरने लगे और विहार करते हुए किसी समय वे गोचरी के लिए नगर में ज्यों ही प्रविष्ट हुए कि एक सद्यः प्रसूता गाय ने धक्का देकर विश्वनन्दी मुनि को गिरा दिया। उन्हें गिरता हुआ देख कर अचानक सामने आये हुए विशाखनन्दी ने व्यंग-पूर्वक कहा- 'तुम्हारा वह पेड़ और खम्भे को उखाड़ फैंकने वाला पराक्रम अब कहां गया?' उसका यह व्यंग बाण मुनि के हृदय में प्रविष्ट हो गया और निदान किया कि यदि मेरी तपस्या का कुछ फल हो- तो मैं इसे अगले भव में मारूं। तपस्या के प्रभाव से मुनि का जीव अठारहवें भव में महाशुक्र स्वर्ग में देव हुआ। आयु के पूर्ण होने पर वह वहां से आकर इसी भरत क्षेत्र में उन्नीसवें भव में त्रिपृष्ठ नाम का प्रथम नारायण हुआ और विशाखनन्दी का जीव अनेक कुयोनियों में परिभ्रमण कर अश्वग्रीव नाम का प्रथम प्रतिनारायण हुआ। पूर्व भव के वैर भाव के संस्कार से एक स्त्री का निमित्त पाकर दोनों में घमासान युद्ध हुआ और त्रिपृष्ट ने अश्वग्रीव को मारकर एक छत्र त्रिखण्ड राज्य-सुख भोगा। आयु के अन्त में मरकर बीसवें भव में त्रिपृष्ठ का जीव सातवें नरक का नारकी हुआ।

वहां से निकल कर वह इक्कीसवें भव में सिंह हुआ और हिंसा-जनित पाप के फल से पुनः बाईसवें भव में प्रथम नरक का नारकी उत्पन्न हुआ। वहां से निकल कर तेईसवें भव में फिर भी सिंह हुआ।

इस सिंह के भव में वह किसी दिन भूख से पीड़ित होकर एक हरिण को पकड़कर जब खा रहा था, तभी भाग्यवश दो चारण मुनि आकाश मार्ग से विहार करते हुए वहां उतरे और उसे सम्बोधन किया-हे भव्य, तूने जो त्रिपृष्ठनारायण के भव में राज्यासक्ति से घोर पाप उपार्जन किया, उसके फल से नरकों में घोर यातनाएं सही हैं और अब भी तू इस मृग जैसे दीन प्राणियों को मार-मार कर घोर पाप उपार्जन कर रहा है? मुनिराज के वचन सुनकर सिंह को जाति-स्मरण हो गया और वह अपने पूर्व भवों को याद करके हरिण को छोड़कर आंखों से आंसू बहाते हुए निश्चल खड़ा हो गया। उन चारण मुनियों ने उसे निकट भव्य और अन्तिम तीर्थंकर होने वाला देख कर धर्म का उपदेश दिया। उनके वचनों को सिंह ने शान्ति पूर्वक सुना और प्रबुद्ध होकर उनकी तीन प्रदक्षिणा देकर उनके चरणों में अपना शिर रखकर बैठ गया। मुनिराज ने उसे पशु मारने और मांस खाने का त्याग कराया और उसके योग्य श्रावक व्रतों का उपदेश दिया। उन मुनिराजों के चले जाने पर सिंह की प्रवृत्ति एक दम बदल गई। उसने जीवों का मारना और मांस का खाना छोड़ दिया और अन्य आहार का मिलना सम्भव नहीं था, अतः वह निराहार रह कर विचरने लगा। अन्त में सन्यास-पूर्वक प्राण छोड़ कर प्रथम स्वर्ग का देव हुआ। यह भ. महावीर का गणनीय चौबीसवां भव है। तेईसवें सिंह भव तक उनका उत्तरोत्तर पतन होता गया और मुनि-समागम के पश्चात् उनके उत्थान का श्री गणेश हुआ।

सौधर्म स्वर्ग से चयकर वह देव इस भूतल पर अवतीर्ण हुआ और पच्चीसवें भव में कनकोज्वल नाम का राजा हुआ। किसी समय वह सुमेरु पर्वत की वन्दना को गया। वहां पर उसने एक मुनिराज से धर्म का उपदेश सुना और संसार से विरक्त होकर मुनि बन गया। अन्त में समाधि-पूर्वक प्राण-त्याग करके छब्बीसवें भव में लान्तव स्वर्ग का देव हुआ। वहां से चयकर सत्ताईसवें भव में इसी भरत क्षेत्र के साकेत नगर में हरिषेण नाम का राजा हुआ। राज्य

सुख भोग कर और जिन-दीक्षा ग्रहण करके अट्ठाईसवें भव में वह महाशुक्र स्वर्ग का देव हुआ । वहां से च्युत कर उनतीसवें भव में धातकी खण्डस्थ पूर्व दिशा-सम्बन्धी विदेह क्षेत्र के पूर्व भाग-स्थित पुण्डरीकिणी नगरी में प्रियमित्र नामका चक्रवर्ती हुआ। अन्त में जिन-दीक्षा लेकर वह तीसवें भव में सहस्रार स्वर्ग में देव हुआ । वहां से च्यवकर इकतीसवें भव में इसी भूमण्डल पर नन्दन नाम का राजा हुआ । इस भव में उसने प्रोष्ठिल मुनिराज के पास धर्म का स्वरूप सुना और जिन-दीक्षा धारण कर ली । तदनन्तर षोडश कारण भावनाओं का चिन्तवन करते हुए उसने तीर्थंकर प्रकृति का बन्ध किया और जीवन के अन्त में समाधि-पूर्वक प्राण छोड़कर बत्तीसवें भव में अच्युत स्वर्ग का वह इन्द्र हुआ। बाईस सागरोपम काल तक दिव्य सुखों का अनुभव कर जीवन के समाप्त होने पर वहां से च्यवकर वह देव अन्तिम तीर्थङ्कर महावीर के नाम से इस वसुधा पर अवतीर्ण हुआ । यह महावीर का गणनीय तेतीसवां भव है ।

इस प्रकार दिगम्बर-परम्परा के अनुसार भ. महावीर के अन्तिम ३३ भवों का वृत्तान्त मिलता है। श्वेताम्बर-परम्परा में भगवान् के २७ ही भवों का वर्णन देखने को मिलता है । उनमें प्रारम्भ के २२ भव कुछ नाम-परिवर्तनादि के साथ वे ही हैं जो कि दि परम्परा में बतलाये गये हैं । शेष भवों में से कुछ को नहीं माना है । यहां पर स्पष्ट जानकारी के लिए दोनों परम्पराओं के अनुसार भ महावीर के भव दिये जाते हैं :-

दिगम्बर–मान्यतानुसार–	श्वेताम्बर–मान्यतानुसार–
१. पुरुरवा भील	१ नयसार भिल्लराज
२ सौधर्म देव	२ सौधर्म देव
३. मरीचि	३. मरीचि
४ ब्रह्म स्वर्ग का देव	४ ब्रह्म स्वर्ग का देव
५. जटिल ब्राह्मण	५. कौशिक-ब्राह्मण
६. सौधर्म स्वर्ग का देव	६ ईशान स्वर्ग का देव
७ पुष्यमित्र ब्राह्मण	७ पुष्यमित्र ब्राह्मण
८ सौधर्म स्वर्ग का देव	८. सौधर्म देव
९ अग्निसह ब्राह्मण	९ अग्न्युद्योत ब्राह्मण
१० सनत्कुमार स्वर्ग का देव	१० ईशान स्वर्ग का देव
११ अग्निमित्र ब्राह्मण	११ अग्निभूति ब्राह्मण
१२ माहेन्द्र स्वर्ग का देव	१२ सनत्कुमार स्वर्ग का देव
१३ भारद्वाज ब्राह्मण	१३. भारद्वाज ब्राह्मण
१४ माहेन्द्र स्वर्ग का देव	१४ माहेन्द्र स्वर्ग का देव
त्रस-स्थावर योनि के असंख्यात भव	अन्य अनेक भव
१५ स्थावर ब्राह्मण	१५ स्थावर ब्राह्मण
१६ माहेन्द्र स्वर्ग का देव	१६ ब्रह्म स्वर्ग का देव
१७ विश्वनन्दी (मुनिपद में निदान)	१७. विश्वभूति (मुनिपद में निदान)
१८ महाशुक्र स्वर्ग का देव	१८ महाशुक्र स्वर्ग का देव
१९ त्रिपृष्ठ नारायण	१९ त्रिपृष्ठ नारायण
२० सातवें नरक का नारकी	२०. सातवें नरक का नारकी
२१ सिंह	२१. सिंह
२२ प्रथम नरक का नारकी	२२. प्रथम नरक का नारकी
२३. सिंह (मृग भक्षण के समय	

चारण मुनि द्वारा संबोधन)	×
२४ प्रथम स्वर्ग का देव	×
२५. कनकोज्ज्वल राजा	×
२६. लान्तव स्वर्ग का देव	×
२७. हरिषेण राजा	×
२८. महाशुक्र स्वर्ग का देव	×
२९. प्रियमित्र चक्रवर्ती	२३. पोट्टिल या प्रियमित्र चक्रवर्ती
३०. सहस्रार स्वर्ग का देव	२४. महाशुक्र स्वर्ग का देव
३१. नन्द राजा (तीर्थङ्कर प्रकृति का बन्ध)	२५. नन्दन राजा (तीर्थङ्कर प्रकृति का बन्ध)
३२. अच्युत स्वर्ग का इन्द्र	२६. प्राणत स्वर्ग का देव
३३. भ. महावीर	२७. भ. महावीर

दोनों परम्पराओं के अनुसार भ महावीर के पूर्व भवों में छह भवों का अन्तर कैसे पड़ा ? इस प्रश्न के समाधानार्थ दोनों परम्पराओं के आगमों की छान-बीन करने पर जो निष्कर्ष निकला, वह इस प्रकार है-

भ. महावीर दोनों परम्पराओं के अनुसार बाईसवें भव में प्रथम नरक के नारकी थे । श्वे, परम्परा के अनुसार वे वहां से निकल कर पोट्टिल या प्रियमित्र चक्रवर्ती हुए । दि परम्परा के अनुसार नरक से निकल कर चक्रवर्ती, बलदेव, वासुदेव और प्रतिवासुदेव नहीं हो सकते हैं । छक्खंडागमसुत्त की गति-आगति चूलिका में स्पष्ट रूप से कहा है -

तिसु उवरिमासु पुढवीसु णैरइया णिरयादो उवट्टिद-समाणा कदि गदीओ आगच्छंति ? (सु. २१७) दुवे गदीओ आगच्छंतितिरिक्खगदिं मणुसगदिं चेव (सुं २१८) । मणुसेसु उववरण्णल्लया मणुस्सा केइमेक्कारस उप्पाएंति - केइमाभिणिबोहियणाणमुप्पाएंति, केई सुदणाणमुप्पाएंति, केईमोहिणाणमुप्पाएंति, केई मणपज्जवणाण मुप्पाएंति केई केवलणाणमुप्पाएंति, केई सम्मामिच्छत्तमुप्पाएंति, केई सम्मत्तमुप्पाएंति केई संजमासंजममुप्पाएंति, केई संजममुप्पाएंति । णो बलदेवत्तं णो वासुदेवत्तमुप्पाएंति, णो चक्कवट्टित्तमुप्पाएंति। केई तित्थयरत्तमुप्पाएंति, केइमंतयडा होदूण सिज्झंति बुज्झंति मुच्चंति परिणिव्वाणयंति सव्वदुक्खाणं मंतं परिविजाणति । (सु २२०)

इसका अर्थ इस प्रकार है - प्रश्न - ऊपर की तीन पृथिवियों के नारकी वहां से निकल कर कितनी गतियों में आते हैं ? उत्तर - दो गतियों में आते हैं- तिर्यग्गति में और मनुष्य गति में । मनुष्य गति में मनुष्यों में उत्पन्न होने वाले मनुष्य ग्यारह पदों को उत्पन्न करते हैं- कोई आभिनिबोधिक ज्ञान उत्पन्न करते हैं, कोई श्रुतज्ञान उत्पन्न करते हैं, कोई अवधिज्ञान उत्पन्न करते हैं, कोई मन:पर्ययज्ञान उत्पन्न करते हैं, कोई केवलज्ञान उत्पन्न करते हैं, कोई सम्यग्मिथ्यात्व उत्पन्न करते हैं, कोई सम्यक्त्व उत्पन्न करते हैं, कोई संयमासंयम उत्पन्न करते हैं, कोई संयम उत्पन्न करते हैं । किन्तु वे जीव न बलदेवत्व को उत्पन्न करते हैं, न वासुदेवत्व को और न चक्रवर्तित्व को उत्पन्न करते हैं । कोई तीर्थङ्कर उत्पन्न होते हैं, कोई अन्तकृत् होकर सिद्ध होते हैं, बुद्ध होते हैं, मुक्त होते हैं, परिनिर्वाण को प्राप्त होते हैं और सर्व दु:खों के अन्त होने का अनुभव करते हैं । (षट्खंडागम पु. ६ पृ. ४९२)

इस आगम-प्रमाण के अनुसार नरक से निकला हुआ जीव चक्रवर्ती नहीं हो सकता है और न वासुदेव, बलदेव ही । किन्तु ये तीनों पदवी-धारी जीव स्वर्ग से ही आकर उत्पन्न होते हैं ।

अतएव दि. परम्परा के अनुसार बाईसवें भव के बाद भ. महावीर का जीव सिंह पर्याय में उत्पन्न होता है और उस भव में चारण मुनियों के द्वारा प्रबोध को प्राप्त होकर उत्तरोत्तर आत्मविकास करते हुए उनतीसवें भव में चक्रवर्ती होता है, वह कथन सर्वथा युक्ति-संगत है । किन्तु श्वे. परम्परा में प्रथम नरक से निकल कर एक दम चक्रवर्ती होने का वर्णन एक आश्चर्यकारी ही है । खास कर उस दशा में-जब कि उससे भी पूर्व भव में वह सिंह था, और उससे भी पूर्व बीसवें भव में वह सप्तम नरक का नारकी था । तब कहां से उस जीव ने चक्रवर्ती होने योग्य पुण्य का उपार्जन कर लिया ? श्वेताम्बर परम्परा में सिंह को किसी साधु-द्वारा सम्बोधे जाने का भी उल्लेख नहीं मिलता है । यदि वह

सम्बोधित कर सन्मार्ग की ओर लगाया गया होता, तो उसके नरक जाने का अवसर ही नहीं आता । श्वेत आगमों की छान-बीन करने पर भगवती सूत्र के १२ वें शतक के ९ वें उद्देश्य के अनुसार प्रथम नरक का नारकी वहां से निकल कर चक्रवर्ती हो सकता है । उसका आधार इस प्रकार है -

(प्र.) के नरदेवा ? (उ) गोयमा, जे रायाओ चाउरंतचक्कवट्टी उपण्णसम्मत्त-रयणप्पहाणा नवनिहिपइणो समिद्धकोसा बत्तीसं रायवरसहस्साणुयातमग्गा सागर-वरमेहलाहिवइणो मणुस्सिंदा से णरदेवा । (प्र.) णरदेवा णं भंते कओहिंतो उववज्जंति? किं. णेरइए. पुच्छा । (उ.) गोयमा, णेरइएहिंतो वि उववज्जंति, णो तिरि. णो मणु. देवेहिंतो वि उववज्जंति । (प्र.) जइ नेरइएहिंतो उववज्जंति, किं रयणप्पह-पुढविणेरइएहिंतो उववज्जंति, जाव अहे सत्तमपुढविणेरइएहिंतो उववज्जंति? (उ.) गोयमा, रयणप्पहापुढविणेरइएहिंतो उववज्जंति, णो सक्का जाव नो अहे सत्तम-पुढविणेरइएहिंतो उववज्जंति । (भगवतीसूत्र, भा. ३, पृ. २८९)

इसका अर्थ इस प्रकार है- प्रश्न-नर-देव कौन कहलाते हैं ? उत्तर-गौतम, जो राजा चातुरन्त-चक्रवर्ती हैं, जिन्हें चक्ररत्न प्राप्त हुआ है, जो नव निधियों के स्वामी हैं, जिनका कोष (खजाना) समृद्ध है, बत्तीस हजार राजा जिनके पीछे चलते हैं और जो समुद्ररूप उत्तम मेखला के अधिपति हैं, वे मनुष्यों के इन्द्र नर-देव कहलाते हैं । प्रश्न-भगवन्, ये नरदेव कहां से आकर उत्पन्न होते हैं ? उत्तर-गौतम, वे नर-देव नरक से भी आकर उत्पन्न होते हैं और देवगति से भी आकर के उत्पन्न होते हैं । किन्तु तिर्यग्गति और मनुष्यगति से आकर उत्पन्न नहीं होते हैं । प्रश्न- भगवन्, यदि नरक से आकर उत्पन्न होते हैं, तो क्या रत्नप्रभा पृथिवी के नारकियों से आकर उत्पन्न होते हैं, क्या शर्करा. यावत् अधस्तन सप्तम पृथिवी के नारकियों से आकर उत्पन्न होते हैं ? उत्तर-गौतम, रत्नप्रभा, पृथिवी के नारकियों से आकर उत्पन्न होते हैं, शेष नीचे की छह पृथिवियों के नारकियों से आकर उत्पन्न नहीं होते हैं ।

भगवती सूत्र के उक्त आधार पर प्रथम नरक से निकला जीव चक्रवर्ती हो सकता है, ऐसी श्वे. मान्यता भले ही प्रमाणित हो जाय, किन्तु जब नारायण, बलदेव जैसे अर्धचक्रियों की उत्पत्ति देवगति से ही बतलाई गई है, तब पूर्ण चक्रवर्ती सम्राट की उत्पत्ति नरक से निकलने वाले जीव से कैसे सम्भव है ?

ज्ञात होता है कि श्वेताम्बर परम्परा के आचार्यों ने अपने आगम की मान्यता के अनुसार ही उक्त भवों का निर्धारण किया है । यहां इतनी बात ध्यान देने के योग्य है कि षट्खण्डागम के पुस्तकारूढ़ होने के भी लगभग तीन सौ वर्ष बाद भगवती सूत्र आदि श्वे. आगम तीसरी वाचना के पश्चात् पुस्तकारुढ हुए हैं । अत: षटखण्डागम का प्राचीन होना स्वयं सिद्ध है । इस सन्दर्भ में एक बात और भी ज्ञातव्य है कि दि परम्परा भी षटखण्डागम की उक्त गति आगति चूलिका की उत्पत्ति व्याख्या-प्रज्ञप्ति अंग से ही मानती है, जबकि श्वे. परम्परा भगवती-सूत्र को व्याख्या-प्रज्ञप्ति नाम से कहती है । ऐसा प्रतीत होता है कि षट्खण्डागम-प्रस्तोता के गुरु धरसेनाचार्य के पश्चात श्रुत ज्ञान की धारा और भी क्षीण होती गई, और श्वे परम्परा में लिपिबद्ध होने तक वह बहुत कुछ विस्मृति के गर्भ में विलीन हो गई । यही कारण है कि अनेक आचार्यों के स्मरणों के आधार पर श्वे आगमों का अन्तिम संस्करण सम्पन्न हुआ। अत: कितने ही स्थल त्रुटित रह गये हैं ।

प्रस्तुत काव्य में भ. महावीर के पूर्व भवों का वर्णन बहुत ही सुन्दर ढंग से ग्यारहवें सर्ग में किया गया है । जहां तक मेरा अनुमान है कि यह पूर्व भवों का वर्णन गुणभद्राचार्य-रचित उत्तरपुराण के आधार पर किया गया है । इसके परवर्ती सभी दि. ग्रन्थों में उसी का अनुसरण दृष्टिगोचर होता है ।

सिद्धान्त ग्रन्थों में क्षायोपशमिक सम्यक्त्व का उत्कृष्ट काल छयासठ सागरोपम बतलाया गया है। सिंह के जिस भव में चारण मुनियों ने उसे संबोधन करके सम्यक्त्व को ग्रहण कराया, वह बराबर अन्तिम महावीर के भव तक बना रहा । अर्थात् लगातार १० भव तक रहा और इस प्रकार क्षायोपशमिक सम्यक्त्व की उत्कृष्ट स्थिति पूरी करके वह क्षायिक सम्यक्त्व रूप से परिणत हो उसी भव से उन्हें मुक्ति-प्राप्ति का कारण बना ।

पूर्व भवों के इस वर्णन से यह सहज ही ज्ञात हो जाता है कि आध्यात्मिक विकास की पराकाष्ठा पर पहुँचना किसी एक ही भव की साधना का परिणाम नहीं है किन्तु उसके लिए लगातार अनेक भवों में साधना करनी पड़ती है ।

भ. महावीर के जन्म समय भारत की स्थिति

भ. महावीर के जन्म से पूर्व अर्थात् आज से अढ़ाई हजार वर्ष के पहिले भारत वर्ष की धार्मिक एवं सामाजिक स्थिति कैसी थी, इसका कुछ दिग्दर्शन प्रस्तुत काव्य के प्रथम सर्ग के उत्तरार्ध में किया गया है। उस समय ब्राह्मणों का बोल बाला था, सारी धार्मिक सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था की बागडोर उन्हीं के हाथों में थी। उस समय उन्होंने यह प्रसिद्ध कर रखा था कि 'यज्ञार्थमेते पशवो हि सृष्टाः'[1] और 'वैदिकी हिंसा हिंसा न भवति'[2] अर्थात् ये सभी पशु यज्ञ के लिए ब्रह्मा ने रचे हैं, और वेद-विधान से की गई हिंसा हिंसा नहीं है, अपितु स्वर्ग-प्राप्ति का कारण होने से पुण्य है। उनकी इस उक्ति का लोगों पर इतना अधिक प्रभाव पड़ा, कि लोग यज्ञों में केवल बकरों का ही होम नहीं करते थे, वरन भैंसा, घोड़ा और गाय तक का होम करने लगे थे। यही कारण है कि वेदों में अश्वमेध, गोमेध आदि नामवाले यज्ञों का विधान आज भी देखने में आता है। धर्म के नाम पर यह हिंसा का ताण्डवनृत्य अपनी चरम सीमा पर पहुंच गया था, जिसके फलस्वरूप नरमेध यज्ञ तक होने लगे थे-जिनमें कि रूप-यौवन-सम्पन्न मनुष्यों तक को यज्ञाग्नि की आहुति बना दिया जाता था। इस विषय के उल्लेख अनेकों ग्रन्थों में पाये जाते हैं।[3] गीतारहस्य जैसे ग्रन्थ के लेखक लोक-मान्य बालगङ्गाधर तिलक ने अपने एक भाषण में कहा था कि "पूर्वकाल में यज्ञ के लिये असंख्य पशु-हिंसा होती थी, इसके प्रमाण मेघदूत काव्य आदि अनेक ग्रन्थों में मिलते हैं।"

भ. महावीर ने इस हिंसा को दूर करने के लिए महान् प्रयत्न किया और उसी का यह सुफल है कि भारतवर्ष से याज्ञिकी हिंसा सदा के लिए बन्द हो गई। स्वयं लोक-मान्य तिलक ने स्वीकार किया है कि 'इस घोर हिंसा का ब्राह्मण धर्म से विदाई ले जाने का श्रेय जैन धर्म के ही हिस्से में है। प्रस्तुत काव्य में इस विषय पर उत्तम प्रकाश डाला गया है, जिसे पाठक इसका स्वाध्याय करने पर स्वयं ही अनुभव करेंगे[4]।

भ महावीर के पूर्व सारे भारत की सामाजिक स्थिति अत्यन्त दयनीय हो रही थी। ब्राह्मण सारी समाज में सर्वश्रेष्ठ समझा जाता था। उसके लिए ब्राह्मण-ग्रन्थों में कहा गया था 'कि दुःशील ब्राह्मण भी पूज्य है और जितेन्द्रिय शूद्र भी पूज्य नहीं है[5]। ब्राह्मण विद्वान् हो, या मूर्ख, वह महान् देवता है[6]। और सर्वथा पूज्य है[7]। तथा श्रोत्रिय ब्राह्मण के लिये यहां तक विधान किया गया कि श्राद्ध के समय उसके लिए महान् बैल को भी मार कर उसका मांस श्रोत्रिय ब्राह्मण को खिलावें[8]। इसके विपरीत भ. महावीर ने वर्णाश्रम और जातिवाद के विरुद्ध अपनी देशना दी और कहा- मांस को खाने वाला ब्राह्मण निन्द्य है और सदाचारी शूद्र वन्द्य है[9]।

---

१ यज्ञार्थं पशवः सृष्टाः स्वयमेव स्वयम्भुवा।
यज्ञस्य भूत्यै सर्वस्य तस्माद् यज्ञे वधोऽवधः॥
यज्ञार्थं ब्राह्मणैर्वध्याः प्रशस्ता मृग-पक्षिणः।

२ या वेदविहिता हिंसा नियताऽस्मिंश्चराचरे।
अहिंसामेव तां विद्याद्वेदाद्धर्मो हि निर्बभौ॥ (मनुस्मृति ५।२२-३९-४४)

३. देखो-यशस्तिलकचम्पू, पूर्वार्ध।

४. देखो-सर्ग १६ आदि।

५. दुःशीलोऽपि द्विजः पूज्यो न शूद्रो विजितेन्द्रियः। पाराशर स्मृति ८।३२।

६. अविद्वांश्चैव विद्वांश्च ब्राह्मणो दैवतं महत्। मनुस्मृति ९।३१७।

७. एवं यद्यप्यनिष्टेषु वर्तन्ते सर्वकर्मसु।
सर्वथा ब्राह्मणाः पूज्याः परमं दैवतं हि तत्॥ मनुस्मृति।९।३१९।

८. महाजं वा महोक्षं वा श्रोत्रियाय प्रकल्पयेत्।

९. विप्रोऽपि चेन्मांसभुगस्ति निन्द्यः, सद्-वृत्तभावाद् वृषलोऽपि वन्द्यः। वीरोदय १७।१७

उस समय ब्राह्मणों ने यहां तक कानून बना दिये थे कि 'शूद्र को ज्ञान नहीं देना चाहिए, न यज्ञ का उच्छिष्ट और हवन से बचा हुआ भाग, और न उसे धर्म का उपदेश ही देना चाहिए। यदि कोई शूद्र को धर्मोपदेश और व्रत का आदेश देता है, तो वह शूद्र के साथ असंवृत नामक अन्धकारमय नरक में जाता है'[1]।

शूद्रों के लिए वेदादि धर्म ग्रन्थों के पढ़ने का अधिकार तो था ही नहीं, प्रत्युत यहां तक व्यवस्था का विधान ब्राह्मणों ने कर रखा था कि जिस गांव में शूद्र निवास करता हो, वहां वेद का पाठ भी न किया जावे। यदि वेद-ध्वनि शूद्र के कानों में पड़ जाय, तो उसके कानों में गर्म शीशा और लाख भर दी जाय, वेद वाक्य का उच्चारण करने पर उसकी जिह्वा का छेद कर दिया जाय और वेद-मंत्र याद कर लेने पर उसके शरीर के दो टुकड़े कर दिये जावें[2]। उस समय शूद्रों को नीच, अधम एवं अस्पृश्य समझ कर उनकी छाया तक से परहेज किया जाता था। आचार के स्थान पर जातीय श्रेष्ठता का ही बोल-बाला था। पग-पग पर रुढ़ियां, कुप्रथाएं और कुरीतियों का बाहुल्य था। स्वार्थ-लोलुपता, कामुकता और विलासिता ही सर्वत्र दृष्टिगोचर होती थी। यज्ञों में होने वाली पशु-हिंसा ने मनुष्यों के ह्रदय निर्दयी और कठोर बना दिये थे।

बौद्धों के 'चित्तसम्भूत जातक' में लिखा है कि एक समय ब्राह्मण और वैश्य कुलीन दो स्त्रियां नगर के एक महाद्वार से निकल रही थी, मार्ग में उन्हें दो चाण्डाल मिले। चाण्डालों के देखने को उन्होंने अपशकुन समझा। अतः घर के लोगों मे उन चाण्डालों को खूब पिटवाया और उनकी दुर्गति कराई। मातंग जातक और सद्धर्म जातक बौद्ध ग्रन्थों से भी अछूतों के प्रति किये जाने वाले घृणित व्यवहार का पता चलता है।

ब्राह्मणों ने जाति व्यवस्था को जन्म के आधार पर प्रतिष्ठित कर रखा था, अतएव वे अपने को सर्वश्रेष्ठ मानते थे। भरत चक्रवर्ती ने जब ब्राह्मण वर्ण की स्थापना की तब उनकी धार्मिक प्रवृत्तियों को देखकर ही उन्हें उत्तम कहा था। किन्तु धीरे-धीरे उनकी गुण-कृत महत्ता ने जाति या जन्म का स्थान ले लिया और उन्होंने अपने को धर्म का अधिकारी ही नहीं, अपितु ठेकेदार तक होने की घोषणा कर दी थी। इस प्रकार की उस समय धार्मिक व्यवस्था थी।

आर्थिक व्यवस्था की दृष्टि से उस समय का समाज साधारणतः सुखी था, किन्तु दासी-दास की बड़ी ही भयानक प्रथा प्रचलित थी। कभी-कभी तो दास-दासियों पर अमानुषिक घोर अत्याचार होते थे। विजेता राजा विजित राज्य के स्त्री-पुरुषों को बन्दी बनाकर अपने राज्य में ले आता था और उनमें से अधिकांशों को चौराहों पर खड़ा करके नीलाम कर दिया जाता था। अधिक बोली लगाने वाला उन्हें अपने घर ले जाता और वस्त्र-भोजन देकर रात-दिन उनसे घरेलू कार्यों को कराया करता था। दासी-दास की यह प्रथा अभी-अभी तक रजवाड़ों में चलती रही है।

इस प्रकार की धार्मिक, सामाजिक एवं आर्थिक विषम परिस्थितियों के समय भ. महावीर ने जन्म लिया। बालकाल के व्यतीत होते ही उन्होंने अपनी दृष्टि चारों ओर दौड़ाई और तात्कालिक समाज का अच्छी तरह अध्ययन करके इस निर्णय पर पहुँचे कि मैं अपना जीवन लोगों के उद्धार में ही लगाऊंगा और उन्हें उनके महान कष्टों से विमुक्त करुंगा। फलस्वरूप उन्होंने विवाह करने और राज्य सम्भालने से इनकार कर दिया और स्वयं प्रव्रजित होकर एक लम्बे समय तक कठोर साधना की। पुन कैवल्य-प्राप्ति के पश्चात् अपने लक्ष्यानुसार जीवन-पर्यन्त उन्होंने जगत् को सुमार्ग दिखाकर

---

१ न शूद्राय मतिं दद्यान्नोच्छिष्टं न हविष्कृतम्।
न चास्योपदिशेद्धर्मं न चास्य व्रतमादिशेत्॥
यश्चास्योपदिशेद्धर्मं यश्चास्य व्रतमादिशेत्।
सोऽसंवृत तमो घोरं सह तेन प्रपद्यते॥ (वशिष्ठ स्मृति १८।१२-१३)

२ अथ हास्य वेदमुपशृण्वतस्त्रपु-जतुभ्यां श्रोत्र-प्रतिपूरण मुदाहरणे जिह्वाच्छेदो धारणे शरीर-भेदः।

टीका-अथ हेति वाक्यालङ्कारे। उपश्रुत्य बुद्धिपूर्वकमक्षरग्रहणमुपश्रवणम्। अस्य शूद्रस्य वेमुपशृण्वतस्त्रपु-जतुभ्यां त्रपुणा (शीसकेन) जतुना च द्रवीकृतेन श्रोत्रे प्रतिपूरयितव्ये। स चेद् द्विजातिभिः सह वेदाक्षराण्युदाहरेदुच्चरेत्, तस्य जिह्वा छेद्या। धारणे सति यदाऽन्यत्र गतोऽपि स्वयमुच्चारयितुं शक्नोति, ततः परश्वादिना शरीरमस्य भेद्यम्।

(गौतम धर्म सूत्र अ ३, सू ४ टीका पृ ८९-९० पूना संस्करण, वर्ष १९३१)

उसका कल्याण किया, दु:ख-संत्रस्त जीवों का दु:खों से विमोचन किया और स्वर्ग-मुक्ति का मार्ग दिखाकर उसकी ओर उन्हें अग्रसर किया ।

प्रस्तुत काव्य में भ. महावीर के मुख्य उपदेशों को चार भागों में विभाजित किया गया है -१ साम्यवाद, २ अहिंसावाद, ३. स्याद्वाद और सर्वज्ञतावाद । इन चारों ही वादों का ग्रन्थकार ने बहुत ही सरल और सयुक्तिक रीति से ग्रन्थ के अन्तिम अध्यायों में वर्णन किया है, जिसे पढ़कर पाठकगण भगवान् महावीर की सर्वहितकारिणी देशना से परिचित होकर अपूर्व आनन्द का अनुभव करेंगे ।

भ. महावीर ने 'कर्मवाद' सिद्धान्त का भी बहुत विशद उपदेश दिया था, जिसका प्रस्तुत काव्य में यथास्थान 'स्वकर्मतोऽङ्गी परिपाकभर्ता' (सर्ग १६ श्लो. १०) आदि के रूप में वर्णन किया ही गया है ।

भ. महावीर का गर्भ–कल्याणक

जैन मान्यता है कि जब किसी भी तीर्थंकर का जन्म होता है, तब उसके गर्भ में आने के छह मास पूर्व ही इन्द्र की आज्ञा से कुबेर आकर जिस नगरी में जन्म होने वाला है, उसे सुन्दर और सुव्यवस्थित बनाता है और श्री ह्री आदि ५६ कुमारिका देवियां आकर होने वाले भगवान् की माता की सेवा करती हैं । उनमें से कितनी ही देवियां माता के गर्भ का शोधन करती हैं, जिसका अभिप्राय यह है कि जिस कुक्षि में एक महापुरुष जन्म लेने वाला है, उस कुक्षि में यदि कोई रोग आदि होगा, तो उत्पन्न होने वाले पुत्र पर उसका प्रभाव अवश्य पड़ेगा । आज की भाषा में ऐसी देवियों को लेडी डाक्टर्स या नर्सेज कह सकते हैं । यत बाहिरी वातावरण का गर्भस्थ शिशु पर प्रभाव पड़ता है, अत: वे कुमारिका देवियां भगवान् के जन्म होने तक माता के चारों ओर का वातावरण ऐसा सुन्दर और नयन-मन-हारी बनाती हैं कि जिससे किसी भी प्रकार का क्षोभ या संक्लेश माता के मन में उत्पन्न न होने पावे । इसी सब सावधानी का यह सुफल होता है कि उस माता के गर्भ से उत्पन्न होने वाला बालक अतुल बली, तीन ज्ञान का धारक और महा प्रतिभाशाली होता है ।

साधारणत यह नियम है कि किसी भी महापुरुष के जन्म लेने के पूर्व उसकी माता को कुछ विशिष्ट स्वप्न आते हैं, जो कि किसी महापुरुष के जन्म लेने की सूचना देते हैं । स्वप्न शास्त्रों में ३० विशिष्ट स्वप्न माने गये हैं । जैन शास्त्रों के उल्लेखानुसार तीर्थङ्कर की माता उनमें से १६, चक्रवर्ती की माता १४, वासुदेव की माता ७ और बलदेव की माता ४ स्वप्न देखती हैं । यहां यह ज्ञातव्य है कि श्वे. परम्परा में तीर्थङ्कर की माता के १४ ही स्वप्न देखने का उल्लेख मिलता है[1] ।

दोनों परम्पराओं के अनुसार स्वप्नावली इस प्रकार है-

दिगम्बर परम्परा	श्वेताम्बर परम्परा
१ गज	१ गज
२ वृषभ	२. वृषभ
३ सिंह	३. सिंह
४. लक्ष्मी	४. श्री अभिषेक
५. माल्यद्विक	५. दाम (माला)

---

१. सुमिणसत्थे वायालीसं सुमिणा, तीसं महासुमिणा, बावत्तरि सव्वसुमिणा दिट्ठा । तत्थ णं देवाणुप्पिया, अरहंतमायरो वा चक्कवट्टिमायरो वा × × × चउदस महासुमिणे पासित्ता णं पडिबुज्झंति । × × × वासुदेवमायरो वा महासुमिणाणं अण्णयरे सत्त महासुमिणे । बलदेवमायरो वा महासुमिणाणं अण्णयरे चत्तारि ।

(भगवती सूत्र शतक १६, उद्देश ६ सूत्र ५८१)

६. शशि	६. शशि
७. सूर्य	७. दिनकर
८ कुम्भद्विक	८ कुम्भ
९. झषयुगल	९ झय (ध्वजा)
१०. सागर	१०. सागर
११ सरोवर	११ पद्मसर
१२. सिंहसन	-
१३. देव-विमान	१२ विमान
१४. नाग-विमान	१३. -
१५. रत्न-राशि	१३. रत्न-उच्चय
१६. निर्धूम अग्नि	शिखि (अग्नि)

दोनों परम्पराओं में तेरह स्वप्न तो एकसे ही हैं । किन्तु दि. परम्परा में जहां झष (मीन) का उल्लेख है, वहां श्वे परम्परा में झय (ध्वज) का उल्लेख है । ज्ञात होता है कि किसी समय प्राकृत के 'झस' के स्थान पर 'झय' या झय के स्थान पर झस पाठ के मिलने से यह मत भेद हो गया। इन चौदह स्वप्नों के अतिरिक्त दि परम्परा ये २ स्वप्न और अधिक माने जाते हैं, उनमें एक हैं सिंहासन और दूसरा है भवनवासी देवों का नाग-मन्दिर या नाग-विमान ।

श्वे परम्परा के भगवती सूत्र आदि में माता के चौदह स्वप्नों का स्पष्ट उल्लेख होने से उंनके यहां १४ स्वप्नों की मान्यता स्वीकार की गई । पर आश्चर्य तो यह है कि उन चौदह स्वप्नों के लिए 'तंजहा'- कह कर जो गाथा दी गई है, उसमें १५ स्वप्नों का स्पष्ट निर्देश है । वह गाथा इस प्रकार है-

गय[१]-वसह[२]-सीह[३]-अभिसेय[४]-दाम[५]-ससि[६]-दिणयरं[७] झयं[८] कुम्भं[९] ।

पउमसर[१०]-सागर[११]-विमाण[१२]-भवण[१३]-रयणुच्चय[१४]-सिहिं च[१५]॥

इस गाथोक्त स्वप्नों के ऊपर दिये गये अंकों से स्वप्नों की संख्या १५ सिद्ध होती है । विमलसूरि के पउमचरिउ में दी गई गाथा में भी स्वप्नों की संख्या १५ ही प्रमाणित होती है । वह गाथा इस प्रकार है -

वसह[१] गय[२] सीह[३] वरसिरि[४] दामं[५] ससि[६] रवि[७] झयं[८] च कलसं च[९] । सर[१०] सायरं[११] विमाणं[१२] वरभवणं[१३] रयण[१४] कूडग्गी[१५]॥

(पउमचरिउ, तृष्उद्देश, गा ६२)

समझ में नहीं आता कि जब दोनों ही गाथाओं में 'भवन' या 'वर भवन' का स्पष्ट उल्लेख पाया जाता है, तब श्वे आचार्यों ने उसे क्यों छोड़ दिया । ऐसा प्रतीत होता है, कि भगवती सूत्र आदि में १४ स्वप्नों के देखने का स्पष्ट विधान ही इसका प्रमुख कारण रहा है ।*

मेरे विचार से दि परम्परा में १६ स्वप्न-सूचक गाथा इस प्रकार रही होगी-

---

* श्वे शास्त्रों के विशिष्ट अभ्यासी श्री प शोभाचन्द्र जी भारिल्ल से ज्ञात हुआ है कि गाथा-पठित १५ स्वप्नो में से तीर्थंकर की माता केवल १४ ही स्वप्न देखती है । स्वर्ग से आने वाले तीर्थंकर की माता को देव-विमान स्वप्न में दिखता है, नाग-भवन नहीं । इसी प्रकार नरक से आने वाले तीर्थंकर की माता को स्वप्न में नाग-भवन दिखता है, देव-विमान नहीं । उक्त दोनों का समुच्चय उक्त गाथा में किया गया है। पर दि. परम्परानुसार देव-विमान ऊर्ध्व लोक के अधिपतित्व का, सिंहासन मध्यलोक के स्वामित्व का और नाग-विमान या भवन अधोलोक के आधिपत्य का सूचक है । जिसका अभिप्राय है कि गर्भ में आने वाला जीव तीनों लोकों के अधिपतियों द्वारा पूज्य होगा ।

- सम्पादक

वसह[१] गय[२] सीह[३] वरसिरि[४] दामं[५] ससि[६] रवि[७] झयं[८] च कुम्भजुगं[९] । सर[१०] सागर[११] विमाणं[१२] भवण[१३] रयण[१४] कूडग्गी[१५] ॥

गाथा के पदों पर दिये गये अंको के अनुसार तीर्थंकर की माता को दीखने वाले स्वप्नों की संख्या १६ सिद्ध हो जाती है ।

चक्रवर्ती से तीर्थंकर का पद दोनों ही सम्प्रदायों में बहुत उच्च माना गया है, ऐसी स्थिति में चक्रवर्ती के गर्भागम-काल में दिखाई देने वाले १४ स्वप्नों से तीर्थंकर की माता को दीखने वाले स्वप्नों की संख्या अधिक होनी ही चाहिए। जैसे कि बलदेव की माता को दिखने वाले ४ स्वप्नों की अपेक्षा वासुदेव की माता को ७ स्वप्न दिखाई देते हैं ।

दि. मान्यतानुसार सिद्धार्थ राजा की रानी त्रिशला देवी ने ही १६ स्वप्न देखे और भ. महावीर उनके ही गर्भ में आये । छप्पन कुमारिका देवियों ने त्रिशला की ही सेवा की । इन्द्रादिक ने भी भगवान् का गर्भावतरण जानकर सिद्धार्थ और त्रिशला की ही पूजा की । इन्हीं के घर पर पन्द्रह मास तक रत्न-सुवर्णादिक की वर्षा हुई । किन्तु श्वे. मान्यता है कि भ महावीर ब्राह्मण-कुण्ड नामक ग्राम के कोडाल गोत्रीय ऋषभदत्त ब्राह्मण की जालंधर गोत्रीया पत्नी देवानन्दा की कुक्षि में अवतरित हुए । वे जिस रात्रि को गर्भ में आये, उसी रात्रि के अन्तिम पहर में देवानन्दा ने चौदह स्वप्न देखे । उसने वे स्वप्न अपने पति से कहे । उसके पति ने स्वप्नों का फल कहा-

"हे देवानुप्रिये, तुमने उदार, कल्याण-रूप, शिव-रूप मंगलमय और शोभा-युक्त स्वप्नों को देखा है । ये स्वप्न आरोग्य-दायक, कल्याणकर और मंगलकारी हैं । तुम्हें लक्ष्मी का, भोग का, पुत्र का और सुख का लाभ होगा । ९ मास और ७॥ दिवस-रात्रि बीतने पर तुम पुत्र को जन्म दोगी ।"

देवानन्दा के गर्भ बढ़ने लगा और ८२ दिन तक भ. महावीर भी उसी के गर्भ में वृद्धिंगत हुए। तब अचानक इन्द्र के मन में विचार आया कि तीर्थङ्कर, चक्रवर्ती, बलदेव, वासुदेव आदि शलाका पुरुष शूद्र, अधम, तुच्छ, अल्प, निर्धन, कृपण भिक्षुक या ब्राह्मण कुल में जन्म नहीं लेते, वरन् राजन्य कुल में, ज्ञातृ वंश में, क्षत्रिय वंश में, इक्ष्वाकु वंश में और हरिवंश में ही जन्म लेते हैं । अत: उसने हिरणेगमेसी देव को गर्भ-परिवर्तन की आज्ञा दी और कहा कि 'तुम इसी समय भरत क्षेत्र के ब्राह्म-कुण्ड ग्राम में जाओ और वहां देवानन्दा ब्राह्मणी के गर्भ में से भावी तीर्थङ्कर महावीर के जीव को निकाल कर क्षत्रिय-कुण्ड के राजवंशी क्षत्रियाणी त्रिशला के गर्भ में जाकर रख दो । तथा त्रिशला के गर्भ में जो लड़की है, उसे वहां से निकाल कर देवानन्दा के गर्भ में ले जाकर रख दो । इन्द्र की आज्ञानुसार हिरणेगमेसी देव ने देवानन्दा के गर्भ से भ महावीर को निकालकर त्रिशलादेवी के गर्भ में रख दिया और उसके गर्भ से कन्या को निकाल कर देवानन्दा के गर्भ में रख दिया । जिस रात्रि को यह गर्भापहरण किया गया और भ महावीर त्रिशला के गर्भ में पहुँचे, उसी आसोज कृष्णा १३ की रात्रि के अन्तिम पहर में त्रिशला ने १४ स्वप्न देखे । प्रात:काल उसने जाकर अपने पति सिद्धार्त राजा से सब स्वप्न कहे । उन्होंने स्वप्न-शास्त्र के कुशल विद्वानों को बुलाकर उन स्वप्नों का फल पूछा और स्वप्न शास्त्र-वेत्ताओं ने कहा कि इन महा स्वप्नों के फल से तुम्हारे तीन लोक का स्वामी और धर्म-तीर्थ का प्रवर्तक तीर्थङ्कर पुत्र जन्म लेगा* ।

इस गर्भापहरण पर अनेक प्रश्न उठते हैं, जिनका कोई समुचित समाधान प्राप्त नहीं होता है । प्रथम तो यह बात बड़ी अटपटी लगती है कि पहिले देवानन्दा ब्राह्मणी उन्हीं स्वप्नों को देखती है, और उनका फल उसे बताया जाता है, कि तेरे एक भाग्यशाली पुत्र होगा । पीछे ८२ दिन के बाद त्रिशला उन्हीं स्वप्नों को देखती है । स्वप्नशास्त्र-वेत्ता जिन स्वप्नों का फल अवश्यम्भावी और उत्तम बतलाते हैं, वह देवानन्दा को कहां प्राप्त हुआ ? दूसरे ८२ दिन तक इन्द्र कहां सोता रहा ? जो बात उसे इतने दिनों के बाद याद आई, वह गर्भावतरण के समय ही क्यों याद नहीं आई ?

तीसरे यह बात भी अटपटी लगती है कि गर्भकल्याणक कहीं अन्यत्र हो और जन्मकल्याणक कहीं अन्यत्र हो। गर्भकल्याणक के समय ऋषभदत्त ब्राह्मण और देवानन्दा ब्राह्मणी की पूजा इन्द्रादिक करें और जन्म कल्याणक के समय वे ही सिद्धार्थ और त्रिशला रानी की पूजा करें ।

---

* समवायांग सूत्र, भगवती सूत्र और कल्पसूत्र के आधार पर । —सम्पादक

चौथे यह बात विचारणीय है कि गर्भ-शोधनादि किसी और का किया जाय और भगवान् का जन्म किसी और के गर्भ से होवे ।

पांचवें-कुबेर-द्वारा रत्न-सुवर्ण की वृष्टि प्रारम्भ में ८ मास २२ दिन तक किसी और के घर पर हो, पीछे ६ मास और ८ दिन किसी और के यहां हो, तथा छप्पन कुमारिका देवियां भी इसी प्रकार प्रारम्भ में किसी और की सेवा करें और पीछे किसी और की ।

इन सभी बातों से भी अधिक अनुचित बात तो यह है कि भले ही ब्राह्मण के याचक कुल से गर्भापहरण करके क्षत्रियाणी के गर्भ में भ. महावीर को रख दिया गया हो, पर वस्तुतः उनके शरीर का निर्माण तो ब्राह्मण-ब्राह्मणी के रज और वीर्य से ही प्रारम्भ हुआ कहलायगा । यह बात तो तीर्थङ्कर जैसे महापुरुष के लिए अत्यन्त ही अपमानजनक है ।

इस सन्दर्भ में एक बात खास तौर से विचारणीय है कि जब तीर्थङ्करों के गर्भादि पांचों ही कल्याणकों में देव-देवेन्द्रादिकों के आसन कम्पायमान होते हैं और दि. श्वे. दोनों ही परम्पराओं के अनुसार वे अपना-अपना नियोग पूरा करने आते हैं, तब दि परम्परा में एक स्वरूप से स्वीकृत कुमारिका देवियों के गर्भावतरण से पूर्व ही आने के नियोग का श्वे परम्परा में क्यों उल्लेख नहीं मिलता है ? यदि श्वे. परम्परा की ओर से कहा जाय कि उन कुमारिका देवियों का कार्य जन्मकालीन क्रियाओं को करना मात्र है, तो यह उत्तर कोई महत्त्व नहीं रखता, क्योंकि भगवान् के जन्म होने से पूर्व अर्थात् गर्भकाल में आकर माता की नौ मास तक सेवा करना और उनके चारों ओर के वातावरण को आनन्दमय बनाना अधिक महत्त्व रखता है और यही कारण है कि दि. परम्परा में उन देवियों का कार्य गर्भागम के पूर्व से लेकर जन्म होने तक बतलाया गया है । इस विषय में गहराई से विचार करने पर यही प्रतीत होता है कि यतः श्वे परम्परा में जब भगवान् महावीर का पहिले देवानन्दा ब्राह्मणी के गर्भ में आने और पीछे गर्भापहरण करा के त्रिशला देवी के गर्भ में पहुँचाने की मान्यता स्वीकार कर ली गई, तो उससे कुमारिका देवियों के गर्भागम-समय में आने की बात असंगत हो जाती है कि पहिले वे देवानन्दा की सेवा-टहल करें और पीछे त्रिशला देवी की सेवा को जावें । अतः यही उचित समझा गया कि उन कुमारिका देवियों के गर्भ-कल्याणक के समय आने का उल्लेख ही न किया जाय । जिससे कि उक्त प्रकार की कोई विसंगति नहीं रहने पावे ।

ऐसा प्रतीत होता है कि उस समय ब्राह्मणों का प्रभाव बहुत अधिक था और जैनों के साथ उनका भंयकर संघर्ष चल रहा था । अतएव ब्राह्मणों को नीचा दिखाने के लिए यह गर्भापहरण की कथा कल्पित की गई है । यद्यपि आज का शल्य-चिकित्सा विज्ञान गर्भपरिवर्तन के कार्य प्रत्यक्ष करता हुआ दिखाई दे रहा है, तथापि तीर्थङ्कर जैसे महापुरुष का किसी अन्य स्त्री के गर्भ में आना और किसी अन्य स्त्री के उदर से जन्म लेना एक अपमान-जनक एवं अशोभनीय ही है ।

भ. महावीर का जन्म

भ. महावीर का जन्म ईसवी सन् से ५९९ वर्ष पूर्व चैत्र शुक्ला त्रयोदशी के अपराह्न में हुआ । उस समय उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र के साथ चन्द्र का योग था, एवं शेष ग्रहों की उच्चता कल्पसूत्र की टीका के अनुसार इस प्रकार थी-

मेषे सूर्य १० । वृषे सोमः ३ । मृगे मंगलः २८ । कन्यायां बुधः १५ । कर्के गुरुः ५ । मीने शुक्रः २७ । तुलायां शनिः २०।

तदनुसार भ. महावीर की जन्मकुण्डली यह है–

भ महावीर का जन्म होते ही सौधर्मेन्द्र का आसन कम्पायमान हुआ । शेष कल्पवासी देवों के यहाँ घंटा बजने लगे, ज्योतिषी देवों के यहां सिंहनाद होने लगा । भवनवासी देवों के यहां शंख-नाद और व्यन्तरों के यहां भेरी-निनाद होने लगा । सभी ने उक्त चिन्हों से जाना कि भगवान् का जन्म हो गया है, अतः वे सब अपने-अपने परिवार के साथ कुण्डलपुर पहुँचे । इन्द्राणी ने प्रसूति-गृह में जाकर माता की तीन प्रदक्षिणा की और उन्हें नमस्कार कर तथा अवस्वापिनी निद्रा से सुला कर और एक मायामयी बालक को उनके समीप रख कर भगवान् को उठा लाई और इन्द्र को सौंप दिया । वह सर्व देवों के साथ सुमेरु पर्वत पर पहुँचा और ज्यों ही १००८ कलशों से स्नान कराने को उद्यत हुआ कि उसके मन में यह शंका उठी- 'यह बालक इतने जल का प्रवाह कैसे सहन कर करेगा'' ? भगवान् ने अवधि ज्ञान से इन्द्र के मन की शंका जान ली और उसके निवारणार्थ अपने बायें पांव के अंगूठे से मेरु-पर्वत को जरा सा दबाया कि सारा मेरु पर्वत हिल उठा[२] । इन्द्र को इसका कारण अवधि ज्ञान से ज्ञात हुआ कि मेरे मन की शंका को दूर करने के लिए ही भगवान् ने पांव के अंगूठे से इसे दबाया है, तब उसे भगवान् के अतुल पराक्रमी होने का भान हुआ और उसने मन ही मन भगवान् से क्षमा मांगी[३] ।

---

१. पादाङ्गुष्ठेन यो मेरुमनायासेन कम्पयन् ।
लेभे नाम महावीर इति नाकालयाधिपात् ॥ (पद्मपुराण, पर्व २ श्लो१)

२. लहुअसरीरत्तणओ कहेस तित्थेसरो जलुप्पीलं ।
सहिही सुरसत्थेणं समकालमहो खिविज्जंते ॥१॥
इय एवं कयसंकं ओहीए जिणवरो णाउं ।
चालइ मेरुं चलणंगुलीए बल-दंसणट्ठाए ॥३॥ (महावीर-चरिउ, पत्र १२०)

३. तओ दिव्वनाण-मुणिय जिणबलाण-चंपणुक्कंपिय मेरुवइयरो तक्खणं संहरियकोवुग्गमो निदियनियकुवियप्पो खामिऊण बहुप्पयारं जिणेसरं भगवंते... ...भणिउमाढत्तो । (महावीर-चरिउ, पत्र १२१)

इस सन्दर्भ में कुछ बातें उल्लेखनीय है- जिस प्रकार दि.

परम्परा में तीर्थंकर के गर्भ में आने के भी छह मास पूर्व से नगरी की रचना, रत्न-सुवर्ण की वर्षा और छप्पन कुमारिका देवियों का आकर भगवान् भी माता की सेवा आदि का विधान पाया जाता है[1], वैसा श्वे. परम्परा में नहीं मिलता। उनसे शास्त्रों के अनुसार उक्त सर्व कार्य तीर्थङ्कर के जन्म लेने पर ही प्रारम्भ होते हैं[2] उसके पूर्व नहीं।

दि. परम्परा के अनुसार तीर्थङ्कर की माता को दिखाई देने वाले स्वप्नों का फल तीर्थङ्कर के पिता ही उसे बतलाते हैं[3], किन्तु श्वे. परम्परा में दो मत पाये जाते हैं-कल्प सूत्र के अनुसार तो स्वप्नों का फल स्वप्नशास्त्र के वेत्ता ज्योतिषी लोग कहते हैं[4]। किन्तु हेमचन्द्राचार्य के मतानुसार इन्द्र आकर उनका फल कहते हैं[5]।

इसी प्रकार एक बात और भी ज्ञातव्य है कि दि. परम्परा के अनुसार सौधर्मेन्द्र ऐरावत हाथी पर चढ़ कर तीर्थङ्करों के जन्माभिषेक के समय आता है[6]। किन्तु श्वे. परम्परा के अनुसार वह पालक विमान पर बैठ कर आता है[7]।

इस सन्दर्भ में एक बात और भी ज्ञातव्य है कि दि परम्परा के अनुसार सौधर्मेन्द्र की इन्दराणी ही प्रसुति स्थान में जाकर और मायामयी बालक को रखकर भगवान् को बाहिर लाती है और अपने पति इन्द्र को सौंपती है[8]। किन्तु

---

१ सुराः ससंभ्रमाः सद्यः पाकशासन-शासनात् । तां पुरी परमानन्दाद व्यधुः सुर-पुरीमिव ॥७०॥
विश्वदृश्वैतयोः पुत्रो जनितेति शतक्रतुः । तयोःपूजां व्यधत्तोच्चैरभिषेकपुरस्सरम् ॥८३॥
षड्भिर्मासैरथैतस्मिन् स्वर्गादवतरिष्यति । रत्नवृष्टिं दिवो देवाः पातयामासुरदरात् ॥८४॥
षण्मासानिति सामस्त् पुण्ये नाभिनृपालये । स्वर्गावतरणाद् भर्तुः प्राक्तरा द्युम्नसन्ततिः ॥९६॥
पश्चाच्च नवमासेषु वसुधारा तदा मता । अहो महान् प्रभावोऽस्य तीर्थकृत्त्वस्य भाविनः ॥९७॥
तदा प्रभृति सुत्रामशासनात्ताः सिषेविरे । दिक्कुमार्योऽनुचारिण्यस्तत्कालोचितकर्मभिः ॥१६३॥
(महापुराण, पर्व १२)

२ अथाऽधोलोक-वासिन्यः सद्यः प्रचलितासनाः । दिक्कुमार्यः समाजग्मुरष्टौ तत्सूतिवेश्मनि ॥२७३॥ इत्यादि।
(त्रिषष्टिशलाका-पुरुष-चरित, पर्व १, सर्ग २)

३. मङ्गलैश्च प्रबुद्ध्याशु स्नात्वा पुण्य-प्रसाधना । सा सिद्धार्थ-महाराजमुपागम्य कृतानतिः ॥२५८॥
सम्प्राप्तार्धासना स्वप्नान् यथाक्रममुदाहरत् । सोऽपि तेषां फलं भावि यथाक्रममबूबुधत् ॥२५९॥
(उत्तर पुराण, पर्व ७४)

४. तए णं ते सुविण-लक्खण-पाढगा सिद्धत्थस्स खत्तियस्स अंतिए एयमट्ठे सुच्चा निसम्भ हट्ठ तुट्ठ जाव हियया ते सुमिणे सम्मं ओगिणहंति, ओगिण्हत्ता × × × सुमिणसत्थाइं उच्चारेण्णा २ सिद्धत्थं खत्तियं एवं वयासी ॥७२॥ (कल्पसूत्र)

५ तत्कालं भगवन्मातुः स्वप्नार्थमभिशसितुम् । सुहृदः कृतसङ्केता इवेन्द्रास्तुल्यमाययुः ॥२३२॥
ततस्ते विनयान्मूर्ध्नि घटिताञ्जलिकुड्मला) । स्वप्नार्थं स्फुटयामासुः सूत्रं वृत्तिकृतो यथा ॥२३३॥
(त्रिषष्टिशलाका-पुरुषचरित, पर्व १, सर्ग २)

६. अथ सौधर्मकल्पेशो महैरावतदन्तिनम् । समारुह्य समं शच्या प्रतस्थे विबुधैर्वृतः ॥१७॥
(आदि पुराण, पर्व १३)

७ आदिशत्पालकं नाम वासवोऽप्याभियोगिकम् । असम्भाव्य-प्रतिमानं विमानं क्रियतामिति ॥२५३॥
पञ्चयोजनशत्युच्चं विस्तारे लक्षयोजनम् । इच्छानुमानगमनं विमानं पालकं व्यधात् ॥२५६॥
दिङ् मुखप्रतिकलितैर्द्यो दारयदिवाऽभितः । सौधर्ममध्यतोऽचालीत तद-विमानं हरीच्छया ॥३९२॥
(त्रिषष्टिशलाका-पुरुषचरित, पर्व १, सर्ग २)

८ प्रसवागारमिन्द्राणी ततः प्राविशदुत्सवात् । तत्रापश्यत् कुमारेण सार्धं तां जिनमातरम् ॥२७॥
इत्यभिष्टुत्य गुढाङ्गी तां मायानिद्रयाऽयुजत् । पुरो विधाय सा तस्या मायाशिशुमथापरम् ॥३१॥
ततः कुमारमादाय व्रजन्ती सा बभौ भृशम् । द्यौरिवार्कमभिव्याप्तनभसं भासुरांशुभिः ॥३५॥
ततः करतले देवी देवराजस्य तं न्यधात् । बालार्कमौदये सानौ प्राचीव प्रस्फुरन्मणौ ॥३६॥
(आदि पुराण, पर्व १३)

श्वे. मान्यता है कि स्वयं सौधर्मेन्द्र ही प्रसुति गृह में आकर, माता की स्तुति कर और उन्हें निद्रित कर के मायामयी शिशु को रखकर भगवान् को बाहिर ले आता है[1]।

माता के प्रसूति-गृह में इन्द्र का जाना एक लोक-विरुद्ध बात है, खास कर तत्काल ही जन्म के समय । किन्तु इन्द्राणी का स्त्री होने के नाते प्रसूति-गृह में आना और भगवान् को बाहिर लाना आदि कार्य लोक-मर्यादा के अनुकूल ही है । श्वे. शास्त्रों में इस समय इन्द्राणी के कार्य का कोई उल्लेख नहीं मिलता है ।

वीर का बाल—काल

भ. महावीर के गर्भ में आने के पूर्व छह मास से लेकर जन्म होने तक की विशेष क्रियाओं एवं घटनाओं का वर्णन, तथा भगवान् की बाल-क्रीड़ाओं का उल्लेख प्रस्तुत काव्य में चौथे सर्ग से लेकर आठवें सर्ग तक किया गया है, अतः उनकी चर्चा करने की यहां आवश्यकता नहीं है । प्रकृत में इतना ही ज्ञातव्य है कि इन्द्र ने जन्माभिषेक के समय भगवान् का 'वीर' यह नाम रखा । भगवान् के गर्भ में आने के बाद से ही उनके पिता के यहां सर्व प्रकार की श्री समृद्धि बढ़ी, अतः उन्होंने उनका नाम 'श्री वर्धमान' रखा ।

भगवान् जब बालक थे और अपने साथियों के साथ एक समय आमलकी-क्रीड़ा कर रहे थे, उस समय एक संगमक देव ने आकर उनके धीर-वीर पने की परीक्षा के लिए उस वृक्ष के तने को सर्प का रूप धारण कर घेर लिया, तब सभी साथी बालक तो भय से भाग खड़े हुए, किन्तु बालक वीर कुमार निर्भय होकर उसके मस्तक पर पैर रखते हुए वृक्ष पर सी नीचे उतरे और उसे हाथ से पकड़कर दूर फैंक आये ।

तत्पश्चात् बालकों ने घुड़-सवारी का खेल खेलना प्रारंभ किया । इस खेल में हारने वाला बालक घोड़ा बनता और जीतने वाला सवार बनकर उसकी पीठ पर चढ़कर उसे इधर-उधर दौड़ाता । वह देव भी सर्प का रूप छोड़कर और एक बालक का रूप रखकर उनके खेल में जा मिला । देव के खेल में हार जाने पर उसे घोड़ा बनने का अवसर आया । यतः वीर कुमार विजयी हुए थे, अतः वे ही उस पर सवार हुए । उनके सवार होते ही वह देव उन्हें ले भागा और दौड़ते हुए ही उसने विक्रिया से अपने शरीर को उत्तरोत्तर बढ़ाना शुरु कर दिया । वीर कुमार उस देव की चालाकी को समझ गये । अतः उन्होंने उसकी पीठ पर जोर से एक मुट्ठी मारी, जिससे उस छद्मवेषी का गर्व खर्व हो गया । उसने अपना रूप संकुचित किया । वीर कुमार नीचे उतरे और उस छद्मवेषी ने अपना यथार्थ रूप प्रकट कर, उनसे क्षमा-याचना कर तथा उनका नाम 'महावीर' रखकर उनकी स्तुति की और अपने स्थान को चला गया । तब से भगवान् का यह नाम सर्वत्र प्रचलित हो गया[2] ।

वीर का विद्यालय—प्रवेश

श्वे. शास्त्रों के अनुसार वीर कुमार को आठ वर्ष का होने पर उनके पिता ने विद्याध्ययन के लिए एक विद्यालय में भेजा । अध्यापक जो कुछ उन्हें याद करने के लिए देवे, उससे अधिक पाठ वीर कुमार तुरन्त सुना देवें । आश्चर्य-चकित होकर अध्यापक ने प्रति दिन नवीन-नवीन विषय पढ़ाये और उन्होंने तत्काल ही सर्व पठित विषयों को ज्यों कात्यों ही नहीं सुनाया, बल्कि अध्यापक को भी अज्ञात-ऐसी विशेषताओं के साथ सुना दिया । यथार्थ बात यह थी

---

१. ततो विमाना दुत्तीर्य मानादिव महामुनिः । प्रसन्नमानसः शक्रो जगाम स्वामिसन्निधौ ॥४०७॥
अहं सौधर्मदेवेन्द्रो देवि त्वत्तनु-जन्मनः । अर्हतो जन्ममहिमोत्सवं कर्तुमिहाऽऽगम् ॥४१४॥
भवत्या नैव भेतव्यमित्युदीर्य दिवस्पतिः । अवस्वापनिकां देव्यां मरुदेव्यां विनिर्ममे ॥४१५॥
नाभिसूनोःप्रतिच्छन्दं विदधे मघवा ततः । देव्याः श्री मरूदेवायाः पार्श्वे तं च न्यवेशयत् ॥४१६॥
(त्रिषष्टिशलाका-पुरुषचरितं पर्व १, सर्ग २)

२. यह कथानक श्वे. ग्रन्थों में पाया जाता है । -सम्पादक

कि वीर कुमार तो जन्म से ही मति, श्रुत और अवधि इन तीन ज्ञान के धारी थे । पर भगवान् के पिता को यह पता नहीं था । जब कुछ दिनों के भीतर ही अध्यापक वीर कुमार को लेकर राजा सिद्धार्थ के पास पहुँचा और उनसे निवेदन किया-महाराज, ये राजकुमार तो इतने प्रखर बुद्धि और अतुल ज्ञानी हैं कि उनके सामने मैं स्वयं भी नगण्य हूँ । महाराज सिद्धार्थ यह सुन कर अत्यन्त प्रसन्न हुए और अध्यापक को यथोचित पारितोषिक देकर विदा किया । दि. मान्यता के अनुसार तीर्थङ्कर किसी गुरु के पास पढ़ने को नहीं जाते हैं ।

वीर के सम्मुख विवाह–प्रस्ताव

जब वीर कुमार ने यौवन अवस्था में पदार्पण किया, तो चारों ओर से उनके विवाह के लिए प्रस्ताव आने लगे। कहा जाता है कि राजा सिद्धार्थ की महारानी प्रियकारिणी और उनकी बहिन यशोदया जो कि-कलिंग-देश के महाराज जितशत्रु को ब्याही थी- एक साथ ही गर्भवती हुईं । दानों साले-बहनोई महाराजों में यह तय हुआ कि यदि एक के गर्भ से कन्या और दूसरे के गर्भ से पुत्र उत्पन्न हो, तो उनका परस्पर में विवाह कर देंगे । यथा समय सिद्धार्थ के यहां वीर कुमार ने जन्म लिया और जितशत्रु के यहां कन्या ने जन्म लिया, जिसका नाम यशोदा रखा गया । जब वीर कुमार के विवाह के प्रस्ताव आने लगे, तब भ. महावीर की वर्ष गांठ के अवसर पर जीतशत्रु अपनी कन्या को लेकर राज-परिवार के साथ कुण्डनगर आये और महाराज सिद्धार्थ को पूर्व प्रतिज्ञा की याद दिलाकर यशोदा के साथ वीर कुमार के विवाह का प्रस्ताव रखा[1] ।

महाराज सिद्धार्थ और रानी त्रिशला राजकुमारी यशोदा के रूप-लावण्य, सौन्दर्य आदि गुणों को देखकर उसे अपनी पुत्र-वधू बनाने के लिए उत्सुक हुए और उन्होंने अपने हृदय की बात राजकुमार महावीर से कही । सिद्धार्थ के इस विवाह प्रस्ताव को महावीर ने बड़ी ही युक्तियों के साथ अस्वीकार कर दिया ।

किन्तु श्वे मान्यता है कि महावीर का विवाह यशोदा के साथ हुआ और उससे एक लड़की भी उत्पन्न हुई, जिसका नाम प्रियदर्शना रखा गया और उसका विवाह महावीर की बहिन सुदर्शना के पुत्र जमालि से हुआ ।

दि परम्परा में पांच तीर्थंकर बाल-ब्रह्मचारी और कुमार-काल में दीक्षित हुए माने गये हैं-१ वासुपूज्य, २ मल्लिनाथ, ३ अरिष्टनेमि, ४ पार्श्वनाथ और ५ महावीर । श्वे परम्परा में भी इन पांचों को कुमार-श्रमण और अविवाहित माना गया है, जिसका प्रमाण आवश्यक-निर्युक्ति की निम्न लिखित गाथाएं हैं-

वीरं अरिट्ठनेमिं पासं मल्लिं च वासुपुज्जं च ।
एते मोत्तूण जिणे अवसेसा आसि रायाणो ॥२२१॥
रायकुलेसु वि जाया विसुद्धवंसेसु खत्तियकुलेसु ।
न य इत्थियाभिसेया कुमार-वासम्मि पव्वइया ॥२२२॥

आगमोदय समिति से प्रकाशित आवश्यक निर्युक्ति में 'इत्थियाभिसेया' ही पाठ है जिसके कि सम्पादक सागरानन्द सूरि है । टीकाकारों ने इसके स्थान पर 'इच्छियाभिसेया' पाठ मानकर 'ईप्सिताभिषेका:' अर्थ किया है और उसके आधार पर श्वे विद्वान् कहते हैं कि इन दोनों गाथाओं में उक्त पांचो तीर्थंकरों के बिना राज्य-सुख भोगे ही कुमारकाल में दीक्षा लेने का उल्लेख है । विवाह से उनका संबंध नहीं है । यदि ऐसा है, तो वे उन प्रमाणों को प्रकट करें- जिनमें कि

---

१ भवान्न किं श्रेणिक वेत्ति भूपतिं नृपेन्द्रसिद्धार्थकनीयसीपतिम् ।
इमं प्रसिद्धं जितशत्रुमाख्यया प्रतापवन्तं जितशत्रुमण्डलम् ॥
जिनेन्द्रवीरस्य समुद्भवोत्सवे तदाऽऽगतः कुण्डपुरं सुहृत्परः ।
सुपूजितः कुण्डपुरस्य भूभृता नृपोऽयमाखण्डलतुल्यविक्रमः ॥
यशोदयायां सुतया यशोदया पवित्रया वीरविवाहमङ्गलम् ।
अनेककन्यापरिवारयारुहत्समीक्षितुं तुङ्गमनोरथं तदा ॥

हरिवंश पुराण, सर्ग ६६, श्लो. ६-८ ।

आदि के चार तीर्थङ्करों का बाल-ब्रह्मचारी रहना बतलाया गया हो । वास्तव में ये दोनों ही गाथाएं पांचों ही तीर्थङ्करों के बाल-ब्रह्मचारी और कुमार-दीक्षितपने का ही प्रतिपादन करती हैं । किन्तु पीछे से जब महावीर के विवाह की बात स्वीकार कर ली गई, तो उक्त गाथा-पठित 'इत्थियाभिसेया' पाठ को 'इच्छियाभिसेया' मानकर 'ईप्सिताभिषेकाः' अर्थ किया जाने लगा ।

श्री कल्याण विजयजी अपने द्वारा लिखित 'श्रमण भगवान् महावीर' नामक पुस्तक में महावीर के विवाह के बारे में संदिग्ध हैं । उन्होंने लिखा है कि- ''कल्पसूत्र के पूर्ववर्ती किसी सूत्र में महावीर के गृहस्थाश्रम का अथवा उनकी भार्या यशोदा का वर्णन हमारे दृष्टिगोचर नहीं हुआ । (श्रमण भगवान् महावीर, पृ. १२) दूसरे एक बात खास तौर से विचारणीय है कि जब महावीर घर त्याग कर दीक्षित होने के लिए चले, तो श्वे. शास्त्रों में कहीं भी तो यशोदा के साथ महावीर के मिलने और संसार के छोड़ने की बात का उल्लेख होना चाहिए था । नेमिनाथ के प्रव्रजित हो जाने पर राजुल के दीक्षित होने का जैसा उल्लेख मिलता है, वैसा उल्लेख यशोदा के दीक्षित होने या न होने आदि का कहीं पर भी दृष्टिगोचर नहीं होता । इसके विपरीत दि ग्रन्थों में स्पष्ट उल्लेख है कि महावीर के द्वारा विवाह-प्रस्ताव अस्वीकार कर दिये जाने पर यशोदा और उसके पिता को बहुत आघात पहुँचा और वे दोनों ही दीक्षित होकर तप करने चले गये । जितारि तो कलिंग (वर्तमान उड़ीसा) देश-स्थित उदयगिरि पर्वत से मुक्ति को प्राप्त हुए और यशोदा जिस पर्वत पर दीर्घकाल तक तपस्या करके स्वर्ग को गई, वह पर्वत ही कुमारी पर्वत' के नाम से प्रसिद्ध हुआ । खारवेल के शिलालेख में इस कुमारी पर्वत का उल्लेख है[१] ।

सन्मति–नाम

विजय और संजय नामक दो चारण मुनियों को किसी सूक्ष्मतत्त्व के विषय में कोई सन्देह उत्पन्न हो गया, पर उसका समाधान नहीं हो रहा था । भ. महावीर के जन्म के कुछ दिन बाद ही वे उनके समीप आये कि दूर से ही उनके दर्शन मात्र से उनका सन्देह दूर हो गया और वे उनका 'सन्मति देव' नाम रखते हुए चले गये[२] ।

भ. महावीर का छद्मस्थ या तपस्या–काल

भ महावीर ने तीस वर्ष की अवस्था में मार्गशीर्ष १० के दिन जिन-दीक्षा ली और उग्र तपश्चरण में संलग्न हो गये । दि ग्रन्थों उनके इस जीवन-काल की घटनाओं का बहुत कम उल्लेख पाया जाता है । किन्तु श्वे ग्रन्थों में इस १२ वर्ष के छद्मस्थ और तपश्चरण काल का विस्तृत विवरण मिलता है । यहां पर उपयोगी जानकर उसे दिया जाता है ।

प्रथम वर्ष

भ. महावीर ने ज्ञातृखण्डवन में दीक्षा लेने के बाद आगे को विहार किया । एक मुहूर्त दिन के शेष रहने पर वे कर्मार गांव जा पहुँचे और कायोत्सर्ग धारण कर ध्यान में संलग्न हो गये । इसी समय कोई ग्वाला जंगल से अपने

---

१ तेरसमे च वसे सुपवत विजय चके कुमारी पवते अरहयते...

(खारवेल-शिलालेख पंक्ति १४)

२. सञ्जयस्यार्थ-सन्देहे सञ्जाते विजयस्य च ।
जन्मानन्तरमेवेनमभ्येत्यालोकमात्रतः ॥२८२॥
तत्सन्देहे गते ताभ्यां चारणाभ्यां स्वभक्तितः ।
अस्त्वेष सन्मतिर्देवो भावीति समुदाहृतः ॥२८३॥

(उत्तर पुराण, पर्व ७४)

बैलों को लेकर घर लौट रहा था । वह उन्हें चरने के लिए भ. महावीर के पास छोड़ कर गायें दुहने के लिए घर चला गया । बैल घास चरते हुए जंगल में दूर निकल गये । ग्वाला ने घर से वापिस आकर देखा कि मैं जहां बैल छोड़ गया था, वे वहां नहीं है, तब उसने भगवान् से पूछा कि मेरे बैल कहां गये ? जब भगवान् की ओर से कोई उत्तर नहीं मिला, तो वह समझा कि इन्हें मालूम नहीं है, अत: उन्हें ढूंढने के लिए जंगल की ओर चल दिया । रात भर वह ढूंढता रहा, पर बैल उसे नहीं मिले । प्रात:काल लौटने पर उसने बैलों को भगवान् के पास बैठा हुआ पाया। ग्वाला ने क्रोधित होकर कहा - बैलों की जानकारी होते हुए भी आपने मुझे नहीं बतलाया? और यह कह कर हाथ में ली हुई रस्सी से उन्हें मारने को झपटा । तभी किसी भद्र पुरुष ने आकर ग्वाले को रोका कि अरे, यह क्या कर रहा है ? क्या तुझे मालूम नहीं, कि कल ही जिन्होंने दीक्षा ली है ये वे ही सिद्धार्थ राजा के पुत्र महावीर है, यह सुन कर ग्वाला नत-मस्तक होकर चला गया।

दूसरे दिन महावीर ने कर्मार ग्राम से विहार किया और कोल्लागसन्निवेश पहुँचे । वहां पारणा करके वे मोराक-सन्निवेश की ओर चल दिये । मार्ग में उन्हें एक तापसाश्रम मिला । उसके कुलपति ने उनसे ठहरने और अग्रिम वर्षावास करने की प्रार्थना की । भगवान् उसकी बात को सुनते हुए आगे चल दिये । इस प्रकार अनेक नगर, ग्राम और वनादिक में लगभग ७ मास परिभ्रमण के पश्चात वर्षाकाल प्रारम्भ हो गया । जब महावीर ने अस्थिग्राम में चातुर्मास बिताने के लिए ग्राम के बाहरी अवस्थित शूलपाणि यक्ष के मन्दिर में ठहरने का विचार किया, उन लोगों ने कहा- यहां रहने वाला यक्ष महा दुष्ट है, जो कोई भी भूला भटका इस मन्दिर में आ ठहरता है उसे यह यक्ष मार डालता है । यह सुनकर भी महावीर ठहर गये और कायोत्सर्ग धारण करके ध्यान में तल्लीन हो गये । महावीर को अपने मन्दिर में ठहरा हुआ देख कर यक्ष ने रात भर नाना प्रकार के रूप बना-बनाकर असह्य असंख्य यातनाएं दी, पर महावीर पर उनका कुछ भी प्रभाव नहीं पड़ा । अन्त में हताश हो कर वह भगवान् के चरणों में पड़ गया, अपने दुष्कृत्य के लिए क्षमा मांगी और उनके गुण-गान करके अन्तर्हित हो गया । कहा जाता है कि उपसर्ग को दूर होने पर भ महावीर को रात्रि के अन्तिम मुहूर्त में कुछ क्षणों के लिए नींद आई और तभी उन्होंने कुछ स्वप्न भी देखे । इसके पश्चात् तो वे सारे जीवन भर जागृत ही रहे और पूरे छद्मस्थकाल के १२ वर्षों में एक क्षण भी नहीं सोये ।*

अपने इस प्रथम चातुर्मास में भगवान् ने २५-१५ दिन के आठ अर्धमासी उपवास किये और पारणा के लिए केवल आठ बार उठे ।

कहा जाता है कि भगवान् महावीर अपर नाम वर्धमान के द्वारा इस असह्य उपसर्ग को जीतने और शूलपाणि यक्ष का सदा के लिए शान्त हो जाने के कारण ही अस्थि-ग्राम का नाम 'वर्धमान नगर' रख दिया गया, जो कि आज 'वर्दवान' नाम से पश्चिमी बंगाल का एक प्रसिद्ध नगर है ।

द्वितीय वर्ष

प्रथम चातुर्मास समाप्त करके महावीर ने अस्थिग्राम से विहार किया और मोराक सन्निवेश पहुँचे । वहां कुछ दिन ठहर कर वाचाला की ओर विहार किया । आगे बढ़ने पर लोगों ने उनसे कहा-'आर्य, यह मार्ग ठीक नहीं है, इसमें

---

* छउमत्थोवि परक्कममाणो छउमत्थकाले विरहंतेणं भगवता जयंतेण छुवंतेणं परक्कमंतेणं ण कयाइ पमाओ कओ। अविसद्दा णवरं एक्कस्सिं एक्को अंतोमुहुत्तं अट्ठियगामे सयमेव अभिसमागाए ।

(आचारंग चूर्णि, रतलाम प्रति, पत्र ३२४)

तत्र च तत्कृतां कदर्थनां सहमान: प्रतिमास्थ एव स्वल्पं निद्राणो भगवान् दश स्वप्नानवलोक्य जजागार।

(कल्पसूत्रार्थप्रबोधिनी टीका पृ १३७)

किन्तु भगवती सूत्र के अनुसार उक्त १० स्वप्न भ महावीर ने छद्मस्थकाल के अन्तिम रात्रि में, अर्थात् केवलोत्पत्ति के पूर्व देखे । यथा-

समणे भगवं महावीरे छउमत्थकालियाए अंतिमराइयंसि इमे दस महासुमिणे पासित्ता णं पडिबुद्धे ।

(भगवती सूत्र. शतक १६ उद्देशक ६, सु १६)

एक भयानक भुजंग रहता है, जो अपनी दृष्टि के विष-द्वारा ही पथिकों को भस्म कर देता है, अतः आप इधर से न आकर अन्य मार्ग से जावें ।' महावीर ने उन लोगों की बात सुनकर भी उस पर कुछ ध्यान नहीं दिया और वे उसी मार्ग से चलकर एक यक्ष-मन्दिर में आकर ध्यानारूढ़ हो गये । वहां रहने वाला सांप जब इधर-उधर घूम कर अपने स्थान को वापिस लौट रहा था, तो उसकी दृष्टि ध्यानारूढ़ महावीर पर ज्योंही पड़ी त्यों ही वह क्रोधित होकर फुंकार करते हुए महावीर की ओर बढ़ा और उसने महावीर के पांव में काट खाया । वहां से रक्त के स्थान पर दूध की धारा बह निकली । यह विचित्र बात देख कर पहले तो वह स्तब्ध रह गया। पर जब उसने देखा कि इन पर तो मेरे काटने का कुछ भी असर नहीं हुआ, तो उसने दो बार और भी काटा । मगर तब भी विष का कोई असर न देखकर सर्प का रोष शान्त हो गया । तब भ. महावीर ने उसके पूर्व भव का नाम लेते हुए कहा-चण्डकौशिक, शान्त होओ । अपना नाम सुनते ही उसे जातिस्मरण हो गया और सदा के लिए उसने जीवों को काटना छोड़ दिया

भ. महावीर यहां से विहार करते हुए क्रमशः श्वेताम्बी नगरी पहुँचे । यहां राजा प्रदेशी ने भगवान् की अगवानी की और अत्यन्त भक्ति से उनके चरणों की वन्दना की । वहां से भगवान् ने सुरभिपुर की ओर विहार किया । आगे जाने पर उन्हें गंगा नदी मिली । उसे पार करने के लिए महावीर को नाव पर बैठना पड़ा । नाव जब नदी के मध्य में पहुँची, तब एक भयंकर तूफान आया, नाव भंवर में पड़कर चक्कर काटने लगी । यात्री प्राण-रक्षा के लिए त्राहि-त्राहि करने लगे । पर महावीर नाव के एक कोने में सुमेरुवत् ध्यानस्थ रहे । अन्त में भगवान् के पुण्योदय से कुछ देर बाद तूफान शान्त हो गया और नाव किनारे आ लगी । सब यात्रियों ने अपना-अपना मार्ग पकड़ा और महावीर भी नाव से उतर कर गंगा के किनारे चलते हुए थूणाक पहुँचे । मार्ग में अंकित पद-चिह्नों को देखकर एक सामुद्रिक-वेत्ता आश्चर्य में डूब गया और सोचने लगा कि ये पदचिह्न तो किसी चक्रवर्ती के होना चाहिए। अतः वह पद-चिह्नों को देखता हुआ वहां पहुँचा, जहां पर भगवान् अशोक वृक्ष के नीचे ध्यानारुढ़ खड़े थे । उनके सर्वाङ्ग में ही चक्रवर्ती के चिह्न देखकर वह बड़ी चिन्ता में पड़ा कि सभी राज-चिह्नों से विभूषित यह पुरुष साधु बनकर जंगलों में क्यों घूम रहा है ? जब उसे किसी भद्र पुरुष से ज्ञात हुआ कि ये तो अपरिमित लक्षण-वाले धर्म-चक्रवर्ती भ. महावीर हैं, तब वह उनकी वन्दना कर अपने स्थान को चला गया ।

थूणाक- सन्निवेश से विहार करते हुए भ महावीर नालंदा पहुँचे । वर्षाकाल प्रारम्भ हो जाने से उन्होंने वहीं चातुर्मास बिताने का निश्चय किया और एक मास का उपवास अंगीकार कर ध्यान में अवस्थित हो गये । इस चातुर्मास में मंखली-पुत्र गोशाला की भगवान् से भेंट हुई और वह भी चातुर्मास बिताने के विचार से वहीं ठहर गया । एक मास का उपवास पूर्ण होने पर महावीर गोचरी के लिए निकले और वहां के एक विजय सेठ के यहां उनका निरन्तर आहार हुआ । दान के प्रभाव से हुए पंच[1] आश्चर्यों को देखकर गोशाला ने सोचा-ये कोई चमत्कारी साधु प्रतीत होते हैं, अतः मैं इनका ही शिष्य बनकर इनके सात रहूँगा । गोचरी से लौटने पर उसने भगवान् से प्रार्थना की कि आप मुझे अपना शिष्य बना लेवें । किन्तु भगवान् ने कोई उत्तर नहीं दिया और पुनः एक मास के उपवास का नियम करके ध्यानारुढ़ हो गये । एक मास के बाद पारणा के लिए वे नगर में गये और आनन्द श्रावक के यहां पारणा हुई । पुनः वापिस आकर एक मास का उपवास लेकर ध्यानारुढ़ हो गये । तीसरी पारणा सुनन्द श्रावक के यहां हुई । पुनः एक मास के उपवास का नियम कर भगवान् ध्यानारुढ़ हो गये ।

कार्तिकी पूर्णिमा के दिन चौथी पारणा के लिए जाते समय गोशाला ने भगवान् से पूछा कि आज मुझे भिक्षा में क्या मिलेगा ? भगवान् ने उत्तर दिया- 'कोदों का बासा भात, खट्टी छांछ और दक्षिणा में एक खोटा रुपया।' भगवान् के वचनों को मिथ्या करने के उद्देश्य से वह अनेक धनिकों के घर भिक्षा के लिए गया, किन्तु

कहीं पर भी उसे भिक्षा न मिली । अन्त में एक लुहार के यहां से वही कोदों का बासा भात, खट्टी छांछ और एक खोटा रुपया मिला । इस घटना का गोशाला के मन पर बड़ा भारी प्रभाव पड़ा । वह 'नियतिवाद' का पक्का समर्थक

---

१. दिव्य गंधोधक वृष्टि, पुष्प वृष्टि, सुरभि वायु-संचार, देव-दुन्दुभि-वादन और अहो दान की ध्वनि, इन पांच आश्चर्य-कारी बातों को 'पंच आश्चर्य कहते हैं । -सम्पादक

हो गया । उसकी यह दृढ़ धारणा हो गई कि जो कुछ जिस समय होने वाला है, वह उस समय होकर के ही रहेगा।

चातुर्मास पूर्ण होते ही महावीर ने नालन्दा से विहार किया और कोल्लाग सन्निवेश पहुँचे । नालंदा से भगवान् ने जब विहार किया, तब गोशाला भिक्षा लेने के लिए गया हुआ था । वापिस आने पर जब उसे महावीर के विहार कर जाने का पता चला, तो वह भी ढूंढते-ढूंढते कोल्लाग-सन्निवेश जा पहुँचा । इसके पश्चात् वह लगातार छह चातुर्मासों तक भगवान् के साथ रहा ।

तीसरा वर्ष

कोल्लाग-सन्निवेश से भगवान् ने सुवर्णखल की ओर विहार किया । मार्ग में उन्हें कुछ ग्वाले मिले, जो मिट्टी की एक हांडी में खीर पका रहे थे । गोशाला ने भगवान् से कहा- जरा ठहरिये, इस खीर को खाकर फिर आगे चलेंगे। भगवान् ने कहा-यह खीर पकेगी ही नहीं । बीच में ही हांडी फूट जायगी और सब खीर नीचे लुढ़क जायगी । वह कहकर भगवान् तो आगे चल दिये । किन्तु खीर खाने के लोभ से गोशाला वहीं ठहर गया । हांडी दूध से भरी हुई थी और उसमें चावल भी अधिक डाल दिये गये थे । अत: जब चावल फूले तो हांडी फट गई और सब खीर नीचे लुढ़क गई । ग्वालों की आशा पर पानी फिर गया और गोशाला अपना मुख नीचा किये हुए वहां से चल दिया । अब उसकी यह धारणा और भी दृढ़ हो गई कि 'जो कुछ होने वाला है, वह अन्यथा नहीं हो सकता ।'

कोल्लाग सन्निवेश से विहार करते हुए भगवान् ब्राह्मण गांव पहुँचे । यहां पर भगवान् की पारणा तो निरन्तराय हुई । किन्तु गोशाला को गोचरी में बासा भात मिला, जिसे लेने से उसने इनकार कर दिया और देने वाली स्त्री से बोला-तुम्हें बासा भात देते लज्जा नहीं आती । यह कह कर और शाप देकर बिना ही भिक्षा लिए वह वापिस लौट आया ।

ब्राह्मण गांव से भगवान् चम्पा नगरी गए और तीसरा चातुर्मास यहीं पर व्यतीत किया । इसमें भगवान् ने दो-दो मास के उपवास किये ।

चौथा वर्ष

चम्पानगरी से भगवान् ने कालायस सन्निवेश की ओर विहार किया । वहां पहुँच कर उन्होंने एक खंडहर में ध्यानावस्थित होकर रात्रि बिताई । एकान्त समझ कर गांव के मुखिया का व्यभिचारी पुत्र किसी दासी को लेकर वहां व्यभिचार करने के लिए आया और व्यभिचार करके वापिस जाने लगा, तो गोशाला ने स्त्री का हाथ पकड़ लिया । यह देखकर उस मनुष्य ने गोशाला की खूब पिटाई की । दूसरे दिन भगवान् ने प्रस्थान किया और पत्रकालय पहुँचे । भगवान् वहां किसी एकान्त स्थान में ध्यानारुढ़ हो गये । दुर्भाग्य से पूर्व दिन जैसी घटना यहां भी घटी और यहां पर भी गोशाला पीटा गया ।

पत्रकालय से भगवान् ने कुमाराक सन्निवेश की ओर विहार किया । वहां पर चम्पक रमणीय उद्यान में पार्श्वस्थ साधुओं को देखा, जो वस्त्र और पात्रादिक रखे हुए थे । गोशाला ने पूछा-आप किस प्रकार के साधु हैं ? उन्होंने उत्तर दिया-हम निर्ग्रन्थ हैं । गोशाला ने कहा-आप कैसे निर्ग्रन्थ हैं, जो इतना परिग्रह रख करके भी अपने आपको निर्ग्रन्थ बतलाते हैं । ज्ञात होता है कि अपनी आजीविका चलाने के लिए आप लोगों ने ढोंग रच रखा है । सच्चे निर्ग्रन्थ तो हमारे धर्माचार्य हैं, जिनके पास एक भी वस्त्र और पात्र नहीं है और वे ही त्याग और तब तपस्या की साक्षात् मूर्ति हैं[१] ।' इस प्रकार उन सग्रन्थी साधुओं की भर्त्सना करके गोशाला वापिस भगवान् के पास आ गया और उनसे सर्व वृत्तान्त कहा ।

---

१ गोशाला का श्वे शास्त्रोल्लिखित यह कथन सिद्ध करता है कि भ. महावीर वस्त्र और पात्रों रे रहित पूर्ण निर्ग्रन्थ थे ।
-सम्पादक

कुमाराक-सन्निवेश से चलकर भगवान् चोराक सन्निवेश गये । वहां के पहरेदार चोरों के भय से बड़े सतर्क रहते थे और वे किसी अपरिचित व्यक्ति को गांव में नहीं आने देते थे । जब भगवान् गांव में पहुँचे तो पहरेदारों ने भगवान् से उनका परिचय पूछा । किन्तु भगवान् ने कोई उत्तर नहीं दिया । पहरेदारों ने उन्हें गुप्तचर समझ कर पकड़ लिया और बहुत सताया । जब सोमा और जयन्ती नामक परिव्राजिकाओं से भगवान् का परिचय मिला, तब उन्होंने उन्हें छोड़ा और अपने दुष्कृत्य के लिए क्षमा मांगी ।

चोराक से भगवान् ने पृष्ठचम्पा की ओर विहार किया और यहीं पर चौथा चातुर्मास व्यतीत किया। इस चतुर्मास में भगवान् ने पूरे चार मास का उपवास रखा और अनेक योगासनों से तपस्या करते रहे । चातुर्मास समाप्त होते ही नगर के बाहिर पारणा करके भगवान् ने कयंगला सन्निवेश की ओर विहार किया ।

पांचवां वर्ष

कंयगला में भ. महावीर ने नगर के बाहिरी भाग के एक उद्यान में बने देवालय में निवास किया। वे उसके एक कोने में कायोत्सर्ग कर ध्यान-मग्न हो गये । उस दिन देवालय में रात्रि-जागरण करते हुए कोई धार्मिक उत्सव मनाया जाने वाला था, अत: रात्रि प्रारम्भ होते ही नगर से स्त्री और पुरुष एकत्रित होने लगे । गाने-बजाने के साथ ही धीरे-धीरे स्त्री और पुरुष मिलकर नाचने लगे । गोशाला को यह सब कुछ अच्छा नहीं लगा और वह उन लोगों की निंदा करने लगा । अपनी निंदा सुनकर गांव वालों ने उसे मन्दिर से बाहिर निकाल दिया । वह रात भर बाहिर ठंड में ठिठुरता रहा ।

प्रात: काल होने पर भगवान् ने वहां से श्रावस्ती की ओर विहार कर दिया । गोचरी का समय होने पर गोशाला ने नगर में चलने को कहा । गोचरी में वहां एक ऐसी घटना घटी कि जिससे गोशाला को विश्वास हो गया कि 'होनहार दुर्निवार है।'

श्रावस्ती से भगवान् हलिद्दुय गांव की ओर गये । वे नगर के बाहिर एक वृक्ष के नीचे ध्यान-स्थित हो गये। रात में वहां कुछ यात्री ठहरे और ठंड से बचने के लिए उन्होंने आग जलाई । प्रात: काल होने के पूर्व ही यात्री लोग तो चल दिये, पर आग बढ़ती हुई भगवान् के पास जा पहुँची, जिससे उनके पैर झुलस गये । भगवान् ने यह वेदना शान्ति-पूर्वक सहन की और आग के बुझ जाने पर उन्होंने नगला गांव की ओर विहार किया । वहां गांव के बाहिर भगवान् तो वासुदेव के मन्दिर में ध्यान-स्थित हो गये, किन्तु वहां खेलने वाले लड़कों को गोशाला ने आंख दिखाकर डरा दिया । लड़के गिरते पड़ते घर को भागे और उनके अभिभावकों ने आकर गोशाला को खूब पीटा ।

नंगला से विहार कर भगवान् आवर्त गांव पहुंचे और वहां नगर से बाहिर बने बलदेव के मन्दिर में रात भर ध्यान-स्थित रहे । दूसरे दिन वहां से चलकर चोराक-सन्निवेश पहुँचे और वहां भी वे नगर से बाहिर ही किसी एकान्त स्थान में ध्यान-स्थित रहे । पर गोशाला गोचरी के लिए नगर की ओर चला और लोगों से उसे गुप्तचर समझकर पकड़ लिया और खूब पीटा ।

चोराक-सन्निवेश से भगवान् जब कलंबुका-सन्निवेश की ओर आ रहे थे तो मार्ग में सीमा-रक्षकों ने उनसे पूछा कि तुम लोग कौन हो ? उत्तर न मिलने पर दोनों को पीटा गया और पकड़ कर वहां के स्वामी के पास भेज दिया गया । उसने भगवान् को पहिचान लिया और उन्हें मुक्त कर अपनी भूल के लिए क्षमा मांगी ।

यहां से भगवान् ने लाढ़ देश की ओर विहार किया । वहां उन्हें ठहरने योग्य स्थान भी नहीं मिलता था, अत: जहां कहीं कंकरीली-पथरीली विषम भूमि पर ठहरना पड़ता था । वहां के लोग भगवान् को मारते और उन पर कुत्ते छोड़ देते थे । वहां आहार भी जब कभी कई-कई दिनों के बाद रूखा-सूखा मिलता था पर भगवान् ने उस देश में परिभ्रमण करते हुए इन सब कष्टों को बड़ी शान्ति से सहन किया । जब भगवान् वहां से लौट रहे थे, तब सीमा पर मिले हुए दो चोरों ने उन्हें बड़ा कष्ट पहुँचाया।

वहां से आकर भगवान् ने भद्दिया नगरी में पांचवा चातुर्मास किया । यहां पूरे चार मास का उपवास अंगीकार कर विविध आसनों से ध्यान-स्थित रहे और आत्म-चिन्तन करते रहे । चातुर्मास समाप्त होते ही नगर के बाहिर पारणा करके भगवान ने कदली समागम की ओर विहार किया ।

छठा वर्ष

कदली-समागम से भगवान् जम्बूखंड गये और वहां से तम्बाय सन्निवेश गये और गांव के बाहिर ध्यान-स्थित हो गये । यहां पार्श्व-सन्तानीय नन्दिषेण आचार्य रात्रि में किसी चौराहे पर ध्यान-स्थित थे, तब वहां के कोट्टपाल के पुत्र ने उन्हें चोर समझ कर भाले से मार डाला । गोशाला ने इसकी सूचना नगर में दी और वापिस भगवान् के पास आ गया ।

तम्बाय-सन्निवेश से भगवान् कूपिय-सन्निवेश गये । यहां के लोगों ने उन्हें गुप्तचर समझ कर पकड़ लिया और खूब पीटा । बाद में उन्हें कैद करके कारागृह में डाल दिया । इस बात की सूचना जब पार्श्वनाथ-सन्तानीय विजया और प्रगल्भा साध्वियों को मिली, तो उन्होंने कारागृह के अधिकारियों से आकर कहा- 'अरे यह क्या किया ? क्या तुम लोग सिद्धार्थ के पुत्र भ महावीर को नहीं पहिचानते हो ? इन्हें शीघ्र मुक्त करो । भगवान् का परिचय पाकर उन्होंने अपने दुष्कृत्य का पश्चात् किया, भगवान् से क्षमा मांगी और उन्हें कैद से मुक्त कर दिया ।

कूपिय-सन्निवेश से भगवान् ने वैशाली की ओर विहार किया । इस समय गोशाला ने भगवान् से कहा-'भगवान्, न तो आप मेरी रक्षा करते हैं और न आपके साथ रहने में मुझे कोई सुख है । प्रत्युत कष्ट ही भोगना पड़ते हैं और भोजन की भी चिन्ता बनी रहती है ।' यह कहकर गोशाला राजगृह की ओर चला गया । भगवान् वैशाली पहुँच कर एक कम्मारशाला में ध्यान-स्थित हो गये । दूसरे दिन जब उसका स्वामी आया और उसने भगवान् को वहां खड़ा देखा तो हथोड़ा लेकर उन्हें मारने के लिए झपटा, तब किसी भद्र पुरुष ने आकर उन्हें बचाया ।

वैशाली से विहार कर भगवान् ग्रामक-सन्निवेश आये और गांव के बाहिरी यक्ष-मन्दिर में ध्यान-स्थित रहे । वहां से चलकर भगवान् शालीशीर्ष आये और यहां पर भी नगर के बाहिर ही किसी उद्यान में ध्यान-स्थित हो गये । माघ का महीना था, कड़ाके की ठंड पड़ रही थी और भगवान् तो नग्न थे ही । ऐसी अति भंयकर शीत वेदना को सहते समय ही वहां की अधिष्ठात्री कोई व्यन्तरी आई और संन्यासिनी का रूप बनाकर अपनी बिखरी हुई जटाओं में जल भर कर भगवान् के ऊपर छिड़कने लगी और उनके कन्धे पर चढ़ कर अपनी जटाओं से हवा करने लगी । इस भंयकर शीत-वेदना को भगवान् ने रात भर परम शान्ति से सहा । प्रातः होते ही वह अपनी हार मान कर वहां से चली गई और उपसर्ग दूर होने पर भगवान् ने वहां से भद्दिया नगरी की ओर विहार किया । छठा चातुर्मास भगवान् ने भद्दिया में ही बिताया । इस चौमासे भर भी भगवान् ने उपवास ही किया और अखण्ड रूप से आत्म-चिन्तन में निरत रहे। इधर गोशाला छह मास तक इधर-उधर घूम कर और अनेक कष्ट सहन करके भगवान् के पास पुनः आ गया ।

चातुर्मास समाप्त होने पर पारणा करके भगवान् ने मगध देश की ओर विहार किया ।

सातवां वर्ष

भगवान् शीत और ग्रीष्म ऋतु के पूरे आठ मास तक मगध के अनेक ग्रामों में विचरते रहे । गोशाला भी साथ रहा । वर्षा-काल समीप आने पर चातुर्मास के लिए भगवान् आलंभिया पुरी आये । यहां पर भी उन्होंने चार मास का उपवास अङ्गीकार किया और आत्म-चिन्तन में निरत रहे । चौमासा पूर्ण होने पर पारणा करके भगवान् ने कुंडाक-सन्निवेश की ओर विहार किया ।

आठवां वर्ष

कुंडाक-सन्निवेश में भगवान् वासुदेव के मन्दिर में कुछ समय तक रहे । पुनः वहां से विहार कर मद्दन्न-सन्निवेश के बलदेव-मन्दिर में ठहरे । पश्चात् वहां से चल कर बहुसालग गांव में पहुँचे और शालवन में ध्यान-स्थित हो गये । यहां पर भी एक व्यन्तरी ने भगवान् के ऊपर घोरातिघोर उपसर्ग किये और अन्त में हार कर वह अपने स्थान को चली गई । उपसर्ग दूर होने पर भगवान् ने भी वहां से विहार किया और लोहार्गला पहुँचे । वहां के पहरेदारों ने इनका

परिचय पूछा, कुछ उत्तर न मिलने पर उन्होंने गुप्तचर जानकर उन्हें पकड़ लिया और राजा के पास ले गये । वहां पर भगवान् का पूर्व परिचित उत्पल ज्योतिषी बैठा हुआ था, वह भगवान् को देखते ही उठ खड़ा हुआ और भगवान् को नमस्कार कर राजा से बोला- राजन् ये तो राजा सिद्धार्थ के पुत्र धर्म-चक्रवर्ती तीर्थङ्कर भगवान् महावीर हैं, गुप्तचर नहीं हैं । तब राजा ने उनके बन्धन खुलवाये और क्षमा मांग कर उनका आदर-सत्कार किया ।

लोहार्गला से भगवान् ने पुरिमतालपुर की ओर विहार किया और नगर के बाहिरी उद्यान में कुछ समय तक ठहरे। पुरिमताल से भगवान् उन्नाग और गोभूमि होकर राजगृह पहुँचे और वहीं आठवां चातुर्मास किया । इस चौमासे भर भी भगवान् ने उपवास ही रखकर आत्म-चिन्तन किया । चातुर्मास के समाप्त होने पर पारणा करके भगवान् ने वहां से विहार कर दिया ।

नवां वर्ष

राजगृह से भगवान् ने पुनः लाढ देश की ओर विहार किया और वहां के वज्र-भूमि, सुम्ह-भूमि जैसे अनार्य प्रदेश में पहुँचे । यहां पर ठहरने योग्य स्थान न मिलने से वे कभी किसी वृक्ष के नीचे और कभी किसी खंडहर में ठहरते हुए विचरने लगे । यहां के लोग भगवान् की हंसी उड़ाते, उन पर धूलि और पत्थर फेंकते, गालियां देते और उन पर शिकारी कुत्ते छोड़ते थे । पर इन सारे कष्टों को सहते हुए कभी भी भगवान् के मन में किसी प्रकार कोई का रोष या आवेश नहीं आया ।

चातुर्मास आ जाने पर भी भगवान् को ठहरने योग्य कोई स्थान नहीं मिला, अतः पूरा चौमासा उन्होंने वृक्षों के नीचे या खंडहरों में रहकर ही बिताया । चातुर्मास समाप्त होने पर भगवान् ने वहां से विहार कर दिया । यहां यह ज्ञातव्य है कि भगवान् इस अनार्य देश में छह मास तक विचरण करते हुए रहे, पर एक भी दिन आहार नहीं लिया, अर्थात छह मास के लगातार उपवास किये ।

दशवां वर्ष

अनार्य देश से निकल कर भगवान् ने सिद्धार्थपुर की ओर विहार किया और क्रमशः विचरते हुए वैशाली पहुँचे। एक दिन नगर के बाहिर आप कायोत्सर्ग से ध्यानावस्थित थे कि वहां के लड़कों ने आपको पिशाच समझ कर बहुत परेशान किया । जब वहां के राजा को इस बात का पता चला, तो वह भगवान् के पास आया और पहिचान कर उनसे लड़कों के दुष्कृत्यों की क्षमा मांगी और वन्दना की ।

वैशाली से भगवान् ने वाणिज्य ग्राम की ओर विहार किया । मार्ग में गण्डकी नदी मिली । भगवान् ने नाव-द्वारा उसे पार किया । नदी के उस पार पहुँचने पर नाविक ने उतराई मांगी । जब कुछ उत्तर या उतराई नहीं मिली, तो उसने भगवान् को रोक लिया । भाग्य से एक परिचित व्यक्ति तभी वहां आया । उसने भगवान् को पहिचान कर नाविक को उतराई दी और भगवान् को मुक्त कराया ।

वहां से विहार कर भगवान् वाणिज्यग्राम के बाहिर में स्थित हो गये। जब वहां के निवासी श्रमणोपासक आनन्द को भगवान् के पधारने का पता चला, तो उसने आकर भगवान् की वन्दना की । वहां से विहार कर भगवान् श्रावस्ती पधार और दशवां चातुर्मास आपने यहीं पर बिताया ।

यहां यह ज्ञातव्य है कि गोशाला ने चातुर्मास के पूर्व ही भगवान् का साथ छोड़ दिया था और तेजोलेश्या की साधना कर स्वयं नियतिवाद का प्रचारक बन गया था ।

ग्यारहवां वर्ष

श्रावस्ती से भगवान् ने सानुलट्ठिय सन्निवेश की ओर विहार किया । इस समय आपने भद्र, महाभद्र और सर्वतोभद्र तपस्याओं को करते हुए सोलह उपवास किये । तपका पारणा भगवान् ने आनन्द उपासक के यहां किया और दृढ़भूमि

की ओर विहार कर दिया । मार्ग में पेढाल-उद्यान के चैत्य में जाकर तेला का उपवास ग्रहण कर एक शिला पर ही ध्यान-स्थित हो गये । एक रात्रि को जब भगवान् ध्यानारूढ़ थे, तब संगमक देव ने रात भर भयंकर से भयंकर नाना प्रकार के उपसर्ग किये । पर वह भगवान् को ध्यान से विचलित न कर सका । प्रातः काल होने पर वह अन्तर्धान हो गया और भगवान् ने वालुका की ओर विहार किया । वहां से सुयोग, सुच्छेत्ता, मलय और हस्तिशीर्ष आदि गांवों में विचरते हुए तोसलि गांव पहुँचे । मार्ग में वह संगमक देव कुछ न कुछ उपद्रव करता ही रहा, मगर भगवान् निर्विकार रहते हुए सर्वत्र विजय पाते रहे ।

तोसलि गांव से भगवान् मोसलि गांव पहुँचे और वहां के उद्यान में कायोत्सर्ग लगाकर ध्यान-स्थित हो गये । यहां संगमक ने उपद्रव करना प्रारंभ किया और चोर कह कर राज्याधिकारियों से पकड़वा दिया । वहां के राजा ने आपसे कई प्रश्न पूछे । पर जब कोई उत्तर नहीं मिला, तब उसने क्रोध में आकर आपको फांसी लगाने का हुक्म दे दिया । भगवान् के गले में फांसी का फंदा लगाया गया और ज्यों ही नीचे का तख्ता हटाया गया, त्यों ही फंदा टूट गया । इस प्रकार सात बार फांसी लगायी गयी और सातों ही बार फंदा टूटता गया यह देख कर सभी अधिकारी आश्चर्य-चकित होकर राजा के पास पहुँचे । राजा इस घटना से बड़ा प्रभावित हुआ और उसने भगवान् के पास जाकर क्षमा मांगी और उन्हें बन्धन से मुक्त कर दिया ।

मोसलिग्राम स भगवान् सिद्धार्थपुर गये । वहां पर भी भगवान् को चोर समझ कर पकड़ लिया गया । किन्तु एक परिचित व्यक्ति ने उन्हें छुड़वा दिया । वहां से भगवान् वज्रग्राम गये । जब वे पारणा के लिए नगर में विचर रहे थे, तो वहां भी संगमक ने आहार में अन्तराय किया । तब भगवान् आहार लिए बिना ही वापिस चले आये । इस प्रवास में पूरे छह मास के पश्चात् भगवान् की पारणा वज्रग्राम में एक वृद्धा के यहां हुई ।

वज्रग्राम से भगवान् आलंभिया, सेयविया आदि ग्रामों में विचरते हुए श्रावस्ती पहुँचे और नगर के बाहरी उद्यान में ध्यानस्थित हो गये । पुनः वहां से विहार कर कौशाम्बी, वाराणसी, राजगृह, मिथिला आदि नगरों में विहार करते हुए वैशाली पहुँचे और ग्यारहवां चातुर्मास आपने यहीं पर व्यतीत किया और पूरे चातुर्मास भर भगवान् ने उपवास किये।

बारहवां वर्ष

वैशाली से भगवान् ने संुसुमारपुर की ओर विहार किया और क्रमशः भोगपुर और नन्दग्राम होते हुए मेढियग्राम पधारे । यहां पर भी एक गोपालक ने भगवान् को कष्ट देने का प्रयास किया ।

मेढियग्राम से भगवान् कौशाम्बी गये और पौष कृष्णा प्रतिपदा के दिन भगवान् ने गोचरी को जाते समय यह अभिग्रह लिया कि "यदि शिर से मुंडित, पैरों में बेड़ी, तीन दिन की उपासी, पके हुए उड़द के वाकुल सूप के कोने में लेकर द्वार के बीच में खड़ी हुई, दासीपने को प्राप्त हुई किसी राजकुमारी के हाथ से भिक्षा मिलेगी, तो ग्रहण करूंगा, अन्यथा नहीं।" ऐसे अटपटे अभिग्रह को लेकर भगवान् लगातार चार मास तक नगर में गोचरी को जाते रहे । मगर अभिग्रह पूरा नहीं हुआ । सारे नगर में चर्चा फैल गई कि भगवान् भिक्षा के लिए आते तो हैं, परन्तु बिना कुछ लिए ही लौट जाते हैं । वहां के निवासियों ने और राजा ने भी अभिग्रह जानने के लिए अनेक प्रयत्न किये, पर कोई सफलता नहीं मिली । इस प्रकार पांच दिन कम छह मास बीत गये । इस दिन सदा की भांति भगवान् गोचरी को आये कि अभिग्रह के अनुसार चन्दना को पड़िगाहते हुए देखा और अपना अभिग्रह पूरा होता देखकर उसके हाथ से आहार ले लिया । भगवान् के आहार ग्रहण करते ही चन्दना की सब बेड़ियां खुल गई और आकाश में जय-जय कार ध्वनि गूंजने लगी। भगवान् आहार करके इधर वापिस चले आये और उधर राजा शतानिक को जब यह बात ज्ञात हुई, तो वह चन्दना के समीप पहुँचे । चन्दना को देखते ही रानी मृगावती ने उसे पहिचान लिया और बोली-'अरे यह तो मेरी बहिन है' ऐसा कह कर उसे वहां से राज-भवन ले आई । पुनः उसने अपने पिता के यहां यह समाचार भेजा और राजा चेटक वैशाली से चन्दना को अपने घर लिवा ले गये । कालान्तर में यही चन्दना भगवान् के संघ की प्रथम साध्वी हुई ।

कौशाम्बी से विहार कर भगवान् सुमंगल, सुच्छेता, पालक ग्रामों में विचरते हुए चम्पापुरी पहुँचे और चार मास के उपवास का नियम लेकर वहीं चौमासा पूर्ण किया । चातुर्मास के पश्चात् विहार करके जंभियग्राम गये ।

तेरहवां वर्ष

जंभियग्राम में कुछ दिन रहने के पश्चात् भगवान् वहां से मेढियाग्राम होते हुए छम्माणि गये और गांव के बाहिर ही ध्यान में स्थित हो गये । रात के समय कोई गुवाला भगवान् के पास बैल छोड़कर गांव में चला गया और जब वापिस आया तो उसे बैल वहां नहीं मिले । उसने भगवान् से पूछा-देवार्य, मेरे बैल कहां गये ? भगवान् की ओर से कोई उत्तर नहीं मिलने पर क्रोधित होकर उसने कांस की शलाकाएं दोनों कानों में घुसेड़ दी और पत्थर से ऐसा ठोका कि कान के भीतर वे आपस में मिल गई । कान से बाहिर निकली शलाकाओं को उसने तोड़ दिया, ताकि कोई उनको देख न सके ।

श्वे. शास्त्रों में इस उपसर्ग का कारण यह बतलाया गया है कि जब महावीर का जीव त्रिपृष्ठ नारायण के भव में था, तब एक दिन रात्रि के समय वह सुख से अपनी शय्या पर लेटे थे और उनके सामने अनेक संगीतज्ञ सुन्दर संगीत-गान कर रहे थे । नारायण ने शय्या-पाल से कहा कि जब मुझे नींद आ जाय, तो इन गायकों को विदा कर देना । संगीत की सुरीली तान के सुनने में वह शय्या-पाल इतना तन्मय हो गया कि नारायण के सो जाने पर भी गायकों को विदा करना भूल गया और सारी रात गायक गाते रहे । नारायण जागे और गायकों को गाते हुए देखकर शय्या-पाल पर आग-बबूला होकर उससे पूछा कि गायकों को अभी तक विदा क्यों नहीं किया ? उसने विनम्र होकर उत्तर दिया-महाराज, मैं संगीत सुनने में तन्मय हो गया और आपका आदेश भूल गया । शय्या-पाल के उत्तर से नारायण और भी क्रुद्ध हुए और अधिकारियों को आदेश दिया कि इसके दोनों कानों में पिघला हुआ गर्म शीशा भर दिया जाय । बेचारा शय्या-पाल गर्म शीशे के कानों में पड़ते ही छटपटा कर मर गया । उस समय का बद्ध वह निकाचित कर्म महावीर के इस समय उदय में आया और अनेक योनियों में परिभ्रमण के बाद उसी शय्यापाल का जीव गुवाला बना और पूर्व भव के वैर से बैलों का निमित्त पाकर उसका रोष इतना बढ़ा कि उसने महावीर के दोनों कानों में शालकाएं ठोक दी ।

छम्माणि से विहार करते हुए भगवान् मध्यमपावा पधारे और गोचरी के लिए घूमते हुए सिद्धार्थ वैश्य के घर पहुँचे। आहार करते समय वहां उपस्थित खरक वैद्य ने भांपा कि भगवान् के शरीर में कोई शल्य है । आहार कर भगवान् गांव के बाहिर चले गये और उद्यान में पहुँच कर ध्यानारुढ़ हो गये । सिद्धार्थ भी वैद्य को लेकर वहां पहुँचा और शरीर की परीक्षा करने पर उसे कान में ठोकी हुई कीलें दिखाई दी । तब उसने संडासी से पकड़ कर दोनों शलाकाएं कानों से खींचकर बाहिर निकाल दी और कानों में घाव भरने वाली औषधि डाली । पुन: वन्दना करके वे दोनों वापिस गांव में लौट आये ।

इस प्रकार भयानक उपसर्ग और परीषह सहन करते हुए, तथा नाना प्रकार के तपश्चरण करते हुए भगवान् ने साढ़े बारह वर्ष व्यतीत किये ।

इस उल्लेख में महावीर के सैंतीस भवों के उल्लेख वाली बात विचारणीय है । कारण कि स्वयं असगने उन्हीं तेतीस ही भवों का वर्णन किया है, जिन्हें कि उत्तर पुराणकार आदि अन्य दि. आचार्यों ने भी लिखा है । सैंतीस भव तो होते ही नहीं हैं । श्वे. मान्यता के अनुसार २७ भव होते हैं, परन्तु जब असग ने ३३ भव गिनाये हैं, तो २७ भवों की संभावना ही नहीं उठती है । उपलब्ध पाठ को कुछ परिवर्तन करके 'ससाधिक-विंशभवप्रबन्ध' मानकर २७ भवों की कल्पना की जाय, तो उनके कथन में पूर्वापर-विरोध आता है । ऐसा प्रतीत होता है कि असगने भवों को एक-एक करके गिना नहीं है और श्वेताम्बर सम्प्रदाय की प्रचलित मान्यता को ध्यान में रख कर वैसा उल्लेख कर दिया है । जो कुछ भी हो, पर यह बात विचारणीय अवश्य है ।

(२)

भट्टारक श्री सकलकीर्ति ने संस्कृत भाषा में 'वीर-वर्धमान चरित्र' की रचना की है । ये विक्रम की १५वीं शताब्दी के आचार्य हैं । इनका समय वि. सं. १४४३ से १४९९ तक रहा है । इन्होंने संस्कृत में २८ और हिन्दी में ७ ग्रन्थों की रचना की है । यहां उनमें से उनके 'वर्धमान चरित्र का कुछ परिचय दिया जाता है ।

इस चरित्र में कुल १९ अध्याय हैं । प्रथम अध्याय में सर्व तीर्थंकरों को पृथक-पृथक श्लोकों में नमस्कार कर, त्रिकाल-वर्ती तीर्थंकरों और विदेहस्थ तीर्थंकरों को भी नमस्कार कर गौतम गणधर से लगाकर सभी अंग-पूर्वधारियों को उनके नामोल्लेख-पूर्वक नमस्कार किया है । अन्त में कुन्दकुन्दादि मुनीश्वरों को और सरस्वती देवी को नमस्कार कर वक्ता और श्रोता के लक्षण बतलाकर योग्य श्रोताओं को सम्बोधित करते हुए सत्कथा सुनने की प्रेरणा की है ।

दूसरे अध्याय में भगवान् महावीर के पूर्व भवों में पुरुरवा भील से लेकर विश्वनन्दी तक के भवों का वर्णन है। इस सर्ग में देवों का जन्म होने पर वे क्या-क्या विचार और कार्य करते हैं, यह विस्तार से सा[illegible]या गया है। मरीचि के जीव ने चौदहवें भव के बाद मिथ्यात्व कर्म के परिपाक से जिन असंख्य योनियों में परिभ्रमण किया उन्हें लक्ष्य में रखकर ग्रन्थकार अपना दुःख प्रकट करते हुए कहते हैं-

वरं हुताशने पातो वर हालाहलाशनम् ।
अब्धौ वा मज्जनं श्रेष्ठं मिथ्यात्वान्नच जीवितम् ॥३२॥

अर्थात्-अग्नि में गिरना अच्छा है, हालाहल विष का खाना उत्तम है और समुद्र में डूब मरना श्रेष्ठ है, परन्तु मिथ्यात्व के साथ जीवित रहना अच्छा नहीं है ।

इससे आगे अनेक दुःखदायी प्राणियों के संगम से भी भयानक दुःखदायी मिथ्यात्व को बतलाये हुए कहते हैं-

एकतः सकलं पाप मिथ्यात्वमेकतस्तयोः ।
वदन्त्यत्रान्तरं दक्षा मेरु-सर्षपयोरिव ॥३४॥

अर्थात् - एक ओर सर्व पापों को रखा जाय और दूसरी ओर अकेले मिथ्यात्व को रखा जाय, तो दक्ष पुरुष इन दोनों का अन्तर मेरु पर्वत और सरसों के दाने के समान [illegible]लाते हैं । भावार्थ- मिथ्यात्व का पाप मेरु-तुल्य महान् है ।

तीसरे अध्याय में भ. महावीर के बीसवें भव तक का वर्णन है, जहां पर कि त्रिपृष्ट नारायण का जीव सातवें नरक का नारकी बनकर महान् दुःखों को सहता है । इस सर्ग में नरकों के दुःखों का विस्तृत वर्णन किया गया है। मध्यवर्ती भवों का वर्णन भी कितनी ही विशेषताओं को लिए हुए है ।

चौथे अध्याय में भ महावीर के हरिषेण वाले सताईसवें भव तक का वर्णन है । इसमें तेईसवें भव वाले मृग-भक्षण करते हुए सिंह को सम्बोधन करके चारण मुनियों के द्वारा दिया गया उपदेश बहुत ही उद्-बोधक है । उनके उपदेश को सुनते हुए सिंह को जाति-स्मरण हो जाता है और वह आंखो से अश्रुधारा बहाता हुआ मुनिराजों की ओर देखता है, उसका ग्रन्थकार ने बड़ा ही सजीव वर्णन किया है । यथा-

गलद्बाष्पजलोऽतीवशान्तचित्तो भगवत्तराम् ।
अश्रुपातं शुचा कुर्वन् पश्चात्तापमयेन च ॥२४॥
पुनर्मुनिर्हरिं वीक्ष्य स्वस्मिन् बद्धनिरीक्षणम् ।
शान्तान्तरंगमभ्येत्य कृपयैवमभाषत ॥२५॥

पुनः मुनि के दिये गये धर्मोपदेश को सिंह हृदय में धारण करता है और मिथ्यात्व को महान् अनर्थ का करने वाला जानकर उसका परित्याग करता है । कवि कहते हैं-

मिथ्यात्वेन समं पापं न भूतं न भविष्यति ।
न विद्यते त्रिलोकेऽपि विश्वानर्थनिबन्धनम् ॥४४॥

अन्त में निराहार रहकर सिंह संन्यास के साथ मरकर दसवें स्वर्ग में उत्पन्न होता है और वहां से चय कर प्रियमित्र राजा का भव धारण करता है । पांचवें अध्याय में भ. महावीर के नन्द नामक इकतीसवें भव तक का वर्णन है । इस में भगवान् के उन्तीसवें भव वाले प्रियमित्र चक्रवर्ती की विभूति का बड़े विस्तार से वर्णन किया गया है । जब चक्रवर्ती अपने वैभव का परित्याग करके मुनि बनकर मुनिधर्म का विधिवत् पालन करते हैं, तब कवि कहते हैं-

सुखिना विधिना धर्मः कार्यः स्वसुख-वृद्धये ।
दुःखिना दुःख-घाताय सर्वथा वेतरैःजनैः ॥९०॥

अर्थात् सुखी जनों को अपने सुख की और भी वृद्धि के लिए, दुखी जनों को दुःख दूर करने के लिए, तथा सर्व साधारण जनों को दोनों ही उद्देश्यों से धर्म का पालन करना चाहिए ।

चक्रवर्ती द्वारा किये गये दुर्धर तपश्चरण का भी बहुत सुन्दर एवं विस्तृत वर्णन किया गया है ।

छठे अध्याय में भगवान् के उपान्त्य भव तक का वर्णन किया गया है । भगवान् का जीव इकतीसवें भव में दर्शन-विशुद्धि आदि षोडश कारण भावनाओं का चिन्तवन करके तीर्थकर प्रकृति का बन्ध करता है । इस सन्दर्भ में षोडश भावनाओं का , साथ ही सोलहवें स्वर्ग में उत्पन्न होने पर वहां के सुख, वैभव आदि का भी विस्तृत वर्णन किया गया है ।

सातवें अध्याय में भ महावीर के गर्भावतार का वर्णन है । गर्भ में आने के छह मास पूर्व ही सौधर्मेन्द्र भगवान् के गर्भावतरण को जानकर कुबेर को आज्ञा देता है-

अथ सौधर्मकल्पेशो ज्ञात्वाऽच्युतसुरेशिनः ।
षण्मासावधिशेषायुः प्राहेति धनदं प्रति ॥४२॥
श्रीदात्र भारते क्षेत्रे सिद्धार्थनृप-मन्दिरे ।
श्रीवर्धमानतीर्थेशश्चरमोऽवतरिष्यति ॥४३॥
अतो गत्वा विधेहि त्वं रत्नवृष्टिस्तदालये ।
शेषाश्चर्याणि पुण्याय स्वाल्पशर्माकराणि च ॥४४॥

अर्थात्-अच्युतेन्द्र की छह मास आयु के शेष रह जाने की बात जानकर सौधर्मेन्द्र ने कुबेर को आदेश दिया कि भरत क्षेत्र में जाकर सिद्धार्थ राजा के भवन में रत्नवृष्टि आदि सभी आश्चार्यकारी अपने कर्त्तव्यों को करो, क्योंकि अन्तिम तीर्थङ्कर वहां जन्म लेने वाले हैं ।

कुबेर को आज्ञा देकर इन्द्र पुनः माता की सेवा के लिए दिक्कुमारिका देवियों को भेजता है और वे आकर त्रिशला देवी की भली-भांति सेवा करने में संलग्न हो जाती हैं । इसी समय त्रिशला देवी सोलह स्वप्नों को देखती हैं, तभी प्रभातकाल होने के पूर्व ही वन्दारु पाठक वादित्रों की ध्वनि के साथ जिन शब्दों का प्रयोग करते हुए माता को जगाते हैं, वह समग्र प्रकरण तो पढ़ने के योग्य ही है । माता जाग कर शीघ्र प्राभातिक क्रियाओं को करती हैं, पति के पास जाती है और स्वप्न कह कर फल पूछती है । त्रिज्ञानी पति के मुख से फल सुन कर परम हर्षित हो अपने मन्दिर में आती है । तभी स्वर्गादि से चतुर्निकाय के देव आकर गर्भ-कल्याणक महोत्सव करते हैं और भगवान् के माता-पिता का अभिषेक कर एवं उन्हें दिव्य वस्त्राभरण देकर उनकी पूजा कर तथा गर्भस्थ भगवान् को नमस्कार कर अपने-अपने स्थान को वापिस चले जाते हैं-

जिनेन्द्र-पितरौ भक्त्या ह्यारोप्य हरिविष्टिरे ।
अभिषिच्य कनत्काञ्चनकुम्भैः परमोत्सवैः ॥२०॥
प्रपूज्य दिव्यभूषास्रग्वस्त्रैः शक्राः सहामरैः ।
गर्भान्तस्थं जिनं स्मृत्वा प्रणेमुस्त्रिपरीत्य ते ॥२१॥
इत्याद्यं गर्भकल्याणं कृत्वा संयोज्य सद्-गुरोः ।
अम्बायाः परिचर्यायां दिक्कुमारी रनेकशः ॥२२॥
आदिकल्पाधिपो देवैः समं शक्रैरुपार्ज्य च ।
परं पुण्यं सुचेष्टाभिर्नाकलोकं मुदा ययौ ॥२३॥

आठवें अध्याय में दिक्कुमारिका देवियों द्वारा भगवान् की माता की विविध प्रकारों से की गई सेवा-सुश्रूषा का और उनके द्वारा पूछे गये अनेकों शास्त्रीय प्रश्नों के उत्तरों का बहुत ही सुन्दर और विस्तृत वर्णन है । पाठकों की जानकारी के लिए चाहते हुए भी विस्तार के भय से यहां उसे नहीं दिया जा रहा है । इस विषय के जानने की इच्छा रखने वाले पाठकों से निवेदन है कि वे इस स्थल को संस्कृतज्ञ विद्वानों से अवश्य सुनने या पढ़ने का प्रयत्न करें ।

क्रमशः गर्भ-काल पूर्ण होने पर चैत सुदी १३ के दिन भगवान् का जन्म होता है, चारों जाति के देवों के आसन कम्पित होते हैं, अवधिज्ञान से भगवान् का जन्म हुआ जानकर वे सपरिवार आते हैं और शची प्रसूति गृह में जाकर माता की स्तुति करके माता को मायावी निद्रा से सुलाकर एवं मायामयी बालक को रखकर और भगवान् को लाकर इन्द्र को सौंप देती हैं । इस प्रसंग में ग्रन्थकार ने शची के प्रच्छन्न रहते हुए ही सर्व कार्य करने का वर्णन किया है। यथा-

इत्यभिस्तुत्य गूढाङ्गी तां मायानिद्रयान्विताम् ।
कृत्वा मायामय बालं निधाय तत्पुरोद्गुरम् ॥८०॥

जब इन्द्राणी भगवान् को प्रसूति-गृह से लाती है, तो दिक्कुमारियां अष्ट मंगल द्रव्यों को धारण करके आगे-आगे चलती हैं । इन्द्र भगवान् को देखते ही भक्ति से गद्-गद होकर स्तुति कर अपने हाथों में लेता है और ऐरावत पर बैठकर सब देवों के साथ सुमेरु पर्वत पर पहुँचता है । इस स्थल पर सकलकीर्ति ने देवी-देवताओं के आनन्दोद्रेक का और सुमेरु पर्वत का बड़ा विस्तृत वर्णन किया है ।

नवें अध्याय में भगवान् के अभिषेक का वर्णन है । यहां बताया गया है कि भगवान् के अभिषेक-समय इन्द्र के आदेश से सर्व दिग्पाल अपनी-अपनी दिशा में बैठते हैं । पुनः क्षीर सागर से जल भरकर लाये हुए १००८ कलशों को इन्द्र अपनी तत्काल ही विक्रियानिर्मित १००८ भुजाओं में धारण करके भगवान् के शिर पर जलधारा छोड़ता हैं । पुनः शेष देव भी भगवान् के मस्तक पर जलधारा करते हैं । इस स्थल पर सकलकीर्ति ने गन्ध, चन्दन एवं अन्य सुगन्धित द्रव्यों से युक्त जल भरे कलशों से भगवान् का अभिषेक कराया है । यथा-

पुनः श्रीतीर्थकर्तारमभ्यसिञ्चच्छताध्वरः ।
गन्धाम्बुचन्दनाद्यैश्च विभूत्याऽमा महोत्सवैः ॥२९॥
सुगन्धिद्रव्यसम्मिश्रसुगन्धजलपूरितैः ।
गन्धोदकमहाकुम्भैर्मणिकाञ्चननिर्मितैः ॥३०॥

यहां यह बात फिर भी उल्लेखनीय है कि उन्होंने दही-घी आदि से भगवान् का अभिषेक नहीं कराया है ।

यहां पर सकलकीर्ति ने भगवान् के इस अभिषेक की जलधारा का कई श्लोकों में माहात्म्य वर्णन किया है और भावना की है कि वह पवित्र जलधारा हमारे मन को भी दुष्कर्मों के मैल से छुड़ाकर पवित्र करे । पुनः सर्व देवों ने जगत् की शान्ति के लिए शान्ति पाठ पढ़ा । पुनः इन्द्राणी ने भगवान् को वस्त्राभूषण पहिनाये । कवि ने इन वस्त्र और सभी आभूषणों का काव्यमय विस्तृत आलङ्कारिक वर्णन किया है । तत्पश्चात इन्द्र ने भगवान् की स्तुति की, जिसका वर्णन कवि ने पूरे २० श्लोकों में किया है । पुनः भगवान् का नाम संस्कार कर वीर और श्री वर्धमान नाम रखकर जय-जयकार करते हुए सर्व देव-इन्द्र के साथ कुण्डनपुर आये और भगवान् माता-पिता को सौंप कर तथा उनकी स्तुति कर और आनन्द नाटक करके अपने स्थान को चले गये । कवि ने इस आनन्द नाटक का बड़ा विस्तृत एवं चमत्कारी वर्णन किया है ।

दशवें अध्याय में भगवान् की बाल-क्रीड़ा का सुन्दर वर्णन किया है । जब महावीर कुमारावस्था को प्राप्त हुए, तो उनके जन्म-जात मति, श्रुत और अवधिज्ञान सहज में ही उत्कर्ष को प्राप्त हो गये । उस समय उन्हें सभी विद्याएं और कलाएं स्वयं ही प्राप्त हो गईं, क्योंकि तीर्थङ्कर का कोई गुरु या अध्यापन कराने वाला नहीं होता है । सकलकीर्ति लिखते हैं-

तेन विश्वपरिज्ञानकला-विद्यादयोऽखिलाः ।
गुणा धर्मा विचाराद्यश्चागुः परिणतिं स्वयम् ॥१४॥

ततोऽयं नृसुरादीनां बभूव गुरूर्जितः ।
नापरो जातु देवस्य गुरुर्वाऽध्यापकोऽस्त्यहो ॥१५॥

आठ वर्ष के होने पर महावीर ने स्वयं ही श्रावक के व्रत ग्रहण कर लिये । महावीर के क्रीड़ा-काल में संगमक देव के द्वारा सर्परूप बनकर आने और भगवान् के निर्भयपने को देखकर 'महावीर' नाम रखकर स्तुति करके जाने का भी उल्लेख है ।

इस स्थल पर ग्रन्थकार ने भगवान् के शरीर में प्रकट हुए १०८ लक्षणों के भी नाम गिनायें हैं । पुनः कुमार-कालीन क्रीड़ाओं का वर्णन कर बताया गया है कि भगवान् का हृदय जगत् की स्थिति को देख-देखकर उत्तरोत्तर वैराग्य की ओर बढ़ने लगा और अन्त में तीस वर्ष की भरी-पूरी युवावस्था में वे घर-परित्याग को उद्यत हो गये । यहां माता-पिता के विवाह-प्रस्ताव आदि की कोई चर्चा नहीं है ।

ग्यारवें अध्याय में १३५ श्लोकों के द्वारा बारह भावनाओं का विशद वर्णन किया गया है, इनका चिन्तवन करते हुए महावीर का वैराग्य और दृढ़तर हो गया ।

बराहवें अध्याय में बताया गया है कि महावीर के संसार, देह और भोगों से विरक्त होने की बात को जानते ही लौकान्तिक देव आये और स्तवन-नमस्कार करके भगवान् के वैराग्य का समर्थन कर अपने स्थानं को चले गये । तभी घण्टा आदि के बजने से भगवान् को विरक्त जानकर सभी सुर और असुर अपने-अपने वाहनों पर चढ़कर कुण्डनपुर आये और भगवान् के दीक्षा कल्याणक करने के लिए आवश्यक तैयारी करने लगे । इस समय भगवान् ने वैराग्य उत्पादक मधुर-संभाषण से अपने दीक्षा लेने का भाव माता, पिता और कुटुम्बी जनों को अवगत कराया । इस अवसर पर लिखा है-

तदा स मातरं स्वस्य महामोहात्मानसाम् ।
बन्धूंश्च पितरं दक्षं महाकष्टेन तीर्थकृत् ॥४१॥
विविक्तैर्मधुरालापैरुपदेशशतादिभिः ।
वैराग्यजनकैर्वाक्यैः स्वदीक्षायै ह्यबोधयत् ॥४२॥

इधर तो भगवान् ने घर-बार छोड़कर देव-समूह के साथ वन को गमन किया और उधर माता प्रियकारिणी पुत्र-वियोग से पीड़ित होकर रोती-विलाप करती हुई वन की ओर भागी । इस स्थल पर कवि ने माता के करुण विलाप का जो चित्र खींचा है, उसे पढ़ कर प्रत्येक माता रोये बिना नहीं रहेगी । माता का ऐसा करुण आक्रन्दन सुन कर महत्तर देवों ने किसी प्रकार समझा बुझा करके उन्हें राज-भवन वापिस भेजा ।

भगवान् ने नगर के बाहिर पहुँच कर खंका नामक उद्यान में पूर्व से ही देवों द्वारा तैयार किये गये मण्डप में प्रवेश किया और वस्त्राभूषण उतार कर, पांच मुट्ठियों के द्वारा सर्व केशों को उखाड़ कर एवं सिद्धों को नमस्कार करके जिन-दीक्षा ग्रहण कर ली । देव-इन्द्रादिक अपना-अपना नियोग पूरा करके यथा-स्थान चले गये ।

इस स्थल पर भगवान् के दीक्षा ग्रहण कर लेने पर इन्द्र ने जिन सुसंस्कृत प्राञ्जल शब्दों में उनकी स्तुति की है, वह उसके ही योग्य है । कवि ने पूरे ३२ श्लोकों में इस का व्याज-स्तुति रूप से वर्णन किया है ।

तेरहवें अध्याय में भगवान् की तपस्या का, उनके प्रथम पारणा का, ग्रामानुग्राम विहार का और सदा काल जागरुक रहने का बड़ा ही मार्मिक एवं विस्तृत वर्णन किया है । इस प्रकार विचरते हुए भगवान् उज्जयिनी के श्मशान में पहुँचे। यथा-

विश्वोत्तरगुणैः सार्धं सर्वान् मूलगुणान् सुधीः ।
अतन्द्रितो नयन्नैव स्वप्नेऽपि मलसन्निधिम् ॥५८॥
इत्यादिपरमाचाराऽलङ्कृतो विहरन् महीम् ।
उज्जयिन्याः श्मशानं देवोऽतिमुक्ताख्यमागमत् ॥५९॥

वहां पहुँच कर भगवान् रात्रि में प्रतिमायोग धारण करके ध्यानावस्थित हो गये । तात्कालिक अन्तिम रुद्र को ज्यों ही इसका पता चला - कि वह ध्यान से विचलित करने के लिए अपनी प्रिया के साथ जा पहुँचा और उसने जो नाना प्रकार के उपद्रव रात्रि भर किये, वह यद्यपि वर्णनातीत हैं, तथापि सकल कीर्ति ने उनका बहुत कुछ वर्णन १५

श्लोकों में किया है। रात्रि के बीत जाने पर और घोरातिघोर उपद्रवों के करने पर भी जब रुद्र ने भगवान् को अविचल देखा, तो लज्जित होकर अपनी स्त्री के साथ उनकी स्तुति करके तथा आप महति महावीर हैं ऐसा नाम कह कर अपने स्थान को चला गया।

पुनः भगवान् उज्जयिनी से विहार करते हुए क्रमशः कौशाम्बी पहुँचे और दुर्धर अभिग्रह के पूरे होते ही चन्दना के द्वारा प्रदत्त आहार से पारणा की, जिससे वह बन्धन-मुक्त हुई। चन्दना की विशेष कथा दि. श्वे. शास्त्रों में विस्तार से वर्णित है, विशेष जिज्ञासु पाठकों को वहां से जानना चाहिए।

पुनः विहार करतेहुए भगवान् जृम्भिका ग्राम के बाहिर बहने वाली ऋजुकूला नदी के किनारे षष्ठोपवास का नियम लेकर एक शिला पर ध्यानस्थ हो गये और वैशाख शुक्ल दशमी के अपराह्न में क्षपक श्रेणी मांडकर और अन्तर्मुहूर्त में घातिया कर्मों का विनाश कर केवल ज्ञान को प्राप्त किया।

चौदहवें अध्याय में भगवान् के ज्ञान कल्याणक का ठीक वैसा ही वर्णन किया गया है, जैसा कि पुराणों में प्रत्येक तीर्थङ्कर का किया गया है। किन्तु सकल कीर्ति ने कुछ नवीन बातों का भी इस प्रकरण में उल्लेख किया है -

(१) भगवान् के ज्ञान कल्याणक को मनाने के लिए जाते समय इन्द्र के आदेश से बलाहक देव ने जम्बू द्वीप प्रमाण एक लाख योजन विस्तार वाला विमान बनाया। यथा-

तदा बलाहकाकारं विमानं कामकाभिधम्।
जम्बूद्वीपप्रमं रम्यं मुक्तालम्बनशोभितम् ॥१३॥
नानारत्नमयं दिव्यं तेजसा व्याप्त दिग्मुखम्।
किङ्किणीस्वनवाचालं चक्रे देवो बलाहकः ॥१४॥

इसी प्रकार के पालक विमान का विस्तृत वर्णन श्वे प्राकृत जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति और संस्कृत त्रिषष्ठिशलाका पुरुष चरित में मिलता है, जिस पर कि बैठ करके सपरिवार इन्द्र भगवान् के जन्म कल्याणादि के करने को आता है। यथा-

आदिशत्पालकं नाम वासवोऽप्याभियोगिकम।
असम्भाव्यप्रतिमानं विमानं क्रियतामिति ॥३५३॥
तत्कालं पालकोऽपीशनिदेशपरिपालकः।
रत्नस्तम्भसहस्रांशुपूरपल्लविताम्बरम् ॥३५४॥
गवाक्षैरक्षिमादेव दीर्घैर्दोष्मदिव ध्वजैः।
वेदीभिर्दन्तुरमिव कुम्भैः पुलकभागिव ॥३५५॥
पञ्चयोजनशत्युच्चं विस्तारे लक्षयोजनम्।
इच्छानुमानगमनं विमानं पालकं व्यधात् ॥३५६॥

(त्रिषष्ठि पुरुषचरितं पर्व १, सर्ग २)

जहां तक मेरा अध्ययन है, किसी अन्य दि. ग्रन्थ में मुझे इस प्रकार के पालक या बलाहक विमान के बनाने और उस पर इन्द्र के आने का उल्लेख दृष्टिगोचर नहीं हुआ है। ये पालक या बलाहक विमान दो नहीं, वस्तुतः एक ही हैं यह उद्धृत श्लोकों से पाठक स्वंय ही समझ जायंगे।

(२) श्वे. शास्त्रों के अनुसार सौधर्मेन्द्र उस विमान में अपनी सभी परिषदों के देवों, देवियों और अन्य परिजनों के साथ बैठकर आता है। किन्तु सकलकीर्त्ति ने इसका कुछ उल्लेख नहीं किया है।

(३) सकलकीर्त्ति ने यह भी वर्णन किया है कि कौन सा इन्द्र किस वाहन पर सवार होकर आता है। यथा-

(१) सौधर्मेन्द्र-ऐरावत गजेन्द्र पर। (२) ईशानेन्द्र-अश्व वाहन पर। (३) सनत्कुमारेन्द्र-मृगेन्द्र वाहन पर। (४) माहेन्द्र-वृषभ वाहन पर। (५) ब्रह्मेन्द्र-सारस वाहन पर। (६) लान्तवेन्द्र-हंस वाहन पर। (७) शुक्रेन्द्र-गरुड़ वाहन पर। (८) शतारेन्द्र-मयूर वाहन पर। (९) आनतेन्द्र-पुष्पक विमान पर। (१०) प्राणतेन्द्र-पुष्पक विमान पर (११) आरणेन्द्र-पुष्पक विमान पर। (१२) अच्युतेन्द्र-पुष्पक विमान पर।

इस प्रकार इस अध्याय में देवों के आने का और समवशरण की रचना का विस्तार से वर्णन किया गया है ।

पन्द्रहवें अध्याय में बताया गया है कि सभी देव-देवियां, मनुष्य और तिर्यंच समवशरण के मध्यवर्ती १२ कोठों में यथा स्थान बैठे । इन्द्र ने भगवान् की पूजा-अर्चा कर विस्तार से स्तुति की और वह भी अपने स्थान पर जा बैठा। सभी लोग भगवान् का उपदेश सुनने के लिए उत्सुक बैठे थे, फिर भी दिव्य ध्वनि प्रकट नहीं हुई । धीरे धीरे तीन पहर बीत गये[1] तब इन्द्र चिन्तित हुआ । अवधिज्ञान से उसने जाना कि गणधर के अभाव से भगवान् की दिव्यध्वनि नहीं प्रकट हो रही है । तब वह वृद्ध विप्र का रूप बना कर गौतम के पास गया और वही प्रसिद्ध श्लोक कह कर अर्थ पूछा । शेष कथानक वही है, जिसे पहले लिखा जा चुका है । अन्त में गौतम आते हैं, मानस्तम्भ देखते ही मान-भंग होता है और भगवान् के समीप पहुँच कर बड़े भक्ति भाव से भगवान् की स्तुति करते हैं । सकलकीर्ति ने इस स्तुति को १०८ नामों के उल्लेखपूर्वक ५० श्लोकों में रचा है ।

सोलहवे अध्याय में गौतम के पूछने पर भगवान् के द्वारा षटद्रव्य, पंचास्तिकाय, सप्त तत्त्व और नव पदार्थों का विस्तार से वर्णन किया गया है ।

सत्रहवें अध्याय में गौतम-द्वारा पूछे गये पुण्य-पाप विपाक-सम्बन्धी अनेकों प्रश्नों का उत्तर दिया गया है, जो कि मनन के योग्य हैं ।

अठारहवें अध्याय में भगवान् के द्वारा दिये गृहस्थ-धर्म, मुनिधर्म, लोक-विभाग, काल-विभाग आदि उपदेश का वर्णन है । गौतम भगवान् के इस प्रकार के दिव्य उपदेश को सुनकर बहुत प्रभावित होते हैं, और अपनी निन्दा करते हुए कहते हैं- हाय, हाय! आज तक का समय मैंने मिथ्यात्व का सेवन करते हुए व्यर्थ गंवा दिया । फिर भगवान् के मुख कमल को देखते हुए कहते हैं-आज मैं धन्य हुआ, मेरा जन्म सफल हुआ, क्योंकि महान् पुण्य से मुझे जगद्-गुरु प्राप्त हुए हैं । इस प्रकार परम विशुद्धि को प्राप्त होते हुए गौतम ने अपने दोनों भाइयों और शिष्यों के साथ जिन-दीक्षा ग्रहण कर ली । यथा-

> अहो मिथ्यात्वमार्गोऽयं विश्वपापाकरोऽशुभः ।
> चिरं वृथा मया निंद्यः सेवितो मूढचेतसा ॥१३३॥
> अद्याहमेव धन्योऽहं सफलं जन्म मेऽखिलम् ।
> यतो मयातिपुण्येन प्राप्तो देवो जगद्-गुरुः ॥१४४॥
> त्रिशुद्धया परया भक्त्याऽर्हती मुद्रां जगन्नुताम् ।
> भ्रातृभ्यां सह जग्राह तत्क्षणं च द्विजोत्तमः ॥१४९॥

गौतम के दीक्षित होते ही इन्द्र ने उनकी पूजा की और उनके गणधर होने की नामोल्लेख-पूर्वक घोषणा की । तभी गौतम को सप्त ऋद्धियां प्राप्त हुईं । उन्होंने भगवान् के उपदेशों को-जो श्रावण कृष्णा प्रतिपदा के प्रातःकाल अर्थ रूप से प्रकट हुए थे- उसी दिन अपराह्न में अंग-पूर्व रूप से विभाजित कर ग्रन्थ रूप से रचना की ।

उन्नीसवें अध्याय में सौधर्मेन्द्र ने भगवान् की अर्थ-गम्भीर और विस्तृत स्तुति करके भव्यलोकों के उद्धारार्थ विहार करने का प्रस्ताव किया और भव्यों के पुण्य से प्रेरित भगवान् का सर्व आर्य देशों में विहार हुआ । अन्त में वे विपुलाचल पर पहुँचे । राजा श्रेणिक ने आकर वन्दना-अर्चना करके धर्मोपदेश सुना और अपने पूर्व भव पूछे, साथ ही अपने व्रतादि-ग्रहण के भाव न होने का कारण भी पूछा । भगवान् के द्वारा सभी प्रश्नों का उत्तर सुनकर श्रेणिक ने सम्यक्त्व ग्रहण किया और तत्पश्चात् सोलह कारण भावनाओं को भाते हुए तीर्थङ्कर प्रकृति का बन्ध किया ।

अन्त में भगवान् पावा नगरी के उद्यान में पहुँचे और योगनिरोध करके अघाति कर्मों का क्षय करते हुए मुक्ति को प्राप्त हुए । देव-इन्द्रादिकों ने आकर निर्वाण कल्याणक किया । गौतम को केवल ज्ञान उत्पन्न हुआ और उसी की स्मृति में दीपावली का पर्व प्रचलित हुआ ।

---

१. यामत्रये गतेऽप्यस्यार्हतो न ध्वनिनिर्गमः ।
हेतुना केन जायेतादीन्द्रो हृदीत्यचिन्तयत् ॥७॥ (श्री वर्धमान चरित, अ १५)

इस प्रकार समग्र चरित्र-चित्रण पर सिंहावलोकन करने से यह बात पूर्व-परम्परा से कुछ विरुद्ध-सी दिखती है कि भ. महावीर के द्वारा सभी तत्त्वों का विस्तृत उपदेश दिये जाने पर गौतम के दीक्षा लेने का इसमें उल्लेख किया गया है, जब धवला-जयधवलाकार जैसे आचार्य समयशरण में पहुँचते ही उनके दीक्षित होने का उल्लेख करते हैं । पर इसमें विरोध की कोई बात नहीं है बल्कि सुसंगत ही कथन है । कारण कि इन्द्र ने विप्र वेष में जिस श्लोक का अर्थ गौतम से पूछा था, उसे वे नहीं जानते थे, अत: यह कह कर ही वे भगवान् के पास आये थे कि चलो- तुम्हारे गुरु के सामने ही अर्थ बताऊंगा । सकलकीर्ति ने इन्द्र-द्वारा जो श्लोक कहलाया, वह इस प्रकार है-

त्रैकाल्यं द्रव्यषटकं सकलगणितगणा: सत्पदार्था नवैव,
विश्वं पंचास्तिकाय-व्रत-समितिविद: सप्त तत्त्वानि धर्म: ।
सिद्धे: मार्गस्वरूपं विधिजनितफलं जीवषट्कायलेश्या,
एतान् य श्रद्धाति जिनवचनरतो मुक्तिगामी स भव्य ॥

इस श्लोक में जिस क्रम से जिस तत्त्व का उल्लेख है, उसी क्रम से गौतम ने भगवान् से प्रश्न पूछे थे और भगवान् के द्वारा उनका समुचित समाधान होने पर पीछे उनका दीक्षित होना भी स्वाभाविक एवं युक्ति-संगत है ।

(३)
रयधु-विरचित महावीर-चरित

रयधू कवि ने अपभ्रंश भाषा में अनेक ग्रन्थों की रचना की है । उनका समय विक्रम की १५ वीं शताब्दि है। यद्यपि अपने पूर्व रचे गये महावीर चरितों के आधार पर ही उन्होंने अपने चरित की रचना की है, तथापि उनके विशिष्ट व्यक्तित्व का उनकी रचना में स्थान-स्थान पर प्रभाव दृष्टिगोचर होता है । यहाँ पर उनके चरित से कुछ विशिष्ट स्थलों के उद्धरण दिये जाते हैं-

(१) भ ऋषभदेव के द्वारा अपने अन्तिम तीर्थङ्कर होने की बात सुनकर मरीचि विचारता है-

घत्ता-णिसुणिवि जिणवुत्तउ मुणिवि णिरुत्तउ, संतुट्ठउ मरीइ समणी ।
जिण-भणिओ ण वियलइ, कहमवि ण चलइ, हं होसमि तित्थय जणी ॥१५॥
जहिं ठाणहु वियलइ कणयायलु, जइ जोइस गणु छंडइ णहयलु ।
जइ सत्तच्चिसिहा हुइ सीयल, जइ पण्णय हवंति गय बिस-मल ॥
एयहं कहमवि पुणु चल चित्तउ, णउ अण्णारिसु जिणहं पउत्तउ ।
किं कारणिं इंदियगणु सोसमि, किं कारणिं उववासें सोसमि ॥
किं कारणिं उड्डुउ अच्छमि, किं कारणि जय तू उण पेच्छमि ।
किं कारणिं लुचंमि सिर-केसइ, किं कारणिं छुह-तणह किलेसइं ॥
किं कारणिं णग्गउ जणि वियरमि, किं विणु जलिण भहाणइ पइरमि ।
जेण कालि भवियत्थु हवेसइ, तेण समइं तं सइ णिरु होसइ ॥
जिहं रवि उयउं ण कोवि णिवारइ, अणुंहुतउ णउ केणवि कीरइ ।
जिंह फल कालवसेणं पक्व हिं, णिय कालहु परिपुण्णइ थक्कहिं ॥
तेम जीउ पुणु सइं सिज्झेसइ, मुहु णिरत्थउ देहु किलेसइ ।
इय भासिवि समवसरणहु बाहिरि, णिग्गउ जह्नु खणि छंडेप्पिणु हिरि ॥
जणि अणाय पक्खिविहि दंसिय, कुमयपसर बहुभेएं भासिय ।
घत्ता-णवि कम्मह कत्त णवि पुणु भुत्त, णउ कम्मेहि जि छिप्पइ ॥
णिच्चु जि परमप्पउ अत्थि अदप्पउ, एम संखु मउ थप्पइ ॥१६॥

(पत्र१७)

जिनेन्द्र-भाषित बात कभी अन्यथा नहीं हो सकती है, सो मैं निश्चय से आगे तीर्थङ्कर होऊंगा । यदि कदाचित् कनकाचल (सुमेरु) चलायमान होजाय, ज्योतिषगण नभस्तल छोड़ दें, अग्नि-शिखा शीतल हो जाय, सर्प विष-रहित हो जायें, ये सभी अनहोनी बातें भले ही सम्भव हो जों, पर जिन भगवान् का कथन कभी अन्यथा नहीं हो सकता । फिर मैं क्यों उपवास करके शरीर और इन्द्रियों को सुखाऊं, क्यों कायोत्सर्ग करुं, क्यों वन में रहूँ क्यों केशों का लोंच करुं, क्यों भूख-प्यास की वेदना सहूँ, क्यों नग्न होकर विचरुं, और क्यों बिना शरीर-सन्ताप के महानदियों में रमूं? जिस समय जो होने वाला शरीर-सन्ताप के महानदियों में रमूं ? जिस समय जो होने वाला है वह होकर के ही रहेगा । उदय होते सूर्य को कौन रोक सकता है ? जैसे फल समय आने पर स्वयं पक जाता है, वैसे ही समय आने पर जीव भी स्वयं सिद्ध हो जायगा । ऐसा कह कर मरीचि समवशरण से बाहिर निकल कर कुमतों का प्रचार करने लगा और कहने लगा कि न कोई कर्ता है, न कोई कर्म ही है और न कोई भोक्ता ही है । जीव कभी भी कर्मों से स्पृष्ट नहीं होता है, वह तो सदा ही निर्लेप परमात्मा बना हुआ रहता है । इस प्रकार मरीचि ने सांख्य मत की स्थापना की।

(२) रयधू ते त्रिपृष्ठ के भव का वर्णन करते समय युद्ध का और उसके नरक में पहुँचने पर यहां के दु:खों का बहुत विस्तार से वर्णन किया है ।

(३) मृग-घात करते सिंह को देख कर चारण मुनि-युगल उसे सम्बोधन करते हुए कहते हैं -

जग्गु जग्गु रे केत्तउ सोवहि, तउ पुण्णे मुणि आयउ जोवहि ।
एक्क जि कोडाकोडी सायर, गयउ भमंते कालु जि भायर ॥

(पत्र २५)

अर्थात्- हे भाई, जाग-जाग । कितने समय तक और सोवेगा ? पूरा एक कोड़ाकोड़ी सागर प्रमाण काल तुझे परिभ्रमण करते हुए हो गया है । आज तेरे पुण्य से यह मुनि-युगल आये हैं, सो देखो और आत्म-हित में लगो ।

इस स्थल पर रयधू ने चारण-मुनि के द्वारा सम्यक्त्व की महिमा का विस्तृत वर्णन कराबा है और कहा है कि अब हे मृगराज, इस हिंसक प्रवृति को छोड़ कर सम्यक्तव और व्रत को ग्रहण कर ।

(४) भ महावीर का जीव स्वर्ग से अवतरित होते हुए संसार के स्वरूप का विचार कर परम वैराग्य भावों की वृद्धि के साथ त्रिशला देवी के गर्भ में आया, इसका बहुत ही मार्मिक चित्रण रयधू ने किया है । (पत्र ३)

(५) जन्माभिषेक के समय सौधर्म इन्द्र दिग्पालों को पांडुक शिला के सर्वं ओर प्रदक्षिणा क्रम से अपनी-अपनी दिशा में बैठा कर कहता है:-

णिय णिय दिस रक्खहु सावहाण, मा को वि विसउ सुरु मज्झठाण ।

(पत्र ३६ A)

अर्थात् - हे दिग्पालो, तुम लोग सावधान होकर अपनी-अपनी दिशा का संरक्षण करो और इस मध्यवर्ती क्षेत्र में किसी को भी प्रवेश मत करने दो ।

इस उक्त उद्देश्य को भूल कर लोग आज पंचामृताभिषेक के समय दिग्पालों का आह्वानन करके उनकी पूजा करने लगे हैं ।

(६) रयधू ने भी जन्माभिषेक के समय सुमेरु के कम्पित होने का उल्लेख किया है । साथ ही अभिषेक से पूर्व कलशों में भरे जल को इन्द्र के द्वारा मंत्र बोल कर पवित्र किये जाने का भी वर्णन किया है । (पत्र ३६ B)

इस प्रकरण में गन्धोदक के माहात्म्य का भी सुन्दर एवं प्रभावक वर्णन किया है (पत्र ३७ A)

(७) जन्माभिषेक से लौटने पर इन्द्राणी तो भगवान् को ले जाकर माता को सौंपती है और इन्द्र राजसभा में जाकर सिद्धार्थ को जन्माभिषेक के समाचार सुनाता है । (पत्र ३८ B)

भगवान् के श्री वर्धमान, सन्मति, महावीर आदि नामों के रखे जाने का वर्णन पूर्व परम्परा के ही अनुसार है ।

(८) महावीर जब कुमार काल को पार कर युवावस्था से सम्पन्न हो जाते हैं तब उनके पिता विचार करते हैं-

अज्जवि विसय आलि ण पयासइ, अज्ज सकामालाव ण भासइ ।
अज्जजि तिय तूवें ण उ भिज्जइ, अज्ज अणंग कणिहि ण दलिज्जइ ॥
णारि-कहा-रसि मणु णउ ढोवइ, णउ सवियारउ कहव पलोवइ ।
घत्ता- इस चिंतिवि णिवेण जिणु भणिउ, सहहि परिट्ठिउ णिय भवणि ।
तउ पुरउ भणमि हउं पुत्त किंहा, तुहु पवियाणहि सयलु मणि ॥२५॥
किं पाहणि ण कणउ णोवज्जइ, कद्दमि कमलु किण्ण संपज्जइ ।
वप्प पुत्त को अंतरु दिज्जइ, परइं मोहें किंपि भणिज्जइ ॥
तिहं करि जिहं कुल-संतति वड्ढइ, तिहं करि सुरा-वंसु पवट्टइ ।
तिहं करि जिहं सुय मज्झु मणोरह, हुंति य पुण्ण तियस वइ सय मह ॥

(पत्र ४१ A)

महावीर युवा हो गये हैं, तथापि आज भी उनके ह्रदय में विषयों की अभिलाषा प्रकट नहीं हो रही है, वे आज भी काम-युक्त आलाप नहीं बोलते हैं, आज भी उनका मन स्त्रियों के कटाक्षों से नहीं भिद रहा है, आज भी कामकी कणिका उन्हें दलन नहीं कर रही है, स्त्रियों की कथाओं में उनका मन रस नहीं ले रहा है और न वे विकारी भाव से किसी स्त्री आदि की ओर देखते ही हैं । ऐसा विचार कर सिद्धार्थ राजा भ महावीर के पास पहुंचते हैं, जहां पर कि वे अपने सखाओं से घिरे हुए बैठे थे, और उनसे कहते हैं - हे पुत्र, मैं तुम्हारे सामने अपने मन की क्या बात कहूं, तुम तो सब कुछ जानते हो । देखो- क्या पाषाणों में सुवर्ण नहीं उत्पन्न होता और क्या कीचड़ में कमल नहीं उपजता ? पिता और पुत्र में क्या अन्तर किया जा सकता है ? (कभी नहीं) फिर भी मैं मोह-वश कुछ कहता हूं सो तुम ऐसा काम करो कि जिससे कुल-सन्तान बढ़े और पुत्र का वंश प्रवर्तमान रहे । हे इन्द्र-शत-वंद पुत्र, तुम ऐसा भाव करो कि मेरा मनोरथ पूर्ण हो ।

पिता के ऐसे अनुराग भरे वचनों को सुन कर अवधि-विलोचन भगवान् उत्तर देते हैं -

तं णिसुणेप्पिण अवहि-विलोयण पडिउत्तरु भासइ मल-मोयणु ।
ताय ताय जं तुम्ह पउत्तं, मण्णमि त णिरु होइ ण जुत्तं ॥
चउ गई पह व विहिय संसारं, मोख-महापह तुं धियदारं ।
दुत्तर दुग्गइं पारावारं, कवणु ताय बहु वछइ दारं ॥
सव्वत्थ वि अयणेण विछण्णं, संधि बंध विसमहि विच्छिण्णं ।
सव्वत्थि जि किमिउलसंपुण्ण, सव्वत्थ जि णव दारहिं जुण्णं ॥
सव्वकाल पयडिय णिरु मुत्तं, सव्वकाल वस-मंस-विलित्तं ।
सव्वकाल लालरस-गिल्लं, सव्वत्थ जि रुहिरोह जलुल्लं ॥
सव्वकाल बहुमल कयकबुसं, सव्वकाल धारिय जि पुरीसं ।
सव्वकाल बहुकुच्छियगंध, सव्वकाल अतावलिबधं ॥
सव्वकाल मह भुक्खारोण . ... ।
एरिस अंग सेयंताण, होई ण मोक्खु, दुक्खु धुव ताणं ॥
घत्ता- पर संभउ पवहिय संभउ, खण-खण बाहासय-सहिउ ।
आरंभे महुरउ इंदिय-सुहु धुउ, को णरु सेवइ गुण अहिउ ॥
संसारि भमंतइं जाइं जाइं, गिण्हियइं पमेल्लिय ताइं ताइं ।
केत्तियइं गणेसमि आसि वंस, णिच्च च्चजि जगि लद्ध संस ॥
केत्तियइं भणमि कुल-संतइउ, जण्णी-जण्णाइ पिय सामिणीउ ।
पूरेमि मणोरह कासु कासु, त णिसु णिवि णिउ मेल्लिलवि उसासु ॥
होएवि विलक्खउ मोणि थक्कु, जाए णउ पडिउत्तरु असक्कु ।

अर्थात्- हे तात, हे पिता, तुमने जो कहा, सो वह युक्त नहीं है। यह दार-परिग्रह (स्त्री-विवाह) चतुर्गति रूप संसार-मार्ग का बढ़ाने वाला है और मोक्ष महान् पन्थ का रोकने वाला है। यह संसार रूप सागर दुस्तर दुर्गति रूप है, इसका कोई आदि अन्त नहीं है। कौन बुद्धिमान इसमें डूबना चाहेगा ? यह सर्वत्र अज्ञान से विस्तीर्ण है और विषम सन्धि-बन्धों से व्याप्त है। यह मानव-देह-कृमि कुल से भरा हुआ है नौ द्वारों से निरन्तर मल-स्राव होता रहता है, सदा ही, मल-मूत्र प्रकट होता है, सदा ही यह वसा (चर्बी) और मांस से लिप्त रहता है, मुख से सदा ही लार बहती रहती है और सर्वांग रक्त-पुंज से प्रवाहित रहता है। सदा ही यह नाना प्रकार के मलों से कलुषित रहता है, सदा ही विष्टा को धारण किये रहता है। इससे सदा ही दुर्गन्ध आती रहती है और सदा ही यह आंतों की आवली से बंधा हुआ है। सदा ही यह भूख-प्यास से पीड़ित रहता है। ऐसे अनेक आपदामय शरीर का सेवन करने वालों को कभी मोक्ष प्राप्त नहीं हो सकता। हां, उनको दुःखों की प्राप्ति तो निश्चय से होती ही है। पर से उत्पन्न होने वाले, मल-मूत्रादि को प्रवाहित करने वाले, क्षण-क्षण में सैकड़ों बाधाओं से व्याप्त और प्रारम्भ में मधुर दिखने वाले इस इन्द्रय-सुख को कौन गुणी पुरुष सेवन करना चाहेगा ? संसार में परिभ्रमण करते हुए इसने अनन्त जन्म, जाति और वंशों को ग्रहण कर-कर के छोड़ा है। जगत् में कौनसा वंश सदा नित्य रहा है और कौन से कुल की सन्तान, माता, पिता और प्रिय जन नित्य बने रहे हैं। मनुष्य किसी किसके मनोरथों को पूरा कर सकता है। इसलिए इस दार-परिग्रह को स्वीकार नहीं करना ही अच्छा है। पिता महावीर का यह उत्तर सुनकर और दीर्घ श्वांस छोड़ कर चुप हो प्रत्युत्तर देने में अशक्य हो गये।

(९) महावीर के वैराग्य उत्पन्न होने के अवसर पर रयधू ने बारह भावनाओं का बहुत सुन्दर एवं विस्तृत वर्णन किया है।

(१०) रयधू ने दीक्षार्थ जाते हुए भगवान् के सात पग पैदल चलने का वर्णन इस प्रकार किया है।

ता उट्ठिवि सिंहासणहु जिणु चल्लिउ पय धरंतु धरहिं।
पय सत्त महीयलि चलियउ जाम, इंदे पणवेप्पिण देउ ताम।
ससिपह सिवियहिं मंडिवि जिणिंदु, आरोविवि उच्चायउ अणिंदु॥

(पत्र ४६ A)

अर्थात् - भगवान् सिंहासन से उठकर जैसे ही भूतल पर सात पग चले, त्यों ही इन्द्र ने शशिप्रभा पालकी में भगवान् को उठाकर बैठा दिया।

(११) इन्द्र जब गौतम को साथ लेकर भगवान् के समवशरण में आने लगे, तो उनके दोनों भाई भी अपे शिष्यों के साथ पीछे हो लिये। तब उनका पिता शांडिल्य ब्राह्मण चिल्ला करके कहता है - अरे, तुम लोग कहां जा रहे? क्या ज्योतिषी के ये वचन सत्य होंगे कि ये तीनों पुत्र जिन-शासन की महती प्रभावना करेंगे। हाय, हाय, यह मायावी महावीर यहां कहां से आ गया ?

ता संडिल्ले विप्पे सिद्धउ, हा हा हउ कहु काजु विणट्ठउ।
एयहिं जन्मण दिणि मइंलक्खिउ, णेमित्तिएण मज्झु णिउ अक्खहु॥
ए तिण्णि वि जिणसमय-पहावण, पयड करेसहिं सुहगइ दावण।
तं अहिहाणु एहु पुणु जायउ, कुवि मायावी इहु णिरु आयउ॥

(पत्र ५० A)

(१२) गौतम के दीक्षित होते ही भगवान् की दिव्यध्वनि प्रकट हुई। इस प्रसंग पर रयधू ने षट-द्रव्य और सप्त-तत्त्वों का तथा श्रावक और मुनिधर्म का विस्तृत वर्णन किया है।

अन्त में रयधू ने भगवान् के निर्वाण कल्याण का वर्णन कर के गौतम के पूर्व भव एवं भद्रबाहु स्वामी का चरित्र भी लिखा है।

(४)

सिरिहर–विरचित–वड्ढमाणचरिउ

कवि श्रीधर ने अपने वर्धमान चरित की रचना अपभ्रंश भाषा में की है। यद्यपि भ. महावीर का कथानक एवं कल्याणक आदि का वर्णन प्रायः वही है, जो कि दि. परम्परा के अन्य आचार्यों ने लिखा है, तथापि कुछ स्थल ऐसे हैं, जिनमें कि दि परम्परा से कुछ विशेषता दृष्टिगोचर होती है। जैसे-

(१) त्रिपृष्ठनारायण के भव में सिंह के मारने की घटना का वर्णन प्रस्तुत ग्रन्थकार ने किया है। सिंह के उपद्रव से पीड़ित प्रजा राजा से जाकर कहती है-

पीडइ पंचाणणु पउर सत्तु, बलवंतु भुवणे भो कम्मसत्तु ।
किं जम्मु जणवय-मारण कएण, सइं हरि-मिसेण आयउरवेण ।।
अह असुरु, अहव तुव पुव्ववेरि, दुद्धरु दुव्वारु वहंतु खेरि ।
तारिसु वियारु साहहो ण देव, दिट्ठउ कयावि णर-णियर-सेव ।।
घत्ता-पिययम पुत्ताइं गुण जुत्ताइं परितजे वि जणु जाइ ।
जीविउ इच्छंतु लहु भज्जंतु, भय वसु को वि ण ठाइ ।।२१।।

(पत्र २३ B)

अर्थात्- हे महाराज, एक बलवान महान शत्रु सिंह हम लोगों को अत्यन्त सता रहा है, ऐसा प्रतीत होता है कि मानों सिंह के मिष से मारने के लिए यम ही आ गया है अथवा कोई असुर या कोई तुम्हारा पूर्व भव का वैरी देव-दानव है। आप शीघ्र उससे हमारी रक्षा करें, अन्यथा अपने गुणी प्रियजनों और पुत्रादिकों को भी छोड़कर सब लोग अपने प्राणों की रक्षा के लिये यहां से जल्दी भाग जावेंगे। भय के कारण यहां कोई भी नहीं ठहरेगा।

प्रजाजनों के उक्त वचन-सुनकर सिंह मारने को जाने के लिए ज्यों ही राजा उद्यत होता है, त्यों ही त्रिपृष्ठ उन्हें रोक कर स्वयं अपने जाने की बात कहते हुए उन्हें रोकते हैं। वे कहते हैं-

जइ मह संतेवि असि वरु लेवि, पसु-णिग्गह-कएण ।
उट्ठिउ करि कोउ वइरि विलोउ, ता किं मइ तणएण ।।

(पत्र २४ B)

अर्थात्-यदि मेरे होते संते भी आप खड्ग लेकर एक पशु का निग्रह करने के लिए जाते हैं, तो फिर मुझ पुत्र से क्या लाभ ?

ऐसा कह कर त्रिपृष्ठ सिंह को मारने के लिए स्वयं जंगल में जाता है और विकराल सिंह को दहाड़ते हुए सामने आता देखकर उसके खुले हुए मुख में अपना वाम हस्त देकर दक्षिण हाथ से उसके मुख को फाड़ देता है और सिंह का काम तमाम कर देता है। इस घटना को कवि के शब्दों में पढ़िये -

हरिणा करेण णियमिवि थिरेण, णिहमणेण पुणु तक्खणेण ।
दिढु इयरु हत्थु संगरे समत्थु वयणंतराले पेसिवि विकराले ।।
पीडियउ सीहु लोलंत जीहु, लोयणजुवेण लोहियजुवेण ।
दावग्गिजाल अविरल विसाल. धुवमंत भाइ कोवेण णाइ ।
पवियारुओण हरि मारिऊणं तहो लोयहिं एहिं तणु णिसामएहिं ।।

(पत्र ३५ B)

सिंह के मारने की इस घटना का वर्णन श्वे. ग्रन्थों में भी पाया जाता है।

(२) भ महावीर के जन्म होने के दिन से ही सिद्धार्थ के घर श्री लक्ष्मी दिन-दिन बढ़ने लगी। इस कारण दसवें दिन पिता ने उनका श्री वर्धमान नाम रखा। कवि कहते हैं-

जिण जम्महो अणु दिणु सोहमाण, पियकुल सिरि देक्खेवि वड्ढमाण,
सियं भाणुकलाइ सहुं सुरेहिं, सिरि सेहर-रयणहि भासुरेहिं ।
दहमें दिणि तहो भव बहुणिवेण, किउ वड्ढमाण इउ णाम तेण ॥

(पत्र ६७ A)

(२) सन्मति-नाम रखे जाने का वर्णन कवि ने इस प्रकार किया है-

अण्णहिं दिणे तहो तिजएसरासु, किउ सम्मइ णामु जिणेसरासु ।
चारण मुनि विजय-सुसंजएहिं, तद्दंसणणिग्गयसंसएहि ॥

(पत्र ६७ A)

इसी प्रकार भगवान् के शेष नामों के रखने का भी सुन्दर वर्णन कवि ने किया है।

(४) गौतम को इन्द्र समवशरण में ले जाते हैं। वे भगवान् से अपनी जीव-विषयक शंका को पूछते हैं, भगवान् की दिव्य ध्वनि से उनका सन्देह दूर होता है और वे जिन-दिक्षा ग्रहण करते हैं। इसका वर्णन कवि के शब्दों में पढे -

पुच्छिउ जीवट्ठिदि परमेसरु, पयणिय परमाणंदु जिणेसरु ।
सो वि जाय दिव्वज्झुणि भासइ, तहो संदेहु असेसु विणासइ ॥
पंच सयहिं दिय-सुएहि समिल्लें, लइय दिक्ख विप्पेण समिल्लें ।

(पत्र ७० A)

(५) गौतम ने पूर्वाह्न में दीक्षा ली और अपराह्न में द्वादशांग की रचना की। इसका वर्णन करते हुए कवि कहते हैं-

पुव्वणहइं लहु दिक्खए जायउ लद्धिउ सत्त णामु विक्खायउ ।
तम्मि दिवसे अवरण्हए तेण वि, सोवंगा गोत्तमणामेण वि ।
जिणमुह-णिगाय अत्थालंकिय, बारहंग सुय पयरयणंकिय ।

(पत्र ७० A)

इस वर्धमान चरित की रचना बहुत सुन्दर और स्वाध्याय योग्य है इसके प्रकाशित होने से अपभ्रंश साहित्य की समृद्धि प्रकट होगी।

(५)
जयमित्तहल्ल–विरचित वर्धमान काव्य

जय मित्तहल्ल ने भी अपभ्रंश भाषा में वर्धमान काव्य रचा है जो कवित्व की दृष्टि से बहुत उत्तम है। इसमें भगवान् का चरित दिगम्बरीय पूर्व परम्परानुसारी ही है। हां, कुछ स्थलों पर अवश्य कुछ वर्णन विशेषताओं को लिये हुए हैं।

कवि ने जन्माभिषेक के समय मेरु-कम्पन की घटना का इस प्रकार वर्णन किया है-

लइवि करि कलसु सोहम्म तियसाहिणा,
पेक्खि जिणदेहु संदेहु किउ णियमणा ।
हिमगिरिंदत्थ सरसरिसु गंभीरओ,
गंगमुह पमुह सुपवाह बहुणीरओ ॥
खिवमि किम कुंभु गयदंतु कहि लब्भई,
सूरबिंबुव्व आवरिउ णह अब्भई ।
सक्कु संकंतु तयणाणि संकप्पिओ,
कणयगिरि सिहरु चरणंगुलचप्पिओ ॥

टलिउ गिरिराउ खरहडिय सिलसंचया,
पडिय अमरिंद धरहरिय सपवंचया ।
रडिय दक्करिण गुञ्जरिय पंचाणणा,
तसिय किडि कुम्भ उव्वसिय तरु काणणा ।।
भरिय सरि विवर झलहलिय जलणिहिसरा,
हुवउ जग खोहु बहु मोक्खु मोहियधरा ।
ताम तियसिंदु णिइंतु अप्पउ घणं,
वीर जय वीर जंपंतु कयवंदणं ।।
घत्ता- जय जय जय वीर वीरिय णाण अणंत सुहा ।
महु खमहि भडारा तिहुअणसारा कवणु परमाणु तुहा ।।१८।।

अर्थात्-जैसे ही सौधर्मेन्द्र कलशों को हाथों में लेकर के अभिषेक करने के लिए उद्यत हुआ, त्यों ही उसे यह शंका मन में उत्पन्न हुई कि भगवान् तो बिल्कुल बालक हैं और इतने विशाल कलशों के जल के प्रवाह को मस्तक पर कैसे सह सकेंगे ? तभी तीन ज्ञानधारी भगवान् के इन्द्र की शंका के समाधानार्थ चरण की एक अंगुली से सुमेरु को दबा दिया । उसको दबाते ही शिलाएं गिरने लगी, वनों में निर्द्वन्द्व बैठे गज चिंघाड़ उठे, सिंह गर्जना करने लगे और सारे देवगण भय से व्याकुल होकर इधर-उधर देखने लगे । सारा जगत् क्षोभ को प्राप्त हो गया । तब इन्द्र को अपनी भूल ज्ञात हुई और अपनी निन्दा करता हुआ तथा भगवान् की जय-जयकार करता हुआ क्षमा मांगने लगा कि हे अनन्त वीर्य और सुख के भण्डार ! मुझे क्षमा करो, तुम्हारे बल का प्रमाण कौन जान सकता है ।

(२) कवि ने इस बात का उल्लेख किया है कि ६६ दिन तक दिव्य ध्वनि नहीं खिरने पर भी भगवान् भूतल पर विहार करते रहे । यथा-

णिग्गंथाइय समउ भरंतह, केवलि किरणहो धर विहरंतह ।
गय छासट्ठि दिणंतर जामहि, अमराहिउमणि चिंतइ तामहि ।।
इय सामग्गि सयल जिणणाहहो , पंचमणाणुग्गम गयवाहहो ।
किं कारणु णउ वाणि पयासइ, जीवाइय तच्चाइण भासइ ।।

(पत्र ८३ B)

अर्थात- केवल ज्ञान प्राप्त हो जाने पर निर्ग्रन्थ मुनि आदि के साथ धरातल पर विहार करते हुए छयासठ दिन बीत जाने पर भी जब भगवान् की दिव्य वाणी प्रकट नहीं हुई । तब इन्द्र के मन में चिन्ता हुई कि दिव्य ध्वनि प्रगट नहीं होने का क्या कारण है ?

अन्य चरित वर्णन करने वालों ने भगवान् के विहार का इस प्रकार का उल्लेख नहीं किया है ।

(३) कवि ने इस बात का भी उल्लेख किया है कि भगवान् अन्तिम समय पावापुरी के बाहिरी सरोवर के मध्य में स्थित शिलातल पर जाकर ध्यानारुढ़ हो गये और वहीं से योग-निरोध कर अघाति कर्मों का क्षय करते हुए निर्वाण को प्राप्त हुए ।

समग्र ग्रन्थ में दो प्रकरण और उल्लेखनीय हैं- सिंह को संबोधन करते हुए 'जिन रत्ति विधान' तप का तथा दीक्षा कल्याणक के पूर्व भगवान् द्वारा १२ भावनाओं के चिन्तवन का विस्तृत वर्णन किया गया है । बीच में श्रेणिक, अभयकुमारादि के चरित्र का भी विस्तृत वर्णन है ।

(६)

श्री कुमुदचन्द्रकृत महावीर रास

श्री कुमुदचन्द्र ने अपने महावीर रास की रचना राजस्थानी भाषा में की है । कथानक में प्रायः सकलकीर्ति के महावीर चरित्र का आश्रय लिया गया है । इसमें भी भ महावीर के पूर्वभव पुरुरवा भील से वर्णन कियेगये हैं । इसकी

कुछ विशेषताएं इस प्रकार हैं-

(१) भगवान् का जीव जब विश्वनन्दी के भव में था और उस समय मुनि पद में रहते हुए विशाखनन्दी को मारने का निदान किया, उस स्थल पर कवि ने निदान के दोषों का बहुत वर्णन किया है ।

(२) भ. महावीर का जीव इकतीसवें नन्दभव में जब षोड़श कारण भावनाओं को भाता है, तब उनका बहुत विस्तृत एवं सुन्दर वर्णन कवि ने किया है ।

(३) श्री ह्री आदि षट्कुमारिका देवियों के कार्य का वर्णन कवि ने इस प्रकार किया है-

आहे श्री देवी शोभा करि, लज्जा भरि ह्री नाम कुमारि ।
आहे धृति देवी संतोष बोलि, जस कीर्ति सुरनारि ।
आहे बुद्धि देवी आपी बहु बुद्धि, रिद्धि-सिद्धि लक्ष्मी संग ।
आहे देवी तणु ण्हवु नियोग, शुभोपयोग प्रसंग ॥७॥

(४) कुमारिका देवियों द्वारा पूछे गये प्रश्नों का उत्तर भी माता के द्वारा अनुपम ढंग से कवि ने प्रस्तुत किया है।

(५) जन्माभिषेक के समय पाण्डुकशिला पर भगवान् को विराजमान करने आदि का वर्णन कवि ने ठीक उस प्रकार से किया है, जिस प्रकार से कि आज पंचामृताभिषेक के समय किया जाता है ।

(६) सौधर्म इन्द्र के सिवाय अन्य देवों के द्वारा भी भगवान् के अभिषेक का वर्णन कवि ने किया है । यथा-

अवर देव असंख्य निज शक्ति लेइ कुंभ ।
जथा जोगि जल धार देईं देव बहु रंभ ॥

जल से अभिषेक के बाद सर्वौषधि आदि से भी अभिषेक का वर्णन कवि ने किया है ।

(७) वीर भगवान् के आठ वर्ष का होने पर क्षायिक सम्यक्त्व और आठ मूल गुणों के धारण करने का उल्लेख कवि ने किया है ।

(८) भगवान् के दीक्षार्थ चले जाने पर त्रिशला माता के करुण विलाप का भी वर्णन किया गया है ।

(९) जिस स्थान पर भगवान ने दीक्षा ली उस स्थान पर इन्द्राणी द्वारा पहिले से ही साँथिया पूर देने का भी उल्लेख किया गया है ।

शेष कथानक पूर्व परम्परानुसार ही है ।

७

कवि नवलशाह का वर्धमान पुराण

श्री सकल कीर्ति के संस्कृत वर्धमान चरित के आधार पर कवि नवलशाह ने छन्दो-बद्ध हिन्दी वर्धमान पुराण की रचना की है । इसमें कथानक तो वही हैं । हां कुछ स्थलों पर कवि ने तात्त्विक चर्चा का विस्तृत वर्णन किया है । और कुछ स्थलों का पद्यानुवाद भी नहीं किया है । ग्रन्थ की रचना दोहा, चौपाई, सोरठा, गीता, जोगीरासा, सवैया, आदि अनेक छंदों में की गई है जो पढ़ने में रोचक और मनोहर है । कवि ने इसकी रचना वि. सं. १८२५ के चैत सुदी १५ को पूर्ण की है । यह दिगम्बर जैन पुस्तकालय सूरत से वी. नि. २४६८ में मुद्रित हो चुका है ।

❀ ❀ ❀

विषय-सूची

परिशिष्ट –

नम्र–निवेदनम्

मतिमन्दत्वादथवाऽऽलस्या –

च्चेदन्यथापि लिखितमिह स्यात् ।

शोधयन्तु सुधियस्तं दोषं

श्री 108 मुनि श्री ज्ञानसागर विरचित

श्री वीरोदय काव्य

श्रिये जिनः सोऽस्तु यदीयसेवा समस्तसंश्रोतृजनस्य मेवा ।
द्राक्षेव मृद्वी रसने हृदोऽपि प्रसादिनी नोऽस्तु मानक् श्रमोऽपि ॥१॥

वे जिन भगवान् हम सबके कल्याण के लिये हों, जिनकी कि चरण-सेवा समस्त श्रोता जनों को और मेरे लिए मेवा के तुल्य है । तथा जिनकी सेवा द्राक्षा (दाख) के समान आस्वादन में मिष्ट एवं मृदु हैं और हृदयको प्रसन्न करने वाली है । अतएव उनकी चरण-सेवा के प्रसाद से इस काव्य-रचना में मेरा जरा-सा भी श्रम नहीं होगा । अर्थात् श्री जिनदेव की सेवा से मैं इस आरम्भ किये जाने वाले काव्य की सहज में ही रचना सम्पन्न कर सकूंगा ॥१॥

कामारिता कामितसिद्धये नः समर्थिता येन महोदयेन ।
सैवाभिजातोऽपि च नाभिजातः समाजमान्यो वृषभोऽभिधातः ॥२॥

जिस महोदय ने कामारिता-काम का विनाश-हमारे वांछित सिद्धि के लिए समर्थन किया है, वे अभिजात-उत्कृष्ट कुलोत्पन्न होकर के भी नाभिजात-नाभिसूनु हैं और समाज-मान्य होकर के भी संज्ञा से वृषभ हैं ॥२॥

भावार्थ - इस श्लोक में विरोधालङ्कार से कथन किया गया है कि जो अभिजात अर्थात् कुलीन है, वह नाभिजात-अकुलीन कैसे हो सकता है ? इसका परिहार किया गया है कि वे वृषभदेव उत्तम कुल में उत्पन्न होकर के भी नाभि नामक चौदहवें कुलकर से उत्पन्न हुए हैं । इसी प्रकार जो वृषभ (बैल) है, वह समाज (मनुष्य-समुदाय) में मान्य कैसे हो सकता है ? इसका परिहार यह है कि वे आदि तीर्थंकर वृष अर्थात् धर्म के भरण-पोषण करने वाले होने से वृषभ कहलाते थे और इसी कारण समस्त मानव-समाज में मान्य थे ।

चन्द्रप्रभं नौमि यदङ्गसारस्तं कौमुदस्तोममुरीचकार ।
सुखञ्जनः संलभते प्रणश्यत्तमस्तयाऽऽत्मीयपदं समस्य ॥३॥

मैं चन्द्रप्रभ भगवान् को नमस्कार करता हूँ, जिनका अंगसार (शारीरिक-[illegible]-पुञ्ज) पृथ्वी मण्डल में हर्ष-समूह को बढ़ाने वाला था । चन्द्र के पक्ष में उसकी चन्द्रिका कौमुद[illegible]र्थात् श्वेत कमलों को विकसित करने वाली होती है । जिन चन्द्रप्रभ भगवान् के आत्मीय पद का स्वीकार कर अन्तरंग के अज्ञान अन्धकार के दूर होने से सर्व जन सुख को प्राप्त करते हैं और चन्द्र के पक्ष में उत्तम खंजन (चकोर) पक्षी चन्द्र की चांदनी में अपनी आत्मीयता को प्राप्त करता है ॥३॥

पार्श्वप्रभोः सन्निधये सदा वः समस्तु चित्ते बहुलोहभावः ।
भो भो जनाः संलभतां प्रसत्तिं धृत्वा यतः काञ्चनसंप्रवृत्तिम् ॥४॥

भो भो जनो ! तुम श्रोताओं और [illegible] के हृदय में पार्श्व प्रभु का निरन्तर चिन्तवन सन्निधि-उत्तम निधि प्राप्त करने के लिए सहायक होवे । जिससे कि तुम्हारा मन उस अनिर्वचनीय सत्प्रवृत्ति को धारण करके प्रसन्नता को प्राप्त हो । यहां पार्श्व और लोह पद श्लेषात्मक है । जिस प्रकार पार्श्वपाषाण के योग से लोहा भी सोना बन जाता है, इसी प्रकार तुम लोग भी पार्श्व प्रभु के संस्मरण से उन जैसी ही अनिर्वचनीय शान्ति को प्राप्त होओ ॥४॥

वीर ! त्वमानन्दभुवामवीरः मीरो गुणानां जगताममीरः ।
एकोऽपि सम्पातितमामनेक-लोकाननेकान्तमतेन नेक ॥५॥

हे वीर भगवन् ! तुम आनन्द की भूमि होकर के भी अवीर हो और गुणों के मीर होकर के भी जगत के अमीर हो । हे नेक-भद्र ! तुम अकेले ने ही एक हो करके भी अनेकान्त मत से अनेक लोकों को (परस्पर विरोधियों को) एकता के सूत्र में सम्बद्ध कर दिया है ॥५॥

भावार्थ - श्लोक से पूर्वार्ध में विरोधालङ्कार से वर्णन किया गया है कि भगवान् तुम वीर होकर के भी अवीर-वीरता रहित हो, यह कैसे संभव हो सकता है ? इसका परिहार यह है कि तुम 'अ' अर्थात् विष्णु के समान वीर हो। दूसरे पक्ष में अबीर गुलाल जैसे होली आदि आनन्द के अवसर पर अति प्रसन्नता का उत्पादक होता है, उसी प्रकार हे वीर भगवन् तुम भी आनन्द उत्पन्न करने के लिए अवीर हो । मीर होकर के भी अमीर हो, इसका परिहार यह है कि आप गुणों के मीर अर्थात् समुद्र हो करके भी जगत् के अमीर अर्थात् सबसे बड़े धनाढ्य हो । मीर और अमीर ये दोनों ही शब्द फारसी के हैं । यहां यमकालङ्कार के साथ विरोधालङ्कार कवि ने प्रकट किया है । इसी पद्य के अन्त में पठित 'नेक' पद भी फारसी का है, जो कि भद्रार्थ के लिए कवि ने प्रयुक्त किया है ।

ज्ञानेन चानन्दमुपाश्रयन्तश्चरन्ति ये ब्रह्मपथे सजन्तः ।
तेषां गुरूणां सदनुग्रहोऽपि कवित्वशक्तौ मम विघ्नलोपी ॥६॥

जो ज्ञान के द्वारा आनन्द का आश्रय लेते हुए और ब्रह्म-पथ अर्थात् आत्म कल्याण के मार्ग में अनुरक्त होते हुए आचरण करते हैं, ऐसे ज्ञानानन्द रूप ब्रह्म-पथ के पथिक गुरुजनों का सत् अनुग्रह भी मेरी कवित्व शक्ति में विघ्नों का लोप करने वाला हो ॥६॥

विशेष- इस पद्य के पूर्वार्ध में प्रयुक्त पदों के द्वारा कवि ने अपने ज्ञान-गुरु श्री ब्रह्मचारी ज्ञानानन्दजी महाराज का स्मरण किया है ।

वीरोदयं यं विदधातुमेव न शक्तिमान् श्रीगणराजदेवः ।
दधाम्यहं तम्प्रति बालसत्त्वं वहन्निदानीं जलगेन्दुतत्त्वम् ॥७॥

श्री वीर भगवान् के जिस उदय रूप माहात्म्य के वर्णन करने के लिए श्री गणधर देव भी समर्थ नहीं है ऐसे वीरोदय के वर्णन करने के लिए मैं जल-प्रतिबिम्बित चन्द्र मण्डल को उठाने की इच्छा करने वाले बालक के समान बाल भाव (लड़कपन) को धारण कर रहा हूँ ॥७॥

शक्तोऽथवाऽहं भविताऽस्म्युपायाद्भवन्तु मे श्रीगुरवः सहायाः ।
पितुर्विलब्धांगुलिमूलतातिर्यथेष्टदेशं शिशुकोऽपि याति ॥८॥

अथवा मैं उपाय से (प्रयत्न करके) वीरोदय के कहने में समर्थ हो जाऊंगा श्री गुरुजन मेरे सहायक होवें । जैसे बालक अपने पिता की अंगुलियों के मूल भाग को पकड़ कर अभीष्ट स्थान को जाता है, उसी प्रकार मैं भी गुरुजनों के साहाय्य से वीर भगवान् के उदयरूप चरित्र को वर्णन करने में समर्थ हो जाऊंगा ॥८॥

मनोऽङ्गिनां यत्पदचिन्तनेन समेति यत्रामलतामनेनः ।
तदीयवृत्तैकसमर्थना वाक् समस्तु किन्नात्तसुवर्णभावा ॥९॥

जिन वीर भगवान् के चरणों का चिन्तवन करने से प्राणियों का मन पापों से रहित होकर निर्मलता को प्राप्त हो जाता है, तो फिर उन्हीं वीर भगवान् के एकमात्र चरित्र का चित्रण करने में समर्थ मेरी वाणी सुवर्ण भाव को क्यों नहीं प्राप्त होगी ? अर्थात् वीर भगवान के चरित्र का वर्णन करने के लिए मेरी वाणी भी उत्तम वर्ण पद-वाक्य रूप से अवश्य ही परिणत होगी ॥९॥

रजो यथा पुष्पसमाश्रयेण किलाऽऽविलं मद्वचनं च येन ।
वीरोदयोदारविचारचिह्नं सतां गलालङ्करणाय किन्न ॥१०॥

जैसे मलिन भी रज (धूलि) पुष्पों के आश्रय से माला के साथ लोगों के गले का हार बनकर अलङ्कार के भाव को प्राप्त होती है, उसी प्रकार मलिन भी मेरे वचन वीरोदय के उदार विचारों से चिह्नित अर्थात् अङ्कित होकर सज्जनों के कण्ठ के अलङ्कार के लिए क्यों नहीं होंगे ? अर्थात् अवश्य हो होंगे ॥१०॥

लसन्ति सन्तोऽप्युपयोजनाय रसैः सुवर्णत्वमुपैत्यथायः ।
येनार्हतो वृत्तविधानमापि निःसारमस्मद्वचनं तथापि ॥११॥

सज्जन पुरुष भी लोगों के इष्ट प्रयोजन के लिए साधक रूप से शोभायमान होते ही हैं । जैसे रसायन के योग से लोहा सुवर्ण पने को प्रा। होता है, उसी प्रकार निःसार भी मेरे वचन अर्हन्तदेव के चरित्र-चित्रण से सार पने को प्राप्त होंगे और सज्जन पुरुष उसे आदर से अपनावेंगे ॥११॥

सतामहो सा सहजेन शुद्धिः परोपकारे निरतैव बुद्धिः ।
उपद्रुतोऽप्येष तरू रसालं फलं श्रणत्यङ्गभृते त्रिकालम् ॥१२॥

अहो, सज्जनों की चित्त-शुद्धि पर आश्चय है कि उनकी बुद्धि दूसरों के उपकार करने में सहज स्वभाव से ही निरत रहती है । देखो-लोगों के द्वारा पत्थर आदि मार कर के उपद्रव को प्राप्त किया गया भी वृक्ष सदा ही उन्हें रसाल (सरस) फल प्रदान करता है ॥१२॥

यत्रानुरागार्थमुपैति चेतो हारिद्रवत्वं समवायहेतोः ।
सुधेव साधो रुचिराऽथ सूक्तिः सदैव यस्यान्यगुणाय युक्तिः ॥१३॥

जिस प्रकार हल्दी का द्रव-रस चूने के साथ संयुक्त होकर लालिमा को प्राप्त हो जाता है, उसी प्रकार साधु-जन के सत्संग को पाकर मेरी उक्ति (कविता) भी रुचिर सूक्ति को प्राप्त हो लोगों के, चित्त को हरण करके उनके हृदय में सदैव अनुराग उत्पन्न करेगी । क्योंकि सज्जनों का संयोग सदा दूसरों की भलाई के लिये ही होता है ॥१३॥

सुवृत्तभावेन समुल्लसन्तः मुक्ताफलत्वं प्रतिपादयन्तः ।
गुणं जनस्यानुभवन्ति सन्तस्तत्रादरत्वं प्रवहाम्यहं तत् ॥१४॥

जिस प्रकार उत्तम गोल आकार रूप से परिणत मौक्तिक (मोती) सूत्र का आश्रय पाकर अर्थात् सूत में पिरोये जाकर शोभा को प्राप्त होते हैं, उसी प्रकार सज्जन पुरुष भी उत्तम सम्यक् चारित्र को धारण करके जीवन की निष्फलता को छोड़कर अर्थात् उसे सार्थक कर मनुष्यों के गुणों का अनुभव करते हैं । मैं ऐसे उन सन्त जनों में आदर के भाव को धारण करता हूँ ॥१४॥

साधोर्विनिर्माणविधौ विधातुश्च्युताः करादुत्करसंविधा तु ।
तयैव जाता उपकारिणोऽन्ये श्रीचन्दनाद्या जगतीति मन्ये ॥१५॥

साधुजनों को निर्माण करते हुए विधाता के हाथ से जो थोड़ी सी कणिका रूप रचना-सामग्री नीचे गिर गई, उसी के द्वारा ही श्री चन्दन आदिक अन्य उपकारी पदार्थ इस जगत् में उत्पन्न हुए हैं, ऐसा मैं मानता हूँ ॥१५॥

भावार्थ - कवि ने यहां यह उत्प्रेक्षा की है कि सज्जनों को बनाने के पश्चात् विधाता को चन्दनादिक वृक्षों के निर्माण की वस्तुतः कोई आवश्यकता नहीं थी, क्योंकि चन्दनादि के सुगन्ध-प्रदानादि के कार्य करने को तो सज्जन पुरुष ही पर्याप्त थे ।

साधुर्गुणग्राहक एष आस्तां श्लाघा ममारादसतस्तु तास्ताः ।
सर्वप्रियप्रायतयोदितस्य दोषं समुद्घाट्य वरं करस्य ॥१६॥

साधु जन गुण-ग्राहक होते हैं, यह बात तो ठीक ही है । किन्तु सर्वजनों के लिए प्रिय रूप से कहे गये मेरे इस काव्य के दोषों का उद्‌घाटन (प्रकाशन) करके उसे निर्दोष उत्तम करने वाले असाधुजनों की ही मेरे हृदय में वार-वार श्लाघा है । अर्थात् मेरे काव्य के दोषों का अन्वेषण करके जो असाधुजन उन्हें प्रकट कर उसे निर्दोष बनावेंगे, मैं उनका बहुत आभार मानते हुए उनकी प्रशंसा करता हूँ ॥१६।

संदकुराणां समुपायने नुः पुष्टा यथा गीरिह कामधेनुः ।
पयस्विनी सा खलशीलनेन तस्योपयोगोऽस्तु महाननेन ॥१७॥

जिस प्रकार इस लोक में उत्तम दूर्वांकुरों के चरने पर कामधेनु पुष्ट होती है और खल खिलाने से वह खूब दूध देती है, उसी प्रकार सज्जनों के उत्तम दया भाव से तो मेरी वाणी विकसित हो रही है और खलजनों के द्वारा दोष प्रदर्शन कर देने से अर्थात् निकाल देने से मेरी यह कविता रूप वाणी भी निर्दोष होकर सरस बन जायगी एवं खूब पुष्ट होगी और इस प्रकार दुर्जनों का सम्पर्क भी हमारे लिए परमोपयोगी होगा ॥१७॥

कर्णेजपं यत्कृतवानभूस्त्वं तदेतदप्यस्ति विधे ! पटुत्वम् ।
अनेन साधोः सफलो नृभाव ऋते तमःस्यात्क्व रवेः प्रभावः ॥१८॥

हे विधाता ! तुमने जो दोष देखने वाले पिशुनों को उत्पन्न किया है सो यह भी तुम्हारी पटुता (चतुराई) ही है, क्योंकि इससे साधु का मनुष्यपना सफल होता है । अन्धकार न हो, तो सूर्य का प्रभाव कहां दृष्टि-गोचर होगा ॥१८॥

भावार्थ- जैसे यदि अन्धकार न हो, तो सूर्य के प्रभाव का महत्त्व कैसे प्रकट हो सकता है, उसी प्रकार यदि दुर्जन लोग न हों, तो सज्जनों की सज्जनता का प्रभाव भी कैसे जाना जा सकता है।

अनेकधान्येषु विपत्तिकारी विलोक्यते निष्कपटस्य चारिः ।
छिद्रं निरूप्य स्थितिमादधाति स भाति आखोः पिशुनः सजातिः ॥१९॥

दुर्जन मनुष्य चूहे के समान होते हैं । जिस प्रकार मूषक (चूहा) नाना जाति की धान्यों का विनाश करने वाला है, निष्क अर्थात् बहुमूल्य पटों (वस्त्रों) का अरि है, उन्हें काट डालता है और छिद्र (बिल) देखकर उसमें अपनी स्थिति को कायम रखता है । ठीक इसी प्रकार पिशुन पुरुष भी मूषक के सजातीय प्रतीत होते हैं क्योंकि पिशुन पुरुष भी नाना प्रकार से अन्य सर्व साधारण जनों के लिए विपत्ति-कारक है, निष्कपट जनों के शत्रु हैं और लोगों के छिद्रों (दोषों) को देखकर अपनी स्थिति को दृढ़ बनाते हैं ॥१९॥

योऽभ्येति मालिन्यमहो न जाने काव्ये दिने वा प्रतिभासमाने ।
दोषानुरक्तस्य खलस्य चेश ! काकारिलोकस्य च को विशेषः ॥२०॥

हे ईश ! काकारिलोक (उलूक-समूह) और खल जन में क्या विशेषता है, यह मैं नहीं जानता। अर्थात् मुझे तो दोनों समान ही दृष्टि गोचर होते हैं, क्योंकि दिन (सूर्य) के प्रतिभासमान होने पर उलूक लोक मलिनता को प्राप्त होते हैं और दोषा (रात्रि) में अनुरक्त हैं अर्थात् रात्रि में विचरण करते हैं। इसी प्रकार उत्तम काव्य के प्रकाशमान होने पर खल जन भी मलिन-वदन हो जाते हैं और उसके दोषान्वेषण में ही तत्पर रहते हैं । इस प्रकार से मुझे तो उलूक और खल जन में समानता ही दिखती है ॥२०॥

खलस्य हृन्नक्तमिवाघवस्तु प्रकाशकृद्वासरवत्सतस्तु ।
काव्यं द्वयोर्मध्यमुपेत्य सायमेतज्जनानामनुरञ्जनाय ॥२१॥

खल जनों का हृदय तो रात्रि के समान अघ-स्वरूप है और सज्जनों का हृदय दिन के समान प्रकाश-रूप है। इन सज्जन और दुर्जन जनों के मध्य में प्राप्त होकर मेरा यह काव्य सांयकाल की लालिमा के समान जन-साधारण के अनुरंजन के लिए ही होगा ॥२१॥

रसायनं काव्यमिदं श्रयामः स्वयं द्रुतं मानवतां नयामः ।
पीयूषमीयुर्विबुधा बुधा वा नाद्याप्युपायान्त्यनिमेषभावात् ॥२२॥

हम इस काव्य रूप रसायन का आश्रय लेते हैं अर्थात् उसका पान करते हैं और रसायन-पान के फल-स्वरूप स्वयं ही हम शीघ्र मानवता को प्राप्त होते हैं । जो विबुध अर्थात् देवता हैं, वे भले ही अमृत को पीवें, या जो विगत बुद्धि होकर के भी अपने आपको विद्वान् मानते हैं, वे पीयूष अर्थात् जल को पीवें, परन्तु वे अनिमेष भाव होने से काव्य रसायन का पान नहीं कर सकते, अतः मानवता को भी प्राप्त नहीं हो सकते ॥२२॥

भावार्थ - देव अमृत-पायी और निमेष- (टिमकार) रहित लोचन वाले माने जाते हैं, अतः उनको तो काव्य रूप रसायन-पान का अवसर ही नहीं और इसलिए वे अमृत-पान करते हुए भी मनुष्यता को नहीं पा सकते । तथा जो बुद्धि-विहीन हैं ऐसे जड़ लोग भी काव्य-रसायन का पान नहीं कर सकते । अनिमेष नाम मछली का भी है और पीयूष नाम जल का भी है । मछली अनिमेष होकर के भी जल का ही पान कर सकती है, उसके काव्य-रसायन के पान की संभावना ही कहां है ? कहने का सार यह है कि मैं काव्य रूप रसायन-को पीयूष से भी श्रेष्ठ मानता हूँ क्योंकि इसके पान से साधारण भी मनुष्य सच्ची मानवता को प्राप्त कर लेता है ।

सारं कृतीष्टं सुरसार्थरम्यं विपल्लवाभावतयाऽभिगम्यम् ।
समुल्लसत्कल्पलतैकतन्तु त्रिविष्टपं काव्यमुपैम्यहन्तु ॥२३॥

इस रानी के शिर पर तो प्रबालता (केशों की सघनता) थी, ओठों पर मूंगे के समान लालिमा थी और हाथ में नव-पल्लव की समता थी । रानी के मुख में अब्जता (चन्द्र-तुल्यता) थी, चरणों में कमल-सदृश कोमलता थी और गले में शंख-सदृशता थी । दोनों जंघाओं में सुवृत्तता (सुवर्तुलाकारता) थी और चरित्र में सदाचारिता थी । दोनों स्तनों में रसालता (आम्रफल-तुल्यता) थी और कटित्र (अधोवस्त्र-घांघरा) पर रसा-लता (करधनी) शोभित होती थी ॥२८॥

पूर्वं विनिर्माय विधुं विशेष-यत्नाद्विधिस्तन्मुखमेवमेषः ।
कुर्वंस्तदुल्लेखकरीं चकार स तत्र लेखामिति तामुदारः ॥२९॥

विधाता ने पहले चन्द्र को बनाकर पीछे बड़े प्रयत्न से - सावधानी के साथ इस रानी के मुख को बनाया । इसीलिए मानों उदार विधाता ने चन्द्र-बिम्ब की व्यर्थता प्रकट करने के लिए उस पर रेखा खींच दी है जिसे लोग कलङ्क कहते हैं ॥२९॥

अधीतिबोधाऽऽचरणप्रचारैश्चतुर्दशत्वं गमिताऽत्युदारैः ।
विद्या चतुःषष्ठिरतः स्वभावादस्याश्च जाताः सकलाः कला वा ॥३०॥

इस रानी की विद्या विशद रूप अधीति (अध्ययन), बोध (ज्ञान-प्राप्ति), आचरण (तदनुकूल प्रवृत्ति) और प्रचार के द्वारा चतुर्दशत्व को प्राप्त हुई । पर एक वस्तु को चार के द्वारा गुणित करने पर भी चतुर्दशत्व अर्थात् चौदह की संख्या प्राप्त नहीं हो सकती है, यह विरोध है । उसका परिहार यह किया है कि उसकी एक विद्या ने ही अधीति आदि चार दशाएं प्राप्त की । पुनः वही एक विद्या चौदह प्रसिद्ध विद्याओं में परिणत हो गई । एवं उसकी सम्पूर्ण कलाएं स्वतः स्वभाव से चौसठ हो गईं ॥३०॥

भावार्थ - एक वस्तु की १६ कलाएं मानी जाती हैं, अतएव चार दशाओं की (१६×४=६४) चौंसठ कलाएं स्वतः ही हो जाती हैं । वह रानी स्त्रियों की उन चौंसठ कलाओं में पारंगत थी, ऐसा अभिप्राय उक्त श्लोक से व्यक्त किया गया है ।

यासामरूपस्थितिमात्मनाऽऽह स्वीयाधरे विद्रुमतामुवाह ।
अनूपमत्वस्य तनौ तु सत्त्वं साधारणायान्वभवन्महत्त्वम् ॥३१॥

यह प्रियकारिणी रानी अपनी साम (शान्त) चेष्टा से तो मरु (मारवाड़) देश की उपस्थिति को प्रकट करती थी । क्योंकि इसके अधर पर विद्रुमता (वृक्ष-रहितता) और मूंगा के समान लालिमा थी। तथा इसके शरीर में अनूप-देशता की भी सत्ता थी । अर्थात् अत्यन्त सुन्दरी होने से उसकी उपमा नहीं थी, अतः उसमें अनुपमता थी । एवं वह साधारण देश के लिए महत्त्व को स्वीकार करती थी, अर्थात् उसकी धारणा-शक्ति महान् अपूर्व थी ॥३१॥

भावार्थ - देश तीन प्रकार के होते हैं - एक वे, जिनमें जल और वृक्षों की बहुलता होती है, उन्हें अनूपदेश कहते हैं । दूसरे वे, जहां पर जल और वृक्ष इन दोनों की ही कमी होती है, उन्हें मरुदेश कहते हैं । जहां पर जल और वृक्ष ये दोनों ही साधारणतः हीनाधिक रूप में पाये जाते हैं उन्हें साधारण देश कहते हैं । विभिन्न प्रकार के इन तीनों ही देशों की उपस्थिति का चित्रण कवि ने रानी के एक ही शरीर में कर दिखाया है ।

अक्ष्णोः साञ्जनतामवाप दधती या दीर्घसन्दर्शिता -
मुर्वोराप्य विलोमतां च युवतिर्लेभे सुवृत्तस्थितिम् ।
काठिन्यं कुचयोः समुन्नतिमथो सम्भावयन्ती बभौ -
श्लक्ष्णत्वं कचसंग्रहे समुदितं वक्रत्वमप्यात्मनः ॥३२॥

वह रानी अपने नेत्रों में अञ्जन-युक्तता और साथ ही दीर्घ सन्दर्शिता (दूर-दर्शिता) को भी धारण करती थी। वह अपनी जंघाओं में विलोमता (रोम-रहितता और प्रतिकूलता) को- और साथ ही सुवृत्त की स्थिति को धारण करती थी । अर्थात् जंघा में गोलाई को और उत्तम चारित्र को धारण करती थी। अपने दोनों कुचों में काठिन्य और समुन्नति को धारण करती हुई शोभती थी । तथा केशपाश में सचिक्कणता को और वक्रता को भी धारण करती थी ॥३२॥

भावार्थ - एक वस्तु में परस्पर-विरोधी दो धर्मों का रहना कठिन है, परन्तु वह रानी अपने नेत्रों, जंघाओं, कुचों और केशों में परस्पर-विरोधी दो-दो धर्मों को धारण करती थी ।

अयि जिनपगिरेवाऽऽसीत्समस्तैकबन्धुः,शशधर—सुषुमेवाऽऽह्लाद—सन्दोहसिन्धुः ।
सरससकलचेष्टा सानुकूला नदीव, नरपतिपदपद्मप्रेक्षिणी षट्पदीव ॥३३॥

हे मित्र, वह रानी जिनदेव की वाणी के समान समस्त जीवलोक की एक मात्र बन्धु थी, चन्द्रमा की सुषुमा के समान सब के आह्लाद-पुञ्ज रूप सिन्धु को बढ़ाने वाली थी, उभय-तटानुगामिनी नदी के समान सर्व सरस चेष्टा वाली और पति के अनुकूल आचरण करने वाली थी, तथा भ्रमरी के समान अपने प्रियतम सिद्धार्थ राजा के चरण-कमलों का निरन्तर अवलोकन करने वाली थी ॥३३॥

रतिरिव च पुष्पधनुषः प्रियाऽभवत्साशिका सती जनुषः ।
ईशस्य विभूतिमतः भूमावपराजिता गुणतः ॥३४॥

वह रानी कामदेव को रति के समान, जन-जीवन को शुभाशीर्वाद के समान, विभूतिमान् महेश को अपराजिता (पार्वती) के समान भूमण्डल पर अपने गुणों से पति को अत्यन्त प्यारी थी ॥२४॥

असुमाह पतिं स्थितिः पुनः समवायाय सुरीतिवस्तुनः ।
स मतां ममतामुदाहरदजडः किन्तु समर्थकन्धरः ॥३५॥

वह रानी पति को अपने प्राण समझती थी और निरन्तर सुदृढ़ प्रेम बनाये रखने के लिए उत्तम रीति (रिवाजों) की स्थिति स्वीकार करती थी । तथा राजा उसे स्वयं अपनी ममता-रूप मानता था, क्योंकि वह स्वयं अजड़ अर्थात् मूर्ख नहीं, अपितु विद्वान् था, साथ ही समर्थ कन्धर था, अर्थात् बाहुबाल को धारण करता था । विरोध में जड़-रहित होकर के भी पूर्ण जल वाला था ॥३५॥

भावार्थ - दोनों ही राजा-रानी परस्पर अत्यन्त अनुराग रखते थे ।

नरपो वृषभावमाप्तवान् महिषीयं पुनरेतकस्य वा ।
अनयोरविकारिणी क्रिया समभूत्सा द्यु सदामहो प्रिया ॥३६॥

यह सिद्धार्थ राजा वृषभाव (बैलपने) को प्राप्त हुआ और इसकी यह रानी महिषी (भैंस) हुई। पर यह तो विरुद्ध है कि बैल की स्त्री भैंस हो । अतः परिहार यह है कि राजा तो परम धार्मिक था और प्रिय कारिणी उसकी पट्टरानी बनी । इन दोनों राजा-रानी की क्रिया अवि (भेड़) को उत्पन्न करने वाली हो, यह कैसे संभव है ? इसका परिहार यह है कि उनकी मनोविनोद आदि सभी क्रियाएं विकार रहित थी । यह रानी मानुषी होकर के भी देवों की प्रिया (स्त्री) थी । पर यह कैसे संभव है ? इसका परिहार यह है कि वह अपने गुणों द्वारा देवों को अत्यन्त प्यारी थी ॥३६॥

स्फुटमार्त्तवसम्विधानतः स निशा वासरयोस्तयोः स्वतः ।
इतरेतरमानुकूल्यतः समगच्छत्समयः स्वमूल्यतः ॥३७॥

रात्रि और दिन में ऋतुओं के अनुसार आचरण रूप विधि विधान करने से उस राजा-रानी का वह समय परस्पर अनुकूलता को लिए अपनी सफलता के साथ बीत रहा था ॥३७॥

भावार्थ - राजा को वासर (दिन) की और रानी को निशा (रात्रि) की उपमा देकर कवि ने यह प्रकट किया है कि उन दोनों का समय परस्पर में एक दूसरे के अनुकूल आचरण करने से परम आनन्द के साथ व्यतीत हो रहा था ।

श्रीमान् श्रेष्ठिचतुर्भुजः स सुषुवे भूरामलेत्याह्वयं,
वाणीभूषणवर्णिनं घृतवरी देवी च यं धीचयम् ।
श्रीवीराभ्युदयेऽमुना विरचिते काव्येऽधुना नामतः,
श्रीसिद्धार्थ-तदङ्गनाविवरणः सर्गस्तृतीयस्ततः ॥३॥

इस प्रकार श्रीमान् सेठ चतुर्भुजजी और घृतवरी देवी से उत्पन्न हुए, वाणीभूषण बाल-ब्रह्मचारी पं. भूरामल वर्तमान मुनि ज्ञान सागर- द्वारा विरचित इस वीरोदय काव्य में सिद्धार्थ राजा और उसकी प्रियकारिणी रानी का वर्णन करने वाला तीसरा सर्ग समाप्त हुआ ॥३॥

❖ ❖ ❖

अथ चतुर्थः सर्गः

अस्या महिष्या उदरेऽवतार-मस्माकमानन्दगिरोपहारः ।
शुक्तेरिवारात्कुवलप्रकारः वीरः कदाचित्स्वयमाबभार ॥१॥

हमारे आनन्द रूप वाणी के उपहार स्वरूप वीर भगवान् ने सीप में मोती के समान इस प्रियकारिणी पट्टरानी के उदर में (गर्भ में) कदाचित् स्वयं ही अवतार को धारण किया ॥१॥

वीरस्य गर्भेऽभिगमप्रकार आषाढमासः शुचिपक्षसारः ।
तिथिश्च सम्बन्धवशेन षष्ठी ऋतुः समारब्धपुनीतवृष्टिः ॥२॥

जब वीर भगवान् का गर्भ में अवतार हुआ, तब आषाढ़ मास था, शुक्ल पक्ष था, सम्बन्ध के वश तिथि षष्ठी थी और वर्षा ऋतु थी जिसने कि पवित्र वृष्टि को आरम्भ ही किया था ॥२॥

धरा प्रभोर्गर्भमुपेयुषस्तु बभूव सोल्लासविचारवस्तु ।
सन्तापमुज्झित्य गताऽऽर्द्रभावं रोमाञ्चनैरङ्कुरिता प्रजावत् ॥३॥

वीर प्रभु के गर्भ को प्राप्त होने पर यह पृथ्वी हर्ष से उल्लसित विचार वाली हो गई और ग्रीष्म-काल-जनित सन्ताप को छोड़कर आर्द्रता को प्राप्त हुई । तथा इस ऋतु में पृथ्वी रोमाञ्चों से प्रजा के समान अंकुरित हो गई ॥३॥

भावार्थ - वीर भगवान् के गर्भ में आने पर वर्षा से तो पृथ्वी हरी भरी हुई और प्रजा हर्ष से विभोर हो गई ।

नानौषधिस्फूर्त्तिधरः प्रशस्य-वृत्तिर्जगत्तममवेत्य तस्य ।
रसायनाधीश्वर एष कालः प्रवर्तयन् कौशलमित्युदारः ॥४॥

नाना प्रकार की औषधियों को स्फूर्ति देने वाला अर्थात् उत्पन्न करने वाला, प्रशंसनीय प्रवृत्ति वाला और उत्तम धान्यों को उत्पन्न करने वाला अतएव उदार, रस (जल) के आगमन का स्वामी यह रसायनाधीश्वर वर्षाकाल अपने कौशल (चातुर्य) को प्रवर्तन करता हुआ, साथ ही कौ अर्थात् पृथ्वी पर शर (जल) को बरसाता हुआ, तथा सर-काण्डों को उत्पन्न करता हुआ आया ॥४॥

वसन्तसम्राड्-विरहादपर्तुं दिशावयस्याभिरिवोपकर्तुम् ।
महीमहीनानि घनापदेशाद् धृतानि नीलाब्जदलान्यशेषात् ॥५॥

बसन्त रूप सम्राट् के वियोग हो जाने से निष्प्रभ हुई मही (पृथ्वी) का उपकार करने के लिए ही मानों दिशा रूपी सहेलियों ने मेघों के व्याज से चारों ओर विशाल नील कमल-दलों को फैला दिया है ॥५॥

वृद्धिर्जडानां मलिनैर्घनैर्वा लब्धोन्नतिस्त्यक्तपथो जनस्तु ।
द्विरेफसंघः प्रतिदेशमेवं कलिर्नु वर्षावसरोऽयमस्तु ॥६॥

यह वर्षाकाल तो मुझे कलिकाल-सा प्रतीत होता है, क्योंकि इस वर्षा ऋतु में जड़ों अर्थात् जलों की वृद्धि होती है, और कलिकाल में जड़ (मूर्ख) जनों की वृद्धि होती है । वर्षा ऋतु में तो काले बादल उन्नति करते हैं और कलिकाल में पापी लोग प्रचुरता से उत्पन्न होते हैं । वर्षा काल में तो सर्वत्र जलमय पृथ्वी के हो जाने से लोग मार्गों पर आना-जाना छोड़ देते हैं और कलिकाल में लोग धर्म-मार्ग को छोड़ देते हैं । वर्षा काल में प्रति-देश अर्थात् ठौर-ठौर पर सर्वत्र द्विरेफ (सर्प) समूह प्रकट होता है और कलिकाल में पिशुन (चुगलखोर) जनों का समूह बढ़ जाता है ॥६॥

मित्रस्य दुःसाध्यमवेक्षणन्तूद्योगाश्च यूनां विलयं व्रजन्तु ।
व्यर्थं तथा जीवनमप्युपात्तं दुर्दैवतां दुर्दिनमित्यगात्तत् ॥७॥

वर्षाकाल के दुर्दिन (मेघाच्छन्न दिन) मुझे दुर्दैव से प्रतीत होते हैं, क्योंकि वर्षाकाल में मित्र अर्थात् सूर्य का दर्शन दुःसाध्य हो जाता है और दुर्दैव के समय मित्रों का दर्शन नहीं होता । वर्षा में युवक जनों के भी उद्योग व्यापार विलय को प्राप्त हो जाते हैं और दुर्भाग्य के समय नवयुवकों के भी पुरुषार्थ विनिष्ट हो जाते हैं । वर्षाकाल में बरसने वाला जीवन (जल) व्यर्थ जाता है और दुर्दैव के समय उससे पीड़ित जनों का जीवन व्यर्थ जाता है ॥७॥

लोकोऽयमाप्नोति जडाशयत्वं सद्वर्त्म लुप्तं घनमेचकेन ।
वक्तार आरादथवा प्लवङ्गा मौन्यन्यपुष्टः स्वयमित्यनेन ॥८॥

वर्षाकाल में यह सारा लोक (संसार) जलाशय (सरोवर) रूपता को प्राप्त हो जाता है, अर्थात् जिधर देखो, उधर पानी ही पानी भरा हुआ दिखाई देता है और कलिकाल में लोग जड़ाशय (मूर्ख) हो जाते हैं । वर्षाकाल में आकाश घन-मेचक से अर्थात् सघन मेघों के अन्धकार से व्याप्त हो जाता है और कलिकाल में घोर पाप के द्वारा सन्मार्ग लुप्त हो जाता है । वर्षा काल में मेंढक वक्ता हो जाते हैं, अर्थात् सर्वत्र टर्र-टर्र करते हुए दृष्टिगोचर होते हैं, और कलिकाल में उछल कूद मचाने वाले मनुष्य ही वक्ता बन जाते हैं । वर्षा ऋतु में कोयल मौन धारण कर लेती है और कलिकाल में परोपकारी जीव मौन धारण करते हैं । इस प्रकार मुझे वर्षा काल और कलिकाल दोनों ही एक-सदृश प्रतीत होते हैं ॥८॥

रसैर्जगत्प्लावयितुं क्षणेन सूत्कण्ठितोऽयं मुदिरस्वनेन ।
तनोति नृत्यं मृदु-मञ्जुलापी मृदङ्गनिःस्वानजिता कलापी ॥९॥

रसों (जलों) से जगत को एक क्षण में आप्लावित करने के लिए ही मानों मृदङ्गों की ध्वनि को जीतने वाले मेंघों के गर्जन से अति उत्कण्ठित और मृदु मञ्जुल शब्द करने वाला यह कलापी (मयूर) नृत्य किया करता है ॥९॥

भावार्थ - यह वर्षाकाल एक नाटक घर सा प्रतीत होता है, क्योंकि इस समय मेघों का गर्जन तो मृदङ्गों की ध्वनि को ग्रहण कर लेता है और उसे सुनकर प्रसन्न हो मयूर गण नृत्य करते हुए सरस सङ्गीत रूप मिष्ट बोली का विस्तार करते हैं ।

पयोधरोत्तानतया मुदे वाक् यस्या भृशं दीपितकामदेवा ।
नीलाम्बरा प्रावृडियं च रामा रसौघदात्री सुमनोभिरामा ॥१०॥

यह वर्षा ऋतु पयोधरों (मेघों और स्तनों) की उत्तानता अर्थात् उन्नति से, मेघ-गर्जना से तथा आनन्द-वर्धक वाणी से लोगों में कामदेव को अत्यन्त प्रदीप्त करने वाली, नील वस्त्र धारिणी, रस (जल और शृङ्गार) के पूर को बढ़ा देने वाली और सुमनों (पुष्पों तथा उत्तम मन) से अभिराम (सुन्दरी), रामा (स्त्री) के समान प्रतीत होती है ॥१०॥

भावार्थ - वर्षा ऋतु उक्त वर्णन से एक सुन्दर स्त्री सी दिखाई देती है ।

वसुन्धरायास्तनयान् विपद्य निर्यान्तमारात्खरकालमद्य ।
शम्पाप्रदीपैः परिणामवार्द्राग्विलोकयन्त्यम्बुमुचोऽन्तरार्द्राः ॥११॥

इस वर्षा ऋतु में, वसुन्धरा के तनयों अर्थात् वृक्ष-रूप पुत्रों को जलाकर या नष्ट-भ्रष्ट करके शीघ्रता से लुप्त (छिपे) हुए ग्रीष्म काल को अन्तरङ्ग में आर्द्रता के धारक मेघ, आंसू बहाते हुए से मानों शम्पा (बिजली) रूप दीपकों के द्वारा उसे ढूंढ़ रहे हैं ॥११॥

भावार्थ : यहां कवि ने यह उत्प्रेक्षा की है कि ग्रीष्म काल वृक्षों को जलाकर कहीं छिप गया है, उसे खोजने के लिए दुःखित हुए मेघ वर्षा के बहाने आंसू बहाते हुए तथा बिजली रूप दीपकों को हाथ में लेकर उसे इधर उधर खोज रहे हैं ।

वृद्धस्य सिन्धोः रसमासु हृत्वा शापादिवास्येऽलिरुचिन्तु धृत्वा ।
अथैतदागोहतिनीतिसत्त्वाच्छणत्यशेषं तमसौ तडित्वान् ॥१२॥

मेघ ने वृद्ध सिन्धु के रस (जल वा धन) को शीघ्रता से अपहरण कर लिया, अतएव उसके शाप के भय से ही मानों अपने मुख पर भ्रमर जैसी कान्ति वाली कालिमा धारण करके इस किये हुए अपराध से मुक्त होने के लिए वह अपहृत समस्त जल को वर्षा के बहाने से वापिस छोड़ रहा है ॥१२॥

श्लोकन्तु लोकोपकृतौ विधातुं पत्राणि वर्षा कलमं च लातुम् ।
विशारदाऽभ्यारभते विचारिन् भूयो भवन् वार्दल आशुकारी ॥१३॥

जैसे कोई विशारदा (विदुषी) स्त्री लोकोपकार के हेतु श्लोक की रचना करने के लिए पत्र (कागज) मषिपात्र (दवात) और कलम के लाने को उद्यत होती है, उसी प्रकार यह विशारदा अर्थात् शरद् ऋतु से रहित वर्षा ऋतु लोकोपकार के लिए मानों श्लोक रचने को वृक्षों के पत्र रूपी कागज, बादल रूपी दवात और धान्य रूप कलम को अपना रही है । पुन: हे विचारशील-मित्र, उक्त कार्य को सम्पन्न करने के लिए यह वार्दल (मेघ) बार-बार शीघ्रता कर रहा है । आशु नाम नाना प्रकार के धान्यों का भी है, सो यह मेघ जल-वर्षा करके धान्यों को शीघ्र उत्पन्न कर रहा है ॥१३॥

एकाकिनीनामधुना वधूनामास्वाद्य मांसानि मृदूनि तासाम् ।
अस्थीनि निष्ठीवति नीरदोऽसौ किलात्मसाक्षिन् करकप्रकाशात् ॥१४॥

हे आत्मसाक्षिन् ! यह नीरद (दन्त-रहित, मेघ) पति-विरह से अकेली रहने वाली उन वधुओं (स्त्रियों) के मृदु मांस को खाकर के अब करक अर्थात् ओले या घड़े गिराने के बहाने से मानों उनकी हड्डियों को उगल रहा है ॥१४॥

भावार्थ - वर्षा काल में, पति-विहीन स्त्रियों का जीना कठिन हो जाता है ।

नितम्बिनीनां मृदुपादपद्मैः प्रतारितानीति कुशेशयानि ।
ह्रिया क्रिया स्वीयशरीरहत्यै तेषां विषप्रायरयादिदानीम् ॥१५॥

इस जीवलोक में नितम्बिनी (स्त्री) जनों के कोमल चरण रूप कमलों से जल में रहने वाले कमल छले गये हैं, इसीलिये मानों इस समय लज्जा से लज्जित होकर उनकी क्रिया जल-वेग के बहाने से मानों अपने शरीर की हत्या के लिए उद्यत हो रही है ॥१५॥

भावार्थ - वहां की स्त्रियों के चरण, कमलों से भी सुन्दर हैं, पर वर्षा ऋतु में कमल नष्ट हो जाते हैं । इस बात को लक्ष्य कर उक्त कल्पना की गई है ।

समुच्छलच्छीतलशीकराङ्के वायौ वहत्येष महीमहाङ्के ।
भियेव भूयोविधवान्तरङ्गमुत्तापतप्तं प्रविशत्यनङ्गः ॥१६॥

उछलते हुए शीतल जल-कण जिसके मध्य में है, ऐसे पवन के मही-पृष्ठ के ऊपर बहने पर यह अंग-रहित कामदेव शीत के भय से ही मानों पति-वियोग के सन्ताप से सन्तप्त विधवाओं के अन्तरंग में प्रवेश कर रहा है ॥१६॥

भावार्थ - वर्षा ऋतु में अत्यन्त शीतल समीर से भयभीत होकर अर्थात् शीत से पीड़ित होकर गर्मी पाने के लिए ही मानों पति-वियोगिनी स्त्रियों के सन्तप्त शरीर में कामदेव प्रवेश करता है । इसका अभिप्राय यह है कि वर्षा काल में विधवाओं के शरीर में कामदेव अपना प्रभाव दिखाता है ।

वृथा श्रयन्तः कुकविप्रयातं पङ्कप्लुता कं कलयन्त्युदात्तम् ।
भेकाः किलैकाकितया लपन्तस्तुदन्ति नित्यं महतामुतान्तः ॥१७॥

वृथा ही कुकवि की चेष्टा का आश्रय लेते हुए कीचड़ से व्याप्त (लथ-पथ) हुए ये मेंढक अल्प जल को स्वीकार करते हैं और अकेले होने के कारण टर्र-टर्र शब्द करते हुए नित्य ही महापुरुषों के मन को कचोटते रहते हैं ॥१७॥

भावार्थ - वर्षाकाल में मेंढक, अपने को सब कुछ समझने वाले कुकवियों के समान व्यर्थ ही टर्र-टर्र का राग आलापते रहते हैं ।

चित्तेशयः कौ जयतादयन्तु हृष्टास्ततः श्रीकुटजाः श्रयन्तु ।
सुमस्थवार्बिन्दुदलापदेशं मुक्तामयन्तेऽप्युपहारलेशम् ॥१८॥

'इस वर्षा ऋतु में यह कामदेव पृथ्वी पर विजय प्राप्त करे' यह कहते हुए ही मानों हर्षित कुटज वृक्ष अपने फूलों पर आकर गिरि हुई जल-बिन्दुओं के बहाने से मोतियों का उपहार प्राप्त कर रहे हैं ॥१८॥

कीदृक् चरित्रं चरितं त्वनेन पश्यांशकिन्दारुणमाशुगेन ।
चिरात्पतच्चातकचञ्चुमूले निवारितं वारि तदत्र तूले ॥१९॥

हे अंशकिन् (विचारशील मित्र) ! देखो इस वर्षाकालीन आशुग (पवन) ने कैसा भयानक चरित्र आचरित किया है कि चिरकाल के पश्चात् आकर चातक पक्षी की खुली हुई चोंच में गिरने वाली वर्षा की जल-बिन्दु को इसने निवारण कर दिया है, अर्थात् रोक दिया है ॥१९॥

भावार्थ - वेग से पवन के चलने के कारण चातक की चोंच में गिरने वाली बूंद वहां न गिर कर उड़ के इधर-उधर गिर जाती है ।

घनैः पराभूत इवोडुवर्गः लघुत्वमासाद्य विचित्रसर्गः ।
तुल्यार्थवृत्तिः प्रथितो धराङ्के खद्योतनाम्ना चरतीति शङ्के ॥२०॥

वर्षा ऋतु में रात्रि में चमकते हुए उड़ने वाले खद्योतों (जुगनू या पटवीजनों) को लक्ष्य में रख कर कवि उत्प्रेक्षा करते हुए कहते हैं कि घनों से (मेघों और हथौड़ों से) पराभूत (ताड़ित) हो करके ही मानों लघु तथा विचित्र आकार को प्राप्त हुआ, समान अर्थ वृत्ति वाला उडु वर्ग (नक्षत्र-समूह) खद्योत नाम से प्रसिद्ध होकर भूतल पर इधर-उधर उड़ता हुआ चमक रहा है ॥२०॥

भावार्थ - ख+द्योत अर्थात् आकाश में चमकने के कारण खद्योत यह अर्थ नक्षत्र और जुगनू (पटवीजना) इन दोनों में समान रूप से रहता है इसी कारण कवि ने उक्त कल्पना की है ।

गतागतैर्दोलिककेलिकायां मुहुर्मुहुः प्राप्तपरिश्रमायाम् ।
पुनश्च नैपुण्यमुपैति तेषु योषा सुतोषा पुरुषायितेषु ॥२१॥

हिंडोले में झूलते समय गत और आगत से (बार-बार इधर से उधर या ऊपर और नीचे जाने आने से) प्राप्त हुआ है परिश्रम जिसमें ऐसी दौलिक-क्रीड़ा में अति सन्तुष्ट हुई स्त्री उन पुरुषायितों में (पुरुष के समान आचरण करने वाली रति-क्रीड़ाओं में) निपुणता को प्राप्त कर रही है ॥२१॥

भावार्थ - वर्षाकाल में प्रायः सर्वत्र स्त्रियां हिंडोलों पर झूलती हैं, उसे लक्ष्य में रखकर कवि ने उक्त उत्प्रेक्षा की है ।

मुखश्रियःस्तेयिनमैन्दवन्तु बिम्बं प्रहर्तुं समुदेति किन्तु ।
तत्रापि राहुं मुनयः समाहुर्दोलिन्यपैतीति जवात्सुबाहुः ॥२२॥

झूला पर झूलती हुई स्त्री अपनी मुखश्री के चुराने वाले चन्द्र बिम्ब को प्रहार करने के लिए ही मानों ऊपर की ओर जाती हैं, किन्तु वहां भी (चन्द्र के पास) राहु रहता है ऐसा मुनि जन कहते हैं, सो वह कहीं हमारे मुखचन्द्र को ग्रस न लेवे, इस विचार के आते ही वेग से वह उत्तम भुजा वाली स्त्री शीघ्र लौट आती है ॥२२॥

प्रौढिं गतानामपि वाहिनीनां सम्पर्कमासाद्य मुहुर्बहूनाम् ।
वृद्धो वराको जड़धी रयेण जातोऽधुना विभ्रमसंयुतानाम् ॥२३॥

प्रौढ़ अवस्था को प्राप्त हुई और विभ्रम-विलास से संयुक्त ऐसी बहुत-सी नदियों का संगम पाकर यह दीन, जड़-बुद्धि समुद्र शीघ्रता से अब वृद्ध हो रहा है ॥२३॥

भावार्थ - जैसे कोई मूर्ख युवा पुरुष अनेक युवती स्त्रियों के साथ समागम करे, तो जल्दी बूढ़ा हो जाता है, उसी प्रकार यह जलधि (समुद्र) भी वर्षा के जल से उमड़ती हुई नदियों का संगम पाकर जल्दी से वृद्ध हो रहा है अर्थात् बढ़ रहा है ।

रसं रसित्वा भ्रमतो वसित्वाऽपयजल्पतोऽप्युद्धततां कशित्वा ।
परञ्जपुञ्जोद्गतिमण्डितास्यमेतत्समापश्य सखेऽधुनाऽस्य ॥२४॥

हे मित्र, रस (मदिरा, जल) पीकर विभ्रम (नशा) के वश होकर झूमते हुए और उद्धतपना अंगीकार करके यद्वा-तद्वा बड़बड़ाने वाले ऐसे इस समुद्र के परञ्ज-(फेन) पुञ्ज के निकलने से मंडित मुख को तो देखो ॥२४॥

भावार्थ - जैसे कोई मनुष्य मदिरा को पीकर नशे से झूमने लगता है, उद्धत हो जाता है, यद्वा-तद्वा बकने लगता है और मुख से झाग निकलने लगते हैं, वैसे ही यह समुद्र भी सहस्रों नदियों के रस (जल) को पीकर मदिरोन्मत्त पुरुष के समान सर्व चेष्टाएं कर रहा है ।

अनारताक्रान्तघनान्धकारे भेदं निशा-वासरयोस्तथारे ।
भुर्तुर्युतिञ्चाप्ययुतिं वराकी तनोति सम्प्राप्य हि चक्रवाकी ॥२५॥

निरन्तर सघन मेघों के आच्छादित रहने से घनघोर अन्धकार वाले इस वर्षा काल में रात और दिन के भेद के नहीं प्रतीत होने पर यह वराकी (दीन) चक्रवाकी अपने भर्ता (चक्रवाक) के संयोग को और वियोग को प्राप्त हो कर ही लोगों को दिन और रात का भेद प्रकट कर रही है ॥२५॥

भावार्थ - वर्षा के दिनों में सूर्य के न दिखने से चकवी ही लोगों को अपने पति-वियोग से रात्रि का और पति-संयोग से दिन का बोध कराती है ।

नवाङ्कुरैरङ्कुरिता धरा तु व्योम्नः सुकन्दत्वमभूदजातु ।
निरुच्यतेऽस्मिन् समये मयेह यत्किञ्चिदासीच्छृणु भो सुदेह ॥२६॥

वर्षा ऋतु में वसुन्धरा तो नव-दुर्वाङ्कुरों से व्याप्त हो गई और आकाश मेघों से चारों ओर व्याप्त हो गया । ऐसे समय में यहां पर जो कुछ हुआ, उसे मैं कहता हूँ, सो हे सुन्दर शरीर वाले मित्र, उसे सुनो ॥२६॥

स्वर्गादिहायातवतो जिनस्य सोपानसम्पत्तिमिवाभ्यपश्यत् ।
श्रीषोडशस्वप्नततिं रमा या सुखोपसुप्ता निशि पश्चिमायाम् ॥२७॥

एक दिन सुख से सोती हुई उस प्रियकारिणी रानी ने पिछली रात्रि में स्वर्ग से यहा आने वाले जिनदेव के उतरने के लिए रची गई सोपान-सम्पत्ति (सीढ़ियों की परम्परा वाली निःश्रेणी) के समान सोलह स्वप्नों की सुन्दर परम्परा को देखा ॥२७॥

तत्कालं च सुनष्टनिद्रनयना सम्बोधिता मागधै -
र्देवीभिश्च नियोगमात्रमभितः कल्याणवाक्यस्तवैः ।
इष्टाचारपुरस्सरं वरतनुस्तल्पं विहायाऽऽर्हतां -
प्रातःकर्म विधाय तत्कृतवती द्रव्याष्टकेनार्चनम् ॥२८॥

स्वप्नों को देखने के तत्काल बाद ही मागध जनों (चारणों) एवं कुमारिका देवियों के, सर्व ओर से कल्याणमयी वचन-स्तुति के नियोग मात्र को पाकर नींद के दूर हो जाने से जिसके नेत्र खुल गये हैं, ऐसी उस सुन्दर शरीर वाली प्रियकारिणी रानी ने जाग कर, इष्ट आचरणपूर्वक शय्या को छोड़कर और प्रातः कालीन क्रियाओं को करके अर्हन्त जिनेन्द्रों की अष्ट-द्रव्य से अर्चना (पूजा) की ॥२८॥

तावत्तु सत्तमविभूषणभूषिताङ्गी, साऽऽलीकुलेन कलिता महती नताङ्गी ।
पृथ्वीपतिं परमपूततनुः शुभायां, देवी प्रतस्थ इति कामितया सभायाम् ॥२९॥

तत्पश्चात् उत्तमोत्तम आभूषणों से आभूषित परम पवित्र देह की धारक, महान् विनय से नम्रीभूत प्रियकारिणी देवी ने सहेलियों के समुदाय से संयुक्त होकर स्वप्नों का फल जानने की इच्छा से शोभायमान राजसभा में पृथ्वीपति अपने प्राणनाथ की ओर प्रस्थान किया ॥२९॥

नयनाम्बुजसम्प्रसादिनीं दिनपस्येव रुचिं तमोऽदिनीम् ।
समुदीक्ष्य निजासनार्धके स्म स तां वेशयतीत्यथानके ॥३०॥

उस सिद्धार्थ राजा ने, नेत्र रूप कमलों को प्रसन्न करने वाली और अन्धकार को दूर करने वाली सूर्य की प्रभा के समान आती हुई रानी को देखकर पाप-रहित एवम् पुण्य-स्वरूप ऐसे अपने आसन के अर्ध भाग पर बैठाया ॥३०॥

विशदांशुसमूहाश्रितमणिमण्डलमण्डिते महाविमले ।
सुविशालेऽवनिललिते समुन्नते सुन्दराकारे ॥३१॥

पर्वत इव हरिपीठे प्राणेश्वरपार्श्वसङ्गाता महिषी ।
पशुपति-पार्श्वगताऽपि च बभौ सती पार्वतीव तदा ॥३२॥

निर्मल किरण-समूह से आश्रित मणि-मण्डल से मण्डित महान् निर्मल, सुविशाल, पृथ्वी पर सुशोभित अति उन्नत, सुन्दर आकार वाले पर्वत के समान सिंहासन पर प्राणनाथ सिद्धार्थ के पार्श्व भाग में अवस्थित वह पट्टरानी प्रियकारिणी पशुपति (महादेव) के पार्श्व-गत पार्वती सती के समान उस समय सुशोभित हुई ॥३१-३२॥

उद्योतयत्युदितदन्तविशुद्धरोचि-रंशैर्नृपस्य कलकुण्डलकल्पशोचिः ।
चिक्षेप चन्द्रवदना समयानुसारं – तत्कर्णयोरिति वचोऽमृतमप्युदारम् ॥३३॥

अपने दांतों की निर्मल किरणों द्वारा महाराज सिद्धार्थ के कुण्डलों की कान्ति को बढ़ाने वाली उस चन्द्रमुखी रानी ने समयानुसार अवसर प्राप्त कर राजा के दोनों कर्णों में वक्ष्यमाण प्रकार से उदार वचनामृत छोड़ा, अर्थात् स्वप्नों को कहा ॥३३॥

श्रीजिनपदप्रसादादवनौ कल्याणभागिनी च सदा ।
भगवच्चरणपयोजभ्रमरी या संभृणूत तया ॥३४॥

दृष्टा निशावसाने विशदाङ्का स्वप्नषोडशी सहसा ।
यापि मया प्राणेश्वर ! शुभाशुभं यत्फलं तस्याः ॥३५॥

सज्ज्ञानैकविलोचन ! वक्तव्यं श्रीमता च तद्भवता ।
न हि किञ्चिदपि निसर्गादगोचरं ज्ञानिनां भवति ॥३६॥

जो जिनदेव के चरणों के प्रसाद से इस भूतल पर सदा कल्याण की भाजन है और भगवान् के चरण-कमलों की भ्रमरी है, ऐसी मैंने निशा (रात्रि) के अवसान काल में (अन्तिम प्रहर में) शुभ चिह्न वाली सोलह स्वप्नों की परम्परा सहसा देखी है, उसे सुनिये और उसका जो शुभ या अशुभ फल है उसे हे पूज्य श्रीमान्, आप कहिये । क्योंकि हे सज्ज्ञानरूप अद्वितीय नेत्र वाले प्राणनाथ ! ज्ञानियों के लिए स्वभावत कुछ भी अज्ञात नहीं है ॥३४-३५-३६॥

पृथ्वीनाथः पृथुलकथनां फुल्लपाथोजनेत्रो,
वाणीं प्रोक्तां प्रथितसुपृथुप्रोथया तीर्थरूपाम् ।
श्रुत्वा तथ्यामविकलगिरा हर्षणैर्मन्थराङ्ग,
इत्थं तावत्प्रथयति तरां स्माथ सन्मङ्गलार्थाम् ॥३७॥

विशाल नितम्ब-वाली रानी के द्वारा कही गई, विशाल अर्थ को कहने वाली, तीर्थ रूपी यथार्थ तत्त्व वाली वाणी को सुनकर हर्ष से रोमाञ्चित है अङ्ग जिसका, ऐसा वह प्रफुल्लित कमल के समान विकसित नेत्रवाला पृथ्वी का नाथ सिद्धार्थ राजा अपनी निर्दोष वाणी से उत्तम मङ्गल स्वरूप अर्थ के प्रतिपादक वचनों को इस प्रकार से कहने लगा ॥३७॥

त्वं तावदीक्षितवती शययेऽप्यनन्यां –
स्वप्नावलिं त्वनुदरि प्रतिभासि धन्या ।
भो भो प्रसन्नवदने फलितं तथाऽस्याः –
कल्याणिनीह श्रृणु मञ्जुतमं ममाऽऽस्यात् ॥३८॥

हे कृशोदरि, तुमने सोते समय जो अनुपम स्वप्नावली देखी है, उससे तुम अत्यन्त सौभाग्यशालिनी प्रतिभासित होती हो । हे प्रसन्न मुखि, हे कल्याणशालिनि, मेरे मुख से उनका अति सुन्दर फल सुनो ॥३८॥

अकलङ्कालङ्कारा सुभगे देवागमार्थमनवद्यम् ।
गमयन्ती सन्नयतः किलाऽऽप्तमीमांसिताख्या वा ॥३९॥

हे सुभगे, तुम आज मुझे आप्तमीमांसा के समान प्रतीत हो रही हो । जैसे समन्तभद्र स्वामी के द्वारा की गई आप्त की मीमांसा अकलङ्कदेव-द्वारा (रचित अष्टशती वृत्ति से) अलङ्कृत हुई है, उसी प्रकार तुम भी निर्मल आभूषणों को धारण करती हो । आप्तमीमांसा सन्नय से अर्थात् सप्तभङ्गी रूप स्याद्वादन्याय

के द्वारा निर्दोष अर्थ को प्रकट करती है और तुम भी अपनी सुन्दर चेष्टा से निर्दोष तीर्थङ्कर देव के आगमन को प्रकट कर रही हो ॥३९॥

लोकत्रयैकतिलको बालक उत्फुल्लनलिननयनेऽद्य ।
उदरे तवावतरितो हीङ्गितमिति सन्तनोतीदम् ॥४०॥

हे प्रफुल्लित कमलनयने ! तीनों लोकों का अद्वितीय तिलक ऐसा तीर्थङ्कर होने वाला बालक आज तुम्हारे गर्भ में अवतरित हुआ है । ऐसा संकेत यह स्वप्नावली दे रही है ॥४०॥

दानं द्विरद इवाखिल-दिशासु मुदितोऽथ मेदिनीचक्रे ।
मुहुरपि मुञ्चन् विमलः समुन्नताऽऽत्माऽथ सोऽवतरेत् ॥४१॥

तुमने सर्व प्रथम जो ऐरावत हाथी देखा है उसके समान तुम्हारा पुत्र इस मही-मण्डल पर समस्त दिशाओं में दान (मद-जल) को वारंवार वितरण करने वाला, प्रमोद को प्राप्त एवम् निष्पाप महान् आत्मा होगा ॥४१॥

मूलगुणादिसमन्वित-रत्नत्रयपूर्णधर्मशकटन्तु ।
मुक्तिपुरीमुपनेतुं धुरन्धरो वृषभवदयन्तु ॥४२॥

दूसरे स्वप्न में तुमने जो वृषभ (बैल) देखा है, उसके समान तुम्हारा पुत्र धर्म की धुरा को धारण करने वाला, तथा मूलगुण आदि से युक्त औ रत्न-त्रय से परिपूर्ण धर्म रूप शकट (गाड़ी) को मुक्तिपुरी पहुँचाने में समर्थ होगा ॥४२॥

दुरभिनिवेश-मदोद्धुर-कुवादिनामेव दन्तिनामदयम् ।
मदमुद्भेत्तुमदीनं दक्षः खलु केशरीत्थमयम् ॥४३॥

तीसरे स्वप्न में जो केसरी (सिंह) देखा है उसके समान वह पुत्र दुराग्रह रूप मद से उन्मत्त कुवादि-रूप हस्तियों के मद को निर्दयता से भेदन करने में दक्ष होगा ॥४३॥

कल्याणाभिषवः स्यात् सुमेरुशीर्षेऽथ यस्य सोऽपि वरः ।
कमलात्मन इव विमलो गजैर्यथा नाकपतिभिररम् ॥४४॥

चौथे स्वप्न में तुमने हाथियों के द्वारा अभिषेक की जाती हुई लक्ष्मी देखी है वह इस बात की सूचक है कि तुम्हारे पुत्र का सुमेरु के शिखर पर इन्द्रों के द्वारा निर्मल जल से कल्याण रूप अभिषेक होगा ॥४४॥

सुयशःसुरभिसमुच्चय-विजृम्भिताशेषविष्टपोऽयमितः ।
माल्यद्विक इव च भवेद्भव्यभ्रमरैरिहाभिमतः ॥४५॥

पांचवें स्वप्न में तुमने जो भ्रमरों से गुञ्जार करती हुई दो मालाएं देखी हैं, वे यह प्रकट करती हैं कि तुम्हारा पुत्र इस लोक में सुयश की सुगन्धि के समूह से समस्त जगत् को व्याप्त करने वाला, भव्य जीव रूपी भ्रमरों से सेवित और सम्मानित होगा ॥४५॥

निजशुचिगोप्रततिभ्यो वृषामृतस्योरुधारया सिञ्चन् ।
विधुरिव कौमुदमिह वा कलाधरो ह्येधयेत्किञ्च ॥४६॥

छठे स्वप्न में तुमने जो चन्द्रमा देखा है, वह सूचित करता है कि तुम्हारा पुत्र अपनी पवित्र किरणों के समुदाय से धर्म रूप अमृत की विशाल धारा के द्वारा जगत् को सिंचन करता हुआ इस संसार में भव्य जीव रूप कुमुदों के समूह को वृद्धिंगत करेगा और सर्व कलाओं का धारण करने वाला होगा ॥४६॥

विकचितभव्यपयोजो नष्टाज्ञानान्धकारसन्दोहः ।
सुमहोऽभिकलितलोको रविरिव वा केवलालोकः ॥४७॥

सातवें स्वप्न में तुमने जो सूर्य देखा है, उसके समान तुम्हारा पुत्र भव्य जीव रूपी कमलों का विकासक, अज्ञान रूप अन्धकार के समुदाय का नाशक, अपने प्रताप से समस्त लोक में व्यापक और केवल ज्ञान रूप प्रकाश से समस्त जगत् को आलोकित करने वाला होगा ॥४७॥

कलशद्विक इव विमलो मङ्गलकारीह भव्यजीवानाम् ।
तृष्णातुराय वाऽमृतसिद्धिं श्रणतीति संसारे ॥४८॥

आठवें स्वप्न में तुमने जो जल-परिपूर्ण दो कलश देखे हैं, सो तुम्हारा पुत्र कलश-युगल के समान इस संसार में भव्य जीवों का मंगलकारी और तृष्णातुर जीवों के लिए अमृत रूप सिद्धि को देने वाला होगा ॥४८॥

केलिकलामाकलयन् कुर्यात्स हि सकल लोकमतुलतया ।
मुदितमथो मुदितात्मा मीनद्विकवन्महीवलये ॥४९॥

नवें स्वप्न में तुमने जो जल में क्रीड़ा करती हुई दो मछलियां देखी हैं, सो उनके समान ही तुम्हारा पुत्र इस मही-मण्डल पर स्वयं प्रमुदित रहकर अतुल केलि-कलाओं को करता हुआ सकल लोक को प्रसन्न करेगा ॥४९॥

अष्टाधिकं सहस्रं सुलक्षणानां यथैव कमलानाम् ।
द्रह इव दधान एवं सततं क्लमनाश को भविनाम् ॥५०॥

दशवें स्वप्न में तुमने जो अष्ट अधिक सहस्र कमलों से परिपूर्ण सरोवर देखा है, सो उसके समान ही तुम्हारा पुत्र उत्तम एक हजार आठ लक्षणों का धारक, एवम् निरन्तर भव्य जीवों के दुःख और पाप का नाशक होगा ॥५०॥

जलनिधिरिव गम्भीरः प्रभवेदिह पालितस्थितिर्निवहः ।
लब्धीनां तु नवानां केवलजानां निधीनां वा ॥५१॥

ग्यारहवें स्वप्न में जो तुमने समुद्र देखा है, सो उसके समान ही तुम्हारा यह पुत्र गम्भीर, लोक-स्थिति का पालक, नव निधियों और केवल ज्ञान-जनित नव लब्धियों का धारक होगा ॥५१॥

सुपदं समुन्नतेः स्याच्छिवराज्यपदानुराग इह सततम् ।
चामीकर-चारुरुचिः सिंहासनवद्वरिष्ठः सः ॥५२॥

बारहवें स्वप्न में तुमने जो सुन्दर सिंहासन देखा है, उसके समान ही तुम्हारा यह होने वाला पुत्र सदा समुन्नति का सुपद (उत्तम स्थान) होगा, शिव-राज्य के पद का अनुरागी होगा और सन्तप्त सुवर्ण के समान सर्वश्रेष्ठ उत्तम कांति का धारक होगा ॥५२॥

सुरसार्थैः संसेव्यो ह्यभीष्टदेशोपलब्धिहेतुरपि ।
हे देवि तव सुपुत्रः विमानवद्वै भवेत्पूतः ॥५३॥

तेरहवें स्वप्न में तुमने जो सुर-सेवित विमान देखा है, सो हे देवि ! उसके समान ही तुम्हारा यह सुपुत्र सुर-सार्थ (देव-समूह) से अथवा सुरस-अर्थ वाले पुरुषों से संसेवित, अभीष्ट देश मोक्ष की प्राप्ति का हेतु और अति पवित्रात्मा होगा ॥५३॥

सततं सुगीततीर्थो निखिलमहीमण्डले महाविमलः ।
यशसा विश्रुत एवं धवलेन हि नागमन्दिरवत् ॥५४॥

चौदहवें स्वप्न में तुमने जो धवल वर्णमाला नाग-मन्दिर देखा है, उसके समान ही तुम्हारा यह पुत्र समस्त मही मण्डल पर सदा ही सुगीत तीर्थ होगा, अर्थात् जिसके धर्म तीर्थ का गान चिरकाल तक इस संसार में होता रहेगा । वह पुत्र महा विमल एवं उज्ज्वल धवल यश से विश्रुत (विख्यात) होगा ॥५४॥

सुगुणैरमलैर्गुणितो रत्नैरिव रत्नराशिरिह रम्यः ।
लोकानां सकलानां मनोऽनुकूलैरनन्तैः सः ॥५५॥

पन्द्रहवें स्वप्न में तुमने जो निर्मल रत्नों की राशि देखी है, उसके समान ही तुम्हारा पुत्र समस्त लोगों के मनोऽनुकूल आचरण करने वाला, अनन्त निर्मल गुण रूप रत्नों से परिपूर्ण एवं महा रमणीक होगा ॥५५॥

अपि दारुणोदितानां चिरजातानां च कर्मणां निवहम् ।
स नयेद्भस्मीभावं वह्निसमूहो यथा विशदः ॥५६॥

सोलहवें स्वप्न में तुमने जो धूम-रहित निर्मल अग्नि का समूह देखा है, सो हे देवि ! तुम्हारा यह पुत्र भी चिरकालीन, दारुण परिपाकवाले कर्मों का समूह भस्म करके अपने निर्मल आत्म-स्वरूप को प्राप्त करेगा ॥५६॥

समुन्नतात्मा गजराजवत्तथा धुरन्धरोऽसौ धवलोऽवनौ यथा ।
स्वतन्त्रवृत्तिः प्रतिभातु सिंहवद्रमात्मवच्छश्वदखण्डितोत्सवः ॥५७॥

द्विदामवत्स्यात्सुमनःस्थलं पुनः प्रसादभूमिः शशिवत्समस्तु नः ।
दिनेशवद्यः पथदर्शको भवेद् द्विकुम्भवन्मङ्गलकृज्जवञ्जवे ॥५८॥

विनोदपूर्णो झषयुग्मसम्मितिः समः पयोधेः परिपालितस्थितिः ।
तटाकवद्देहभृतां क्लमच्छिदे सुपीठवद् गौरवकारि सम्विदे ॥५९॥

विमानवद्यः सुरसार्थ-संस्तवः सुगीततीर्थः खलु नागलोकवत् ।
गुणैरुपेतो भुवि रत्नराशिवत्पुनीततामभ्युपयातु वह्निवत् ॥६०॥

हे कल्याणभाजिनी प्रिय रानी ! सर्व स्वप्नों का सार यह है कि तुम्हारा यह होने वाला पुत्र संसार में गजराज के समान समुन्नत महात्मा, धवल धुरन्धर (वृषभ) के समान धर्मधुरा का धारक, सिंह के समान स्वतन्त्र वृत्ति, रमा (लक्ष्मी) के समान निरन्तर अखण्ड उत्सवों से मण्डित, माल्यद्विक के समान सुमनों (पुष्पों और सज्जनों) का स्थल, चन्द्र के समान हम सबकी प्रसादभूमि, दिनेश (सूर्य) के समान संसार में मोक्षमार्ग का प्रदर्शक, कलश-युगल के समान जगत् में मङ्गल-कारक, मीन-युगल के समान विनोद-पूर्ण, समुद्र के समान लोक एवं धर्म की मर्यादा का परिपालक, सरोवर के समान संसार ताप-सन्तप्त शरीरधारियों के क्लम (थकान) का छेदक, सिंहासन के समान गौरवकारी, विमान के समान देव-समूह से संस्तुत, नागलोक के समान सुगीत-तीर्थ, रत्नराशि के समान गुणों से संयुक्त और अग्नि के समान कर्मरूप ईंधन का दाहक एवं पवित्रता का धारक होगा ॥५७-५८-५९-६०॥

देवि ! पुत्र इति भूत्रयाधिपो निश्चयेन तव तीर्थनायकः ।
गर्भ इष्ट इह वै सतां 'क्वचित्स्वप्नवृन्दमफलं जायते ॥६१॥

हे देवि ! तुम्हारा गर्भ में आया हुआ यह पुत्र निश्चय से तीनों लोकों का स्वामी और तीर्थ-नायक (तीर्थङ्कर) होगा । क्योंकि सत्-पुरुषों के स्वप्न-समूह कभी निष्फल (फल-रहित) नहीं होते हैं ॥६१॥

वाणीमित्थममोघमङ्गलमयीमाकर्ण्य सा स्वामिनो,
वामोरुश्च महीपतेर्मतिमतो मिष्टामथ श्रीमुखात् ।

अङ्कप्राप्तसुतेव कण्टकितनुर्हर्षाश्रुसम्वाहिनी,
जाता यत्सुतमात्र एव सुखदस्तीर्थेश्वरे किम्पुनः ॥६२॥

वह वामोरु (सुन्दर जंघाओं वाली) प्रियकारिणी रानी अपने मतिमान्, महीपति प्राणनाथ के श्री मुख से इस प्रकार की कभी व्यर्थ नहीं जानेवाली मङ्गलमयी मधुर वाणी को सुनकर हर्षाश्रुओं को बहाती हुई गोद में प्राप्त हुए पुत्र के समान आनन्द से रोमाञ्चित हो गई। पुत्र-मात्र की प्राप्ति ही सुखद होती है, फिर तीर्थेश्वर जैसे पुत्र के प्राप्त होने पर तो सुख का ठिकाना ही क्या है ॥६२॥

तदिह सुर-सुरेशाः प्राप्य सद्धर्मलेशा, वरपटह-रणाद्यैः किञ्चनश्रेष्ठपाद्यैः।
नव-नवमपि कृत्वा ते मुहुस्तां च नुत्वा, सदुदयकलिताङ्गीं जग्मुरिष्टं वराङ्गीम् ॥६३॥

इसी समय भगवान् के गर्भावतरण को जान करके सद्धर्म के धारक देव और देवेन्द्र गण यहां आये और उत्तम भेरी, रण-तूल आदि वाद्यों से तथा पुष्पादि श्रेष्ठ पूजन सामग्री से अभिनव अर्चन पूजन करके और उस सद्भाग्योदय से युक्त देह की धारण करने वाली सुन्दरी रानी को बारंवार नमस्कार करके अपने-अपने इष्ट स्थान को चले गये ॥६३॥

श्रीमान् श्रेष्ठिचतुर्भुजः स सुषुवे भूरामलेत्याह्वयं
वाणीभूषण-वर्णिनं घृतवरी देवी च यं धीचयम्।
वर्षर्तोर्जिनमातुरात्तशयनानन्दस्य संख्यापनं
सर्गस्तुर्य इहैतदुक्त उचितः सन्तोषयन् सन्मनः ॥४॥

इस प्रकार श्रीमान् सेठ चतुर्भुजजी और घृतवरी देवी से उत्पन्न हुए वाणीभूषण, बाल ब्रह्मचारी पं. भूरामल वर्तमान मुनि ज्ञान सागर द्वारा विरचित इस वीरोदय काव्य में भगवान् की माता के स्वप्न-दर्शन का वर्णन करने-वाला और देवागमन से मन को सन्तुष्ट करने वाला यह चौथा सर्ग समाप्त हुआ ॥४॥

❖ ❖ ❖

अथ पञ्चमः सर्गः

अथाभवद् व्योम्नि महाप्रकाशः सूर्यातिशायी सहसा तदा सः ।
किमेतदित्थं हृदि काकुभावः कुर्वन् जनानां प्रचलत्प्रभावः ॥१॥

भगवान महावीर के गर्भ में आने के पश्चात् आकाश में सूर्य के प्रकाश को भी उल्लंघन करने वाला और उत्तरोतर वृद्धि को प्राप्त होने वाला महान्-प्रकाश सहसा दिखाई दिया, जिसे देखकर 'यह क्या है' इस प्रकार का तर्क-वितर्क लोगों के हृदय में उत्पन्न हुआ । सभी लोग उस प्रकाश-पुञ्ज से प्रभावित हुए ॥१॥

क्षणोत्तरं सन्निधिमाजगाम श्रीदेवतानां निवहः स नाम ।
तासां किलाऽऽतिथ्यविधौ नरेश उद्ग्रीबभूवोद्यत आदरे सः ॥२॥

इसके एक क्षण बाद ही श्री, ह्री आदि देवताओं का वह प्रकाशमयी समूह लोगों के समीप आया। उसे आता हुआ देखकर वह सिद्धार्थ राजा खड़े होकर उन देवियों के आतिथ्य-सत्कार की विधि में उद्यत हुआ ॥२॥

हेतुर्नरद्वारि समागमाय सुरश्रियः कोऽस्ति किलेतिकायः ।
दुनोति चित्तं मम तर्क एष प्रयुक्तवान् वाक्यमिदं नरेशः ॥३॥

आप देव-लक्ष्मियों का मनुष्य के द्वार पर आगमन का क्या कौनसा कारण है, यह वितर्क मेरे चित्त में उथल-पुथल कर रहा है । ऐसा वाक्य उस सिद्धार्थ नरेश ने कहा ॥३॥

विशेष- श्लोक-पठित 'नर-द्वारि' और सुरश्रियः ये दोनों पद द्व्यर्थक हैं । तदनुसार दूसरा अर्थ यह है कि आप समृद्धिशालियों का मुझ दीन (गरीब) के द्वार पर आने का क्या कारण है, ऐसा राजा ने कहा ।

गुरोर्गुरूणां भवतो निरीक्षाऽस्माकं विभो ! भाग्यविधेः परीक्षा ।
तदर्थमेवेयमिहास्ति दीक्षा न काचिदन्या प्रतिभाति भिक्षा ॥४॥

देवियों ने उत्तर में कहा-हे विभो (स्वामिन्) जगद्-गुरु जिनेन्द्र के गुरु (पिता) ऐसे आपके दर्शनार्थ हम लोगों का आगमन हुआ है । यह हमारे भाग्य का परीक्षा-काल है- पुण्य अवसर है । उसी के लिए हम लोग यहां आईं हैं, और कोई कारण हमारे आने का नहीं है ॥४॥

अन्तः पुरे तीर्थकृतोऽवतारः स्यात्तस्य सेवैव सुरीसुसारः ।
शक्राज्ञया लिप्सुरसौ त्वदाज्ञां सुरीगणः स्यात्सफलोऽपि भाग्यात् ॥५॥

अन्तःपुर में महारानी प्रियकारिणी के गर्भ में तीर्थङ्कर भगवान् का अवतार हुआ है, उनकी सेवा करना ही हम सब देवियों के जन्म का सार (परम लाभ) है । हम सब इन्द्र की आज्ञा से आई हैं और अब हम देवीगण आपकी अनुज्ञा प्राप्त करने के लिए उत्सुक हैं, सौभाग्य से हमारा यह मनोरथ सफल होवे ॥५॥

इत्थं भवन् कञ्चुकिना सनाथः समेत्य मातुर्निकटं तदाऽथ ।
प्रणम्य तां तत्पदयोः सपर्या-परो बभूवेति जगुर्नृवर्याः ॥६॥

इस प्रकार कहकर और राजा की अनुज्ञा प्राप्त कर वह देवियों का समुदाय कञ्चुकी के साथ माता के निकट जाकर और उन्हें प्रणाम कर उनके चरणों की पूजा के लिए तैयार हुआ ऐसा श्रेष्ठ पुराण पुरुष कहते हैं ॥६॥

न जातु ते दुःखदमाचरामः सदा सुखस्यैव तव स्मरामः ।
शुल्कं च तेऽनुग्रहमेव यामस्त्वदिङ्गतोऽन्यत्र मनाग् वदामः ॥७॥

उन देवियों ने कहा- हम सब आपको दुःख पहुँचाने वाला कोई काम नहीं करेंगी, किन्तु आपको सुख पहुँचाने वाला ही कार्य करेंगी । हम आपसे शुल्क (भेंट या वेतन) में आपका केवल अनुग्रह ही चाहती हैं । हम लोग आपके संकेत या अभिप्राय के प्रतिकूल जरासा भी अन्य कुछ नहीं कहेंगी ॥७॥

दत्वा निजीयं हृदयं तु तस्यै लब्ध्वा पदं तद्धृदि किञ्च शस्यैः ।
विनत्युपज्ञैर्वचनैर्जनन्याः सेवासु देव्यो विभवुः सुधन्याः ॥८॥

इस प्रकार विनम्रता से परिपूर्ण प्रशंसनीय वचनों से उस माता को अपना अभिप्राय कह कर और उनके हृदय में अपना स्थान जमा कर वे देवियां माता की सेवा में लग कर अपने आपको सुधन्य मानती हुई ॥८॥

प्रगे ददौ दर्पणमादरेण द्रष्टुं मुखं मञ्जुदृशो रयेण ।
रदेषु कर्तुं मृदु मञ्जनं च वक्त्रं तथा क्षालयितुं जलं च ॥९॥

उन देवियों में से किसी ने प्रातःकाल माता के शयन-कक्ष से बाहिर आते ही उस सुन्दर-नयना को मुख देखने के लिए आदर के साथ दर्पण दिया, तो किसी ने शीघ्र दांतों की शुद्धि के लिए मंजन दिया और किसी अन्य देवी ने मुख को धोने के लिए जल दिया ॥९॥

तनुं परोद्वर्तयितुं गतापि कयाऽभिषेकाय क-क्लृप्तिरापि ।
जडप्रसङ्गोऽत्र कुतः समस्तु कृत्वेति चित्ते किल तर्कवस्तु ॥१०॥

सन्मार्जिता प्रोञ्छनकेन तस्याः कया पुनर्गात्रततिः प्रशस्या ।
दुकूलमन्या समदात्सुशातं समादरोऽस्या गुणवत्स्वथातः ॥११॥

कोई देवी माता के शरीर का उबटन करने लगी, तो कोई स्नान के लिए जल लाने को उद्यत हुई । किसी ने स्नान कराया, तो किसी ने मां के प्रशंसनीय शरीर के ऊपर पड़े हुए जल को यह विचार करके कपड़े से पोछा कि इस पवित्र उत्तम माता के साथ जड़ (मूर्ख, द्वितीय पक्ष में जल) का प्रसंग क्यों रहे ? माता का गुणवानों के प्रति सदा आदर रहता है, ऐसा सोचकर किसी देवी ने पहिनने के लिए माता को उत्तम वस्त्र दिया ॥१०-११॥

बबन्ध काचित्कबरी च तस्या निसर्गतो वक्रिमभावदृश्याम् ।
तस्याः दृशोश्चञ्चलयोस्तथाऽन्याऽञ्जनं चकारातिशितं वदान्या ॥१२॥

किसी देवी ने स्वभाव से उस माता के वक्रिम (कुटिल) भाव रूप दिखने वाले घुंघराने बालों का जूड़ा बांधा, तो किसी चतुर देवी ने माता के चंचल नेत्रों में अत्यन्त काला अंजन लगाया ॥१२।

श्रुती सुशास्त्रश्रवणात् पुनीते पयोजपूजामत एव नीते ।
सर्वेषु चाङ्गेषु विशिष्टताले चकार काचित्तिलकं तु भाले ॥१३॥

दोनों कान उत्तम शास्त्रों के सुनने से पवित्र हुए हैं, अतएव वे कमलों से पूजा को प्राप्त हुए, अर्थात् किसी देवी ने माता के कानों में कमल (कनफूल) लगा दिये । यह भाल (मस्तक) शरीर के सर्व अंगों में विशिष्टता वाला है, अर्थात् उत्तम है, यह विचार कर किसी देवी ने उस पर तिलक लगा दिया ॥१३॥

अलञ्चकारान्यसुरी रयेण पादौ पुनर्नूपुरयोर्द्वयेन ।
चिक्षेप कण्ठे मृदु पुष्पहारं संछादयन्ती कुचयोरिहारम् ॥१४॥

कोई अन्य देवी माता के दोनों चरणों को शीघ्रता से नूपुरों के जोड़े से अंलकृत करती हुई । किसी देवी ने दोनों स्तनों को आच्छादित करते हुए माता के कण्ठ में सुकोमल पुष्पहार पहिनाया । ।१४॥

काचिद् भुजेऽदादिह बाहुबन्धं करे परा कङ्कणमाबबन्ध ।
श्रीवीरमातुर्वलयानि तानि माणिक्य-मुक्तादिविनिर्मितानि ॥१५॥

किसी देवी ने माता की भुजाओं पर बाहुबन्ध बांधा, किसी ने माता के हाथों में कङ्कण बांधा। किसी देवी ने श्री वीर भगवान् की माता के हाथ में माणिक, मोती आदि से रचे हुए कंगनों को पहिनाया ॥१५॥

तत्रार्हतोऽर्चासमयेऽर्चनाय, योग्यानि वस्तूनि तदा प्रदाय ।
तया समं ता जगदेकसेव्यमाभेजुरुत्साहयुताः सुदेव्यः ॥१६॥

उत्साह-संयुक्त वे सुदेवियां भगवान् की पूजन के समय पूजन के लिए योग्य उचित वस्तुओं को दे करके उस माता के साथ ही जगत् के द्वारा परम सेव्य जिनेन्द्र देव की उपासना-पूजा करने लगी ॥१६॥

एका मृदङ्गं प्रदधार वीणामन्या सुमञ्जीरमथ प्रवीणा ।
मातुः स्वरे गातुमभूत् प्रयुक्ता जिनप्रभोर्भक्तिरसेण युक्ता ॥१७॥

किसी एक देवी ने मृदङ्ग लिया, तो किसी दूसरी ने वीणा उठाई, तीसरी कुशल देवी ने मंजीरे उठाये। और कोई जिन भगवान् की भक्ति रूप रस से युक्त होकर माता के स्वर में स्वर मिलाकर गाने के लिए प्रवृत्त हुई ॥१७॥

चकार काचिद् युवतिः सुलास्यं स्वकीयसंसत्सुकृतैकभाष्यम् ।
जगद्विजेतुर्दधदत्र दास्यं पापस्य कुर्वाणमिवाऽऽशु हास्यम् ॥१८॥

कोई युवती अपने पूर्वोपार्जित सुकृत के भाष्य रूप (पुण्य स्वरूप), जगद्-विजयी जिनराज की दासता को करती हुई और पाप की मानों हंसी-सी उड़ाती हुई सुन्दर नृत्य को करने लगी ॥१८॥

अर्चावसाने गुणरूपचर्चा द्वारा समस्तूत विनष्टवर्चाः ।
मतिः किलेतीङ्गितमेत्य मातुर्देव्यो ययुर्जोषमपीह जातु ॥१९॥

पूजन के अन्त में अब भगवान् के गुण रूप चर्चा- द्वारा हम सब लोगों में पाप की नाश करने वाली बुद्धि हो, अर्थात् अब हम सब की बुद्धि भगवद्-गुणों की चर्चा में लगे जिससे कि सब पापों का नाश हो, ऐसा माता का अभिप्राय जानकर सभी देवियां अपने नृत्य आदि कार्यों को छोड़ कर मौन धारण करती हुई ॥१९॥

सदुक्तये दातुमिवायनं सा रदालिरश्मिच्छलदीपवंशा ।
एवं प्रकारा समभूद् रसज्ञा श्रीमातुरेवात्र न चालसज्ञा ॥२०॥

दन्त-पंक्ति की कान्ति के छल से दीपकों के वंश वाली, आलस्य रहित ऐसी श्री जिनराज की माता की रसना (वाणी) उत्तम उक्ति (चर्चा) को अवसर प्रदान करने के लिए ही मानों इस प्रकार प्रकट हुई ॥२०॥

यथेच्छमापृच्छत भोः सुदेव्यः युष्माभिरस्ति प्रभुरेव सेव्यः ।
अहं प्रभोरेवमुपासिका वा सङ्कोचवार्धिः प्रतरेत नावा ॥२१॥

हे देवियो ! तुम लोगों को जो कुछ पूछना हो, अपनी इच्छा के अनुसार पूछो । तुम्हारे भी प्रभु ही उपास्य हैं और मैं भी प्रभु की ही उपासना करने वाली हूँ । तुम सब चर्चा रूप नाव के द्वारा सङ्कोच रूप समुद्र के पार को प्राप्त होओ ॥२१॥

न चातकीनां प्रहरेत् पिपासां पयोदमाला किमु जन्मना सा ।
युष्माकमाशङ्कितमुद्धरेयं तर्के रुचिं किन्न समुद्धरेयम् ॥२२॥

यदि मेघमाला चिरकाल से पिपासाकुलित चातकियों की प्यास को दूर न करे, तो उसके जन्म से क्या लाभ है ? मैं अब तुम लोगों की शंकाओं को क्यो न दूर करूं और तत्त्व के तर्क-वितर्क (ऊहा-पोह रूप विचार) में क्यों न रूचि करूं ॥२२॥

नैसर्गिका मेऽभिरुचिर्वितर्के यथाच्छता सम्भवतीह कर्के ।
विश्वम्भरस्याद्य सती कृपा तु सुधेव साहाय्यकरी विभातु ॥२३॥

तर्क-वितर्क में अर्थात् यथार्थ तत्त्व के चिन्तन करने में मेरी स्वाभाविक अभिरुचि है, जैसे कि दर्पण में स्वच्छता स्वभावतः होती है । फिर तो आज विश्व के पालक तीर्थङ्कर देव की कृपा है, सो वह सुधा (अमृत) के तुल्य सहायता करने वाली होवे ॥२३॥

भावार्थ - सुधा नाम चूना का भी है । जैसे दर्पण चूना की सहायता से एकदम स्वच्छ हो जाता है, उसी प्रकार भगवान् की कृपा से हमारी बुद्धि भी स्वच्छ हो रही है ।

इत्येवमाश्वासनतः सुरीणां बभूव सङ्कोचततिः सुरीणा ।
यथा प्रभातोदयतोऽन्धकार-सत्ता विनश्येदयि बुद्धिधार ॥२४॥

हे बुद्धि धारक ! जैसे प्रभात के उदय से अन्धकार की सत्ता बिलकुल विनष्ट हो जाती है, उसी प्रकार माता के उक्त प्रकार से दिये गये आश्वासन-द्वारा देवियों का संकोचपना बिलकुल दूर हो गया ॥२४॥

शिरो गुरुत्वान्नतिमाप भक्ति-तुलास्थितं चेत्युचितैव युक्तिः ।
करद्वयी कुड्मलकोमला सा समुच्चचालापि तदैव तासाम् ॥२५॥

उसी समय उन देवियों के भक्ति-रूपी तुला (तराजू) के एक पलड़े पर अवस्थित शिर तो भारी होने से नति (नम्रता) को प्राप्त हो गया और दूसरे पलड़े पर अवस्थित पुष्पकलिका से कोमल करयुगल हलके होने से ऊपर चले गये, सो यह युक्ति उचित ही है ॥२५॥

भावार्थ - जैसे तराजू के जिस पलड़े पर भारी वस्तु रखी हो, तो वह नीचे को झुक जाता है और हलकी वजन वाला पलड़ा ऊपर को उठ जाता है, इसी प्रकार माता की उक्त आश्वासन देने वाली वाणी को सुनकर कृतज्ञता एवं भक्ति से देवियों के मस्तक झुक गये और हस्त-युगल ऊपर मस्तक से लग गये । अर्थात् उन्होंने दोनों हाथ जोड़ कर हर्ष से गद्‌गद् एवं भक्ति से पूरित होकर माता को नमस्कार किया ।

मातुर्मुखं चन्द्रमिवैत्य हस्तौ सङ्कोचमास्तौ तु सरोजशस्तौ ।
कुमारिकाणामिति युक्तमेव विभाति भो भो जिनराज देव ॥२६॥

हे जिनराज देव ! माता के मुख को चन्द्र के समान देखकर उन कुमारिका देवियों के कमल के समान लाल वर्ण वाले उत्तम हाथ संकोच को प्राप्त हो गये, सो यह बात ठीक ही प्रतीत होती है ॥२६॥

भावार्थ - कमल सूर्य के उदय में विकसित होते हैं और चन्द्र के उदय में संकुचित हो जाते हैं । देवियों के हाथ भी कमल-तुल्य थे, सो वे माता के मुख-चन्द्र को देखकर ही मानों संकुचित हो गये । प्रकृत में भाव यह है कि माता को देखते ही उन देवियों ने अपने-अपने दोनों हाथ जोड़ कर उन्हें नमस्कार किया ।

ललाटमिन्दूचितमेव तासां पदाब्जयोर्मातुरवाप साऽऽशा ।
अभूतपूर्वेत्यवलोकनाय सकौतुका वागधुनोदियाय ॥२७॥

उन देवियों का ललाट चन्द्र-तुल्य है, किन्तु वह माता के चरण-कमलों को प्राप्त हो गया । किन्तु यह बात तो अभूत-पूर्व ही है, मानों यही देखने के लिए उनकी कौतुक से भरी हुई वाणी अब इस प्रकार प्रकट हुई ॥२७॥

भावार्थ - उन देवियों ने माता से प्रश्न पूछना प्रारम्भ किया ।

दुःखं जनोऽभ्येति कुतोऽथ पापात्, पापे कुतो धीरविवेकतापात् ।
कुतोऽविवेकः स च मोहशापात्, मोहक्षतिः किं जगतां दुरापा ॥२८॥

हे मातः ! जीव दुःख को किस कारण से प्राप्त होता है ? उत्तर- पाप करने से ! प्रश्न - पाप में बुद्धि क्यों होती है ? उत्तर - अविवेक के प्रताप से । प्रश्न - अविवेक क्यों उत्पन्न होता है ? उत्तर - मोह के शाप से अर्थात् मोह कर्म के उदय से जीवों के अविवेक उत्पन्न होता है । और इस मोह का विनाश करना जगत्-जनों के लिए बड़ा कठिन है ॥२८॥

स्यात्साऽपरागस्य हृदीह शुद्ध्या कुतोऽपरागः परमात्मबुद्ध्या ।
इत्यस्तु बुद्धिः परमात्मनीना कुतोऽप्युपायात्सुतरामहीना ॥२९॥

प्रश्न- तो फिर उस मोह का विनाश कैसे सम्भव है ? उत्तर - राग-रहित पुरुष के हृदय में उत्पन्न हुई विशुद्धि से मोह का विनाश सम्भव है । प्रश्न - राग का अभाव कैसे होता है ? उत्तर- परमात्म विषयक बुद्धि से । प्रश्न- परमात्म-विषयक उन्नत (दृढ़) बुद्धि कैसे होती है ? उत्तर - उपाय से अर्थात् भगवान् की भक्ति करने से, उनके वचनों पर श्रद्धा रखने से और उनके कथनानुसार आचरण से परमात्म-विषयक बुद्धि प्रकट होती है ॥२९॥

रागः कियानस्ति स देह–सेवः, देहश्च कीदृक् शठ एष एव ।
कथं शठः पुष्टिमितश्च नश्यत्ययं जनः किन्तु तदीयवश्यः ॥३०॥

प्रश्न- राग क्या वस्तु है ? उत्तर - देह की सेवा करना ही राग है । प्रश्न- यह देह कैसा है ? उत्तर- यह शठ (जड़) है । प्रश्न- यह शठ क्यों है ? उत्तर - क्यों कि यह पोषण किये जाने पर भी नष्ट हो जाता है । किन्तु दुःख है कि यह संसारी प्राणी फिर भी उसी के वश हो रहा है ॥३०॥

कुतोऽस्य वश्यो न हि तत्त्वबुद्धिस्तद्–धीः कुतः स्याद्यदि चित्तशुद्धिः ।
शुद्धेश्च किंद्वाः जिनवाक्प्रयोगस्तेनागदेनैव निरेति रोगः ॥३१॥

प्रश्न- तो फिर यह जीव उसके वश क्यों हो रहा है ? उत्तर - क्योंकि इसके पास तत्त्व बुद्धि, अर्थात् हेय-उपादेय का विवेक नहीं है । प्रश्न - फिर यह तत्त्व-बुद्धि कैसे प्राप्त होती है ? उत्तर- यदि चित्त में शुद्धि हो । प्रश्न- उस चित्त-शुद्धि का द्वार क्या है ? उत्तर-जिन वचनों का उपयोग करना, अर्थात् उन पर अमल करना ही चित्त शुद्धि का द्वार है और इस औषधि के द्वारा ही संसार का यह जन्म-मरण के चक्र-रूप रोग दूर होता है ॥३१॥

मान्यं कुतोऽर्हद्वचनं समस्तु सत्यं यतस्तत्र समस्तु वस्तु ।
तस्मिन्नसत्यस्य कुतोऽस्त्वभाव उक्ते तदीये न विरोधभावः ॥३२॥

प्रश्न- अर्हन्त जिनेन्द्र के ही वचन मान्य क्यों है ? उत्तर- क्योंकि वे सत्य हैं और सत्य वचन में ही वस्तु-तत्त्व समाविष्ट रहता है । प्रश्न- अर्हद्वचनों में असत्यपने का अभाव क्यों है ? उत्तर- क्योंकि उनके कथन में पूर्वापर विरोध-भाव नहीं है ॥३२॥

किं तत्र जीयादविरोधभावः विज्ञानतः सन्तुलितः प्रभावः ।
अहो न कल्याणकरी प्रणीतिर्गतानुगत्यैवमिहास्त्वपीति ॥३३॥

प्रश्न - उनके वचनों में अविरोध भाव क्यों है ? उत्तर - क्योंकि उनके वचन विज्ञान से अर्थात् कैवल्य रूप विशिष्ट ज्ञान से प्रतिपादित होने के कारण सन्तुलित प्रभाव वाले हैं । अहो देवियों ! जो बातें केवल गतानुगतिकता से (भेड़ चाल से) की जाती हैं, उनका आचरण कल्याणकारी नहीं होता ॥३३॥

एवं सुविश्रान्तिमभीप्सुमेतां विज्ञाय विज्ञा रुचिवेदने ताः ।
विशश्रमुः साम्प्रतमत्र देव्यः मितो हि भूयादगदोऽपि सेव्यः ॥३४॥

इस प्रकार से प्रश्नोत्तरकाल में ही उन विज्ञ देवियों ने माता के विश्राम करने की इच्छुक जानकर प्रश्न पूछने से विश्राम लिया, अर्थात् उन्होंने प्रश्न पूछना बन्द कर दिया । क्योंकि औषधि परिमित ही सेव्य होती है ॥३४॥

अवेत्य भुक्तेः समयं विवेकात् नानामृदुव्यञ्जनपूर्णमेका ।
अमत्रमत्र प्रदधार मातुरग्रे निजं कौशलमित्यजातु ॥३५॥

पुनः भोजन का समय जानकर विवेक से किसी देवी ने नाना प्रकार के मृदु एवं मिष्ट व्यञ्जनों से परिपूर्ण थाल को माता के आगे रखा और अपने कौशल को प्रकट किया ॥३५॥

माता समास्वाद्य रसं तदीयं यावत्सुतृप्तिं समगान्मृदीयः ।
ताम्बूलमन्या प्रददौ प्रसत्तिप्रदं भवेद्यत्प्रकृतानुरक्ति ॥३६॥

माता ने उस सरस भोजन को खाकर ज्यों ही अत्यन्त तृप्ति का अनुभव किया, त्यों ही किसी दूसरी देवी ने प्रकृति के अनुकूल एवं प्रसन्नतावर्धक ताम्बूल लाकर दिया ॥३६॥

यदोपसान्द्रे प्रविहर्तुमम्बान्विति स्तदा तत्सुकरावलम्बात् ।
विनोदवार्तामनुसम्विधात्री समं तयाऽगाच्छनकैः सुगात्री ॥३७॥

भोजन के उपरान्त भवन के समीपवर्ती उद्यान में विहार करती हुई माता को किसी देवी ने अपने हाथ का सहारा दिया और वह सुन्दर शरीर वाली माता उसके साथ विनोद-वार्ता करती हुई धीरे-धीरे इधर-उधर घूमने लगी ॥३७॥

चकार शय्यां शयनाय तस्याः काचित् सुपुष्पैरभितः प्रशस्याम् ।
संवाहनेऽन्या पदयोर्निलग्ना बभूव निद्रा न यतोऽस्तु भग्ना ॥३८॥

रात्रि के समय किसी देवी ने उस माता के सोने के लिए उत्तम पुष्पों के द्वारा शय्या को चारों ओर से अच्छी तरह सजाया । जब माता उस पर लेट गई तो कुछ देवियां माता के चरणों को दबाने में सलंग्न हो गई, जिससे कि माता की नींद भग्न नहीं होवे, अर्थात् माता सुख की नींद सोवें ॥३८।

एकाऽन्विता वीजनमेव कर्तुं केशान् विकीर्णानपरा प्रधर्तुम् ।
बभूव चातुर्यमपूर्वमासां प्रत्येककार्ये खलु निष्प्रयासात् ॥३९॥

माता के सोते समय कोई पंखा झलने लगी, तो कोई माता के बिखरे हुए केशों को सम्हारने लगी । इस प्रकार से उन देवियों का माता की सेवा के प्रत्येक कार्य में अनायास ही अपूर्व चातुर्य प्रकट हुआ ॥३९॥

श्रियं मुखेऽम्बा ह्रियमत्र नेत्रयोर्धृतिं स्वके कीर्तिमुरोजराजयोः ।
बुद्धिं विधाने च रमां वृषक्रमे समादधाना विबभौ गृहाश्रमे ॥४०॥

माता अपने मुख में तो श्री को, नेत्रों में ह्री को, मन में धृति को, दोनों उरोजराजों (कुचों) में कीर्ति को, कार्य-सम्पादन में बुद्धि को और धर्म-कार्य में लक्ष्मी को धारण करती हुई गृहाश्रम में ही अत्यन्त शोभित हुई ॥४०॥

भावार्थ - माता की सेवार्थ जो श्री ह्री आदि देवियां आई थी उन्हें मानों माता ने उक्त प्रकार से आत्मसात् कर लिया, यह भाव कवि ने व्यक्त किया है ।

सुपल्लवाख्यानतया सदैवाऽनुभावयन्त्यो जननीमुदे वा ।
देव्योऽन्वगुस्तां मधुरांनिदानाल्लता यथा कौतुकसम्विधाना ॥४१॥

जिस प्रकार पुष्पों को धारण करने वाली और उत्तम कोमल पल्लवों से युक्त लता वसन्त की शोभा को बढ़ाती है, उसी प्रकार वे देवियां भी उत्तम पद (वचन) और आख्यानों से उस माधुर्य-मयी माता की वसन्त ऋतु के समान सर्व प्रकार से हर्ष और कौतुक को बढ़ाती हुई सेवा करती थीं ॥ ४१॥

मातुर्मनोरथमनुप्रविधानदक्षा देव्योऽभ्युपासनसमर्थनकारिपक्षाः ।
माता च कौशलमवेत्य तदत्र तासां गर्भक्षणं निजमतीतवती मुदा सा ॥४२॥

माता की इच्छा के अनुकूल कार्य करने में दक्ष और उनकी सर्व प्रकार से उपासना करने में समर्थ पक्ष वाली वे देवियां माता की सेवा में सदा सावधान रहती थी और माता उनकी कार्य-कुशलता को देख-देख कर हर्ष से अपने गर्भ के समय को बिता रही थी ॥४२॥

श्रीमान् श्रेष्ठिचतुर्भुजः स सुषुवे भूरामलेत्याह्वयं,
वाणीभूषणवर्णिनं घृतवरी देवी च यं धीचयम् ।
तेनास्मिन् रचिते यथोक्तकथने सर्गोऽस्तिकायान्वितिः ।
देवीनां जिनमातृसेवनजुषां संवर्णनाय स्थितिः ॥५॥

इस प्रकार श्रीमान् सेठ चतुर्भुजजी और माता घृतवरी देवी से उत्पन्न हुए, वाणी-भूषण, बाल ब्रह्मचारी पं. भूरामल वर्तमान मुनि ज्ञानसागर द्वारा विरचित इस यथोक्त कथन-कारक काव्य में जिन माता की सेवा करने वाली कुमारिका देवियां का वर्णन करने वाला अस्तिकाय संख्या से युक्त यह पांचवा सर्ग समाप्त हुआ ॥५॥

❖ ❖ ❖

अथ षष्ठः सर्गः

गर्भस्य षण्मासमधस्त एव ववर्ष रत्नानि कुबेरदेवः ।
भो भो जनाः सोऽस्तु तमां मुदे वः श्रीवर्धमानो भुवि देवदेवः ॥१॥

भो भो मनुष्यो ! वे देवों के देव श्री वर्द्धमान देव, तुम सबके परम हर्ष के लिए होवें, जिनके कि गर्भ में आने के छह मास पूर्व से ही कुबेर देव ने यहां पर रत्नों को बरसाया ॥१॥

समुल्लसत्पीनपयोधरा वा मन्दत्वमञ्चत्पदपङ्कजा वा ।
पत्नी प्रयत्नीयितमर्त्यराजः वर्षेव पूर्णोदरिणी रराज ॥२॥

सिद्धार्थ राजा जिसकी सार सम्हाल में सावधानी पूर्वक लग रहे हैं, ऐसी उनकी पूर्ण-उदर वाली गर्भिणी पत्नी प्रियकारिणी रानी वर्षा ऋतु के समान शोभित होती हुई । जैसे वर्षा ऋतु जल से उल्लसित पुष्ट मेघ वाली होती है । उसी प्रकार से यह रानी भी उल्लास को प्राप्त पुष्ट स्तनों को धारण कर रही है । तथा जैसे वर्षा ऋतु में कमलों का विकास मन्दता को प्राप्त हो जाता है, उसी प्रकार रानी के चरण-कमल भी गमन की मन्दता को प्राप्त हो रहे थे । अर्थात् रानी गर्भ-भार के कारण धीरे-धीरे चलने लगी ॥२॥

गर्भार्भकस्येव यशःप्रसारैराकल्पितं वा धनसारसारैः ।
स्वल्पैरहोभिः समुवाह देहमेषोपगुप्ता गुणसम्पदेह ॥३॥

रानी का संतप्त कांचन-कान्तिवाला शरीर धीरे-धीरे थोड़े ही दिनों में श्वेतपने को प्राप्त हो गया। सो ऐसा प्रतीत होता था कि गर्भ में स्थित बालक के कर्पूर-सार के तुल्य श्वेत वर्ण वाले यश के प्रसार से ही वह श्वेत हो गया है । इस प्रकार वह रानी गुण रूप सम्पदा से युक्त देह को धारण करती हुई ॥३॥

भावार्थ - गर्भावस्था में स्त्रियों का शरीर श्वेत हो जाता है उसी को लक्ष्य करके कवि ने उक्त कल्पना की है।

नीलाम्बुजातानि तु निर्जितानि मया जयाम्यद्य सितोत्पलानि ।
कापर्दकोदारगुणप्रकारमितीव तन्नेत्रयुगं बभार ॥४॥

नील कमल तो मैंने पहिले ही जीत लिए हैं, अब आज मैं श्वेत कमलों को जीतूंगी, यह सोच करके ही मानों रानी के नयन-युगल ने कापर्दिक (कौड़ी) के समान उदार श्वेत गुण के प्रकार को धारण कर लिया ॥४॥

भावार्थ - उस रानी के नील कमल-तुल्य जो नेत्र थे, वे अब गर्भ के भार से श्वेत हो गये।

सताऽर्हताऽभ्येत्य विधेर्विधानं यन्नाभिजातप्रकृतेस्तु मानम् ।
तथाऽऽप्यहो राजकुलोचितेन मृगीदृशस्तत्र नतिंमुखेन ॥५॥

गर्भस्थ प्रशंसनीय तीर्थङ्करदेव के द्वारा होने वाली अवस्था विशेष के कारण उस समय नाभिजात (नीचकुलोत्पन्न नाभिमण्डल) को तो अभिमान आ गया, अर्थात् जो नाभि पहले गहरी थी, वह अब उथली हो गई। किन्तु राजकुलोचित (राजवंश के योग्य अथवा चन्द्रकुल कांति का धारक) उस मृगनयनी रानी का मुख नम्र हो गया यह आश्चर्य है ॥५॥

भावार्थ - गर्भावस्था में नाभि की गहराई तो उथली हो गई और लज्जा से रानी का मुख नीचे की ओर देखने लगा।

गाम्भीर्यमन्तःस्थशिशौ विलोक्याचिन्त्यप्रभावं सहजं त्रिलोक्याः ।
ह्रियेव नाभिः स्वगभीरभावं जहावहो मञ्जुदृशोऽथ तावत् ॥६॥

अहो ! तीनों लोकों की सहज गम्भीरता और अचिन्त्य प्रभाव गर्भस्थ शिशु में देखकर ही उस सुन्दर दृष्टि वाली रानी की नाभि ने लज्जित हो करके ही मानों अपने गम्भीरपने को छोड़ दिया ॥६॥

यथा तदीयोदरवृद्धिवीक्षा वक्षोजयोः श्याममुखत्वदीक्षा ।
मध्यस्थवृतेरपि चोन्नतत्वं कुतोऽस्तु सोढुं कठिनेषु सत्त्वम् ॥७॥

जैसे-जैसे रानी के उदर की वृद्धि होने लगी, वैसे-वैसे ही उसके कुचों के अग्रभाग (चूचुक) श्याम मुखपने की दीक्षा को प्राप्त हुए, अर्थात् वे काले होने लगे। सो यह ठीक ही है, क्योंकि कठोर स्वभाव वाले जीवों में मध्यस्थ स्वभाव वाले सज्जन पुरुष की उन्नति को सहन करने की क्षमता कहां से सम्भव है ? ॥७॥

तस्याः कृशीयानुदरप्रदेशः वलित्रयोच्छेदितया मुदे सः ।
रविर्गतोऽङ्गारवदुज्ज्वलत्वं कविर्वदत्यत्र तदेकतत्त्वम् ॥३१॥

ग्रीष्मकाल में धरणीतल पर इस प्रकार अवस्था हुई । प्राय: सभी पदार्थ नीरस हो गये, अर्थात् उनका रस सूख गया । और सूर्य अङ्गार के समान उज्ज्वलता को प्राप्त हुआ, अर्थात् खूब तपने लगा । ऐसी भीषण गर्मी के समय जो कुछ घटित हुआ, उस अद्वितीय तत्त्व को कवि यहां पर कहता है ॥३१॥

सर्पस्य निर्मोकमिवाथ कोशमसेरिवाऽऽनन्दमयोऽपदोषः ।
शरीरमेतत्परमीक्षमाणः वीरो बभावाऽऽत्मपदैकशाणः ॥३२॥

ऐसी प्रचण्ड गर्मी के समय निर्दोष एवं आत्मपद की प्राप्ति के लिए अद्वितीय शाण के समान वे वीर भगवान् अपने इस शरीर को सांप की कंचली के समान, अथवा म्यान से खड्ग के समान भिन्न देखते हुए आनन्दमय होकर विचर रहे थे ॥३२॥

शरीरतोऽसौ ममताविहीनः व्रजन् समन्तात्समतां शमीनः ।
उष्णं हिमं वर्षणमेकरूपं पश्यन्नभूदात्मरसैककूपः ॥३३॥

आत्मीय रस के अद्वितीय कूप-तुल्य वे शांति के सूर्य वीर प्रभु शरीर से ममता रहित होकर और सर्व ओर से समता को प्राप्त होकर ग्रीष्म, शीत और, वर्षाकाल को एक रूप देखते हुए विहार कर रहे थे ॥३३॥

नात्माऽम्भसाऽऽर्द्रत्वमसौ प्रयाति न शोषयेत्तं भुवि वायुतातिः ।
न वह्निना तप्तिमुपैति जातु व्यथाकथामेष कुतः प्रयातु ॥३४॥

भगवान् सभी प्रकार के परीषह और उपसर्गों को सहते हुए यह चिन्तवन करते थे कि यह आत्मा जल से कभी गीला नहीं होता, पवन का वेग इसे सुखा नहीं सकता और अग्नि इसे जला नहीं सकती (क्योंकि यह अमूर्त है) । फिर यह जीव इस संसार में अग्नि जलादिक से क्यों व्यर्थ ही कष्ट की कथा को प्राप्त होवे, अर्थात् इसे शीत-उष्ण परीषहादिक से नहीं डरना चाहिए ॥३४॥

ग्रीष्मे गिरेः शृङ्गमधिष्ठितः सन् वर्षासु वा भूमिरुहादधः सः ।
विभूषणत्वेन चतुष्पथस्य हिमे बभावाऽऽत्मपदैकशस्यः ॥३५॥

आत्मीय पद में तल्लीन वे वीर भगवान् ग्रीष्म काल में पर्वत के शिखर पर बैठकर, वर्षाकाल में वृक्षों के नीचे रहकर और शीतकाल में चतुष्पथ (चौराहे) के आभूषण बनकर शोभायमान हो रहे थे ॥३५॥

न वेदनाऽङ्गस्य च चेतनस्तु नासामहो गोचरचारि वस्तु ।
तथापि संसारिजनो न जाने किमस्ति लग्नोऽर्त्तिकथाविधाने ॥३६॥

शीत-उष्णादि के वेदना सहन करते हुए भगवान् विचार करते थे कि शरीर के तो जानने की शक्ति (चेतना) नहीं है और यह चेतन आत्मा इन शीत-उष्णादि की वेदनाओं का विषयभूत होने वाला पदार्थ नहीं है । तो भी न जाने, क्यों यह संसारी जीव पीड़ा की कथा कहने में संलग्न हो रहा है ॥३६॥

मासं चतुर्मासमथायनं वा विनाऽदनेनाऽऽत्मपथावलम्बात् ।
प्रसन्नभावेन किलैकतानः स्वस्मिन्नभूदेष सुधानिधानः ॥३७॥

अमृत के निधान वे वीर भगवान् आत्म-पथ का आश्रय लेकर एक मास चार मास और छह मास तक भोजन के बिना ही प्रसन्न चित्त रहकर अपने आपमें मग्न होकर अपने छद्मस्थ काल को बिता रहे थे ॥३७॥

गत्वा पृथक्त्वस्य वितर्कमारादेकत्वमासाद्य गुणाधिकारात् ।
निरस्य घातिप्रकृतीरघातिवर्ती व्यभाच्छ्रीसुकृतैकतातिः ॥३८॥

जब छद्मस्थकाल का अन्तिम समय आया, तब भगवान् क्षपक श्रेणी पर चढ़े और आठवें गुण स्थान में पृथक्त्व वितर्क शुक्ल ध्यान को प्राप्त होकर घातिया कर्मों की सर्व प्रकृतियों का क्षय करके अघ (पाप) से परे होते हुए, अथवा अघाति कर्मों के साथ रहते हुए अन्तरंग और बहिरंग लक्ष्मी के सौभाग्य-परम्परा को धारण कर शोभित हुए ॥३८॥

मनोरथारूढतयाऽश्ववेतः केनान्वितः स्नातकतामुपेतः ।
स्वयम्वरीभूततया रराज मुक्तिश्रियः श्रीजिनदेवराजः ॥३९॥

उस समय वीर प्रभु मनोरथ पर आरुढ़ होकर के अर्थात् आत्मा से अथवा जल से समन्वित होकर स्नातक दशा को प्राप्त हुए, मानों मुक्ति श्री के स्वयं वरण करने के लिए ही वे श्री जिनदेवराज वर-राजा से शोभित हो रहे थे ॥३९॥

वैशाखशुक्लाऽभ्रविधूदितायां वीरस्तिथौ केवलमित्यथायात् ।
स्वयं समस्तं जगदप्यपायादुद्धृत्य धर्तुं सुखसम्पदायाम् ॥४०.

यह समस्त जगत् जो उस समय पापों में संलग्न था, उसको पाप से दूर करने के लिए, तथा सुख-सम्पदा में लगाने के लिए ही मानों श्री वीर भगवान् ने वैशाख शुक्ला दशमी तिथि में केवल ज्ञान को प्राप्त किया ॥४०॥

अपाहरत् प्राभवभृच्छरीर आत्मस्थितं दैवमलं च वीरः ।
विचारमात्रेण तपोभृदद्य पूषेव कल्ये कुहरं प्रसद्य ॥४१॥

प्रातःकाल जैसे सूर्य प्रसन्न होकर विचार मात्र से ही कुहरे को दूर कर देता है, उसी प्रकार उस समय प्रभावान् शरीर वाले वीर भगवान् ने अपने आत्म-स्थित दैव (कर्मरूप) मल को दूर कर दिया ॥४१॥

भावार्थ - इस श्लोक में पठित सर्व विशेषण समान रूप से सूर्य और भगवान् दोनों के लिए घटित होते हैं, क्योंकि जैसे सूर्य प्रभावान् शरीर का धारक है, वैसे ही भगवान् भी प्रभा वाले भामण्डल से युक्त हैं। जैसे सूर्य तपोभृत् अर्थात् उष्णता रूप ताप को धारण करता है, वैसे ही भगवान् भी तप के धारक हैं। जैसे सूर्य विचार अर्थात् अपने संचार से अन्धकार को दूर करता है, उसी प्रकार भगवान् ने भी अपने विचार रूप ध्यान से अज्ञान रूप अन्धकार को दूर किया है। हां भगवान् में इतनी विशेषता है कि सूर्य तो बाहिरी तमरूप मल को दूर करता है, पर भगवान् ने दैव या अदृष्ट नाम से कहे जाने वाले अन्तरंग कर्म रूप मल को दूर किया, जिसे कि दूर करने में सूर्य समर्थ नहीं है।

अनित्यतैवास्ति न वस्तुभूताऽसौ नित्यताऽप्यस्ति यतः सुपूता ।
इतीव वक्तुं जगते जिनस्य दृङ् निर्निमेषत्वमगात्समस्य ॥४२॥

केवल ज्ञान प्राप्त करते ही भगवान् के नेत्र निर्निमेष हो गये अर्थात् अभी तक जो नेत्रों की पलकें खुलती और बन्द होती थी। उसका होना बन्द हो गया। इसका कारण बतलाते हुए कवि कहते हैं- पदार्थों में केवल अनित्यता ही वस्तुभूत धर्म नहीं है, किन्तु नित्यता भी वास्तविक धर्म है। यह बात जगत् के कहने के लिए ही मानों वीर जिन के नेत्र निर्निमेषपने को प्राप्त हो गये ॥४२॥

भावार्थ - आंखों का बार-बार खुलना और बन्द होना वस्तु की अनित्यता का सूचक है तो निर्निमेषता नित्यता को प्रकट करती है। इसका अभिप्राय यह है कि प्रत्येक पदार्थ में नित्यत्व और अनित्यत्व ये दोनों धर्म रहते हैं।

धर्मार्थकामामृतसम्भिदस्तान् प्रवक्तुमर्थान् पुरुषस्य शस्तान् ।
बभार वीरश्चतुराननत्वं हितं प्रकर्तुं प्रति सर्वसत्त्वम् ॥४३॥

धर्म, अर्थ, काम और अमृत (मोक्ष) रूप पुरुष के हितकारक चार प्रशस्त पुरुषार्थों को सर्व प्राणियों से कहने के लिए ही मानों वीर भगवान् ने चतुर्मुखता को धारण कर लिया ॥४३॥

भावार्थ - केवल ज्ञान होते ही भगवान् के चार मुख दीखने लगते हैं, उसको लक्ष्य में रखकर कवि ने उनके वैसा होने का कारण बतलाया है।

रूपं प्रभोरप्रतिमं वदन्ति ये येऽवनौ विज्ञवराश्च सन्ति ।
कुतः पुनर्मे प्रतिमेति कृत्वा निश्छायतामाप वपुर्हितत्त्वात् ॥४४॥

इस अवनी (पृथ्वी) पर जो-जो श्रेष्ठ ज्ञानी लोग हैं, वे वीर प्रभु के शरीर के रूप को अनुपम कहते हैं, फिर मेरा अनुकरण करने वाली प्रतिमा (छाया) भी क्यों हो ? यह सोचकर ही मानों भगवान् का शरीर तत्त्वतः छाया-रहितपने को प्राप्त हुआ, अर्थात् छाया से रहित हो गया ॥४४॥

अहो जिनोऽयं जितवान् मतल्लं केनाप्यजेयं भुवि मोहमल्लम् ।
नवाङ्कुराङ्कोदितरोमभारमितीव हर्षादवनिर्बभार ॥४५॥

अहो, इन जिनदेव ने संसार में किसी से भी नहीं जीता जानेवाला महा बलशाली मोहरूपी महामल्ल जीत लिया, इस प्रकार के हर्ष को प्राप्त हो करके ही मानों सारी पृथ्वी ने नवीन अंकुरों के प्रकट होने से रोमाञ्चपने को धारण कर लिया ॥४५॥

भावार्थ - सारी पृथ्वी हर्ष से रोमाञ्चित होकर हरी भरी हो गई ।

समासजन् स्नातकतां स वीरः विज्ञाननीरैर्विलसच्छरीरः ।
रजस्वलां न स्पृशति स्म भूमिमेकान्ततो ब्रह्मपदैकभूमिः ॥४६॥

विज्ञान रूप नीर से जिनके शरीर ने भली भांति स्नान कर लिया, अतएव स्नातकता को प्राप्त करने वाले, तथा एकान्ततः ब्रह्मपद के अद्वितीय स्थान अर्थात् बाल-ब्रह्मचारी ऐसे उन वीर भगवान् ने रजस्वला स्त्री के समान भूमि का स्पर्श नहीं किया अर्थात् भूमि पर विहार करना छोड़कर अन्तरिक्ष-गामी हो गये ॥४६॥

भावार्थ - जैसे कोई ब्रह्मचारी और फिर स्नान करके रजस्वला स्त्री का स्पर्श नहीं करता, वैसे ही बाल-ब्रह्मचारी और स्नातक पद को प्राप्त करने वाले भगवान् ने रजस्वला अर्थात् धूलिवाली पृथ्वी का भी स्पर्श करना छोड़ दिया। अब वे गगन-बिहारी हो गये ।

उपद्रुतः स्यात्स्वयमित्ययुक्तिर्यस्य प्रभावान्निरुपद्रवा पूः ।
तदा विपाकोचितशस्यतुल्या नखाश्चकेशाश्च न वृद्धिमापुः ॥४७॥

जिनके प्रभाव से यह सारी पृथ्वी ही उपद्रवों से रहित हो जाती है, वह स्वयं उपद्रव से पीड़ित हों, यह बात अयुक्त है, इसीलिए केवल ज्ञान के प्राप्त होने पर भगवान् भी (चेतन देव, मनुष्य, पशुकृत एवं आकस्मिक अचेतन-कृत सर्व प्रकार के) उपद्रवों से रहित हो गये । तथा परिपाक को प्राप्त हुई धान्य के समान भगवान् के नख और केश भी वृद्धि को प्राप्त नहीं हुए ॥४७॥

भावार्थः- केवल ज्ञान के प्राप्त होने पर जगत् उपद्रव-रहित हो जाता है और भगवान् के नख और केश नहीं बढ़ते हैं ।

बभूव कस्यैव बलेन युक्तश्च नाऽधुनासौ कवले नियुक्तः ।
सुरक्षणोऽसावसुरक्षणोऽपि जनैरमानीति वधैकलोपी ॥४८॥

भगवान् उस समय कबल अर्थात् आत्मा के बल से तो युक्त हुए, किन्तु कवल अर्थात् अन्न के ग्रास से संयुक्त नहीं हुए, अर्थात् केवल ज्ञान प्राप्त होने के पश्चात् भगवान् कवलाहार से रहित हो गये, फिर भी वे निर्बल नहीं हुए, प्रत्युत आत्मिक अनन्त बल से युक्त हो गये । वे भगवान् सुरक्षण होते

हुए भी असुरक्षण थे । यह विरोध है कि जो सुरों का क्षण (उत्सव-हर्ष) करने वाला हो, वह असुरों का हर्ष-वर्धक कैसे हो सकता है । इसका परिहार यह है कि वे देवों के हर्ष-वर्धक होते हुए भी असु-धारी प्राणी मात्र के भी पूर्ण रक्षक एवं हर्ष-वर्धक हुए । इसीलिए लोगों ने उन्हें वध (हिंसा) मात्र का लोप करने वाला पूर्ण अहिंसक माना ॥४८॥

प्रभोरभूत्सम्प्रति दिव्यबोधः विद्याऽवशिष्टा कथमस्त्वतोऽधः ।
कलाधरे तिष्ठति तारकाणां ततिः स्वतो व्योम्नि धृतप्रमाणा ॥

भगवान् को जब दिव्य बोध (केवल ज्ञान) प्राप्त हो गया है, तो फिर संसार की समस्त विद्याओं में से कोई भी विद्या अवशिष्ट कैसे रह सकती थी ? अर्थात् भगवान् सर्व विद्याओं के ज्ञाता या स्वामी हो गये । क्योंकि आकाश में कलाधर (चन्द्र) के रहते हुए ताराओं की पंक्ति तो स्वतः ही अपने परिवार के साथ उदित हो जाती है ॥४९॥

निष्कण्टकादर्शमयी धरा वा मन्दः सुगन्धः पवनः स्वभावात् ।
जयेति वागित्यभवन्नभस्त आनन्दपूर्णोऽभिविधिः समस्तः ॥

भगवान् को केवल ज्ञान प्राप्त होते ही यह सारी पृथ्वी कंटक रहित होकर दर्पण के समान स्वच्छ हो गई । स्वभाव से ही मन्द सुगन्ध पवन चलने लगा । आकाश में जय जयकार करने वाली ध्वनि होने लगी और इस प्रकार सभी वातावरण आनन्द से परिपूर्ण हो गया ॥५०॥

स्नाता इवाभुः ककुभः प्रसन्नास्तदेकवेलामृतवः प्रपन्नाः ।
गन्धोदकस्यातिशयात् प्रवृष्टिर्यतोऽभवनद्धर्षमयीव सृष्टिः ॥५१॥

सभी दिशाएं स्नान किये हुए के समान प्रसन्न हो गई । सर्व ऋतुएं भी एक साथ प्राप्त हुई । गन्धोदक की सातिशय वर्षा होने लगी और सारी सृष्टि हर्ष-मय हो गई ॥५१॥

ज्ञात्वेति शक्रो धरणीमुपेतः स्ववैभवेनाथ समं सचेतः ।
निर्मापयामास सभास्थलं स यत्र प्रभुर्मुक्तिपथैकशंसः ॥५२॥

यह सब जानकर सुचेता इन्द्र भी अपने वैभव के साथ पृथ्वी पर आया और जहां पर मुक्ति-मार्ग के अद्वितीय उपदेष्टा विराजमान थे, वहां पर उसने एक समवशरण नामक सभा-मण्डप का निर्माण किया ॥५२॥

सम्भोक्ता भगवानमेयमहिमासर्वज्ञचूडामणि –
र्निर्माता तु शचीपतेः प्रतिनिधिः श्रीमान् कुबेरोऽग्रणीः ।
सन्द्रष्टाऽखिलभूभुवां समुदयो यस्या भवेत्संसदः
पायाज्जातु रसस्थितिं मम रसाऽप्येषाऽऽशु तत्सम्पदः ॥

उस सभा-स्थल का निर्माता तो शचीपति शक्र का अग्रणी प्रतिनिधि श्रीमान् कुबेर था और उसके उपभोक्ता अमेय महिमा वाले सर्वज्ञ चूड़ामणि वीर भगवान् थे । तथा उस सभास्थल का संद्रष्टा समस्त पृथ्वी पर उत्पन्न हुए जीवों का समूह था । मेरी यह रसा (वाणी) भी शीघ्र उस सम्पदा की रसस्थिति को कुछ वर्णन करने में समर्थ होवे ॥५३॥

श्रीमान् श्रेष्ठिचतुर्भुजः स सुषुवे भूरामलेत्याह्वयं -

वाणीभूषण-वर्णिनं घृतवरी देवी च यं धीचयम् ।

ग्रीष्मर्तूदयतोऽभवद्भगवतः सद्‍बोधभानूदय -

स्तस्य द्वादशनाम्नि तेन गदिते सर्गेऽत्र युक्तोऽन्वयः ॥१२॥

इस प्रकार श्रीमान् सेठ चतुर्भुजजी और घृतवरी देवी से उत्पन्न हुए वाणीभूषण बाल-ब्रह्मचारी पं. भूरामल वर्तमान मुनि ज्ञानसागर द्वारा विरचित इस काव्य में ग्रीष्म ऋतु और भगवान् के केवल ज्ञान-प्राप्ति का वर्णन करने वाला बारहवां सर्ग समाप्त हुआ ॥१२॥

अथ त्रयोदशः सर्गः

वृत्तं तथा योजनमात्रमञ्चं सार्द्धद्वयकोशसमुन्नतं च ।
ख्यातं च नाम्ना समवेत्य यत्र ययुर्जनाः श्रीशरणं तदत्र ॥१॥

कुबेर ने वीर भगवान् के लिए जो समवशरण नामक सभामण्डप बनाया कवि उसका कुछ दिग्दर्शन कराते हैं-

वह सभा-मण्डप गोलाकार था, मध्य में एक योजन विस्तृत और अढ़ाई कोश उन्नत था । उसमें चारों ओर से आकर सभी प्रकार के जीव श्री वीर भगवान् के शरण को प्राप्त होते थे, इसलिए वह 'समवशरण' इस नाम से संसार में प्रसिद्ध हुआ ॥१॥

आदौ समादीयत धूलिशालस्ततश्च यः खातिकया विशालः ।
स्वरत्नसम्पत्तिधृतोपहारः सेवां प्रभोरब्धिरिवाचचार ॥२॥

उस समवशरण में सब से पहिले धूलिशाल नाम से प्रसिद्ध कोट था, जो कि चारों ओर खाई से घिरा हुआ था। वह ऐसा प्रतीत होता था, मानों अपनी रत्नादिक रूप सर्व सम्पदा को भेंट में लाकर समुद्र ही वीर प्रभु की सेवा कर रहा है ॥२॥

त्रिमेखला-वापिचतुष्कयुक्ताः स्तम्भाः पुनर्मानहरा लसन्ति ।
रत्नत्रयेणर्षिवरा यथैवमाराधनाधीनहृदो भवन्ति ॥३॥

पुनः तीन मेखलाओं (कटनियों) से और चार वापिकाओं से युक्त मान को हरण करने वाले चार मानस्तम्भ चारों दिशाओं में सुशोभित हो रहे थे । वे ऐसे मालूम पड़ते थे मानों जैसे रत्नत्रय से युक्त और चार आराधनाओं को हृदय में धारण करने वाले ऋषिवर ही हैं ॥३॥

स्तम्भा इतः सम्प्रति खातिकायास्ततः पुनः पौष्पचयः शुभायाः ।
श्रीमालतीमौक्तिकसम्विधानि अनेकरूपाणि तु कौतुकानि ॥४॥

खाई के बाहरी भाग में मानस्तंभ थे और खाई के भीतरी भाग पर पुष्प वाटिका थी जिसमें कि मालती, मोतिया, गुलाब, मोंगरा आदि अनेक प्रकार के पुष्प खिल रहे थे ॥४॥

रत्नांशकैः पञ्चविधैर्विचित्रः मुक्तेश्च्युतः कङ्कणवत्पवित्रः ।
शालः स आत्मीयरुचां चयेन सजँस्तदैन्द्रं धनुरुद्गतेन ॥५॥

तत्पश्चात् पांच प्रकार के रत्नों से निर्मित होने के कारण चित्रविचित्र वर्ण वाला प्रथम शाल (कोट) था, जो ऐसा प्रतीत होता था, मानों मुक्ति रूप स्त्री का ऊपर से गिरा हुआ पवित्र कङ्कण ही हो। वह शाल अपने रत्नों की किरणों के समूह से आकाश में उदित हुए इन्द्र-धनुष की शोभा को विस्तार रहा था ॥५॥

नवान्निधीनित्यभिधारयन्तं समुल्लसत्तोरणतो बृहत्त्वात् ।
ततः पुनः प्रावरणं वदामि रथाङ्गिवद्धे नर ! राजतत्त्वात् ॥६॥

हे पाठक गण, तत्पश्चात् नव निधियों को धारण करने वाला, विशाल उल्लासमान तोरण-द्वार से संयुक्त राजतत्त्व वाला (चांदी से निर्मित) रथाङ्गी (चक्री) के समान प्रावरण (कोट) था, ऐसा हम कहते हैं ॥६॥

भावार्थ - जैसे चक्रवर्ती नव निधियों को धारण करता है, उसी प्रकार यह कोट भी नव-निधियों से संयुक्त था। चक्रवर्ती तो रण के कौशल से युक्त होता है, यह कोट तोरण-द्वार से युक्त था। चक्रवर्ती विशाल राज-तत्त्व से संयुक्त होता है, यह कोट भी राजतत्त्व से युक्त था, अर्थात् चांदी से बना हुआ था।

ततो मरालादिदशप्रकार-चिह्नैर्युतानां नभसोऽधिकारः ।
प्रत्येकमभ्राभ्रविधूदितानामष्टाधिकानां परितो ध्वजानाम् ॥७॥

तदनन्तर हंस, चक्रवाक आदि दश प्रकार के चिह्नो से सयुक्त और प्रत्येक एक सौ आठ, एक सौ आठ संख्या वाली ध्वजाओं की पंक्ति थी, जो फहराती हुई आकाश में अपना अधिकार प्रकट कर रही थी ॥७॥

सर्वैर्मनुष्यैरिह सूषितव्यमितीव वप्रच्छलतोऽथ भव्यः ।
श्रीपुष्करद्वीपगतोऽद्रिरेवाऽऽगत्य स्थितः स्वीकुरुते स्म सेवाम् ॥८॥

तत्पश्चात् सर्व मनुष्यों को यहां आकर रहना चाहिए, मानों ऐसा कहता हुआ ही कोट के बहाने से पुष्कर-द्वीपवर्ती भव्य मानुषोत्तर पर्वत यहां आकर प्रभु की सेवा को स्वीकार करके अवस्थित है, ऐसा प्रतीत होता था ॥८॥

स मङ्गलद्रव्यगणं दधानः स्वयं चतुर्गोपुरभासमानः ।
यत्र प्रतीहारतयास्ति वानदेवैः प्रणीतो गुणसन्निधानः ॥९॥

वह दूसरा कोट अष्ट मंगल द्रव्यों को स्वयं धारण कर रहा था, चार गोपुर द्वारों से प्रकाशमान था, सर्व गुणों से विराजमान था और जिस पर प्रतीहार (द्वारपाल) रूप से व्यन्तर देव पहरा दे रहे थे ॥९॥

भवन्ति ताः सम्प्रति नाट्यशाला नृत्यन्ति यासूत्तमदेवबालाः ।
त्रिलोकनाथस्य यशोवितानं सूद्घोषयन्त्यः प्रतिवेशदानम् ॥१०॥

इसके पश्चात् नाट्यशालाएं थीं, जिनमें देव-बालाएं त्रिलोकीनाथ श्री वीर प्रभु के यशोवितान की सर्व ओर घोषणा करती हुई नाच रहीं थीं ॥१०॥

सप्तच्छदाऽऽम्रोरुकचम्पकोपपदैर्वनैर्यत्र कृतोपरोपः ।
मनोहरोऽतः समभूत्प्रदेशस्तत्तत्कचैत्यद्रुमयुक्तलेशः ॥११॥

इसके अनन्तर सप्तपर्ण, आम्र, अशोक और चम्पक जाति के वृक्षों से युक्त चारों दिशाओं में चार वन थे । जिनमें उन-उन नाम वाले चैत्य वृक्षों से संयुक्त मनोहर प्रदेश सुशोभित हो रहे थे ॥११॥

श्रीवीरदेवस्य यशोभिरामं वप्रं तपो राजतमाश्रयामः ।
यस्य प्रतिद्वारमुशन्ति सेवामथाऽर्हतो भावननामदेवाः ॥१२॥

पुनः उस समवशरण में हम श्री वीर भगवान् के समान अभिराम, राजत (चांदी निर्मित) कोट का आश्रय करते हैं, जिसके कि प्रत्येक द्वार पर भवनवासी देव अरहंत भगवान् की सेवा कर रहे थे ॥१२॥

विनापि वाञ्छां जगतोऽखिलस्य सुखस्य हेतुं गदतो जिनस्य ।
वैयर्थ्यमावेदयितुं स्वमेष समीपमेति स्म सुरद्रुदेशः ॥१३॥

तत्पश्चात् कल्पवृक्षों का वन था, जो मानों लोगो से कह रहा था कि हम तो वांछा करने पर ही लोगों को वांछित वस्तु देते हैं, किन्तु ये भगवान् तो बिना ही वांछा के सर्व जगत् के सुख के कारण को कह रहे हैं, अतएव अब हमारा होना व्यर्थ है, इस प्रकार अपनी व्यर्थता को स्वयं प्रकट करता हुआ ही मानों यह कल्प वृक्षों का वन भगवान् के समीप में आया है ॥१३॥

अस्मिन् प्रदेशेऽगत्यखिलासु दिक्षु सिद्धार्थनामावनिरुद् दिदृक्षुः ।
भव्योऽत्र सिद्धप्रतिमामुपेतः स्फूर्तिं नयत्यादरतः स्वचेतः ॥१४॥

इसी स्थान पर चारों दिशाओं में सिद्धार्थ नामक वृक्ष हैं, जो कि सिद्ध-प्रतिमाओं से युक्त हैं और जिन्हें देखने के लिए भव्य जीव आदर भाव से यहां आकर अपने चित्त में स्फूर्ति को प्राप्त करते हैं ॥१४॥

ततोऽपि वप्रः स्फटिकस्य शेष इवाऽऽबभौ कुण्डलितप्रदेशः ।
संसेवमानो भवसिन्धुसेतुं नभोगतत्वप्रतिपत्तये तु ॥१५॥

तदनन्तर स्फटिक मणि का तीसरा कोट है, जो ऐसा शोभित हो रहा है कि मानों शेषनाग ही अपने सर्पपना से रहित होने के लिए अथवा भोगों से विरक्ति प्राप्त करने के लिए भव-सागर के सेतु (पुल) समान इन वीर भगवान् की सेवा करता हुआ कुण्डलाकार होकर अवस्थित है ॥१५॥

ततः पुनर्द्वादश कोष्ठकानि जिनेन्द्रदेवं परितः शुभानि ।
स्म भान्ति यद्वद्रविमाश्रितानि मेषादिलग्नानि भवन्ति तानि ॥१६॥

पुनः तीसरे कोट के आगे जिनेन्द्र देव को घेर कर सर्व ओर उत्तम बारह कोठे सुशोभित हैं। (जिनमें चतुर्निकाय के देव, उनकी देवियां, मुनि, आर्यिका वा श्राविका, मनुष्य और पशु बैठकर भगवान् का धर्मोपदेश सुनते हैं।) ये भगवान् को घेर कर अवस्थित बारह कोठे ऐसे शोभित होते हैं, जैसे कि सूर्य को आश्रय करके चारों ओर अवस्थित मीन-मेष आदि लग्न राशियां शोभित होती हैं ॥१६॥

मध्येसभं गन्धकुटीमुपेतः समुत्थितः पीठतलात्तथेतः ।
बभौ विभुर्दृष्टमिदं विधानं समस्तमुच्छिष्टमिवोज्जिहानः ॥१७॥

इस समवशरण-सभा के मध्य में गन्ध कुटी को प्राप्त और सिंहासन के तलभाग से ऊपर अन्तरिक्ष अवस्थित भगवान् इस समस्त आयोजन को (समवशरण की रचना विधान को) उच्छिष्ट के समान छोड़ते हुए से शोभायमान हो रहे थे ॥१७॥

नाम्ना स्वकीयेन बभूव योग्यस्तत्पृष्ठोऽशोकतरुर्मनोज्ञः ।
यो दृष्टमात्रेण हरञ्जनानां शोकप्रबन्धं सुमुदो विधानात् ॥१८॥

भगवान् के पीठ पीछे अपने नाम से योग्य अर्थात् अपने नाम को सार्थक करने वाला मनोज्ञ अशोक वृक्ष था, जो कि दर्शन-मात्र से ही सर्व जनों के शोक-समूह को हरता हुआ, तथा हर्ष का विधान करता हुआ शोभित हो रहा था ॥१८॥

पुष्पाणि भूयो ववृषुर्नभस्तः नाकाशपुष्पं भवतीत्यशस्तः ।
जनै प्रवादो न्यकथीत्यनेन स्याद्वादविद्याधिपते रसेण ॥१९॥

स्याद्वाद विद्या के अधिपति श्री वीर भगवान् के पुण्योदय से उस समवशरण में आकाश से पुष्प बरस रहे थे। वे मानों यह प्रकट कर रहे थे कि लोगों ने हमारा जो यह अपवाद फैला रखा है कि आकाश में फूल नहीं होते, वह झूठ है ॥१९॥

गङ्गातरङ्गायितसत्वराणि यक्षैर्विधूतानि तु चामराणि ।
मुक्तिश्रियोऽपाङ्गनिभानि पेतुर्वीरप्रभोः पार्श्ववरद्वये तु ॥२०॥

उस समय वीर प्रभु के दोनों पार्श्व भागों में गंगा की तरंगों के समान लम्बे और यक्षों के द्वारा ढोरे जाने वाले चामर (चंवरों के समूह) ऐसे प्रतीत हो रहे थे मानों मुक्ति-लक्ष्मी के कटाक्ष ही हों ॥२०॥

प्रभोः प्रभामण्डलमत्युदात्तं न कोटिसूर्यैर्यदिहाभ्युपात्तम् ।
यदीक्षणे सम्प्रभवः क्षणेन स्मो नाम जन्मान्तरलक्षणेन ॥२१॥

वीर प्रभु के मुख का प्रभा-मण्डल इतना दीप्ति युक्त था कि वह दीप्ति कोटि सूर्यों के द्वारा भी संभव नहीं है। जिस प्रभा-मण्डल को देखने पर एक क्षण में लोग अपने-अपने जन्मान्तरों को देखने में समर्थ हो जाते थे ॥२१॥

भावार्थ - भगवान् का ऐसा अतिशय होता है कि उनके भामण्डल में प्रत्येक प्राणी को अपने तीन पूर्व के भव, तीन आगे के भव और एक वर्तमान का भव इस प्रकार सात भव दिखाई देते हैं ।

जगत्त्रयानन्ददृशाममत्रं वदामि वीरस्य तदातपात्रम् ।
त्रैकालिकायाब्धितुजे सुसत्रं सतां जरामृत्युजनुर्विपत्त्रम् ॥२२॥

वीर भगवान् के उपर जो छत्रत्रय अवस्थित थे, वे मानों जगत्त्रय के नेत्रों के आनन्द के पात्र ही थे, ऐसा मैं कहता हूँ वह छत्रत्रय त्रैकालिक (सदा) रहने वाले अब्धिसुत चन्द्र के लिए उत्तम कांति देनेवाला उत्तम सत्र (सदावर्त) ही था और वह सज्जन पुरुषों की जन्म, जरा और मरण रूप तीन विपत्तियों से त्राण (रक्षा) करने वाला था ॥२२॥

मोहप्रभावप्रसरप्रवर्जं श्रीदुन्दुभिर्यं ध्वनिमुत्ससर्ज ।
समस्तभूव्यापिविधिं समर्जन्नानन्दवाराशिरिवाघवर्जः ॥२३॥

उस समवशरण में देव-दुन्दुभि, मोहकर्म के प्रभाव के विस्तार को निवारण करने वाली, समस्त भू-व्यापी आनन्द विधि को करने वाली, पाप-रहित निर्दोष आनन्दरूप समुद्र की गर्जना के समान गम्भीर ध्वनि को कर रहे थे ॥२३॥

वाचां रुचा मेघमधिक्षिपन्तं पर्याश्रयामो जगदेकसन्तम् ।
अखण्डरूपेण जगज्जनेभ्योऽमृतं समन्तादपि वर्षयन्तम् ॥२४॥

उस समवशरण में भगवान् की दिव्य ध्वनि अखण्ड रूप से जगत् के जीवों को पीने के लिए सर्व ओर से अमृत रूप जल को वर्षाती हुई और मेघ की ध्वनि का तिरस्कार करती हुई प्रकट हो रही थी ॥२४॥

इत्येवमेतस्य सतीं विभूतिं स वेद-वेदाङ्गविदिन्द्रभूतिः ।
जनैर्निशम्यास्वनिते निजीये प्रपूरयामास विचारहूतिम् ॥२५॥

इस प्रकार चारों ओर फैली हुई वीर भगवान् की इस विभूति को लोगों से सुनकर वेद-वेदाङ्ग का वेत्ता वह इन्द्रभूति ब्राह्मण अपने चित्त में इस प्रकार के विचार प्रवाह को पूरता हुआ विचारने लगा ॥२५॥

वेदाम्बुधेः पारमिताय मह्यं न सम्भवोऽद्यावधि जातु येषाम् ।
तदुज्झितस्याग्रपदं त एव भावा भवेयुः स्मयसूतिरेषा ॥२६॥

वेद-शास्त्र रूप समुद्र के पार को प्राप्त हुए मुझे तो इस प्रकार की विभूतियों की प्राप्ति आज तक भी संभव नहीं हुई है और उससे रहित अर्थात् वेद-बाह्य आचरण करने वाले वीर के आगे ये सर्व वैभव समुपस्थित है, अहो यह बड़ा आश्चर्य है ॥२६॥

चचाल द्रष्टुं तदतिप्रसङ्गमित्येवमाश्चर्यपरान्तरङ्गः ।
स प्राप देवस्य विमानभूमिं स्मयस्य चासीन्मतिमानभूमिः ॥२७॥

अतएव अधिक सोच-विचार क ने से क्या लाभ है? (मैं चलकर स्वयं ही देखूं कि क्या बात है ?)इस प्रकार विचार कर और आश्चर्य-परम्परा से व्याप्त है अन्तरंग जिसका, ऐसा वह इन्द्रभूति भगवान् वीर के समवशरण की ओर स्वयं ही चल पड़ा । जब वह वीर जिनेन्द्रदेव की विमान-भूमि (समवशरण) को प्राप्त हुआ तो अमानभूमि (अभिमान से रहित) होकर परम आश्चर्य को प्राप्त हुआ ॥२७॥

रेभे पुनश्चिन्तयितुं स एष शब्देषु वेदस्य कुतः प्रवेशः ।
ज्ञानात्मनश्चात्मगतो विशेषः संलभ्यतामात्मनि संस्तुते सः ॥२८॥

और वह इस प्रकार विचारने लगा- इन बोले जाने वाले शब्दों में वेद (ज्ञान) का प्रवेश कैसे संभव है ? ज्ञानरूपता तो आत्मगत विशेषता है और वह आत्मा की स्तुति करने पर ही पाई जा सकती है ॥२८॥

मयाऽम्बुधेर्मध्यमतीत्य तीर एवाद्ययावत्कलितः समीरः,
कुतोऽस्तु मुक्ताफलभावरीतेरुतावकाशो मम सम्प्रतीतेः ॥२९॥

मैंने आज तक समुद्र में जाकर भी उसके तीर का ही समीर (पवन) खाया है । समुद्र में गोता लगाये बिना मेरी बुद्धि को भी जीवन की सफलता कैसे प्राप्त हो सकती है ? ॥२९॥

मुहुस्त्वया सम्पठितः किलाऽऽत्मन् वेदेऽपि सर्वज्ञपरिस्तवस्तु ।
आराममापर्यटतो बहिस्तः किं सौमनस्याधिगतिः समस्तु ॥३०॥

हे आत्मन् ! तू ने अनेक बार वेद में भी सर्वज्ञ की स्तुति को पढ़ा, (किन्तु उसके यथार्थ रहस्य को नहीं जान सका) और उस ज्ञान के उद्यान के बाहिर ही बाहिर पर्यटन (परिभ्रमण) करता रहा। क्या बाहिर घूमते हुए भी उद्यान के सुन्दर सुमनों के समुदाय की प्राप्ति सम्भव है ? ॥३०॥

वातवसनता साधुत्वायेति वेदवाचः पूर्तिमथाये ।
नान्यत्रास्ति साधनासरणिप्रोद्युतयेऽयमेव भुवि तरणिः ॥३१॥

'वात-वसनता अर्थात् दिगम्बरता ही साधुत्व के लिए कही गई है' इस वेद के वचन की पूर्ति को (यथार्थ ज्ञान को) मैं आज प्राप्त हुआ हूँ । यह दिगम्बरता ही संसार में

आत्म-साधना की सरणि (पद्धति) को प्रकट करने के लिए सूर्य है । इस दिगम्बरता के सिवाय वह अन्यत्र सम्भव नहीं है ॥३१॥

सत्यसन्देशसंज्ञप्त्यै प्रसादं कुरु भो जिन ।
इत्युक्त्वा पदयोरेष पपात परमेष्ठिनः ॥३२॥

(ऐसा मन में ऊहापोह करके) हे जिनेन्द्र ! सत्य सन्देश के ज्ञान कराने के लिए मेरे ऊपर प्रसाद करो (प्रसन्न होओ), ऐसा कहकर वह इन्द्रभूति गौतम वीर परमेष्ठी के चरणों में गिर पड़ा ॥३२॥

लब्ध्वेमं सुभगं वीरोऽभिददौ वचनामृतम् ।
यथाऽऽषाढं समासाद्य मघवा वारि वर्षति ॥३३॥

इस सुभग इन्द्रभूति को पाकर वीर भगवान् ने उसे वचनामृत दिया । जैसे कि आषाढ़ मास को प्राप्त होकर इन्द्र जल बरसाता है ॥३३॥

यदाऽवतरितो मातुरुदरादयि शोभन ।
तदा त्वमपि जानासि समायातोऽस्यकिञ्चनः ॥३४॥

हे शोभन ! जब तुम माता के उदर से अवतरित हुए, तब तुम अकिञ्चन (नग्न) ही आये थे, यह बात तो तुम भी जानते हो ॥३४॥

गृहीतं वस्त्रमित्यादि यन्मायाप्रतिरूपकम् ।
मात्सर्यादिनिमित्तं च सर्वानर्थस्य साधकम् ॥३५॥

पुनः जन्म लेने के पश्चात् जो यह वस्त्र आदि ग्रहण किए हैं, वे तो माया के प्रतिरूप हैं, मात्सर्य, लोभ, मान आदि के निमित्त हैं और सर्व अनर्थों के साधक हैं ॥३५॥

अहिंसा वर्त्म सत्यस्य त्यागस्तस्याः परिस्थितिः ।
सत्यानुयायिना तस्मात्संग्राह्यस्त्याग एव हि ॥३६॥

सत्य तत्त्व का मार्ग तो अहिंसा ही है और त्याग उसकी परिस्थिति है अर्थात् परिपालक है । अतएव सत्यमार्ग पर चलने वाले के लिए त्यागभाव ही संग्राह्य है अर्थात् आश्रय करने योग्य है ॥३६॥

त्यागोऽपि मनसा श्रेयान्न शरीरेण केवलम् ।
मूलोच्छेदं विना वृक्षः पुनर्भवितुमर्हति ॥३७॥

किसी वस्तु का मन से किया हुआ त्याग ही कल्याण-कारी होता है, केवल शरीर से किया गया त्याग कल्याण-कारी नहीं होता । क्योंकि मूल (जड़) के उच्छेद किये बिना ऊपर से काटा गया वृक्ष पुनः पल्लवित हो जाता है ॥३७॥

वर्धमानादनभ्राज एवं गौतमचातकः ।
लेभे सूक्तामृतं नाम्ना साऽऽषाढी गुरुपूर्णिमा ॥३८॥

इस प्रकार जिस दिन श्री वर्धमान रूप मेघराज से गौतम रूप चातक ने सत्य सूक्त वचनामृत को प्राप्त किया, वह दिन आषाढ़ी गुरु पूर्णिमा है ॥३८॥

भावार्थ - यतः आषाढ़ सुदी पूर्णिमा को गौतम ने वीर भगवान् रूप गुरु को पाकर और स्वयं शिष्य बनकर वचनामृत का पान किया । अतः तभी से लोग उसे गुरु पूर्णिमा कहते हैं ।

वीरवलाहकतोऽभ्युदियाय गौतमकेकिकृतार्थनया यः ।
अनुभुवनं स वारिसमुदायः श्रावणादिमदिने निरपायः ॥३९॥

गौतम रूप मयूर के द्वारा की गई प्रार्थना से वीर भगवान् रूप मेघ से जो वाणी रूप जल का निर्दोष प्रवाह प्रकट हुआ, वह श्रावण मास के प्रथम दिन सर्व भुवन में व्याप्त हो गया ॥३९॥

भावार्थ - भगवान् महावीर का प्रथम उपदेश श्रावण कृष्णा प्रतिपदा को हुआ ।

श्रीमान् श्रेष्ठिचतुर्भुजः स सुषुवे भूरामलेत्याह्वयं ।
वाणीभूषणवर्णिनं घृतवरी देवी च यं धीचयम् ।
श्रीमत्तीर्थकरस्य संसदमगाच्छ्रीगौतमस्त्रयुत्तरेऽ ।
स्मिन् दशमे च निरेतितेन रचिते वीरोदयस्योज्ज्वरे ॥१३॥

इस प्रकार श्रीमान् सेठ चतुर्भुजजी और घृतवरी देवी से उत्पन्न हुए वाणी भूषण, बाल-ब्रह्मचारी पं भूरामल वर्तमान मुनि ज्ञानसागर के द्वारा रचे गये इस उज्ज्वल वीरोदय काव्य में भगवान् की सभा का और उसमें गौतम इन्द्रभूति के जाने का वर्णन करने वाला यह तेरहवां सर्ग समाप्त हुआ ॥१३॥

❖ ❖ ❖

अथ चतुर्दशः सर्गः

श्रीवीरसन्देशसमर्थनेऽयं गणी यथा गौतमनामधेयः ।
दशाऽपरेऽपि प्रतिबोधमापुस्तेषामथाख्याऽथ कथा तथा पूः ॥१॥

जिस प्रकार श्री वीर भगवान् के सन्देश के प्रसार करने में गौतम नामक गणधर समर्थ हुए, उसी प्रकार अन्य भी दश गणधर प्रतिबोध को प्राप्त हुए । अब उनके नाम, नगरी आदि का कुछ वर्णन किया जाता है ॥१॥

युतोऽग्निना भूतिरिति प्रसिद्धः श्रीगौतमस्यानुज एवमिद्धः ।
अभूद् द्वितीयो गणभृत्स वायुभूतिस्तृतीयः सफलीकृताऽऽपुः ॥२॥

श्री गौतम का छोटा भाई, जो कि अग्निभूति नाम से प्रसिद्ध एवं विद्याओं से समृद्ध था, वह भगवान् का दूसरा गणधर हुआ । अपने जीवन को सफल करने वाला वायुभूति तीसरा गणधर हुआ ॥२॥

सनाभयस्ते त्रय एव यज्ञानुष्ठायिनो वेदपदाऽऽशयज्ञाः ।
गीर्वाणवाण्यामधिकारिणोऽपि समो ह्यमीषामपरो न कोऽपि ॥३॥

ये तीनों ही भाई यज्ञ यागादि के अनुष्ठान करने वाले थे, वेद के पदों मंत्रों के अभिप्राय एवं रहस्य के ज्ञाता, तथा देववाणी संस्कृत भाषा के अधिकारी विद्वान् थे । उस समय इनके समान भारतवर्ष में और कोई दूसरा विद्वान् नहीं था ॥३॥

श्रीगोबरग्रामिवसूपयुक्तभूतेः पृथिव्याश्च सुताः सदुक्ताः ।
ध्वनिर्यकान् स्मेच्छति पुत्रबुद्धया स्वयम्वरत्वेन वृता विशुद्धया ॥४॥

ये तीनों ही मगध देशान्तर्गत गोबर ग्राम-निवासी वसुभूति ब्राह्मण और पृथिवी देवी के पुत्र थे । इन्हे सरस्वती माता ने पुत्र-बुद्धि से स्वीकार किया और विशुद्दि देवी ने स्वयम्वर रूप से स्वयं वरण किया था ॥४॥

अभूच्चतुर्थः परमार्य आर्यव्यक्तोऽस्य वप्ता धनमित्र आर्यः ।
कोल्लागवासी भुवि वारुणीति माता द्विजाऽऽख्यातकुलप्रतीतिः ॥५॥

परम आर्य आर्यव्यक्त चौथे गणधर हुए । इनके पिता कोल्लाग ग्रामवासी आर्य धनमित्र थे और माता वारुणी इस नाम से प्रसिद्ध थी । ये भी प्रसिद्ध ब्राह्मण कुल में उत्पन्न हुए थे ॥५॥

तत्रत्यधम्मिल्लधरासुरस्य पुत्रोऽभवद् भद्दिलया प्रशस्यः ।
भूतार्थवेदी गणभृत् सुधर्मः स पञ्चमोऽवाप्य वृषस्य मर्म ॥६॥

उसी कोल्लाग ग्राम के धम्मिल्ल नामक भूदेव (ब्राह्मण) के भद्दिला नाम की स्त्री से उत्पन्न प्रशंसनीय सुधर्म पांचवे गणधर हुए । जो कि धर्म के मर्म को प्राप्त होकर तत्त्व के यथार्थवेत्ता बन गये थे ॥६॥

मौर्यस्थले मण्डिकसंज्ञयाऽन्यः बभूव षष्ठो गणभृत्सुमान्यः ।
पिताऽस्य नाम्ना धनदेव आसीत्ख्याता च माता विजया शुभाशीः ॥

मौर्य नामक ग्राम में उत्पन्न हुए, मण्डिक नाम वाले छठे सुमान्य गणधर हुए । इनके पिता का नाम धनदेव था और शुभ-हृदय वाली माता विजया नाम से प्रसिद्ध थी ॥७॥

असूत माता विजयाऽथ पुत्रम्मौर्येण नाम्ना स हि मौर्यपुत्रः ।
वीरस्य सान्निध्यमुपेत्य जातस्तत्त्वप्रतीत्या गणराडिहातः ॥८॥

सातवें गणधर मौर्यपुत्र हुए । इनकी माता का नाम विजया और पिता का नाम मौर्य था । ये भी वीर भगवान् के सामीप्य को प्राप्त कर तत्त्व की यथार्थ प्रतीति हो जाने से दीक्षित हुए थे ॥८॥

माता जयन्ती च पिता च देवस्तयोः सुतोऽकम्पितवाक् स एव ।
वीरस्य पार्श्वे मिथिलानिवासी बभूव शिष्यो यशसां च राशिः ॥९॥

मिथिला-निवासी और यशों की राशि ऐसे अकम्पित वीर भगवान् के पास में दीक्षित हो शिष्य बनकर आठवें गणधर बने । इनकी माता का नाम जयन्ती और पिता का नाम देव था ॥९॥

गणी बभूवाऽचल एवमन्यः प्रभोः सकाशान्निजनामधन्यः ।
वसुः पिताऽम्बाऽस्य बभौ च नन्दा सा कौशलाऽऽख्या नगरीत्यमन्दा ॥१०॥

नवें गणधर स्व-नाम-धन्य अचल हुए, जिन्होंने वीर प्रभु के पास जाकर शिष्यत्व स्वीकार किया था । इनके पिता का नाम वसु और माता का नाम नन्दा था । ये महा सौभाग्य वाली कौशलापुरी के निवासी थे ॥१०॥

मेतार्यवाक् तुङ्गिकसन्निवेश-वासी पिता दत्त इयान् द्विजेशः ।
माताऽस्य जाता वरुणेति नाम्ना गणीत्युपान्त्यो निलयः स धाम्नाम् ॥

परम कान्ति के निलय (गृह) मेतार्य उपान्त्य अर्थात् दशवें गणधर हुए । ये तुंगिक सन्निवेश के निवासी थे । इनके पिता का नाम दत्त और माता का नाम वारुणी था । ये भी श्रेष्ठ ब्राह्मण थे ॥११॥

बलः पिताऽम्बाऽस्य च साऽस्तु भद्रा स्थितिः स्वयं राजगृहे किल द्राक् ।
प्रभासनामा चरणों गणीशः श्रीवीरदेवस्य महान् गुणी सः ॥१२॥

श्री वीर भगवान् के अन्तिम अर्थात् ग्यारहवें गणधर प्रभास नाम के महान् गुणी पुरुष हुए । इनके पिता का नाम बल एवं माता का नाम भद्रा था और ये स्वयं राजगृह के रहने वाले थे ॥१२॥

सर्वेऽप्यमी विप्रकुलप्रजाता आचार्यतां बुद्धिधरेषु याताः ।
अर्थं कमप्यस्फुटमर्पयन्तः सम्माननीयत्वमिहाश्रयन्तः ॥१३॥

ब्राह्मण कुल में उत्पन्न हुए ये सभी गणधर बुद्धिधारियों में सम्माननीयता को प्राप्त कर किसी तत्त्व-विशेष के रहस्य को स्पष्ट रूप से यथार्थ नहीं जानते हुए भी आचार्यपने को प्राप्त हो रहे थे ॥१३॥

अन्तस्तले स्वामनुभावयन्तस्त्रुटिं बहिर्भावुकतां नयन्तः ।
तस्थु सशल्यांघ्रिदशां वहन्तः हृदार्त्तिमेतामनुचिन्तयन्तः ॥१४॥

ये सभी विद्वान् अपने-अपने अन्तस्तल में अपनी-अपनी त्रुटि को अनुभव करते हुए भी, बाहिर भावुकता को प्रकट करते हुए और हृदय में अपनी मानसिक पीड़ा का चिन्तवन करते हुए पैर में कांटा लगे व्यक्ति की दशा को धारण करने वाले पुरुष के समान विचरते थे ॥१४॥

अथाभवद्यज्ञविधानमेते निमन्त्रितास्तत्र मुदस्थले ते ।
स्वकीयसार्थातिशयप्रभूतिः सर्वेषु मुख्यः स्वयमिन्द्रभूतिः ॥१५॥

उस समय किसी स्थान पर विशेष यज्ञ का विधान हो रहा था, उस यज्ञ-विधान में ये उपर्युक्त सर्व विद्वान् अपनी-अपनी शिष्य मण्डली के साथ आमन्त्रित होकर सम्मिलित हुए । उन सबके प्रमुख स्वयं इन्द्रभूति थे ॥१५॥

समाययुः किन्तु य एव देवा न तस्थुरत्रेति किलामुदे वा ।
लब्ध्वेन्द्रभूतिर्यजनं स नाम समाप्य तस्मान्ननु निर्जगाम ॥१६॥

यज्ञ होने के समय आकाश से देवगण आते हुए दिखे । (जिन्हें देखकर यज्ञ में उपस्थित सभी लोग अति हर्षित हुए । वे सोच रहे थे कि यज्ञ के प्रभाव से देवगण आ रहे हैं ।) किन्तु जो देव आये थे, उनमें से कोई भी इस यज्ञ स्थल पर नहीं ठहरे और आगे चले गये । तब सब को खेद हुआ । इन्द्रभूति यह देखकर आश्चर्य से चकित हो यज्ञ को समाप्त कर वहां से चल दिये । (यह देखने के लिए कि वे देव कहां जा रहे हैं ।) ॥१६॥

किमेवमाश्चर्यनिमग्नचित्ताः सर्वेऽपि चेलुः समुदायवित्ताः ।
जयोऽस्तु सर्वज्ञजिनस्य चेति स्म देवतानां वचनं निरेति ॥१७॥

इन्द्रभूति को जाते हुए देखकर यह क्या है, इस प्रकार के विचार से आश्चर्य-निमग्न चित्त वे अग्निभूति आदि शेष सर्व आचार्य अपने-अपने शिष्य-परिवार के साथ चल दिये । आगे जाने पर उन्होंने 'सर्वज्ञ जिनकी जय हो' ऐसा देवताओं के द्वारा किया गया जय-जयकार शब्द सुना ॥१७॥

एषोऽखिलज्ञः किमु येन सेवा-परायणाः सन्ति समस्तदेवाः ।
सभाऽप्यभिव्यक्तनभास्वतोऽहस्करस्य भातीव विभो ममोहः ॥१८॥

क्या यह वास्तव में सर्वज्ञ है जिसके प्रभाव से ये समस्त देवगण सेवा-परायण हो रहे हैं । यह सभा भी सूर्य की प्रभा से अधिक प्रभावान् होती हुई आकाश को व्याप्त कर रही है । हे प्रभो ! यह मेरे मन में विचार हो रहा है ॥१८॥

यथा रवेरुद्गमनेन नाशो ध्वान्तस्य तद्वत्सहसा प्रकाशः ।
मनस्सु तेषामनुजायमानश्चमच्चकाराद्भुतसम्विधानः ॥१९॥

जैसे सूर्य के उदय होने से अन्धकार का नाश हो जाता है, वैसे ही उन लोगों के हृदय का अज्ञान विनष्ट हो गया और उनके हृदयों में चित्त को चमत्कृत करने वाला प्रकाश सहसा प्रकट हुआ ॥१९॥

यस्यानु तद्विप्रसतामनीकं उद्दिश्य तं साम्प्रतमग्रणीकम् ।
इन्द्रप्रभूतिं निजगाद देवः भो पाठकाः यस्य कथा मुदे वः ॥२०॥

जिसके पीछे उन ब्राह्मण-विद्वानों की सेना लग रही है, उनके अग्रणी उस इन्द्रभूति को उद्देश्य करके श्री वीर जिनदेव ने जो कहा, उसे हे पाठकों ! सुनो, उसकी कथा तुम सबके लिए भी आनन्दकारी है ॥२०॥

हे गौतमान्तस्तव कीदृगेष प्रवर्तते सम्प्रति काकुलेशः ।
शृणूत चेद्बुद्बुदवद्धि जीवः परत्र धीः किन्न तवात्मनीव ॥२१॥

भगवान् ने कहा - हे गौतम ! तुम्हारे मन में इस समय यह कैसा प्रश्न उत्पन्न हो रहा है ? सुनो, यदि जीव जल के बबूला के समान है, तो फिर अपने समान दूसरे पाषाण आदि में भी वह बुद्धि क्यों नहीं हो जाती ॥२१॥

अहो निजीयामरताभिलाषी भवँश्च भूयादुपलब्धपाशी ।
नरः परस्मायिति चित्रमेतत्स्वयं च यस्मात् परवानिवेतः ॥२२॥

आश्चर्य है कि अपनी अमरता का अभिलाषी होता हुआ यह प्राणी दूसरे के प्राण लेने के लिए पाश लिए हुए है ? किन्तु आश्चर्य है कि स्वयं तू भी दूसरों के लिए पर है, ऐसा क्यों नहीं सोचता ? ॥२२॥

बभूव तच्चेतसि एष तर्कः प्रतीयते तावदयं स्विदर्कः ।
यतो ममान्तस्तमसो निरासः सम्भूय भूयादतुलः प्रकाशः ॥२३॥

भगवान् की यह वाणी सुनकर इन्द्रभूति के चित्त में यह तर्क (विचार) उत्पन्न हुआ कि यह वास्तव में सूर्य के समान सर्व तत्त्वों के यथार्थ प्रकाशक सर्वज्ञ प्रतीत होते हैं । इनके द्वारा मेरे अन्तरंग के अन्धकार का विनाश होकर मुझे अतुल प्रकाश प्राप्त होगा, ऐसी आशा है ॥२३॥

एवं विचार्याथ बभूव भूय उपात्तपापप्रचयाभ्यसूयः ।
शुश्रूषुरीशस्य वचोऽतएव जगाद सम्मञ्जु जिनेशदेवः ॥२४॥

ऐसा विचार कर पुनः उपार्जन किये हुए पाप-समुदाय से मानों ईर्ष्या करके ही इन्द्रभूति गौतम गणधर ने भगवान् के वचन सुनने की और भी इच्छा प्रकट की, अतएव श्री वीर जिनेन्द्रदेव की मधुर वाणी प्रकट हुई ॥२४॥

सचेतनाचेतनभेदभिन्नं ज्ञानस्वरूपं च रसादिचिह्नम् ।
क्रमाद् द्वयं भो परिणामि नित्यं यतोऽस्ति पर्यायगुणैरितीत्यम् ॥२५॥

हे गौतम ! यह समस्त जगत् सचेतन और अचेतन इन दो प्रकार के भिन्न-भिन्न द्रव्यों से भरा हुआ है । इनमें क्रमशः सचेतन द्रव्य तो ज्ञानस्वरूप हैं और अचेतन द्रव्य ज्ञानरूप चेतना से रहित रूप रसादि चिह्न वाला है । ये दोनों ही प्रकार के द्रव्य परिणामी और नित्य हैं, क्योंकि वे सब गुण और पर्यायों से संयुक्त हैं ॥२५॥

भावार्थ - गुणों की अपेक्षा सर्व द्रव्य नित्य हैं और पर्यायों की अपेक्षा सभी द्रव्य अनित्य या परिणामी हैं ।

अनादितो भाति तयोर्हि योगस्तत्रैक्यधीश्चेतनकस्य रोगः ।
ततो जनुर्मृत्युमुपैति जन्तुरुपद्रवायानुभवैकतन्तुः ॥२६॥

अनादि से ही सचेतन आत्मा और अचेतन शरीरादि रूप पुद्गल द्रव्य का संयोग हो रहा है । इन दोनों में ऐक्य बुद्धि का होना चेतन जीव का रोग है - बड़ी भूल है । इस भूल के कारण ही यह जन्तु प्रत्येक भव में जन्म और मरण को प्राप्त होता है और यह भव-परम्परा ही उपद्रव के लिए है, अर्थात् दुःखदायक है ॥२६॥

श्वभ्रं रुषा लुब्धकताबलेन कीटादितां वा पशुतां छलेन ।
परोपकारेण सुरश्रियं स सन्तोषतो याति नरत्वशंसः ॥२७॥

यह जीव अपने क्रोधरूप भाव से नरक जाता है, लुब्धकता से कृमि-कीट आदि की पर्याय पाता है, छल-प्रपंच से पशुपना को प्राप्त होता है, परोपकार से देव-लक्ष्मी को प्राप्त करता है और सन्तोष से मनुष्यपने को पाता है ॥२७॥

लभेत मुक्तिं परमात्मबुद्धिः समन्ततः सम्प्रतिपद्य शुद्धिम् ।
इत्युक्तिलेशेन स गौतमोऽत्र बभूव सद्योऽप्युपलब्धगोत्रः ॥२८॥

परमात्म-बुद्धि वाला जीव सर्व प्रकार से अन्तरंग और बाह्य शुद्धि को प्राप्त कर अर्थात् द्रव्य कर्म-(ज्ञानावरणादिक) भावकर्म (राग-द्वेषादिक) और नोकर्म (शरीरादिक) से रहित होकर मुक्ति को प्राप्त करता है । इस प्रकार भगवान् के अल्प वचनों से ही वह गौतम शीघ्र सम्यग्ज्ञान को प्राप्त कर सन्मार्ग को प्राप्त हुआ ॥२८॥

समेत्य तत्राऽप्यनुकूलभावं वीरप्रभुः प्राह पुनश्च तावत् ।
भो भव्य ! चित्तेऽनुभवाऽऽत्मनीने तत्त्वस्य सारं सुतरामहीने ॥२९॥

तदनन्तर अनुकूल समय (अवसर) पाकर पुनः वीर प्रभु ने कहा- हे भव्य ! अपने हीनता रहित उदार चित्त में तत्त्व के सार को अनुभव करो ॥२९॥

जानाम्यनेकाणुमितं शरीरं जीवः पुनस्तत्प्रमितं च धीरः ।
धीरस्ति यस्मिन्नधिकारपूर्णा कर्मानुसारेण विलब्धघूर्णा ॥३०॥

यह शरीर अनेक पौद्गलिक परमाणुओं से निर्मित है, इससे जीव सर्वथा भिन्न स्वरूप वाला होते हुए भी उस शरीर के ही प्रमाण है । यतः जीव इस शरीर में रहता है, अतः लोगों की बुद्धि कर्म के अनुसार विपरीतता को धारण कर शरीर को ही जीव मानने लगती है ॥३०॥

समेति नैष्कर्म्यमुतात्मनेयं नैराश्यमभ्येत्य चराचरे यः ।
निजीयमात्मानमथात्र पुष्यन् स एव शान्तिंलभते मनुष्यः ॥

जो पुरुष इस चराचर जगत् में निराशा को प्राप्त होकर अपने आप निष्कर्मता को प्राप्त होता है, वही मनुष्य अपनी आत्मा को पुष्ट करता हुआ शान्ति को प्राप्त करता है ॥३१॥

नरस्य नारायणताऽऽसिहेतो र्जनुर्व्यतीतं भवसिन्धुसेतो ।
परस्य शोषाय कृतप्रयत्नं काकप्रहाराय यथैव रत्नम् ॥३२॥

अस्माभिरद्यावधिमानवायुर्व्यर्थीकृतं तस्य किमस्ति जायुः ।
इत्युक्तिलेशे सति गौतमस्य प्राह प्रभुः सर्वजनैकशस्यः ॥३३॥

(भगवान् के यह दिव्य वचन सुनकर गौतम बोले-) हे भव-सिन्धु-सेतु भगवन् ! नारायणता (परमात्म-दशा) की प्राप्ति के कारण भूत इस मनुष्य के जन्म को मैंने यों ही व्यतीत कर दिया । आज तक मैंने दूसरे के शोषण करने के लिए ही प्रयत्न किया । जैसे कोई काक को मारने के लिए रत्न को फैंक देवे,

उसी प्रकार मैंने भी आज तक यह अमूल्य मनुष्य जीवन व्यर्थ गवां दिया । अब इसकी क्या औषधि है? ऐसा गौतम के कहने पर सर्वजनों के द्वारा प्रशंसनीय प्रभु पुनः बोले- ॥३२-३३॥

गतं न शोच्यं विदुषा समस्तु गन्तव्यमेवाऽऽश्रयणीयवस्तु ।
सम्भालयाऽऽत्मानमतो द्विजेश ! कोऽसीह ते कः खलु कार्यलेशः ॥३४॥

हे द्विजेश (ब्राह्मणोत्तम) ! विद्वान् को बीत गई बात का शोच नहीं करना चाहिए । अब तो गन्तव्य मार्ग पर ही चलना चाहिए और प्राप्त करने योग्य वस्तु को पाने का प्रयत्न करना चाहिए । अतएव अब तू अपनी आत्मा की सम्भाल कर और विचार कर कि तू कौन है और अब यहां पर तेरा क्या कर्त्तव्य है ॥३४॥

त्वं ब्राह्मणोऽसि स्वयमेव विद्धि क्व ब्राह्मणत्वस्य भवेत्प्रसिद्धिः ।
सत्यावधास्तेयविरामभावनिः सङ्गताभिः समुदेतु सा वः ॥३५॥

हे गौतम ! तुम ब्राह्मण कहलाते हो, किन्तु स्वयं अपने भीतर तो विचार करो कि वह ब्राह्मणता की प्रसिद्धि कहां होती है । अरे, वह ब्राह्मणता तो सत्य, अहिंसा, अस्तेय, स्त्री-परित्याग और निः संगता से ही संभव है । ऐसी यह ब्राह्मणता तुम सबके प्रकट हो ॥३५॥

तपोधनश्चाक्षजयी विशोकः न कामकोपच्छलविस्मयौकः ।
शान्तेस्तथा संयमनस्य नेता स ब्राह्मणः स्यादिह शुद्धचेता ॥३६॥

ब्राह्मण तो वही हो सकता है जो तपोधन हो, इन्द्रिय-जयी हो, शोक-रहित हो । जो काम, क्रोध, छल और विस्मय आदि दोषों का घर न हो । तथा जो शांति और संयम का नेता हो और शुद्ध चित्त वाला हो । ऐसा पुरुष ही संसार में ब्राह्मण कहलाने के योग्य है ॥३६॥

पीडा ममान्यस्य तथेति जन्तु-मात्रस्य रक्षाकरणैकतन्तु ।
कृपान्वितं मानसमत्र यस्य स ब्राह्मणः सम्भवतान्नृशस्य ॥३७॥

हे पुरुषोत्तम ! जिसके यह विचार रहता हो कि जैसी पीड़ा मुझे होती है, वैसी ही अन्य को भी होती होगी । इस प्रकार विचार कर जो प्राणिमात्र की रक्षा करने में सदा सावधान रहता हो, जिसका हृदय सदा दया से युक्त रहता हो, वही इस संसार में ब्राह्मण होने के योग्य है ॥३७॥

सदाऽऽत्मनश्चिन्तनमेव वस्तु न जात्वसत्यस्मरणं समस्तु ।
परापवादादिषु मूकभावः स्याद् ब्राह्मणस्यैष किल स्वभावः ॥३८॥

जिसके सदा ही आत्मा का चिन्तन करना लक्ष्य हो, जो कदाचित् भी असत्य-संभाषण न करता हो, पर-निन्दा आदि में मौन भाव रखता हो । वही ब्राह्मण कहलाने के योग्य है, क्योंकि ब्राह्मण का यही स्वभाव (स्वरूप) है ॥३८॥

नानाविधानेकविचित्रवस्तुसमर्थिते भूमितले समस्तु ।
न किञ्चनाऽऽदातुमिहेहमानः स ब्राह्मणो बुद्धिविधानिधानः ॥३९॥

जो नाना प्रकार की अनेक विचित्र वस्तुओं से भरे हुए इस भूतल पर कुछ भी नहीं ग्रहण करने की इच्छा रखता है, वही बुद्धि का निधान मानव ब्राह्मण है ॥३९॥

जलेऽब्जिनीपत्रवदत्र भिन्नः इष्टेऽप्यनिष्टेऽपि न जातु खिन्नः ।
कूर्मो यथा सम्वरितान्तरङ्गः सर्वत्र स ब्राह्मणसम्पदङ्गः ॥४०॥

जैसे जल में रहते हुए भी कमलिनी उससे भिन्न (अलिप्त) रहती है, इसी प्रकार संसार में रहते हुए भी जो उससे अलिप्त रहे, इष्ट वियोग और अनिष्ट-संयोग में भी कभी खेद-खिन्न न हो और कछुए के समान सर्वत्र अपने चित्त को सदा संवृत्त रखता हो, वही ब्राह्मण रूप सम्पदा का धारी है ॥४०॥

मनोवचोऽङ्गैः प्रकृतात्मशुद्धिः परत्र कुत्राभिरुचेर्न बुद्धिः ।
इत्थं किलामैथुनतामुपेतः स ब्राह्मणो ब्रह्मविदाश्रमेऽतः ॥४१॥

इस प्रकार जिसने मन, वचन और काय से स्वाभाविक आत्मशुद्धि प्राप्त कर ली है, अन्यत्र कहीं भी जिसकी न अभिरुचि है और न जिसकी बुद्धि है, एवं जो निश्चय से द्वैतभाव से रहित होकर अद्वैतभाव को प्राप्त हो गया है, वही पुरुष ब्रह्म-ज्ञानियों के आश्रम में ब्राह्मण माना गया है ॥४१॥

निशाचरत्वं न कदापि यायादेकाशनो वा दिवसेऽपि भायात् ।
मद्यं च मांसं मधुकं न भक्षेत् स ब्राह्मणो योऽङ्गभृतं सुरक्षेत् ॥४२॥

जो कभी भी निशाचरता को प्राप्त नहीं होता, अर्थात् रात्रि में नहीं खाता, जो दिन में भी एकाशन करता है, मद्य, मांस, और मधु को कभी नहीं खाता है, एवं सदा प्राणियों की रक्षा करता है, वही ब्राह्मण है ॥४२॥

परित्यजेद्वारि अगालितन्तु पिबेत्पुनस्तोषपयोऽपजन्तु ।
कुर्यान्न कुत्रापि कदापि मन्तुं श्रीब्राह्मणोऽन्तः प्रभुभक्तितन्तुः ॥४३॥

जो अगालित जल को छोड़े और निर्जन्तुक एवं सन्तोषरूप जल को पीवे, कभी भी कहीं पर किसी भी प्रकार के अपराध को नहीं करे और अन्तरंग में प्रभु की भक्ति रूप तन्तु (सूत्र) को धारण करे । वही सच्चा ब्राह्मण है ॥४३॥

भावार्थ - जो उपर्युक्त गुणों से रहित है, केवल ब्राह्मण कुल में उत्पन्न हुआ है, और शरीर पर सूत का यज्ञोपवीत धारण करता है, वह ब्राह्मण नहीं कहा जा सकता ।

जवादयः स्वर्णमिवोपलेन श्रीगौतमस्यान्तरभूदनेनः ।
अनेन वीरप्रतिवेदनेन रसोऽगदः स्त्रागिव पारदेन ॥४४॥

जिस प्रकार पारस पाषाण के योग से लोहा शीघ्र सोना बन जाता है और जैसे पारा के योग से धातु शीघ्र रोग-नाशक रसायन बन जाती हैं । ठीक उसी प्रकार भगवान् वीर प्रभु के उपर्युक्त विवेचन से श्री गौतम इन्द्रभूति का चित्त भी पाप से रहित निर्दोष हो गया ॥४४॥

अन्येऽग्निभूतिप्रमुखाश्च तस्य तुल्यत्वमेवानुबभ्रुः समस्य ।
निम्बादयश्चन्दनतां लभन्ते श्रीचन्दनद्रोः प्रभवन्तु अन्ते ॥४५॥

उनके साथ के अन्य अग्निभूति आदिक दशों विद्वान् भी इन्द्रभूति के समान ही तत्त्व के यथार्थ रहस्य का अनुभव कर आनन्दित हुए, सो ठीक ही है । श्रीचन्दनवृक्ष के समीप में अवस्थित नीम आदिक भी चन्दनपने को प्राप्त होते हैं, इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है ॥४५॥

वीरस्य पञ्चायुतबुद्धिमत्सु सकृत्प्रभावः समभून्महत्सु ।
वृत्तं तदेतत्प्रससार लोकप्रान्तेषु शीघ्रं प्रमुदामथौकः ॥४६॥

इन्द्रभूति आदि ग्यारहों विद्वानों का जो पांच हजार के लगभग शिष्य परिवार था, उन सबमें भी भगवान् महावीर के वचनों का महा प्रभाव पड़ा, और उन सबके हृदय भी एकदम पलट गये । यह हर्ष-वर्धक समाचार संसार के सर्व प्रान्तों में शीघ्र फैल गया ॥४६॥

समागमः क्षत्रियविप्रबुद्ध्योरभूदपूर्वः परिरब्धशुद्ध्योः ।
गाङ्गस्य वै यामुनतः प्रयोग इवाऽऽसकौ स्पष्टतयोपयोगः ॥४७॥

परम शुद्धि को प्राप्त यह क्षत्रिय-बुद्धि महावीर और विप्र-बुद्धि इन्द्रभूति का अभूतपूर्व समागम हुआ, जैसे कि प्रयाग में गंगाजल का यमुना जल से संगम तीर्थरूप से परिणत हो गया । और आज तक पृथ्वी-मंडल पर उसका स्पष्ट रूप से उपयोग हो रहा है ॥४७॥

निशाम्य सम्यङ् महिमानमस्याऽऽयाता तनूभृत्ततिरक्षिशस्या ।
यस्यां द्विजो बाहुज एव नासी द्वैश्योऽपि वा शिल्पिजनः शुभाशी ॥४८॥

वीर प्रभु की ऐसी महिमा को सुनकर उनके दर्शनार्थ और धर्म श्रवणार्थ लोगों की दर्शनीय पंक्तियों का आना प्रारम्भ हो गया, धर्म जिसमें केवल ब्राह्मण और क्षत्रिय ही नहीं थे, अपितु वैश्य भी थे और शुभ आशा रखने वाले शिल्पिजन (शूद्र) भी थे ॥४८॥

यो वाऽन्तरङ्गे निजकल्मषस्य प्रक्षालनायानुभवत्समस्य ।
आयात एषोऽपि जनः किलेतः वीरोदयं तीर्थमपूर्वमेतत् ॥४९॥

जिस व्यक्ति ने भी सुना और जो भी व्यक्ति अन्तरंग के अपने पाप को धोने का अनुभव करता था, वे सभी जन आये और इस प्रकार संसार में यह 'वीरोदय' रूप अपूर्व ही तीर्थ प्रकट हुआ ॥४९॥

नरश्च नारी च पशुश्च पक्षी देवोऽथवा दानब आत्मलक्षी ।
तस्यैव तस्मिन्नुचितोऽधिकारः परस्परप्रेममयो विचारः ॥५०॥

इस वीरोदय रूप तीर्थ में स्नान करने के लिए जो भी आत्मलक्षी नर-नारी, पशु-पक्षी अथवा देव-दानव आया, उसको उसमें योग्य समुचित ही अधिकार मिला और सभीजीवों में परस्पर प्रेम मय विचार प्रकट हुआ ॥५०॥

सिंहो गजेनाखुरथौतुकेन वृकेण चाजो नकुलोऽहिजेन ।
स्म स्नेहमासाद्य वसन्ति तत्र चात्मीयभावेन परेण सत्रा ॥५१॥

उस समय उस समवशरण में सिंह गज के साथ, मूषक विडाल के साथ, बकरा भेड़िये के साथ, नौला सांप के साथ वैर भूल करके परस्पर स्नेह को प्राप्त होकर अपने विरोधी के साथ आत्मीय भाव से बैठ रहे थे ॥५१॥

दिवा-निशोर्यत्र न जातु भेदः कस्मै मनुष्याय न कोऽपि खेदः ।
बभूव सर्वर्तुसमागमोऽपि शीतातपादि-प्रतिवादलोपी ॥५२॥

उस समवशरण में दिन-रात्रि का भेद नहीं था, न कभी किसी मनुष्य या पशु के लिए किसी प्रकार का कोई खेद था । वहां सर्दी गर्मी आदि को दूर करने वाला सर्व ऋतुओं का भी समागम हुआ ॥५२॥

भावार्थ - उस समय सभी ऋतुओं के फल-फूल उत्पन्न हो गये और वसन्त जैसा सुहावना समय हो गया । किन्तु न वहां पर ग्रीष्म ऋतु जैसी प्रंचड गर्मी थी, न शीतकाल जैसी उग्र सर्दी और न वर्षाकाल जैसी घनघोर वर्षा । सभी प्रकार का वातावरण परम शांत और आनन्द-दायक था ।

समवशरणमेतन्नामतो विश्रुताऽऽसी जिनपतिपदपूता संसदेषा शुभाशीः ।
जनि-मरणजदुःखाद्दुखितो जीवराशि रिह समुपगतः सन् सम्भवेदाशु काशीः ॥५३॥

श्री जिनपति वीर प्रभु के चरण कमलों से पवित्र हुई यह शुभाशयवाली संसद (सभा) संसार में 'समवशरण' इस नाम से प्रसिद्ध हुई जिसमें कि जन्म-मरण-जनित दुःख से दुखित जीव-राशि आ-आकर शीघ्र काशी बन रही थी । क अर्थात् आत्मा की आशा वाली आत्म-स्वरूप प्राप्त करने की अभिलाषिणी हो रही थी ॥५३॥

श्रीमान् श्रेष्ठिचतुर्भुजः स सुषुवे भूरामलेत्याह्वयं ।
वाणी-भूषण-वर्णिनं घृतवरी देवी च यं धीचयम् ।
तत्प्रोक्ते गणिनां विवर्णनमभूच्छ्रीवीरनाथप्रभोः
सर्गेऽस्मिन् खलु मार्गणोचितमितौ संपश्य तद् भव्य भोः ॥१४॥

इस प्रकार श्रीमान् सेठ चतुर्भुजजी और घृतवरी देवी से उत्पन्न हुए वाणीभूषण बा.-ब्रह्मचारी पं. भूरामल वर्तमान मुनि ज्ञानसागर द्वारा रचे गये इस वीरोदय काव्य में गणधरों का वर्णन करने वाला चौदहवां सर्ग समाप्त हुआ ॥१४॥

❖ ❖ ❖

अथ पञ्चदशः सर्गः

गर्जनं वारिदस्येव दुन्दुभेरिव गुञ्जनम् ।
जगदानन्दनं जीयाद्रणनं परमेष्ठिनः ॥१॥

मेघ की गर्जना के समान, अथवा दुन्दुभि की ध्वनि के समान गूंजने वाली और संसार के प्राणियों को आनन्द देने वाली ऐसी परमेष्ठी श्री वर्धमान स्वामी की वाणी जयवन्ती रहे ॥१॥

वीणायाः स्वरसम्पत्तिं सन्निशम्यापि मानवः ।
गायक एव जानाति रागोऽत्रायं भवेदिति ॥२॥

वीणा की स्वर-सम्पत्ति को अर्थात् उसमें गाये जाने वाले गीत के राग को सुनकर गान-रस का वेत्ता मानव ही जान सकता है कि इस समय इसमें अमुक राग प्रकट होगा । हर एक मनुष्य नहीं जान सकता ॥२॥

उदियाय जिनाधीशाद्योऽसौ दिव्यतमो ध्वनिः ।
विवेद गौतमो हीदमेतदीयं समर्थनम् ॥३॥

इसी प्रकार जिनाधीश वीर परभु से जो ध्वनि प्रकट हुई, उसके यथार्थ रहस्य को गौतम विद्वान् ही समझ सके , सर्व साधारण जन नहीं समझ सके ॥३॥

स्वाकूतस्योत्तरं सर्व एवाभ्याप स्वभाषया ।
निःशेषं ध्वनिमीशस्य किन्तु जग्राह गौतमः ॥४॥

यद्यपि समवशरण में अवस्थित सभी जन अपने प्रश्न का उत्तर अपनी भाषा में ही प्राप्त कर लेते थे, किन्तु वीर प्रभु की पूर्ण दिव्य ध्वनि को गौतम गणधर ही ग्रहण कर पाते थे ॥४॥

पिबन्तीक्ष्वादयो वारि यथापात्रं पयोमुचः ।
अथ शेषमशेषन्तु वार्धावेव निधीयते ॥५॥

जैसे मेघ से बरसने वाले जल को इक्षु आदि वृक्ष अपनी पात्रता के अनुसार ग्रहण करते हैं, किन्तु शेष समस्त जल तो समुद्र में ही स्थान पाता है । इसी प्रकार प्रत्येक श्रोता अपनी अपनी बुद्धि के अनुसार भगवान् की वाणी को ग्रहण करता था, परन्तु उसे पूर्ण रूप से हृदयङ्गम तो गौतम गणधर ही कर पाते थे ॥५॥

पशूनां पक्षिणां यद्वदुल्कादीनां च शब्दनम् ।
शकुनिः पन्निशम्यैतदर्थयत्येष तादृशम् ॥६॥

जिस प्रकार एक शकुन-शास्त्र का वेत्ता पुरुष पशु, पक्षी और बिजली आदि के शब्द को सुनकर उनके यथार्थ रहस्य को जानता है, हर एक मनुष्य नहीं । उसी प्रकार भगवान् की वाणी के यथार्थ रहस्य को गौतम गणधर ही जान पाते थे, हर एक मनुष्य नहीं ॥६॥

वाणीं द्वादशाभागेषु भक्तिमान् स विभक्तवान् ।
अन्तिमस्यान्तरध्यायाः सम्बभूवुश्चर्तुदश ॥७॥

उस महान् भक्त गौतम ने भगवान् की वाणी को सुनकर आचारांग आदि बारह अंगों (भागों) में विभक्त किया । उसमें के बारहवें अंग के पांच भाग किये । उसमें से पूर्वगत के चौदह भेद किये ॥७॥

शुश्रूषूणामनेका वाक् नानादेशनिवासिनाम् ।
अनक्षरायितं वाचा सार्वस्यातो जिनेशिनः ॥८॥

नाना देशों के निवासी श्रोता जनों की भाषा अनेक प्रकार की थी । (यदि भगवान् किसी एक देश की बोली में उपदेश देते, तो उससे सब का कल्याण नहीं हो सकता था ।) अतएव सर्व के हितैषी जिनेन्द्रदेव की वाणी अनक्षर रूप से प्रकट हुई । (जिससे कि सभी देशवासी लोग उसे अपनी अपनी बोली मे समझ लेवें, यह भगवान् का अतिशय था) ॥८॥

वीरोक्तमनुवदति गणेशे विश्वहेतवे ।
दूराद् दूरतरं निन्युर्नामतो मागधाः सुराः ॥९॥

वीर भगवान् के द्वारा कथित तत्त्व को विश्व-कल्याण के लिए गणधर अनुवाद करते जाते थे और मागध जाति के देव उस योजन व्यापिनी वाणी को दूरवर्ती स्थान तक फैला देते थे ॥९॥

पतितोद्धारकस्यास्य सार्वस्य किमु मानवाः ।
प्रेम्णा पपुस्तिर्यञ्चोऽपि मिथो जातिविरोधिनः ॥१०॥

पतितों के उद्धारक और सर्व के हितकारक वीर प्रभु की वाणी को मनुष्यों ने ही क्या, परस्पर जाति-विरोधी तिर्यंचों तक ने भी प्रेम से पान किया, अर्थात् सुना ॥१०॥

यद्देशवासिनां पुण्यं तत्राभूदस्य पर्यटः ।
निरीहचारिणो वारिवाहस्येव महात्मनः ॥११॥

जिस-जिस देश के निवासी जनों का जैसा पुण्य था, उसके अनुसार इच्छा-रहित विहार करने वाले महात्मा महावीर का विहार मेघ के समान उस देश में हुआ ॥११॥

दिक्कुमारीगणस्याग्रे गच्छतो हस्तम्पुटे ।
यात्रायाः समये रेजुर्वसुमङ्गलसम्पदः ॥१२॥

भगवान् के विहार-समय आगे आगे चलने वाली दिक्कुमारी देवियों के हस्त-कमलों में अष्ट मंगल द्रव्य परम शोभा को प्राप्त होते थे ॥१२॥

दिशि यस्यामनुगमः सम्भाव्योऽभूज्जिनेशिनः ।
तत्रैव धर्मचक्राख्यो वर्त्म वर्तयति स्म सः ॥१३॥

वीर जिनेश का विहार जिस दिशा में संभव होता था, उसी दिशा में धर्मचक्र आगे आगे अपना मार्ग बनाता चलता था ॥१३॥

चचाल यामिलामेषोऽलङ्कुर्वन् पादचारतः ।
रोमाणीव पयोजानि धारयन्तीह सा बभौ ॥१४॥

ये वीर भगवान् अपने पाद-संचार से जिस पृथ्वी को अलंकृत करते हुए चलते थे, वहां पर वह रोमाञ्च के समान कमलों को धारण करती हुई शोभित होती थी ॥१४॥

एवं पर्यटतोऽमुष्य देशं देशं जिनेशिनः ।
शिष्यतां जगृहुर्भूपा बहवश्चेतरे जनाः ॥१५॥

इस प्रकार प्राणि-मात्र को उनके कर्त्तव्य-पथ का उपदेश करते हुए देश-देश में विहार करने वाली वीर जिनेश का अनेकों राजा लोगों ने एवं अन्य मनुष्यों ने शिष्यपना स्वीकार किया ॥१५॥

राजगृहाधिराजो यः श्रेणिको नाम भूपतिः ।
लोकप्रख्यातिमायातो बभूव श्रोतृषूत्तमः ॥१६॥

बिहार प्रान्त के राजगृह नगर का अधिराज श्रेणिक नाम का राजा भगवान् का शिष्य बनकर और श्रोताओं में अग्रणी होकर संसार में प्रसिद्धि को प्रात हुआ ॥१६॥

जाता गौतमसंकाशाः सुधर्माद्या दशापरे ।
वीरस्य वाचमुद्धर्तुं क्षमा नानर्द्धिसंयुताः ॥१७॥

वीर भगवान् की वाणी का उद्धार करने में समर्थ एवं नाना ऋद्धियों से संयुक्त गौतम-तुल्य सुधर्मा आदि दश गणधर और भी हुए ॥१७॥

चम्पाया भूमिपालोऽपि नामतो दधिवाहनः ।
पद्मावती प्रिया तस्य वीरमेतौ तु जम्पती ॥१८॥

चम्पा नगरी का प्रतिपालक दधिवाहन नाम का राजा और उसकी पद्मावती नाम की रानी ये दोनों ही दम्पती भगवान् के शिष्य बनकर जैन धर्म पालन करने लगे ॥१८॥

वैशाल्या भूमिपालस्य चेटकस्य समन्वयः ।
पूर्वस्मादेव वीरस्य मार्गमाढौकितोऽभवत ॥१९॥

वैशाली के राजा चेटक का वंश तो पहिले से ही वीर भगवान् के मार्ग का अनुयायी था । (अब भगवान् के वहां पर विहार होने से वह और भी जैन-धर्म में दृढ़ हो गया) ॥१९॥

काशीनरेश्वरः शंखो हस्तिनागाधिपः शिवः ।
चिलातिः कोटिवर्षेशो दशार्णेशोऽपि दीक्षितः ॥२०॥

काशी देश के नरेश्वर महाराज शंख, हस्तिनापुर के महाराज शिव, कोटि वर्ष देश के स्वामी चिलाति और दशार्ण देश के नरेश भी भगवान् के धर्म में दीक्षित हुए ॥२०॥

वीतभयपुराधीश उद्दायनमहीपतिः ।
प्रभावती प्रियाऽमुष्याऽऽपतुर्द्वौ वीरशासनम् ॥२१॥

वीतभयपुर का अधीस उद्दायन राजा और उसकी प्रभावती रानी ये दोनों ही वीर भगवान् के शासन को प्राप्त हुए ॥२१॥

कौशम्ब्या नरनाथोऽपि नाम्ना योऽसौ सतानिकः ।
मृगावती प्रिया चास्य वीरांघ्री स्म निषेवते ॥२२॥

कौशाम्बी का नरनाथ सतानिक राजा और उसकी पद्मावती राणी ने भी वीर भगवान् के चरणों की सेवा स्वीकार की ॥२२॥

प्रद्योतन उज्जयिन्या अधिपोऽस्य शिवा प्रिया ।
वीरस्य मतमेतौ द्वौ सेवमानौ स्म राजतः ॥२३॥

उज्जयिनी का राजा प्रद्योत और उसकी रानी शिवादेवी ये दोनों ही वीर भगवान् के मत का सेवन करते हुए सुशोभित हुए ॥२३॥

राजपुर्या अधीशानो जीवको महतां महान् ।
श्रामण्यमुपयुञ्जानो निर्वृतिं गतवानितः ॥२४॥

राजपुरी नगरी का जीवक अर्थात् जीवन्धर स्वामी जो महापुरुषों में भी महान् था, वह भी भगवान् से श्रमणपना अङ्गीकार करके भगवान् के जीवन-काल में ही मोक्ष को प्राप्त हुआ ॥२४॥

श्रेष्ठिनोऽप्यर्हद्दासस्य नाम्ना जम्बूकुमारकः ।
दीक्षामतः समासाद्य गणनायकतामगात् ॥२५॥

अर्हदास सेठ के सुपुत्र जम्बुकुमार तो (उसी दिन विवाह करके लाई हुई अपनी सर्व स्त्रियों को सम्बोध कर) भगवान् से दीक्षा लेकर गण के स्वामीपने को प्राप्त हुआ ॥२५॥

विद्युच्चौरोऽप्यतः पञ्चशतसंख्यैः स्वसार्थिभिः ।
समं समेत्य श्रामण्यमात्मबोधमगादसौ ॥२६॥

इन्हीं जम्बूकुमार के साथ विद्युच्चोर भी अपने पांच सौ साथियों को लेकर और श्रमणपना अङ्गीकार कर आत्मज्ञान को प्राप्त हुआ ॥२६॥

सूर्यवंशीयभूपालो रथोऽभूद्दशपूर्वकः ।
सुप्रभा महिषीत्यस्य जैनधर्मपरायणा ॥२७॥

सूर्यवंशी राजा दशरथ और उसकी रानी सुप्रभा ये दोनों ही वीर शासन को स्वीकार कर जैन धर्म-परायण हुए ॥२७॥

मल्लिका महिषी चासीत्प्रसेनजिन्महीपतेः ।
दार्फवाहनभूपस्याभया नाम नितम्बिनी ॥२८॥

प्रसेनजित् राजा की रानी मल्लिकादेवी और दार्फवाहन नरेश की रानी अभयदेवी ने वीर-शासन को अङ्गीकार किया ॥२८॥

सुधर्मस्वामिनः पार्श्वे उष्ट्रदेशाधिपो यमः ।
दीक्षा जग्राह तत्पत्नी श्राविका धनवत्यभूत् ॥२९॥

उष्ट्रदेश के स्वामी राजा यम ने (महावीर स्वामी के शिष्य) सुधर्मास्वामी से जिनदीक्षा ग्रहण की और उसकी रानी धनवती श्रावक के व्रत अङ्गीकार कर श्राविका बनी ॥२९॥

श्रीवीरादासहस्राब्दीपर्यन्तमिह तद्-वृषः ।
बभूव भूषणं राज्ञां कुलस्येत्यनुमीयते ॥३०॥

इस प्रकार श्री वीर भगवान् के समय से लेकर एक हजार वर्ष तक उनके द्वारा प्रचारित जैन धर्म राजाओं के कुल का आभूषण रहा, ऐसा (प्राचीन इतिहास से) अनुमान होता है ॥३०॥

एतद्-धर्मानुरागेण चैतद्देशप्रजाऽखिला ।
प्रायशोऽत्र बभूवापि जैनधर्मानुयायिनी ॥३१॥

उपर्युक्त उन-उन राजाओं के जैनधर्मानुराग से ही इस देश की समस्त जनता भी प्रायः जैनधर्मानुयायिनी हो गई थी ॥३१॥

खारवेलोऽस्य राज्ञी च नाम्ना सिंहयशा पुनः ।
जैनधर्मप्ररोहार्थं प्रकमं भूरि चक्रतुः ॥३२॥

कलिङ्ग देश-नरेश महाराज खारवेल और उनकी महारानी सिंहयशा देवी ने जैनधर्म के प्रचार के लिये बड़ा पराक्रम किया ॥३२॥

इक्ष्वाकुवंशिपद्मस्य पत्नी धनवती च या ।
मौर्यस्य चन्द्रगुप्तस्य सुषमाऽऽसीदशाऽऽर्हती ॥३३॥

इक्ष्वाकुवंशी राजा पद्म की पत्नी धनवती ने तथा सम्राट् चन्द्र-गुप्त मौर्य की पत्नी सुषमा देवी ने भी जैन धर्म को धारण किया ॥३३॥

महीशूराधिपास्तेषां योषितोऽद्यावधीति ताः ।
जैनधर्मानुयायित्वं स्वीकुर्वाणा भवन्त्यपि ॥३४॥

मैसूर के नरेश और उनकी राजपत्नियां तो आज तक भी जैनधर्म के अनुयायी होते आ रहे हैं ॥३४॥

पल्लवादिपतेः पुत्री कदाञ्छी मरुवर्मणः ।
निर्गुन्ददेशाधिपतेः परंलूरस्य चाङ्गना ॥३५॥

कारयामासतुर्लोकतिलकाख्यजिनालयम् ।
यद्व्यवस्थार्थमादिष्टं पूनल्लिग्रामनामकम् ॥३६॥

स्थानं श्रीपुरुषाख्येन राज्ञा स्वस्त्रीनिदेशतः ।
भूरन्ध्रव्यापिनी यस्मादासीद् धर्मप्रभावना ॥३७॥

पल्लव देश के नरेश की पुत्री और मरुवर्मा राजा की रानी कदाञ्छी तथा निर्गुन्द देश के राजा परंलूर की रानी इन दोनों ने लोक तिलक नामका जिनालय बनवाया और अपनी पत्नी की प्रेरणा से उसके स्वामी पुरुषराज ने पुनल्लि नाम का ग्राम उस चैत्यालय की व्यवस्था के लिए अर्पण किया। इससे सारे संसार में जैन धर्म की महती प्रभावना हुई ॥३५-३७॥

जाकियव्वे सत्तरस-नागार्जुनस्य भामिनी ।
श्रीशुभचन्द्रसिद्धान्त-देवशिष्या बभूव या ॥३८॥

सत्तरस नागार्जुन की धर्मपत्नी आकियव्वे श्री शुभचन्द्र सिद्धांत देव की शिष्या हुई और उसने जैनधर्म का पालन किया ॥३८॥

निर्मापय्य जिनास्थानं तदर्थं भूमिदायिनी ।
महिषी नागदेवस्यातिमव्वेऽप्यतिधार्मिका ॥३९॥

नागदेव की महारानी अतिमव्वे भी बड़ी धर्मात्मा थी, जिसने कि जिनालय बनवा करके उसके निर्वाह के लिए भूमि प्रदान की थी ॥३९॥

वीरचामुण्डराजश्च तत्पत्नी तस्य चाम्बिका ।
श्रीनेमिचन्द्रसिद्धान्तचक्रि सेवकतां दधुः ॥४०॥

वीर चामुण्डराज, उनकी पत्नी और उनकी माता ये तीनों ही श्री नेमिचन्द्र सिद्धान्त चक्रवर्ती के सेवक हुए और जैन धर्म का महान उद्योत किया ॥ ४०॥

चन्द्रमौलेस्तु या भार्या वीरबल्लालमन्त्रिणः ।
नामतोऽचलदेवी या बभूव दृढधार्मिका ॥४१॥

राजा वीरबल्लाल के मन्त्री चन्द्रोमौलि के अचलदेवी नाम की जो भार्या थी, वह भी जैनधर्म का दृढ़ता से पालन करती थी ॥४१॥

या पत्नीकदम्बराज-कीर्त्तिदेवस्य मालला ।
श्रीपद्मनन्दिसिद्धान्त-देवपादाभ्युपासिका ॥४२॥

कदम्बराज कीर्तिदेव की भार्या मालला भी श्रीपद्मनन्दिसिद्धांत देव के चरणों की उपासिका थी ॥४२॥

पल्लवराट् काडुवेदी महिषी चट्टलाभिधा ।
जिनसद्मकृदेवं च साधुसेवासु तत्परा ॥४३॥

पल्लवराज काडुवेदी की चट्टला नाम की महारानी सदा जैन साधुओं की सेवा में तत्पर रहा करती थी । उसने भी एक जिनमंदिर बनवाया था ॥४३॥

दोर्बलगंगहेमाण्डि-मान्धातुर्या सधर्मिणी ।
श्रीपट्टदमहादेवी बभूव जिनधर्मधृक् ॥४४॥

भुजबल गंगहेमाण्डि मान्धाता की सहधर्मिणी श्रीपट्टदमहादेवी भी जिनधर्म को धारण करने वाली हुई है ॥४४॥

माचिकब्वेऽपि जैनाऽभून्मारसिंगय्यभामिनी ।
शैवधर्मी पतिः किन्तु सा तु सत्यानुयायिनी ॥४५॥

मारसिंगय्य की भामिनी माचिकव्वे भी सत्य (जैन) धर्म की कट्टर अनुयायिनी थी, यद्यपि उसका पति शैवधर्मानुयायी थी ॥४५॥

विष्णुवर्धनभूपस्य शान्तला पट्टदेविका ।
श्रीप्रभाचन्द्रसिद्धान्त–देवशिष्यत्वमागता ॥४६॥

विष्णुवर्धन राजा की पट्टरानी शान्तलादेवी श्रीप्रभाचन्द्र सिद्धान्त देव की शिष्या बनी और जैन धर्म पालती था ॥४६॥

हरियव्वरसिः पुत्री शान्तलाया जिनास्पदम् ।
कारयामास द्वादश्यां शताब्दयां विक्रमस्य सा ॥४७॥

भूमिदानं चकारापि तस्य निर्वाहहेतवे ।
मणिमाणिक्यसम्पन्न–शिखरं सुमनोहरम् ॥४८॥

शान्तलादेवी की पुत्री हरियव्वरसी ने विक्रम की बारहवीं शताब्दी में एक जिनालय बनवाया, जिसका शिखर मणि-माणिक्य से सम्पन्न और अति मनोहर था । उसने मन्दिर के निर्वाह के लिए भूमिदान भी किया था ॥४७-४८॥

विष्णुचन्द्रनरेशस्याग्रजजाया जयक्वणिः ।
नित्यं जिनेन्द्रदेवार्चां कुर्वती समभादियम् ॥४९॥

विष्णुचन्द्र नरेश के बड़े भाई की स्त्री जयक्वणि जैन धर्म पालती थी और नित्य जिनेन्द्रदेव की पूजन करती थी ॥४९॥

सेनापतिर्गङ्गराजश्चास्य लक्ष्मीमतिः प्रिया ।
जिनपादाब्जसेवायामेवासून् विससर्ज तान् ॥५०॥

सेनापति गङ्गराज और उसकी पत्नी लक्ष्मीमती ये दोनों ही जैन धर्म के धारक थे और उन्होंने जिन भगवान् के चरण-कमलों की सेवा करते हुए ही अपने प्राणों का विसर्जन किया था ॥५०॥

चौहानवंशभृत्कीर्त्ति–पालनाममहीपतेः ।
देवी महीबलाख्याना वभूव जिनधर्मिणी ॥५१॥

चौहानवंशी कीर्तिपाल नामक नरेश की महीबला नाम की रानी भी जिनधर्म की धारण करने वाली हुई ॥५१॥

परमारान्वयोत्थस्य धरावंशस्य भामिनी ।
श्रृङ्गारदेवी आसीच्च जिनभक्तिसुतत्परा ॥५२॥

परमार वंश में उत्पन्न हुए राजा धरावंश की भामिनी श्रृङ्गारदेवी हुई । जो जिनदेव की भक्ति करने में तत्पर रहती थी ॥५२॥

राजवर्गमिहेत्येवं प्लावयन् वीरभास्वतः ।
गोमण्डलप्रसारोऽभूद्भुवि तत्त्वं प्रकाशयन् ॥५३॥

इस प्रकार भारतवर्ष के अनेकों राज-वंशों को प्रभावित करता भगवान् महावीर रूप धर्म-सूर्य के वचन रूप किरणों का समूह संसार में सत्य तत्त्व का प्रकाश करता हुआ सर्व ओर फैला ॥५३॥

भूमिपालेष्विवामीषु वैश्येषु ब्राह्मणेषु च ।
शूद्रकेष्वपि वीरस्य शासनं समवातरन् ॥५४॥

वीर भगवान् का यह जिन-शासन राजाओं के समान वैश्यों में, ब्राह्मणों में और शूद्रों में भी फैला । (आज भी थोड़ी बहुत संख्या में सभी जाति के लोग इस धर्म के अनुयायी दृष्टिगोचर होते हैं) ॥५४॥

वीरस्य शासनं विश्वहिताय यद्यपीत्यभूत् ।
किन्तु तत्प्रतिपत्तारो जातास्तदनुयायिनः ॥५५॥

यद्यपि वीर भगवान् का यह शासन विश्व मात्र के कल्याण के लिए था, किन्तु जिन लोगों ने उसे धारण किया, वे उसके अनुयायी कहे जाने लगे ॥५५॥

भावार्थ - आज वीर मतानुयायी अल्प संख्यक जैनों को देख कर कोई यह न समझे कि वीर भगवान् का उपदेश कुछ जाति विशेष वालों के लिए था, इसलिए जैनों की संख्या कम है । नहीं, उनका उपदेश तो प्राणिमात्र के हितार्थ था, और एक लम्बे समय तक जैन धर्मानुयायियों की संख्या भी करोड़ों पर थी । पर अनेक घटना-चक्रों से आज उनकी संख्या कम है ।

इतरेष्वपि लोकेषु तत्प्रभावस्त्वभूद् ध्रुवम् ।
येऽहम्मन्याख्यदोषेण तन्मतं नानुचक्रिरे ॥५६॥

जिन अन्य लोगों ने अहम्मन्यता दोष-वश वीर भगवान् के मत का अनुकरण नहीं किया, उन लोगों पर भी वीर-भगवान् द्वारा प्ररूपित अहिंसा-धर्म का प्रभाव स्पष्ट दृष्टिगोचर हो रहा है । (यही कारण है कि हिंसा-प्रधान यज्ञादिक करने वाले वैदिक धर्मियों मे भी आज हिंसा दृष्टिगोचर नहीं होती है और वे लोग भी हिंसा से घृणा करने लगे हैं ।) ॥५६॥

यत्र श्राद्धेऽपि गोमांसः ख्यातस्तत्सम्प्रदायिनः ।
वदेयुर्मातरं धेनुं प्रभावः सन्मतेरयम् ॥५७॥

जिन वैदिक सम्प्रदाय वालों के यहां श्राद्ध में भी गोमांस का विधान था, वे लोग आज गौ को माता कहते हैं और उसका वध नहीं करते, यह प्रभाव वीर-शासन का ही है ॥५७॥

भावार्थ - वैदिक धर्म में ऐसा विधान था-कि "महोजं वा महोक्षं वा श्रोत्रियाय प्रकल्पयेत्" अर्थात् "श्राद्ध के समय महान् अश्व को अथवा महान् बैल को श्रोत्रिय ब्राह्मण के लिए मारे और उसका मांस उसे खिलावें"-उस समय सर्वत्र प्रचलित इस विधान का आज जो अभाव दृष्टिगोचर होता है, वह वीर भगवान् के 'अहिंसा परमो धर्मः के सिंहनाद का ही प्रभाव है ।

यद्वा सर्वेऽपि राजानो वीरमार्गानुयायिनः ।
यतः प्रजाया रक्षायां यतन्ते सततं तके ॥५८॥

अथवा संसार के सभी राजा लोग वीर-मार्ग के अनुयायी हैं, क्योंकि वे लोग प्रजा की रक्षा करने में निरन्तर प्रयत्नशील रहते हैं ॥५८॥

अन्तर्नीत्याऽखिलं विश्वं वीरवर्त्माभिधावति ।
दयते स्वकुटुम्बादौ हिंसकादपि हिंसकः ॥५९॥

अन्तरंग नीति से यदि देखा जाय, तो यह समस्त विश्व ही वीर भगवान् के द्वारा बतलाये हुए अहिंसा मार्ग पर चल रहा है, क्योंकि हिंसक से भी हिंसक मनुष्य या पशु भी अपने कुटुम्ब आदि पर दया करता ही है, उनकी हिंसा नहीं करता ॥५९॥

ततः पुनर्यो यावत्या मात्रायामुपढौकते ।
अहिंसामधिकं तावत् स वीरमनुगच्छति ॥६०॥

इसलिए जो जीव जितनी भी मात्रा में अहिंसा धर्म को धारण करता है, वह उतनी ही मात्रा में भगवान् महावीर के मार्ग पर चलता है ॥६०॥

अभूत्पुनः सन्मतिसम्प्रदायेऽपि तत्प्रभावः सहयोगितायें ।
यतो मृतश्राद्धमवश्यकर्म हीत्यादि धीरुच्चति जैनमर्म ॥६१॥

समय-परिवर्तन के साथ सन्मति वीर भगवान् के सम्प्रदाय वालों पर भी अन्य सहवर्ती सम्प्रदाय वालों का प्रभाव पड़ा कि जैन लोग भी मरे हुए व्यक्ति का श्राद्ध करना आवश्यक कर्त्तव्य मानने लगे, तथा इसी प्रकार की अन्य लौकिक क्रियाओं को करने लगे, जो कि जैन धर्म के मर्म पर चोट पहुँचाती हैं ॥६१॥

वीरेण यत्प्रोक्तमदृष्टपारमगाधमप्यस्ति किलास्य सारम् ।
रत्नाकरस्येव निवेदयामि य इष्यते कौस्तुभवत् सुनामी ॥६२॥

वीर भगवान् ने अपने दिव्य प्रवचनों में संसार के हित के लिए जो कुछ कहा, वह वस्तुतः रत्नाकर के समान, अगाध और अपार है । किन्तु उसमें कौस्तुभ मणि के समान जो मुख्य मुख्य तत्त्व हैं, उनका सारांश मैं निवेदन करता हूँ ॥६२॥

साम्यमहिंसा स्याद्वादस्तु सर्वज्ञतेयमुत्तमवस्तु ।
अनुपमतयाऽनुसन्धेयानि पुनरपि चत्वारीत्येतानि ॥६३॥

भगवान् महावीर के अगाध प्रवचनों में से साम्यवाद, अहिंसा, स्याद्वाद और सर्वज्ञता ये चार अनुपम उत्तम तत्त्व हैं । जिज्ञासु जनों को इनका अनुसन्धान करना चाहिए ॥६३॥

भावार्थ - आगे इन्हीं चारों तत्त्वों का कुछ विवेचन किया जायगा ।

श्रीमान् श्रेष्ठिचतुर्भुजः स सुषुवे भूरामलेत्याह्वयं
वाणीभूषणवर्णिनं घृतवरी देवी च यं धीचयम् ।
सर्गोऽनेन कृते विवर्णनमभूत्पञ्चै कसंख्यावति
प्राप्ता कीदृशरूपतोऽथ जनता वीरोपदेशं सती ॥१५॥

इस प्रकार श्रीमान् सेठ चतुर्भुजजी और घृतवरी देवी से उत्पन्न हुए वाणी-भूषण, बाल-ब्रह्मचारी पं. भूरामल वर्तमान मुनि ज्ञानसागर रचित इस वीरोदय काव्य में वीर भगवान् के धर्म का देश-देश में प्रचार और प्रभाव का वर्णन करने वाला पन्द्रहवां सर्ग समाप्त हुआ ॥१५॥

❖ ❖ ❖

अथ षोडशः सर्गः

विश्वस्य रक्षा प्रभवेदितीयद्वीरस्यसच्छासनमद्वितीयम् ।
समाश्रयन्तीह धरातलेऽसून्न कोऽपि भूयादसुखीति तेषु ॥१॥

भगवान् महावीर के शासन की यही सब से बड़ी अद्वितीय विशेषता थी कि इस धरातल पर कोई प्राणी दुःखी न रहे, सब सुखी हों और सारे संसार की रक्षा हो ॥१॥

आत्मन् वसेस्त्वं वसितुं परेभ्यः देयं स्ववन्नान्यहृदत्र तेभ्यः ।
भवेः कदाचित्स्वभवे यदि त्वं प्रवाञ्छसि स्वं सुखसम्पदित्वम् ॥

भगवान् ने कहा-हे आत्मन्, यदि तुम यहां सुख से रहना चाहते हो, तो औरों को भी सुख से रहने दो । यदि तुम स्वयं दुखी नहीं होना चाहते हो, तो औरों को भी दुःख मत दो ॥२॥

भावार्थ-तुम स्वयं जैसा बनना चाहते हो, उसी प्रकार का व्यवहार दूसरों के साथ भी करो ।

आपन्नमन्यं समुदीक्ष्य मास्थास्तूर्ष्णीं वहेः किन्तु निजामिहास्थाम् ।
स्वेदे बहत्यन्यजनस्य रक्त-प्रमोक्षणे स्वस्य भवे प्रसक्तः ॥३॥

दूसरे को आपत्ति में पड़ा देखकर तुम चुप मत बैठे रहो, किन्तु उसके संकट को दूर करने का शक्ति-भर प्रयत्न करो । दूसरे का जहां पसीना बह रहा हो, वहां पर तुम अपना खून बहाने को तैयार रहो ॥३॥

वोढार एवं तव थूत्कमेते स्वयं स्वपाणावपि यायिने ते ।
छत्रं दधाना शिरसि प्रयासान्नित्यं भवन्तः स्वयमेव दासाः ॥४॥

जब तुम दूसरों की भलाई के लिए मरने को तैयार रहोगे, तब दूसरे लोग भी तुम्हारे थूक को भी अपने हाथ पर झेलने को तैयार रहेंगे । वे तुम्हारे चलते समय शिर पर छत्र-धारण करेंगे और सदा तुम्हारी आज्ञा को पालन करने के लिए स्वयं ही दास समान प्रयत्नशील रहेंगे ॥४॥

उच्छालितोऽर्काय रजःसमूहः पतेच्छिरस्येव तथाऽयमूहः ।
कृतं परस्मै फलति स्वयं तन्निजात्मनीत्येव वदन्ति सन्तः ॥५॥

जैसे सूर्य के ऊपर फेंकी गई धूलि फेंकने वाले के सिर पर आकर गिरती है, इसी प्रकार दूसरों के लिए किया गया बुरा कार्य स्वयं अपने लिए ही बुरा फल देता है । इसलिए दूसरों के साथ भला ही व्यवहार करना चाहिए, यही सन्त पुरुषों का कहना है ॥५॥

यथा स्वयं वाञ्छति तत्परेभ्यः कुर्याज्जनः केवलकातरेभ्यः ।
तदेतदेकं खलु धर्ममूलं परन्तु सर्वं स्विदमुष्य तूलम् ॥६॥

मनुष्य जैसा व्यवहार स्वयं अपने लिए चाहते है, वैसा ही व्यवहार उसे दूसरे दीन-कायर पुरुषों तक के साथ करना चाहिए । यही एक तत्त्व धर्म का मूल है और शेष सर्व कथन तो इसी का विस्तार है ॥६॥

निहन्यते यो हि परस्य हन्ता पातास्तु पूज्यो जगतां समन्तात् ।
किमङ्ग ! न ज्ञातमहो त्वयैव दृगञ्जनायाङ्गुलिवरञ्जितैव ॥७॥

जो दूसरों को मारता है, वह स्वयं दूसरों के द्वारा मारा जाता है और जो दूसरों की रक्षा करता है, वह सर्व जगत् में पूज्य होता है । हे वत्स, क्या तुम्हें यह ज्ञात नहीं है कि आंख में काजल लगाने वाली अंगुलि पहले स्वयं ही काली बनती है ॥७॥

तथाप्यहो स्वार्थपरः परस्य निकृन्तनार्थं यतते नरस्य ।
नानाच्छलाच्छादिततत्त्ववेदी नरो न रौतीति किमात्मखेदी ॥८॥

तथापि आश्चर्य तो इस बात का है कि मनुष्य अपने स्वार्थ के वश में तत्पर होकर दूसरे मनुष्य के मारने या कष्ट पहुँचाने के लिए निरन्तर प्रयत्न करता है और नाना प्रकार के छलों से यथार्थ सत्य को छिपा कर दूसरों को धोखा देता है । दूसरों को धोखा देना वास्तव में अपने आपको धोखा देना है । ऐसा मनुष्य करणी के फल मिलने पर क्या नहीं रोवेगा ? अर्थात् अवश्य ही रोवेगा ॥८॥

अजाय सम्भाति दधत् कृपाणं नाकं ददामीति परिब्रुवाणः ।
भवेत्स्ववंश्याय तथैव किन्न यथार्पयन् मोदकमप्यखिन्नः ॥९॥

आश्चर्य है कि लोग 'स्वर्ग भेज रहे हैं' ऐसा कहते हुए बकरे के गले पर तलवार चलाते हैं। किन्तु इस प्रकार यदि यज्ञ में पशु के मारने पर सचमुच उसे स्वर्ग मिलता है, तो फिर अपने वंश वाले लोगों को ही क्यों नहीं स्वर्ग भेजते ? जैसे कि लाडू बांटते हुए पहले अपने स्त्री बच्चों को सहर्ष देते हैं ॥९॥

कस्मै भवेत्कः सुख-दुःख कर्ता स्वकर्मणोऽङ्गी परिपाकभर्ता ।
कुर्यान्मनः कोमलमात्मनीनं स्वशर्मणे वीक्ष्य नरोऽन्यदीनम् ॥१०॥

यदि वास्तव में देखा जाय तो कौन किसके लिए सुख या दुःख देता है । प्रत्येक प्राणी अपने अपने किये कर्मों के परिपाक को भोगता है । जब मनुष्य किसी के दुःख दूर करने के लिए कोमल चित्त करता है, तो उसका वह कोमल भाव उसे सुखदायक होता है और जब दूसरे के लिए कठोर भाव करता है, तो वह उसे ही दुःख-दायक होता है ॥१०॥

संरक्षितुं प्राणभृतां मही सा व्रजत्यतोऽम्बा जगतामहिंसा ।
हिंसा मिथो भक्षितुमाह तस्मात्सर्वस्य शत्रुत्वमुपैत्यकस्मात् ॥११॥

अहिंसा सर्व प्राणियों की संसार में रक्षा करती है, इसलिए वह माता कहलाती है । हिंसा परस्पर में खाने को कहती है, और अकस्मात् (अकारण) ही सब से शत्रुता उत्पन्न करती है, इसलिए वह राक्षसी है अतएव अहिंसा उपादेय है ॥११॥

समन्ततो जीवचितेऽत्र लोके प्रकुर्वतः स्यादगतिः कुतोऽके ।
ततोऽस्त्वहिंसेयमगेहिधर्मः किलेति वक्त्राकलितं न मर्म ॥१२॥

कुछ लोग कहते हैं कि जब यह लोक सर्वत्र जीवों से व्याप्त है, तब उसमें गमनागमनादि आरम्भ करने वाला गृहस्थ पाप से कैसे बच सकता है ? अतएव यह अहिंसा गृह से रहित साधुओं का धर्म भले ही माना जाय, पर यह गृहस्थ का धर्म नहीं हो सकती । ऐसा कहने वालों ने अहिंसा धर्म के मर्म को नहीं समझा है ॥१२॥

भवेच्च कुर्याद्वधमत्र भेदः भावे भवान् संयततामखेदः ।
घ्नतः कृषीशादपि धीवरः स्यादघ्नश्च पापीत्युचिता समस्या ॥१३॥

वस्तु-तत्त्व यह है कि हिंसा हो, और हिंसा करे, इन दोनों बातों में आकाश-पाताल जैसा भेद है, इसे आप खेद-रहित होकर के भाव में जानने का प्रयत्न करें । देखो-खेत जोतते समय जीवघात करने वाले किसान से घर पर बैठा हुआ और जीवघात नहीं करने वाला मच्छीमार धीवर अधिक पापी है और वस्तुतत्त्व की समस्या सर्वथा उचित है । इसका कारण यह है कि किसान का भाव जोतने का है, जीवघात करने का नहीं अतः वह अहिंसक है, और धीवर का भाव घर बैठे हुए भी मछली मारने का बना रहता है, अतः वह हिंसक है ॥१३॥

प्रमादतोऽसुव्यपरोपणं यद्वधो भवत्येष सतामरम्यः ।
अधोविधानाय तमेकमेव समासतः प्राह जिनेशदेवः ॥१४॥

प्रमाद से जीवों के प्राणों का विनाश करना हिंसा है, जो कि सत्पुरुषों के करने योग्य नहीं है, क्योंकि जीव को अधोगति ले जाने के लिए वह अकेली ही पर्याप्त है, जिनेन्द्र वीरदेव ने संक्षेप से धर्म-अधर्म का यही सार कहा है ॥१४॥

दौस्थ्यं प्रकर्मानुचितक्रियत्वं कर्त्तव्यहानिर्ह्यवशेन्द्रियत्वम् ।
संक्षेपतः पञ्चविधत्वमेति प्रमत्तता यात्मपथान्निरेति ॥१५॥

मन की कुटिलता, कार्य का अतिक्रमण, अनुचित क्रियाकारिता, कर्त्तव्य-हानि और अजितेन्द्रियता (इन्द्रियों को वश में नहीं रखना) संक्षेप से प्रमाद केये पांच भेद हैं, जो कि जीवको आत्म-कल्याण के मार्ग से भ्रष्ट करने वाले हैं ॥१५॥

अर्थान्मनस्कारमये प्रधानमघं सघं संकलितुं निदानम् ।
वैद्यो भवेद्धुक्तिरुधेव धन्यः सम्पोषयन् खट्टिकको जघन्यः ॥१६॥

जीवका मानसिक अभिप्राय ही पाप के संकलन करने या नहीं करने में निदान अर्थात् प्रधान कारण है। रोगी के भोजन को रोककर लंघन कराने वाला वैद्य धन्य है - पुण्य का उपार्जक है । किन्तु बकरे को खिला-पिलाकर पुष्ट करने वाला खटीक जघन्य है । पाप का उपार्जन करने वाला है ॥१६॥

स्तनं पिबन् वा तनुजोऽनकाय स्पृशंश्च कश्चिन्महतेऽप्यघाय ।
कुलाङ्गनाया इति तत्वचिन्ता न स्युर्भवच्चेतसि विज्ञ ! किं ताः ॥१७॥

कुलीन स्त्री के स्तन को पीनेवाला बालक निर्दोष है । पाप-रहित है । किन्तु उसी के स्तन का स्पर्श करने वाला अन्य कामी पुरुष महापाप का उपार्जक है । हे विज्ञ ! क्या आपके चित्त में यह तात्त्विक विचार जागृत नहीं होता है ॥१७॥

स्वमात्रामतिक्रम्य कृत्यं च कुर्यात्तदेव प्रकर्माऽभ्यधुर्धर्मधुर्याः ।
प्रपाठोऽस्ति मौढ्यस्य कार्यं तदेवाऽऽनिशं धार्यमाणो विकारायते वा ॥१८॥

करने योग्य अपने कर्त्तव्य को भी सीमा का उल्लंघन करके अधिक कार्य करने को धर्म-धुरीण पुरुषों ने प्रकर्म कहा है । देखो-शिष्य का पढ़ना ही मुख्य कर्त्तव्य है, किन्तु यदि वह रात-दिन पढ़ता रहे और खान-पान शयनादि सर्व कार्य छोड़ दे, तो यह उसी के लिए विकार का उत्पादक हो जाता है ॥१८॥

गृहस्थस्य वृत्तेरभावो ह्यकृत्यं भवेत्त्यागिनस्ताद्विधिर्दुष्टनृत्यम् ।
नृपः सन् प्रदद्यान्न दुष्टाय दण्डं क्षतिः स्यान्मुनेरेतदेवैम्य मण्डम् ॥१९॥

गृहस्थ पुरुष के आजीविका का अभाव ही अकृत्य है और साधु की आजीविका करना भी अकृत्य है । राजा होकर यदि दुष्टों को दण्ड न दे, तो यह उसका अकृत्य है और यदि राज्यापराधियों को मुनि दण्ड देने लगे तो यह उसका अकृत्य है ॥१९॥

भावार्थ - सब लोगों को अपने-अपने पदोचित ही कार्य करना चाहिए । पद के प्रतिकूल कार्य करना ही अनुचित क्रिया-कारिता कहलाती है ।

न चौर्यं पुनस्तस्करायास्त्ववस्तु गवां मारणं वा नृशंसाङ्गिनस्तु ।
न निर्वाच्यमेतद्यतः सोऽपिमर्त्यः कुतः स्यात्पुनस्तेन सोऽर्थःप्रवर्त्यः ॥२०॥

यदि कहा जाय कि अपने पदोचित कार्य को करना मनुष्य का कर्त्तव्य है, तब तो चोर का चोरी करना और कसाई का गायों का मारना भी उनके पदानुसार कर्त्तव्यासिद्ध होता है, सो ऐसा नहीं समझना

चाहिए, क्योंकि चोरी और हिंसा करना तो मनुष्यमात्र का अकर्त्तव्य कहा गया है, फिर उन अकर्त्तव्यों को करना कर्त्तव्य कैसे माना जा सकता है ? इसलिए मनुष्य को सत्कर्त्तव्य में ही प्रवृत्ति करना चाहिए, असत्कर्त्तव्य में नहीं, ऐसा प्रकृत में अभिप्राय लेना चाहिए ॥२०॥

पलस्याशनं चानकाङ्क्षिप्रहारः सनाग् वा पराधिष्ठितस्यापहारः ।
न कस्यापि कार्यं भवेज्जीवलोके ततस्तत्प्रवृत्तिः पतेत्किन्नसोऽके ॥२१॥

मांस का खाना, निरपराध प्राणियों को मारना, दूसरे की स्वामित्व वाली वस्तु का अपहरण करना इत्यादि निंद्य कार्य संसार में किसी भी प्राणी के लिए करने योग्य नहीं हैं । अतएव इन दुष्कृत्यों में प्रवृत्ति करने वाला क्यों न पाप-गर्त में गिरेगा ? अर्थात् अवश्य ही उसे पाप का फल भोगना पड़ेगा ॥२१॥

यतो मातुरादौ पयो भुक्तावान् स न सिंहस्य चाहार एवास्ति मांसः
विकारः पुनर्दुर्निमित्तप्रभावात्समुत्थो न संस्थाप्यतां सर्वदा वा ॥२२॥

यदि कहा जाय कि सिंह का तो मांस खाना ही धर्म है, सो भी ठीक नहीं, क्योंकि वह भी तो जन्म लेने पर प्रारम्भ में अपनी माता का ही दूध पीता है । इसलिए सिंह का आहार मांस नहीं है, किन्तु उसका विकार है, जो कि खोटे निमित्तों के प्रभाव से अपने मां-बाप आदि की देखा-देखी प्रकट हो जाता है, अतएव वह उसका स्वाभाविक और सर्वदा रहने वाला धर्म नहीं मानना चाहिए ॥२२॥

पले वा दलेवाऽस्तु कोऽसौविशेषः द्वये प्राणिनोऽङ्गप्रकारस्य लेशः
वदन्नित्यनादेयमुच्चारमत्तु पयोवन्न किं तत्र तत्सम्भवत्तु ॥२३॥

यदि कहा जाय कि मांस में और शाक-पत्र मे कौनसी विशेषता है ? क्योंकि दोनों ही प्राणियों के शरीर के ही अंग है, सो ऐसा कहने वाले का वचन भी उपादेय नहीं है, क्योंकि गोबर और दूध ये दोनों ही गाय-भैंस आदि से उत्पन्न होते हैं, फिर मनुष्य दूध को ही क्यों पीता है और गोबर को क्यों नहीं खाता ? इससे ज्ञात होता कि प्राणि-जनित वस्तुओं में जो पवित्र होती है, वह ग्राह्य है, अपवित्र नहीं । अतः शाक-पत्र और दूध ग्राह्य है, मांस और गोबर आदि ग्राह्य नहीं हैं ॥२३॥

दलाद्यग्निना सिद्धमप्रासुकत्वं त्यजेदित्यदः स्थावराङ्गस्य तत्त्वम् ।
पलं जङ्गमस्याङ्गमेतत्तु पक्वमपि प्राघदं प्रासुकं तत्पुनः क्व ॥२४॥

शाक-पत्रादि तो अग्नि से पकने पर अप्रासुकता को छोड़ देतेहैं अर्थात् वे अग्नि से पक जाने पर प्रासुक (निर्जीव) हो जाते हैं । दूसरे वे स्थावर एकेन्द्रिय जीव का अंग हैं, किन्तु मांस तो चलते-फिरते जंगम जीवों के शरीर का अंग है, अतएव वह अग्नि से पकने पर भी प्रासुक नहीं होता, प्रत्युत पाप का कारण ही रहता है, अतएव शाक-पत्रादि ग्राह्य है, मांसादि नहीं ॥२४॥

न शाकस्य पाके पलस्येव पूतिर्न च क्लेदभावो जलेनात्तसूतिः ।
इति स्पष्टभेदः पुनश्चापि खेदः दुरीहावतो आतुचिन्नास्ति वेदः ॥२५॥

और भी देखो-शाक के पकाने पर मांस के समान दुर्गन्ध नहीं आती तथा शाक-पत्रादि मांस के समान जल से सड़ते भी नहीं है, क्योंकि इनकी उत्पत्ति जल से है । इस प्रकार शाक-पत्रादि और मांस इन दोनों में स्पष्ट भेद है, फिर भी यह महान् खेद है कि मांस खाने के दुराग्रह वाले को इसका कदाचित् भी विवेक नहीं है ॥२५॥

तदेवेन्द्रियाधीनवृत्तित्वमस्ति यदज्ञानतोऽतर्क्यवस्तु प्रशस्तिः ।
विपत्तिं पतङ्गादिवत्सम्प्रयाति स पश्चात्तपन् सर्ववित्तुल्यजातिः ॥२६॥

इस प्रकार से मांस और शाक-पत्रादि के भेद को प्रत्यक्ष से देखता और जानता हुआ भी मांस खाना नहीं छोड़ता है, यही उसकी इन्द्रियाधीन प्रवृत्ति है और उसके वश होकर अज्ञान से कुतर्क करके मांस जैसी निंद्य वस्तु को उत्तम बताता है । जिस प्रकार पंतगे आदि जन्तु इन्द्रियों के विषयों के अधीन होकर अग्नि आदि में गिरकर विनाश को प्राप्त होते हैं, उसी प्रकार सर्ववेत्ता परमात्मा के समान जातिवाला यह मनुष्य भी पश्चात्ताप का पात्र बने, यह महान् दुःख की बात है ॥२६॥

हिंसायाः समुपेत्य शासनविधिं ये चेन्द्रियैराहताः ।
पश्यास्मिञ्जगति प्रयान्ति विवशा नो कस्य ते दासताम् ॥
यश्चाज्ञामधिगम्य पावनमना धीराडहिंसाश्रियः
जित्वाऽक्षाणि समावसेदिह जयज्जेता स आत्मप्रियः ॥२७॥

देखो, इस जगत् में जीव हिंसा के शासन-विधान को स्वीकार करके इन्द्रियों के विषयों से पीड़ित रहते हैं, वे परवश होकर किस किस मनुष्य की दासता को अङ्गीकार नहीं करते ? अर्थात् उन्हें सभी की गुलामी करनी पड़ती है । किन्तु जो पवित्र मनवाले बुद्धिमान् मानव अहिंसा भगवती की आज्ञा को प्राप्त होकर और इन्द्रियों के विषय को जीतकर संसार में रहते हैं, ये जगज्जेता और सर्वात्मप्रिय होते हैं ॥२७॥

स्वस्वान्तेन्द्रियनिग्रहैकविभवो यादृग्भवेच्छ्रीर्यते
स्तादृक सम्भवतादपि स्वमनसः सम्पत्तये भूपतेः ।
राज्ञः केवलमात्मनीनविषयादन्यत्र न स्याद् रसः
योगीन्द्रस्य समन्ततोऽपि तु पुनर्भेदोऽयमेतादृशः ॥२८॥

अपने साध्य की सिद्धि के लिए जिस प्रकार एक साधु को अपने मन और इन्द्रियों का निग्रह करना आवश्यक होता है, वैसा ही निग्रह राजा को भी अपनी राज्य-सम्पत्ति के संरक्षण करने के लिए भी आवश्यक है। किन्तु दोनों की साधना में केवल यह भेद है कि राजा केवल अपने योग्य विषयों के सिवाय शेष अन्य विषयों में रस नहीं लेता है और योगिराज के सभी विषयों में रस नहीं रहता है, अर्थात् वे इन्द्रिय और मनके सर्व विषयों से उदासीन हो जाते हैं ॥२८॥

अतएव कियत्याः स राजा भूमेर्भवेत्पतिः ।
विश्वस्य किन्तु साम्राज्यमधिगच्छति योगिराट् ॥२९॥

अतएव राजा तो कुछ सीमित भूमि का ही स्वामी बनता है, किन्तु योगिराज विश्व भर के साम्राज्य का स्वामी बन जाता है ॥२९॥

खड्गेनायसनिर्मितेन न हतो वज्रेण वै हन्यते
तस्मान्निर्व्रजये नराय च विपद्दैवेन त तन्यते ।
दैवं किन्तु निहत्य यो विजयते तस्यात्र संहारकः
कः स्यादित्यनुशासनाद्विजयतां वीरेषु वीरः सकः ॥३०॥

जो मनुष्य लोहे से बनी खड्ग से नहीं मारा जा सकता, वह वज्र से निश्चयतः मारा जाता है। जो वज्र से भी नहीं मारा जा सकता वह दैव से अवश्य मारा जाता है, किन्तु जो महापुरुष दैव को भी मारकर विजय प्राप्त करता है, उसका संहार करने वाला फिर इस संसार में कौन है ? वह वीरों का वीर महावीर ही इस संसार में सर्वोत्तम विजेता है, और वह सदा विजयशील बना रहे ॥३०॥

श्रीमान् श्रेष्ठि चतुर्भुजः स सुषुवे भूरामलेत्याह्वयं
वाणीभूषणवर्णिनं घृतवरी देवी च यं धीचयम् ।
प्रोक्तेन च षोडशोऽयमधुना सर्गः समाप्तिं गतः
वीरोपज्ञविहिंसनस्य कथनप्रायोऽस्ति संक्षेपतः ॥१६॥

इस प्रकार श्रीमान् सेठ चतुर्भुजजी और घृतवरी देवी से उत्पन्न हुए वाणीभूषण, बाल-ब्रह्मचारी पं भूरामल वर्तमान मुनि ज्ञानसागर विरचित वीरोदय में श्री वीर भगवान् द्वारा उपदिष्ट अहिंसा धर्म का संक्षेप से वर्णन करने वाला सोलहवां सर्ग समाप्त हुआ ॥१६॥

❖ ❖ ❖

अथ सप्तदशः सर्गः

अज्ञोऽपि विज्ञो नृपतिश्च दूतः गजोऽप्यजो वा जगति प्रसूतः ।
अस्यां धरायां भवतोऽधिकारस्तावान् परस्यापि भवेन्नृसार ॥१॥

हे पुरुषोत्तम, इस भूतल पर जो भी उत्पन्न हुआ है, वह चाहे मूर्ख हो या विद्वान्, राजा हो या दास, गज हो या अज, (बकरा), इस पृथ्वी पर जितना आपका अधिकार है, उतना ही दूसरे का भी अधिकार है, ऐसा विचार करना चाहिए ॥१॥

पूर्वक्षणे चौरतयाऽतिनिन्द्यः स एव पश्चाज्जगतोऽभिवन्द्यः ।
यो नाभ्यवाञ्छत्कुलयोषितं स वेश्यायुगासीन्महतां वतंसः ॥२॥

संसार के स्वरूप का विचार करो, जो विद्युच्चर अपने जीवन के पूर्व समय में चोर रूप से अति निर्दय था, वही पीछे जगत् का वन्दनीय महापुरुष बन गया । और जो महापुरुषों का शिरोमणि चारुदत्त सेठ अपनी विवाहिता कुल स्त्री के सेवन की भी इच्छा नहीं करता था, वही पीछे वेश्यासेवी हो गया। कैसी विचित्रता है ॥२॥

गुणो न कस्य स्वविधौ प्रतीतः सूच्या न कार्यं खलु कर्तरीतः ।
ततोऽन्यथा व्यर्थमशेषमेतद्बस्तूत नस्तुच्छतया सुचेतः ॥३॥

हे सुचेतः (समझदार), यह तुच्छ है और वह महान् है, ऐसा सोचना व्यर्थ है, क्योंकि अपने अपने कार्य में किसका गुण प्रतीत नहीं होता । देखो, कैंची से सुई छोटी है, पर सुई का कार्य कैंची से नहीं हो सकता । इसलिए छोटे और बड़े की कल्पना करना व्यर्थ है ॥३॥

स्वमुत्तमं सम्प्रति मन्यमानोऽन्यं न्यक्करोतीति विवेकभानो ।
तवेयमात्मंभरिता हि रोगं-करी भवेद्यस्य न कोऽपि योगः ॥४॥

हे विवेक-सूर्य आत्मन्, इस समय तू अपने आपको उत्तम मानता हुआ दूसरे को तुच्छ समझ कर उसका तिरस्कार करता है, यही तो तेरी सब से बड़ी स्वार्थपरता है और यही तेरे उस भव-रोग को उत्पन्न करने वाली है, जिसका कि कोई इलाज नहीं है ॥४॥

भावार्थ - स्वार्थी मनोवृत्ति से ही तो मनुष्य पतित बनता है और उसे छोड़ देने पर ही मनुष्य का उद्धार होता है, इसलिए हे आत्मन्, यदि तू अपना उद्धार चाहता है, तो अपनी स्वार्थपरायणता को छोड़ दे ।

सम्मानयत्यन्यसतस्तु वर्तिं सैवाधुना मानवतां विभर्त्ति ।
स केन दृश्योऽस्तु पश्यतीति परानिदानीं समवायरीतिः ॥५॥

जो दूसरे सज्जन पुरुष की बात का सन्मान करता है, उसकी छोटी सी भी भली बात को बड़ी समझता है, वही आज वास्तव में मनुष्यता को धारण करता है । जो औरों को तुच्छ समझता है, उनकी ओर देखता भी नहीं है, स्वयं अहंकार में मग्न रहता है, क्या उसे भी कोई देखता है ? नहीं । क्योंकि वह लोगों की दृष्टि से गिर जाता है । अतएव दूसरे का सन्मान करना ही आत्म-उत्थान का मार्ग है ॥५॥

मनुष्यता ह्यात्महितानुवृत्तिर्न केवलं स्वस्य सुखे प्रवृत्तिः ।
आत्मा यथा स्वस्य तथा परस्य विश्वैकसम्वादविधिर्नरस्य ॥६॥

आत्म-हित के अनुकूल आचरण का नाम ही मनुष्यता है, केवल अपने सुख में प्रवृत्ति का नाम मनुष्यता नहीं है । जैसा आत्मा अपना समझते हो, वैसा ही दूसरे का भी समझना चाहिए । अत: विश्व भर के प्राणियों के लिए हितकारक प्रवृत्ति करना ही मनुष्य का धर्म है, औरों के सुख में कण्टक बनना महान् अधर्म हैं ॥६॥

भावार्थ - तुम जैसा व्यवहार अपने लिए चाहते हो, वैसा ही व्यवहार दूसरों के साथ करो ।

पापं विमुच्यैव भवेत्पुनीतः स्वर्णं च किट्टप्रतिपाति हीतः ।
पापाद् घृणा किन्तु न पापिवर्गान्मनुष्यतैवं प्रभवेन्निसर्गात् ॥७॥

पाप को छोड़कर ही मनुष्य पवित्र कहला सकता है । (केवल उच्च कुल में जन्म ले लेने से ही कोई पवित्र नहीं हो जाता ।) कीटकालिमा से विमुक्त होने पर ही सुवर्ण सम्माननीय होता है, (कीटकालिमादि युक्त सुवर्ण सम्मान नहीं पाता ।) इसलिए पाप से घृणा करना चाहिए, किन्तु पापियों से नहीं । मनुष्यता स्वभाव से ही यह सन्देश देती है ॥७॥

वृद्धानुपेयादनुवृत्तबुद्ध्याऽनुजान् समं स्वेन वहेत्त्रिशुद्ध्या ।
कमप्युपेयान्न कदाचनान्यं मनुष्यतामेवमियाद्वदान्यः ॥८॥

अतएव बुद्धिमानों को चाहिए कि अपने से बड़े वृद्ध जनों के साथ अनुकूल आचरण करें, अपने से छोटों को अपने समान तन-मन-धन से सहायता पहुँचावे, किसी भी मनुष्य को दूसरा न समझें । सभी को अपना कुटुम्ब मानकर उनके साथ उत्तम व्यवहार करें । इस प्रकार उदार मनुष्य सच्ची मानवता को प्राप्त करे ॥८॥

प्रोद्घाटयेन्नैव परस्य दोषं स्ववृत्तितोऽपीह परस्य पोषम् ।
कुर्वीत मर्त्यत्वमियात्सजोषं गुणं सदैवानुसरेदरोषम् ॥९॥

दूसरे के दोष को कभी भी प्रकट न करे, उसके विषय में मौन धारण करे, अपनी वृत्ति से दूसरे का पालन-पोषण करे, दूसरे के गुणों का ईर्ष्या-रोषादि से रहित होकर अनुसरण करे और इस प्रकार सच्ची मनुष्यता को प्राप्त होवे ॥९॥

नरो न रौतीति विपन्निपाते नोत्सेकमेत्यभ्युदयेऽपि जाते ।
न्याय्यात्पथो नैवमथावसन्नः कर्त्तव्यमञ्चेत्सततं प्रसन्नः ॥१०॥

मनुष्य को चाहिए कि वह विपत्ति के आने पर हाय हाय न करे, न्यायोचित मार्ग से कभी च्युत न होवे और सदा प्रसन्न रहकर अपना कर्त्तव्य पालन करे ॥१०॥

स्वार्थाच्च्युतिः स्वस्य विनाशनाय परार्थतश्चेदपसम्प्रदायः ।
स्वत्वं समालम्ब्य परोपकारान्मनुष्यताऽसौ परमार्थसारा ॥११॥

स्वार्थ से भ्रष्ट होना अपने ही विनाश का कारण है और परार्थ (परोपकार) से च्युत होना यह सम्प्रदाय के विरुद्ध है । इसलिए मनुष्य को चाहिए कि अपने स्वार्थ को संभालते हुए दूसरे का उपकार अवश्य करे । यही परमार्थ के सारभूत मनुष्यता है ॥११॥

समाश्रिता मानवताऽस्तु तेन समाश्रिता मानवतास्तु तेन ।
पूज्येष्वथाऽमानवता जनेन समुत्थसामा नवताऽऽप्यनेन ॥१२॥

जिस पुरुष ने मानवता का आश्रय लिया, अर्थात् सत्कार किया, उसने मानवता का आदर किया। तथा जिसने पूज्य पुरुषों में अभिमान-रहित होकर व्यवहार किया उसने वास्तविक मानवता को प्राप्त किया ॥१२॥

भावार्थ - पूज्य पुरुषों में मान-रहित विनम्र होकर, सर्व साधारण जनों में समान भाव रखता हुआ सत्य-मार्ग को अपनाने वाला उत्तम पुरुष ही सदा मानवता के आदर्श को प्राप्त होता है ।

विपन्निशेवाऽनुमिता भुवीतः सम्पत्तिभावो दिनवत्पुनीतः ।
सन्ध्येव भायाद् रुचिरा नृता तु द्वयोरुपात्तप्रणयप्रमातुः ॥१३॥

संसार में मनुष्य को सम्पत्ति का प्राप्त होना दिन के समान पुनीत (आनन्द-जनक) है, इसी प्रकार विपत्ति का आना भी रात्रि के समान अनुमीत (अवश्यम्भावी) है । इन दोनों के मध्य में मध्यस्थ रूप से उपस्थित एवं स्नेहभाव को प्राप्त होने वाले महानुभाव के मनुष्यता सन्ध्याकाल के समान रुचिकर (मनोहर) प्रतीत होना चाहिए ॥१३॥

एवं समुत्थान-निपात पूर्णे धरातलेऽस्मिन् शतरञ्जतूर्णे ।
भवेत्कदा कः खलु वाजियोग्यः प्रवक्तुमीशो भवतीति नोऽज्ञः ॥१४॥

इस प्रकार उत्थान और पतन से परिपूर्ण, शतरंज के खेल के समान इस धरातल पर हम लोगों में से कब कौन मनुष्य बाजी मार जाय, इस बात को कहने के लिए यह अज्ञ प्राणी समर्थ नहीं है ॥१४॥

किमत्र नाज्ञोऽञ्चति विद्विधानं विज्ञोऽपि विक्षेपमिति प्रथा नः ।
संशोधयेयुर्मदमत्सरादीञ्जना निजीयान्न परोऽत्र वादी ॥१५॥

क्या इस संसार में अज्ञानी पुरुष विद्वत्ता को प्राप्त नहीं होता है और क्या विद्वान् भी विक्षेप-(पागल-) पने को प्राप्त नहीं होता है ? (जब संसार की ऐसी दशा है, तब भाग्योदय से प्राप्त विद्वत्ता आदि का मनुष्य को अहंकार नहीं करना चाहिए) किन्तु मनुष्यों को अपने मद, मत्सर आदि दुर्भावों का संशोधन करना चाहिए । महान् पुरुष बनने का यही निर्विवाद मार्ग है, अन्य नहीं ॥१५॥

भर्ताऽहमित्येष वृथाऽभिमानस्तेभ्यो विना ते च कुतोऽथ शानः ।
जलौकसामाश्रयणं निपानमेभ्यो विनाऽमुष्य च शुद्धता न ॥१६॥

एक राजा या स्वामी को लक्ष्य में रख कर कवि कहते हैं कि हे भाई, जो तू यह अभिमान करता है कि मैं इन अधीनस्थ लोगों का भरण-पोषण करने वाला हूँ, इन सेवकों का स्वामी हूँ, सो यह तेरा अभिमान व्यर्थ है, क्योंकि उन आश्रित जनों या सेवकों के बिना तेरी यह शान कहां संभव है ? देखो, मछलियों का आश्रयदाता सरोवर है, किन्तु उनके विना सरोवर के जल की शुद्धता संभव नहीं है, क्योंकि वे मछलियां ही सरोवर की गन्दगी को खाकर जल को स्वच्छ रखती हैं ॥१६॥

को नाम जातेश्च कुलस्य गर्वः सर्वः स्वजात्या प्रतिभात्यखर्वः ।
विप्रोऽपि चेन्मांसभुगस्ति निन्द्यः सद्–वृत्तभावाद् वृषलोऽपि वन्द्यः ॥१७॥

जाति का, या कुल का गर्व करना कैसा ? सभी मनुष्य अपनी जाति में अपने को बड़ा मानते हैं । मांस को खाने वाला ब्राह्मण निंद्य है और सदाचारी होने से शूद्र भी वंद्य है ॥१७॥

भावार्थ - जो लोग उच्च जाति या कुल में जन्म लेने मात्र से ही अपने को उच्च मानते हैं, किन्तु काम नीच पुरुषों जैसे करते हैं, उन्हें कभी उच्च नहीं माना जा सकता । इसी प्रकार भाग्यवश जो शूद्रादि के कुल में भी उत्पन्न हुआ है, किन्तु कार्य उच्च करता है, तो उसे नीच भी नहीं कहा जा सकता। कहने का सार यह है कि सदाचरण से मनुष्य उच्च और असदाचरण से मनुष्य नीच कहलाने के योग्य है ।

विवाहितो भ्रातृजयाङ्गभाजा सम्माननीयो वसुदेवराजः ।
नारायणो नाम जगत्प्रसिद्धस्तस्यास्तनूजः समभूत्समिद्धः ॥१८॥

देखो, प्राणियों में सम्माननीय वसुदेव राजा ने अपने भाई उग्रसेन की लड़की देवकी से विवाह किया और उसके उदर से जगत् प्रसिद्ध और गुण-समृद्ध श्रीकृष्ण नाम के नारायण का जन्म हुआ ॥१८॥

वेश्यासुता भ्रातृविवाहितापि भद्राधुना यत्र तयाऽऽर्यताऽऽपि ।
संसार एषोऽस्ति विगर्हणीयः भूयाद्भवान्नाम स बर्हणीयः ॥१९॥

वेश्या की लड़की अपने सगे भाई के द्वारा विवाही गई और अन्त में वह आर्यिका बनी । यह संसार ऐसा ही निन्दनीय है, जहां पर कि लोगों के परस्पर में बड़े विचित्र सम्बन्ध होते रहते हैं । इसलिये संसार से विरक्ति ही सारभूत है ॥१९॥

भावार्थ - कवि ने इस श्लोक-द्वारा अठारह नाते की कथा की ओर संकेत करके संसार के सम्बन्धों पर अपनी ग्लानि प्रकट की है ।

आराधनायां यदि कार्त्तिकेयः पित्रा सुतातोऽजनि भूतले यः ।
स चेदिहाचार्यपदप्रतिष्ठः कोऽथो न हि स्याज्जगदेकनिष्ठः ॥२०॥

आराधना कथाकोश में वर्णित कथा के अनुसार कार्त्तिकेय स्वामी इसी भूतल पर पिता के द्वारा पुत्री से उत्पन्न हुए और उन्होंने ही यहां पर आचार्य पद की प्रतिष्ठा प्राप्त की । यह घटना देखकर जगत् एकनिष्ठ क्यों नहीं होगा ? ॥२०॥

आलोचनीयः शिवनाम भर्ता व्यासोऽपि वेदस्य समष्टिकर्ता ।
किमत्र दिक् तेन तनूभृतेति यः कोऽपि जातेरभिमानमेति ॥२१॥

शिव नाम से प्रसिद्ध रुद्र की और वेद के संग्रहकर्ता पाण्डवों के दादा व्यास ऋषि की उत्पत्ति भी विचारणीय है । ऐसी दशा में जो कोई पुरुष जाति के अभिमान को प्राप्त होता है, उस मनुष्य के साथ बात करने में क्या तथ्य है ? ॥२१॥

सर्वोऽपि चेद् ज्ञानगुणप्रशस्ति. को वस्तुतोऽनादरभाक समस्ति ।
यतोऽतिगः कोऽपि जनोऽनणीयान् पापप्रवृत्तिः खलु गर्हणीया ॥२२॥

यदि सभी प्राणी ज्ञान गुण से संयुक्त हैं, तब वस्तुतः अनादर के योग्य कौन रहता है? अर्थात् कोई भी नहीं । हां, पापों में प्रवृत्ति करना अवश्य निन्दनीय है, जो कोई मनुष्य उससे दूर रहता है, वही महान् कहा जाता है ॥२२॥

सत्यानुकूलं मतमात्मनीनं कृत्वा समन्ताद् विचरन्नदीनः ।
पापदपेतं विदधीत चित्तं समस्ति शौचाय तदेकवित्तम् ॥२३॥

इसलिए मनुष्य को चाहिए कि अपने मत (विश्वास) को सर्व प्रकार से सत्य के अनुकूल दृढ़ बना कर दीनता-रहित हो निर्भय विचरण करता हुआ अपने चित्त को पाप से रहित करे । बस, यही एक उपाय पवित्र या शुद्ध होने के लिए कहा गया है ॥२३॥

पराधिकारे त्वयनं यथाऽऽपन्निजाधिकाराच्च्यवनं च पापम् ।
अमानवं कर्म दुरन्तकुन्तिन् संक्षेपतः शास्त्रविदो वदन्ति ॥२४॥

पाप-विनाश के लिए भाले के समान हे भव्य, शास्त्रकारों ने पाप को संक्षेप से तीन प्रकार का कहा है-पहिला पराये अधिकार में जाना, अर्थात् अनधिकार चेष्टा करना, दूसरा अपने अधिकार से च्युत होना और तीसरा विश्वासघात आदि अमानवीय कार्य करना ॥२४॥

वंश्योऽहमित्याद्यभिमानभावात्तिरस्करोत्यन्यमनेकधा वा ।
धर्मो वदेत् केवलिनं हि सर्वं न धर्मवित्सोऽस्ति यतोह्यखर्वः ॥२५॥

मैं उच्च वंश में उत्पन्न हुआ हूँ, इस प्रकार के अभिमान से जो दूसरे का नाना प्रकार से तिरस्कार करताहै, वह धर्म का स्वरूप नहीं जानता है, क्योंकि जैनधर्म तो सभी प्राणियों को केवलज्ञान की शक्ति से सम्पन्न कहता है । इसलिए मनुष्य को चाहिए कि वह गर्व से रहित बने और अभिमान से कभी किसी का तिरस्कार न करे ॥२५॥

वंशश्च जातिर्जनकस्य मातुः प्रसङ्गतः केवलमाविभातु ।
तयोः क्रिया किं पुनरेकरूपा विचार्यतामत्र विवेकभूपाः ॥२६॥

पिता के पक्ष को वंश (कुल) कहते हैं और माता के पक्ष को जाति कहते हैं, इस विषय में सब एक मत हैं । यदि माता और पिता के प्रसंग से ही केवल जाति और कुल की व्यवस्था मानी जाय, तो हे विवेकवान् पुरुषो, इस विषय में विचार करो कि माता-पिता इन दोनों की क्रिया सर्वथा एक रूप रहती है ? ॥२६॥

चतुष्पदेषूत खगेष्वगेषु वदन्नहो क्षत्रियताद्यमेषु ।
विकल्पनामेव दधत्तदादिमसौ निराधार वचोऽभिवादी ॥२७॥

आश्चर्य है कि कितने ही लोग मनुष्यों के समान गाय, भैंस आदि चौपायों में, पक्षियों में और वृक्षों में भी क्षत्रिय आदि वर्णो की कल्पना करते हैं, किन्तु वे निराधार वचन बोलने वाले हैं, क्योंकि 'क्षत्रियाः क्षततस्त्राणात्' अर्थात् जो दूसरे को आपत्ति से बचावे, वह क्षत्रिय है, इत्यादि आर्ष वाक्यों का अर्थ उनमें घटित नहीं होता है ॥२७॥

रङ्गप्रतिष्ठा यदि वर्णभङ्गी शौक्ल्येन विप्रत्वमियात् फिरङ्गी ।
शूद्रत्वतो नातिचरेच्च विष्णुर्नैकं गृहं चैकरुचेः सहिष्णुः ॥२८॥

कुछ लोगों का कहना है कि वर्ण-व्यवस्था वर्ण अर्थात् रूप रंग के आश्रित है, शुक्ल वर्ण वाले ब्राह्मण, रक्तवर्ण वाले क्षत्रिय, पीतवर्ण वाले वैश्य और कृष्णवर्ण वाले शूद्र हैं । ग्रन्थकार उन लोगों को लक्ष्य करके

कहते हैं कि यदि वर्णव्यवस्था रंग पर प्रतिष्ठित है, तो फिर फिरंगी (अंग्रेज) लोगों को ब्राह्मणपना प्राप्त होगा, क्योंकि वे श्वेतवर्ण वाले हैं। तथा काले वर्ण वाले श्री कृष्ण नारायण शूद्रपने का अतिक्रमण नहीं कर सकेंगे, अर्थात् वे शूद्र कहे जावेंगे। इसके अतिरिक्त ऐसा एक भी घर नहीं बचेगा जिसमें अनेक वर्ण के लोग न हों। अर्थात् एक ही माँ-बाप की सन्तान गौरी-काली आदि अनेक वर्ण वाली देखी जाती है, तो उन्हें भी आपकी व्यवस्थानुसार भिन्न-भिन्न वर्ण का मानना पड़ेगा ॥२८॥

दशास्य-निर्भीषणयोश्च किन्नाप्येकाम्बयोरप्युत चिद्विभिन्ना ।
न जातु जातेरुदितो विशेष आचार एवाभ्युदयप्रदेशः ॥२९॥

देखो-एक माता के उदर से उत्पन्न हुए दशानन (रावण) और विभीषण में परस्पर कितना अन्तर था? रावण रामचन्द्र का वैरी, क्रूर और काला था। किन्तु उसी का सगा भाई विभीषण राम का स्नेही, शान्त और गोरा था। एक ही जाति और कुल में जन्म लेने पर भी दोनों में महान् अन्तर था। अतएव जाति या कुल को मनुष्य की उन्नति या अवनति में साधक या बाधक बताना भूल है। जाति या कुल विशेष में जन्म लेने मात्र से ही कोई विशेषता कभी भी नहीं कही गई है। किन्तु मनुष्य का आचरण ही उसके अभ्युदय का कारण है ॥२९॥

आखुः प्रवृत्तौ न कदापि तुल्यः पञ्चाननेनानुशयैकमूल्यः ।
तथा मनुष्येषु न भाति भेदः मूलेऽथ तूलेन किमस्तु खेदः ॥३०॥

यदि कहा जाय कि मूषक शूरवीरता की प्रवृत्ति करने पर भी सिंह के साथ कभी भी समानता के मूल्य को नहीं प्राप्त हो सकता, इसी प्रकार शूद्र मनुष्य कितना ही उच्च आचरण करे, किन्तु वह कभी ब्राह्मणादि उच्चवर्ण वालों की समता नहीं पा सकता, सो यह कहना भी व्यर्थ है, क्योंकि मूषक और सिंह में तो मूल में ही प्राकृतिक भेद है किन्तु ऐसा प्राकृतिक भेद शूद्र और ब्राह्मण मनुष्य में दृष्टिगोचर नहीं होता। अतएव जातिवाद को तूल देकर व्यर्थ खेद या परिश्रम करने से क्या लाभ है ॥३०॥

भावार्थ - जैसा प्राकृतिक जातिभेद चूहे और सिंह में देखा जाता है वैसा शूद्र और ब्राह्मणादि मनुष्यों में नहीं। यही कारण है कि इतिहास और पुराणों में ऐसे अनेक उदाहरण मिलते हैं, जिनसे सिद्ध होता है कि उच्च कुल या जाति में जन्म लेने पर भी बक राजा जैसे पतित हुए और शूद्रक राजा जैसे उत्तम पुरुष सिद्ध हुए हैं। अनेक जाति वाले पहले जो क्षत्रिय थे, आज वैश्य और शूद्र माने जा रहे हैं। इसलिए जातिवाद को महत्त्व देना व्यर्थ है। उच्च आचरण का ही महत्त्व है और उसे करने वाला ऊंच और नहीं करने वाले को नीच जाति का मानना चाहिए।

सुताभुजः किञ्च नराशिनोऽपि न जन्म किं क्षात्रकुलेऽथ कोऽपि ।
भिल्लाङ्गजश्चेत् समभूत्कृतज्ञः गुरो ऋणीत्थं विचरेदपि ज्ञः ॥३१॥

इतिहास में ऐसे भी अनेक कथानक दृष्टिगोचर होते हैं जो कि क्षत्रिय कुल में जन्म लेकर भी अपनी पुत्री के साथ विषय सेवन करने और मनुष्य तक का मांस खाने वाले हुए हैं। इसी प्रकार भील जाति में उत्पन्न हुआ शूद्र पुरुष भी गुरुभक्त, कृतज्ञ और बाण-विद्या का वेत्ता दृष्टिगोचर होता है ॥३१॥

प्रद्युम्नवृत्ते गदितं भविन्नः शुनी च चाण्डाल उवाह किन्न ।
अणवादिकद्वादशसद्व्रतानि उपासकोक्तानि शुभानि तानि ॥३२॥

हे संसारी प्राणी, प्रद्युम्नचरित में कहा है कि कुत्ती ने और चाण्डाल ने मुनिराज से श्रावकों के लिए बतलाये गये अणुव्रतादि बारह व्रतों को धारण किया और उनका भली-भांति पालन कर सद्गति प्राप्त की है ॥३२॥

मुद्गेषु कङ्कोडुकमीक्षमाणः मणिं तु पाषाणकणेष्वकाणः ।
जातीयतायाः स्मयमित्थमेति दुराग्रहः कोऽपि तमामुदेति ॥३३॥

मूंग के दानों में घोरड़ू (नहीं सीझने वाला) मूंग को और पाषाण-कणों में हीरा आदि मणि को देखने वाला भी चक्षुष्मान् पुरुष जातीयता के इस प्रकार अभिमान को करताहै, तो यह उसका कोई दुराग्रह ही समझना चाहिए ॥३३॥

यत्राप्यहो लोचनमैमि वंशे तत्रैव तन्मौक्तिकमित्यशंसे ।
श्रीदेवकी यत्तनुजापिदूने कंसे भवत्युग्रमहीपसूने ॥३४॥

जिस वांस में वंशलोचन उत्पन्न होता है, उसी वांस में मोती भी उत्पन्न होता है। देखो, जिस उग्रसेन महाराज के श्री देवकी जैसी सुशील लड़की पैदा हुई, उसी के कंस जैसा क्रूर पुत्र भी पैदा हुआ ॥३४॥

जनोऽखिलो जन्मनि शूद्र एव यतेत विद्वान् गुणसंग्रहे वः ।
भो सज्जना विज्ञतुगज्ञ एवमज्ञाङ्गजो यत्नवशाज्ज्ञदेवः ॥३५॥

हे सज्जनो देखो- जन्म-समय में सर्व जन शूद्र ही उत्पन्न होते है, (क्योंकि उस समय वह उत्पन्न होने वाला बालक और उसकी माता दोनों ही अस्पृश्य रहते हैं,पीछे स्नानादि कराकर नामकरण आदि संस्कार किया जाता है, तब वह शुद्ध समझा जाता है।) विद्वान् पुरुष का लड़का भी अज्ञ देखा जाता है और अज्ञानी पुरुष का लड़का विद्वान् देखा जाता है। इसलिए मनुष्य को चाहिए कि वह जातीयता का अभिमान न करके गुणों के उपार्जन में प्रयत्न करे ॥३५॥

क्षुल्लिकात्वमगाद्यत्र देवकी धीवरीचरे ।
पामरो मुनितां जन्मन्यौदार्यं वीक्ष्यतां च रे ॥३६॥

श्रीकृष्ण की माता देवकी ने अपने पूर्व जन्म में धीवरी के भव में क्षुल्लिका के व्रत धारण किये थे और पद्मपुराण में वर्णित अग्निभूति वायुभूति की पूर्व भव की कथा में एक दीन पामर किसान ने भी मुनि दीक्षा ग्रहण की थी । हे भाई, जैनधर्म की इस उदारता को देखो ॥३६॥

विमलाङ्गजः सुदृष्टिचरोऽपि व्यभिचारिण्या जनुर्धरोऽपि ।
पश्यतोहरोऽपि मुनितामाप जातेरत्र न जात्वपि शापः ॥३७॥

सुदृष्टि सुनार का जीव अपनी व्यभिचारिणी स्त्री विमला के ही उदर से उत्पन्न हुआ, पीछे मुनि बनकर मोक्ष गया[१] । उसके मोक्ष में जाने के लिए जाति का शाप कारण नहीं बना ॥३७॥

भावार्थ - आराधना कथाकोश में एक कथा है कि एक सुदृष्टि नाम का सुनार था । उसके कोई लड़का न था, इसलिए किसी अन्य जाति के लड़के को उसने काम सिखाने के लिए अपने पास रख लिया । कुछ समय बाद सुनार की स्त्री उस लड़के के साथ कुकर्म करने लगी और अपने पति को अपने पाप में बाधक देखकर उसने उस लड़के से उसे मरवा दिया । वह सुनार मर कर अपनी इसी व्यभिचारिणी स्त्री के गर्भ से उत्पन्न हुआ और अन्त में मुनि बन कर मोक्ष गया । इस कथानक से तो जातीयता का कोई मूल्य नहीं रह जाता है । कथा ग्रन्थों में इस प्रकार के और भी कितने ही उदाहरण देखने में आते हैं ।

नर्तक्यां मुनिरुत्पाद्य सुतं कुम्भकारिणीतः पुनरनु तम् ।
राजसुतायामुत्पाद्य ततः शुद्धिमेत्य तैः सह मुक्तिमितः ॥३८.

हरिषेणकथाकोश में राज मुनि की कथा है, तदनुसार उन राजमुनि ने पहिले एक नर्तकी के साथ व्यभिचार किया और उससे एक पुत्र उत्पन्न हुआ । पुनः एक कुम्भार की पुत्री के साथ व्यभिचार किया और उससे भी एक पुत्र उत्पन्न हुआ । पुनः एक राजपुत्री से व्यभिचार किया और उससे भी एक पुत्र उत्पन्न हुआ । पीछे वह इन तीनों ही पुत्रों के साथ प्रायश्चित लेकर मुनि बन गया और अन्त में वे चारों ही तपश्चरण करके मोक्ष गये[२] ॥३८॥

हरिषेणरचितबृहदाख्याने यमपाशं चाण्डालं जाने ।
राज्ञाऽर्धराजदानपूर्वकं दत्वाऽऽत्मसुतां पूजितं तकम् ॥३९॥

उसी हरिषेण-रचित बृहत्कथाकोश में एक और कथानक है कि अहिंसा धर्म को पालन करने के उपलक्ष्य में यमपाश चाण्डाल को राजा ने अपने आधे राज्य के दान-पूर्वक अपनी लड़की उसे विवाह दी और उसकी पूजा की[२] ॥३९॥

---

१ देखो-बृहत्कथा कोष कथाङ्क १५३ । पृष्ठ ३४६ ।

१ देखो-बृहत्कथा कोष कथांक १८ । पृष्ठ २३८ ।

२ देखो-बृहत्कथा कोष कथांक ७४ । पृष्ठ १७८ ।

धर्मेऽथात्मविकासे नैकस्यैवास्ति नियतमधिकारः ।
योऽनुष्ठातुं यतते सम्भाल्यतमस्तु स उदारः ॥४०॥

सर्व कथन का सार यह है कि धर्म-धारण करने में, या आत्म-विकास करने में किसी एक व्यक्ति या जाति का अधिकार नहीं है । जो कोई धर्म के अनुष्ठान के लिए यत्न करता है, वह उदार मनुष्य संसार में सबका आदरणीय बन जाता है ॥४०॥

तुल्यावस्था न सर्वेषां किन्तु सर्वेऽपि भागिनः ।
सन्ति तस्या अवस्थायाः सेवामो यां वयं भुवि ॥४१॥

यद्यपि वर्तमान में सर्व जीवों की अवस्था एक सी समान नहीं है-हमारी अवस्था कुछ और है, दूसरे की कुछ और । किन्तु आज हम संसार में जिस अवस्था को धारण कर रहे हैं, उस अवस्था को भविष्य में दूसरे लोग भी धारण कर सकते हैं और जिस अवस्था को आज दूसरे लोग प्राप्त हैं, उसे कल हम भी प्राप्त कर सकते हैं, क्योंकि कर्म के उदय से जीव की दशा कभी एक सी नहीं रह पाती, हमेशा परिवर्तन होता रहता है, इसलिए मनुष्य को अपनी वर्तमान उच्च जाति या कुलादि का कभी गर्व नहीं करना चाहिए ॥४१॥

अहो जरासन्धकरोत्तरैः शरैर्मुरारिरासीत्स्वयमक्षतो वरैः ।
जरत्कुमारस्य च कीलकेन वा मृतः किमित्यत्र बलस्य संस्तवाः ॥४२॥

जिस प्रकार जाति का अभिमान करना व्यर्थ है, उसी प्रकार बल का गर्व करना भी व्यर्थ है। देखो-जरासन्ध के हाथों से चलाये गये उन महाबाणों से श्रीकृष्ण स्वयं अक्षत शरीर रहे, उनके शरीर का बाल भी बांका नहीं हो सका । वे ही श्रीकृष्ण जरत्कुमार के एक साधारण से भी बाण से मरण को प्राप्त हो गये । अतएव बल का गर्व करना क्या महत्त्व रखता है ॥४२॥

अर्हत्त्वाय न शक्तोऽभूत्तपस्यन्नपि दोर्बलिः ।
चक्रिणा क्षण एवाऽऽप्तं किन्नु वाच्यमतः परम् ॥४३॥

बाहुबली दीर्घकाल तक तपश्चरण करते हुए जिस अर्हन्त पद को पाने में शीघ्र समर्थ नहीं हो सके, उसी अर्हन्त पद को भरत चक्री ने क्षण भर में ही प्राप्त कर लिया । इससे अधिक और क्या कहा जाय ? तपस्या का मद करना भी व्यर्थ है ॥४३॥

नो चेत्परोपकाराय समुप्तं गुप्तमेव तु ।
धनं च निधनं भूत्वाऽऽपदे सद्भिर्निवेद्यते ॥४४॥

पूर्व पुण्योदय से प्राप्त धन यदि परोपकार में नहीं लगाया गया और उसे भूमि में गाड़कर अत्यन्त गुप्त भी रखा गया, तो एक दिन वह धन तो नष्ट होगा ही, साथ में अपने स्वामी को भी आपत्ति

के लिए होगा और उसके प्राणों का भी विनाश करेगा, ऐसा सभी सन्त जन कहते हैं। और आज लोक में भी हम यही देख रहे हैं। अतएव धन का मद करना भी व्यर्थ है ॥४४॥

इत्येवं प्रतिपद्य यः स्वहृदयादीर्ष्यामदादीन् हरन् ।
हर्षामर्षनिमित्तयोः सममतिर्निर्द्वन्द्वभावं चरन् ।
स्वात्मानं जयतीत्यहो जिन इयन्नाम्ना समाख्यायते
तत्कर्त्तव्यविधिर्हि जैन इत वाक् धर्मः प्रसारे क्षितेः ॥४५॥

इस प्रकार जाति, कुल और धनादिक को निःसार समझ कर जो मनुष्य अपने हृदय से ईर्ष्या, अहंकार आदि को दूर कर और हर्ष या क्रोध के निमित्तों में समान बुद्धि रहकर निर्द्वन्द्व भाव से विचरता हुआ अपनी आत्मा को जीतता है, वह संसार में 'जिन' इस नाम से कहा जाता है। उस जिनके द्वारा प्रतिपादित कर्त्तव्य-विधान को ही 'जैनधर्म' इस नाम से कहते हैं ॥४५॥

पिता पुत्रश्चायं भवति गृहिणः किन्तु न यते
स्तथैवायं विप्रो वणिगिति च बुद्धिं स लभते ।
य आसीन्नीतिज्ञोऽभ्युचितपरिवाराय मतिमान् ।
प्रभो रीतिज्ञः स्यात्तु विकलविकल्पप्रगतिमान् ॥४६॥

यह पिता है और यह पुत्र है, इस प्रकार का व्यवहार गृहस्थ का है, साधु का नहीं। इसी प्रकार यह ब्राह्मण है और यह वैश्य है, इस प्रकार की भेद-बुद्धि को भी स्वीकृत परिवार के व्यवहार के लिए वही नीतिज्ञ बुद्दिमान् गृहस्थ करता है। किन्तु जो घर-बार छोड़कर त्याग मार्ग को अंगीकार कर रहा है, ऐसा जिन प्रभु की रीति का जानने वाला साधु इन सब विकल्प-जालों से दूर रहता हुआ समभाव को धारण करता है ॥४६॥

श्रीमान् श्रेष्ठिचतुर्भुजः स सुषुवे भूरामलेत्याह्वयं
वाणीभूषणवर्णिनं घृतवरी देवी च यं धीयतम् ।
तेनास्मिन् रचिते सतीन्दुसमिते सर्गे समावर्णितं
सर्वज्ञेन दयावता भगवता यत्साम्यमादेशितम् ॥४७॥

इस प्रकार श्रीमान् सेठ चतुर्भुज और घृतवरी देवी से उत्पन्न हुए, वाणीभूषण बाल-ब्रह्मचारी पं. भूरामल वर्तमान मुनि ज्ञानसागर द्वारा विरचित इस वीरोदय काव्य में सर्वज्ञ भगवान् के द्वारा उपदिष्ट साम्यभाव का प्रतिपादन करने वाला यह सत्तरहवां सर्ग समाप्त हुआ ॥१७॥

❖ ❖ ❖

अथ अष्टादशः सर्गः

हे नाथ केनाथकृतार्थिनस्तु जना इति प्रार्थित आह वस्तु ।
सन्द्रू यते स्वस्य गुणक्रमेण कालस्य च प्रोल्लिखितश्रमेण ॥१॥

हे नाथ, संक्लेश से भरे हुए ये संसारी प्राणी किस उपाय से कृतार्थ हो सकते हैं अर्थात् संक्लेश से छूटकर सुखी कैसे बन सकते हैं ? गौतम स्वामी के ऐसा पूछने पर वीर भगवान् ने कहा-प्रत्येक वस्तु अपने अपने गुण और पर्यायों के द्वारा सहज ही स्वयं परिणमनशील है और बाह्य कारण काल की सहायता से यह परिवर्तन होता रहता है ॥१॥

न कोऽपि लोके बलवान् विभाति समस्ति चैका समयस्य जातिः ।
यतः सहायाद्भवतादभूतः परो न कश्चिद्भुवि कार्यदूतः ॥२॥

यथार्थ में इस संसार का कोई कर्ता या नियन्ता ईश्वर नहीं है । एक मात्र समय (काल) की ही ऐसी जाति है, कि जिसकी सहायता से प्रत्येक वस्तु में प्रतिक्षण नवीन नवीन पर्याय उत्पन्न होती रहती है और पूर्व पर्याय विनष्ट होती रहती है इसके सिवाय संसार में और कोई कार्यदूत अर्थात् कार्य कराने वाला नहीं है ॥२॥

रथाङ्गिनं बाहुबलिः स एकः जिगाय पश्चात्तपसां श्रिये कः ।
तस्यैव साहाय्यमगात्स किन्तु क्षणेन लेभे महतां महीन्तु ॥३॥

अकेले बाहुबली ने भरत चक्रवर्ती को जीत लिया । पश्चात् वह तपस्वी बन गये । घोर तपस्या करने पर भी जब केवल ज्ञान प्राप्त नहीं हुआ तब वही भरत चक्रवर्ती बाहुबली की सहायता को प्राप्त हुए । किन्तु उन्होंने स्वयं क्षण मात्र में महापुरुषों की भूमि आर्हन्त्य पदवी को प्राप्त कर लिया । यह सब समय का ही प्रभाव है ॥३॥

मृत्युं गतो हन्त जरत्कुमारैकबाणतो यो हि पुरा प्रहारैः ।
नार्तो जरासन्धमहीश्वरस्य किन्नाम मूल्यं बलविक्रमस्य ॥४॥

जो श्रीकृष्ण जरासन्ध त्रिखण्डेश्वर के महान् प्रहारों से भी परास्त नहीं हुए, वे जरत्कुमार के एक बाण से ही मृत्यु को प्राप्त हो गये । यहां पर बल-विक्रम का क्या मूल्य रहा ? कुछ भी नहीं यह सब समय की ही बलिहारी है ॥४॥

आत्मा भवत्यात्मविचारकेन्द्रः कर्तुं मनाङ् नान्यविधिं किलेन्द्रः ।
कालप्रभावस्य परिस्तवस्तु यदन्यतोऽन्यत्प्रतिभाति वस्तु ॥५॥

यह आत्मा अपने विचारों का केन्द्र बना हुआ है । रात-दिन नाना प्रकार के विचार किया करता है कि अब यह करूंगा, अब वह करूंगा । किन्तु पर की कुछ भी अन्यथा विधि करने के लिए यह समर्थ नहीं है । यह तो काल के प्रभाव की बात है कि वस्तु कुछ से कुछ और प्रतिभासित होने लगती है ॥५॥

इत्येकदेड्क् समयो बभूव यतो जना अत्र सुपर्वभूवंत् ।
निरामया वीतभयाः समान-भावेनः भेजुर्निजजन्मतानम् ॥६॥

इस प्रकार काल-चक्र के परिवर्तन से यहां पर एक बार ऐसा समय उपस्थित हुआ जब कि यहां के सर्व लोग स्वर्गलोक के समान निरामय (निरोग) निर्भय और समान रूप से अपने जीवन के आनन्द को भोगते थे ॥६॥

दाम्पत्यमेकं कुलमाश्रितानां पृथ्वीसुतैरर्पितसंविधानाः ।
सदा निरायासभवत्तयात्राध्यगादमीषां खलु जन्मयात्रा ॥७॥

उस समय बालक और बालिका युगल ही उत्पन्न होते थे और वे ही परस्पर स्त्री-पुरुष बनकर दाम्पत्य जीवन व्यतीत करते थे । कल्पवृक्षों से उनको जीवन-वृत्ति प्राप्त होती थी । उनकी जीवन-यात्रा सदा सानन्द बिना किसी परिश्रम या कष्ट के सम्पन्न होती थी ॥७॥

स्वर्गप्रयाणक्षण एव पुत्र-पुत्र्यौ समुत्पाद्य तकावमुत्र ।
सञ्जग्मतुर्दम्पतितामिहाऽऽरादेतौ पुन सम्ब्रजतोऽभ्युदारम् ॥८॥

उस समय के स्त्री-पुरुष स्वर्ग जाने के समय ही पुत्र और पुत्री को उत्पन्न करके परलोक चले जाते थे और ये पुत्र-पुत्री दोनों बड़े होने पर पति-पत्नी बनकर उदार भोगों को भोगते रहते थे ॥८॥

चतुर्गुणास्तत्र तदाद्यसार एवं द्वितीयस्त्रिगुणप्रकारः ।
सत्याख्ययोः स्त्री-धवयोरिवेदं युगं समाप्तिं समगादखेदम् ॥९॥

उक्त प्रकार से इस अवसर्पिणी काल के आदि में युगल जन्म लेने वाले जीवों का चार कोड़ा-कोड़ी सागरोपम का प्रथम काल और तीन कोड़ा-कोड़ी सागरोपम का दूसरा काल था, जो कि सत्य युग के नाम से कहा जाता है । इस समय में उत्पन्न होने वाले स्त्री और पुरुष ईर्ष्या-द्वेष आदि से रहित सदा प्रसन्न चित्त रहते थे और कल्पवृक्षों से प्रदत्त भोगोपभोगों को आनन्द से भोगते थे । समय के परिवर्तन के साथ यह युग समाप्त हुआ ॥९॥

त्रेता पुनः काल उपाजगाम यस्मिन् मनः संकुचितं वदामः ।
निवासिनामपि शनैस्ततस्तु सङ्कोचमुर्वीतनयाख्यवस्तु ॥१०॥

पुनः त्रेतायुग नाम का काल आया, अर्थात् तीसरा काल प्रारम्भ हुआ, जिसमें यहां के रहने वाले लोगों का मन धीरे-धीरे संकुचित होने लगा। इसके फलस्वरूप पृथ्वी के पुत्र कल्पवृक्षों ने भी फल देने में संकोच करना प्रारम्भ कर दिया ॥१०॥

ईर्ष्यामदस्वार्थपदस्य लेशमगादिदानी जनसन्निवेशः ।
नियन्त्रितुं तान् मनवो बभुस्ते धरातलेऽस्मिन् समवाप्त दुस्थे ॥११॥

जब कल्पवृक्षों से फलादिक की प्राप्ति कम होने लगी, तब यहां के निवासी जनों में भी ईर्ष्या, मद, स्वार्थपरायणता आदि दोष जागृत होने लगे, तब उनका नियन्त्रण करने के लिए दुरवस्था को प्राप्त इस धरातल पर क्रम से चौदह मनु उत्पन्न हुए, जिन्हें कि कुलकर भी कहा जाता है ॥११॥

तेष्वन्तिमो नाभिरमुष्य देवी प्रासूत पुत्रं जनतैकसेवी ।
बभूव यस्तेन तदस्य नाम न्यगादि वृद्धैर्ऋषभोऽभिरामः ॥१२॥

उन मनुओं में अन्तिम मनु नाभिराज हुए। इनकी स्त्री मरुदेवी ने एक महान् पुत्र को जन्म दिया, जो कि जनता की अद्वितीय सेवा करने वाला हुआ और जिसे पुराण-पुरुषों ने 'ऋषभ' इस सुन्दर नाम से पुकारा ॥१२॥

वीक्ष्येदृशीमङ्गभृतामवस्थां तेषां महात्माकृतवान् व्यवस्थाम् ।
विभज्य तान् क्षत्रिय-वैश्य-शूद्र-भेदेन मेधा-सरितां समुद्रः ॥१३॥

उस समय के लोगों की ऐसी पारस्परिक कलह-पूर्ण दुखित दीन-दशा को देखकर बुद्धिरूपी सरिताओं के समुद्र उस महात्मा ऋषभ ने उन्हें क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र इन तीन वर्गों में विभक्त कर उनके जीवन-निर्वाह की समुचित व्यवस्था की ॥१३॥

यस्यानुकम्पा हृदि तूदियाय स शिल्पकल्पं वृषलोत्सवाय ।
निगद्य विड्भ्यः कृषिकर्म चायमिहार्थशास्त्र नृपसंस्तवाय ॥१४॥

लोगों के दुःख देखकर उन ऋषभदेव के हृदय में अनुकम्पा प्रकट हुई जिससे द्रवित होकर उन्होंने सेवा-परायण शूद्र लोगों को नाना प्रकार की शिल्प कलाएं सिखाईं, वैश्यों को पशु पालना, खेती करना सिखाया तथा अर्थशास्त्र की शिक्षा देकर प्रजा के भरण-पोषण का कार्य सौंपा। और क्षत्रियों को नीति शास्त्र की शिक्षा देकर उन्हें प्रजा के संरक्षण का भार सौंपा ॥१४॥

लोकोपकारीणि बहूनि कृत्वा शास्त्राणि कष्टं जगतोऽपहृत्वा ।
योगस्य च क्षेमविधेः प्रमाता विचारमात्रात्समभूद्विधाता ॥१५॥

उन ऋषभदेव ने समय के विचार से लोकोपकारी अनेक शास्त्रों की रचना करके जगत् के कष्टों को दूर किया, उन्हें योग (आवश्यक वस्तुओं को जुटाना) और क्षेम (प्राप्त वस्तुओं का संरक्षण करना) सिखाया । इस प्रकार प्रजा की सर्व प्रकार जीविका और सुरक्षा विधि के विधान करने से वे ऋषभदेव जगत् के विधाता, सृष्टा या ब्रह्मा कहलाये ॥१५॥

यथा सुखं स्यादिह लोकयात्रा प्रादेशि सर्वं विधिना विधात्रा ।
प्रयत्नवानुत्तरलोकहेतु-प्रव्यक्तये सत्त्वहितैकसेतुः ॥१६॥

पुनः प्रवव्राज स लोकधाता शान्तेरबाह्ये विषयेऽनुमाता ।
गतानुगत्या कतिचित्प्रयाताः परेऽपि ये वस्तुतयाऽनुदात्ताः ॥१७॥

इस लोक की जीवन-यात्रा सब लोगों की सुखपूर्वक हो, इसके लिए प्राणि-मात्र के हितैषी उन आदि विधाता ऋषभदेव ने सभी योग्य उपायों का विधिपूर्वक उपदेश दिया । पुनः लोगों को परलोक के उत्तम बनाने के साधनों को प्रकट करने के लिए प्रयत्नशील एवं आन्तरिक शान्ति के अनुसन्धान करने वाले उस लोक-विधाता श्री ऋषभदेव ने प्रवृज्या को अंगीकार किया, अर्थात् सर्व राज्यपाट आदि छोड़कर साधु बन गये । कितने ही अन्य लोग भी उनकी देखा-देखी उनके गतानुगतिक बनकर चले, अर्थात् साधु बन गये, किन्तु वे लोग साधु बनने के वास्तविक रहस्य से अपरिचित थे ॥१६-१७॥

समस्तविद्यैकविभूतिपाताप्यतीन्द्रियज्ञानगुणैकधाता ।
अलौकिकीं वृत्तिमुपाश्रितोऽपि न सम्भवंल्लोकहितैकलोपी ॥१८॥

सर्व विद्याओं के एक मात्र विभूति के धारक, अतीन्द्रिय ज्ञान गुण के अद्वितीय स्वामी और अलौकिक वृत्ति के आचरण करने वाले उन ऋषभदेव ने सर्व लोक के उपकारक अनेक महान् कार्य किये । ऐसा एक भी कार्य नहीं किया, जो कि लोक-हित का लेप करने वाला हो ॥१८॥

क्षुधादिकानां सहनेष्वशक्तान् कर्त्तव्यमूढानमुकस्य भक्तान् ।
त्यक्त्वाऽयनं स्वैरतया प्रयातान् सम्बोधयामास पुनर्विधाता ॥१९॥

भगवान् ऋषभदेव के साथ जो लोग प्रवृजित हुए थे, वे लोग भूख-प्यास आदि के सहन करने में असमर्थ होकर कर्त्तव्य-विमूढ़ हो गये, साधु-मार्ग को छोड़ कर स्वच्छन्द प्रवृत्ति करने लगे और जिस किसी के भक्त हो गये, अथवा भक्ष्याभक्ष्य का विचार न करके जिस किसी भी वस्तु को खाने लगे। उन लोगों की ऐसी विपरीत दशा को देखकर धर्म के विधाता भगवान् ऋषभदेव ने पुनः सम्बोधित किया और उन्हें धर्म के मार्ग पर लगाया ॥१९॥

हे साधवस्तावदबाधवस्तु-सिद्धयै प्रयत्नो भवतां समस्तु ।
द्वैध्यं पुनर्वस्तुनि सत्तया तु जाड्यं विदाढयत्वमपि प्रभातु ॥२०॥

ऋषभदेव ने उनसे कहा-हे साधुओ, आप लोग पहले निर्दोष वस्तु-स्वरूप समझने के लिए प्रयत्न करें । सत्ता रूप से जो एक तत्त्व है वह जड़ और चेतन के भेद से दो वस्तु रूप है, इस बात को आप लोग हृदयंगम करें ॥२०॥

तयोस्तु सम्मिश्रणमस्ति यत्र कलङ्कहेमोच्चययोर्विचित्रम् ।
हेमाश्मनीवेदमनादिसिद्धं संसारमाख्याति धिया समिद्धः ॥२१॥

जिस प्रकार सुवर्ण-पाषाण में सुवर्ण और कीट-कालिमादि सम्मिश्रण अनादि-सिद्ध है, कभी किसी ने उन दोनों को मिलाया नहीं है, किन्तु अनादि से दोनों स्वयं ही मिले हुए चले आ रहे हैं । इसी प्रकार जड़ पुद्‌गल और चेतन जीव का विचित्र सम्बन्ध भी अनादि काल से चला आ रहा है और इसे ही बुद्धि से सम्पन्न लोग संसार कहते हैं ॥२१॥

भावार्थ - जीव और पुद्‌गल के सम्बन्ध से ही संसार की यह विचित्रता और विविधता दृष्टिगोचर हो रही है इसे समझने का प्रत्येक बुद्धिमान् को प्रयत्न करना चाहिए ।

सिद्धिस्तु विश्लेषणमेतयोः स्यात् सा साम्प्रतं ध्यातिपदैकपोष्या ।
स्वाध्यायमेतस्य भवेदथाधो यज्जीवनं नाम समस्ति साधोः ॥२२॥

इन परस्पर मिले हुए जीव और पुद्‌गल के विश्लेषण का-भिन्न-भिन्न कर लेने का-नाम ही सिद्धि या मुक्ति है । यह सिद्धि एक मात्र ध्यान (आत्म-स्वरूप चिन्तन) के द्वारा ही सिद्ध की जा सकती है । (अतएव साधु को सदा आत्म-ध्यान करना चाहिए।) जब ध्यान में चित्त न लगे, तब स्वाध्याय करना चाहिए। यही साधु का सत् जीवन है । (इस स्वाध्याय और ध्यान के अतिरिक्त सर्व कार्य हेय हैं, संसार-वृद्धि के कारण हैं) ॥२२॥

सिद्धिः प्रिया यस्य गुणप्रमातुरुपक्रिया केवलमाविभातु ।
निरीहचित्त्वाक्षजयोऽथवा तु प्राणस्य चायाम उदर्कपातुः ॥२३॥

जिस गुणी पुरुष को सिद्धि प्राप्त करना अभीष्ट हो, उसे चाहिए कि वह सांसारिक वस्तुओं की चाह छोड़ कर अपने चित्त को निरीह (निस्पृह) बनावे, अपनी इन्द्रियों को जीते और प्राणायाम करे, तभी उसका भविष्य सुन्दर बन सकता है । ये ही कार्य सिद्धि प्राप्त करने के लिए एक मात्र उपकारी हैं ॥२३॥

शरीरहानिर्भवतीति भूयात्साधोर्न चैतद्विषयास्त्यसूया ।
पुनर्न संयोगमतोऽप्युपेयादेषामृतोक्तिः स्फुटमस्य पेया ॥२४॥

आत्म-साधना करते हुए यदि शरीर की हानि होती है, तो भले ही हो जाय, किन्तु साधु के शरीर-हानि होते हुए भी द्वेष, खेद या असूया भाव नहीं प्रकट होना चाहिए। साधु का तो आत्म-साधना करतेहुए यही भाव रहना चाहिए कि इस जड़ शरीर का मेरे पुनः संयोग न होवे । यही अमृतोक्ति (अमर बनाने वाले वचन) साधु को निरन्तर पान करते रहना चाहिए ॥२४॥

लुप्तं समन्वेषयितुं प्रदावदस्मै मुनेर्नीतिरधीतिनावः ।
जगिधर्निजोद्देशसमर्थनायाऽनुद्दिष्टरूपेण समर्पिता या ॥२५॥

चिर काल से विलुप्त या मुषित आत्म-धन का अन्वेषण करने के लिए साधु अपने शरीर को भोजन देता है । भोजन-प्राप्ति के लिए वह अपने उद्देश्य का समर्थन करने वाली अनुदृिष्ट एवं भक्ति-पूर्वक दाता के द्वारा समर्पित भिक्षा को अंगीकार करता है ॥२५॥

भावार्थ - जैसे कोई धनी पुरुष अपनी खोई हुई वस्तु को ढूंढने के लिए रखे हुए नौकर को वेतन या मजदूर को मजदूरी देता है, इसी प्रकार साधु भी अपने अनादिकाल से विस्मृत या कर्म रूप चोरो से अपहृत आत्म-धन को ढूंढ़ने या प्राप्त करने के लिये शरीर रूप नौकर को भिक्षा रूपी वेतन देकर सदा उसके द्वारा अपने अभीष्ट साधन में लगा रहता है । साधु शरीर की स्थिति के लिए जो भिक्षा लेते हैं वह उनके निमित्त न बनाई गई हो, निर्दोष हो, निर्विकार और सात्त्विक हो, उसे ही अल्प मात्रा में गृहस्थ के द्वारा भक्ति-पूर्वक एक बार दिये जाने पर दिन में एक बार ही ग्रहण करते हैं । यदि भोजन करते हुए किसी प्रकार का दोष उसमें दिखे, या अन्तराय आ जावे, तो वे उसका भी त्याग कर उस दिन फिर दुबारा आहार नहीं लेते हैं । पानी भी वे भोजन के समय ही पीते हैं, उसके पश्चात नहीं अर्थात् भोजन व जल-पान एक बार एक साथ ही लेते हैं । रात्रि में तो वे गमन, संभाषण तक के त्यागी होते हैं, तो आहार की तो कथा ही दूर है । इस श्लोक के द्वारा एषणा समिति का प्रतिपादन किया गया है, जिसका कि पालन साधु का परम कर्त्तव्य है ।

सूर्योदये सम्विचरेत् पुरोदृक् शकुन्तवन्नैकतलोपभोक्ता ।
हितं यथा स्यादितरस्य जन्तोस्तथा सदुक्तेः प्रभवन् प्रयोक्ता ॥२६॥

साधु को सूर्य के उदय हो जाने और प्रकाश के भली-भांति फैल जाने पर ही सामने भूमि को देखते हुए विचरना चाहिए । पक्षी के समान साधु भी सदा विचरता ही रहे, किसी एक स्थान का उपभोक्ता न बने । और दूसरे जीव का हित जैसे संभव हो, वैसी सद्उक्ति वाली हित मित भाषा का प्रयोग करे ॥२६॥

भावार्थ - साधु को आगम की आज्ञा के अनुसार वर्षा ऋतु के सिवाय ग्राम में एक दिन और नगर में तीन या पांच दिन से अधिक नहीं ठहरना चाहिए । वर्षा ऋतु में चार मास किसी एक ऐसे स्थान पर रहना चाहिए, जो कि कीचड़-कांदे से रहित हो, जहां बरसाती जीवों की उत्पत्ति कम हो और नीहार आदि के लिए हरियाली से रहित बंजर भूमि सुलभ हो । साधु को किसी के पूछने पर

ही हित मित प्रिय वचन बोलना चाहिए, बिना पूछे और अनावश्यक या अनवसर तो बोलना ही नहीं चाहिए । इस श्लोक के पूर्वार्ध द्वारा ईर्यासमिति और उत्तरार्ध के द्वारा भाषासमिति का प्रतिपादन किया गया है ।

मनोवचःकायविनिग्रहो हि स्यात्सर्वतोऽमुष्य यतोऽस्त्यमोही ।
तेषां प्रयोगस्तु परोपकारे स चापवादो मदमत्सरारेः ॥२७॥

यतः साधु मोह-रहित होता है और अपने मद-मत्सर आदि भावों पर विजय पाना चाहता है, अतः उसे अपने मन, वचन और काय की संकल्प-विकल्प एवं संभाषण और गमनादि रूप सभी प्रकार की क्रियाओं का विनिग्रह करना चाहिए । यही साधु का प्रधान कर्त्तव्य है । यदि कदाचित् संभाषण या गमनादि करना पड़े, तो उनका उपयोग परोपकार में ही होना चाहिए । किन्तु यह उसका अपवाद मार्ग है । उत्सर्ग मार्ग तो साधु का यही है कि वह मौन-पूर्वक आत्म-साधना करे और अपने अन्तरंग में अवस्थित मद, मत्सर, राग, द्वेषादि विकारों को निकालने के लिए निरन्तर प्रयत्नशील रहे ॥२७॥

भावार्थ - इस श्लोक द्वारा साधु को मनोगुप्ति, वचनगुप्ति और कायगुप्ति रखने का विधान किया गया है । यही उसका प्रधान कार्य है । किन्तु निरन्तर मन-वचन-काय को गुप्त रखना संभव नहीं है, अतः प्रयोजनवश मन, वचन, काय की क्रिया कर सकता है, किन्तु वह भी अत्यन्त सावधानी-पूर्वक। इसी सावधान प्रवृत्ति का नाम ही समिति है ।

कस्यापि नापत्तिकरं यथा स्यात्तथा मलोत्सर्गकरो महात्मा ।
संशोध्य तिष्ठेद्भुवमात्मनीनं देहं च सम्पिच्छिकया यतात्मा ॥२८॥

साधु महात्मा को चाहिए कि वह ऐसे निर्जन्तु और एकान्त स्थान पर मल-मूत्रादि का उत्सर्ग करे, जहां पर कि किसी भी जीव को किसी भी प्रकार की आपत्ति न हो । वह संयतात्मा साधु भूमि पर या जहां कहीं भी बैठे, उस स्थान को और अपने देह को पिच्छिका से भली भांति संशोधन और परिमार्जन करके ही बैठे और सावधानी-पूर्वक ही किसी वस्तु को उठावे या रखे ॥२८॥

भावार्थ - इस श्लोक के पूर्वार्ध-द्वारा व्युत्सर्ग समिति का और उत्तरार्ध-द्वारा आदान-निक्षेपण समिति का निरूपण किया गया है ।

निःसङ्गतां वात इवाभ्युपेयात् स्त्रियास्तु वार्तापि सदैव हेया ।
शरीरमात्मीयमवैति भारमन्यत्किमङ्गी कुरुतादुदारः ॥२९॥

साधु को चाहिए कि वह निःसगता (अपिरग्रहता) को वायु के समान स्वीकार करे अर्थात् वायु के समान सदा निःसंग होकर विचरे । स्त्रियों की तो बात भी सदा त्याज्य है, स्वप्न में भी उनकी याद न करे । जो उदार साधु अपने शरीर को भी भार-भूत मानता है, वह दूसरी वस्तु को क्यों अंगीकार करेगा ॥२९॥

एकं विहायोद्वहतोऽन्यदङ्गं गतस्य जीवस्य जडप्रसङ्गम् ।
भवाम्बुधेरुत्तरणाय नौका तनुर्नरोक्तैव समस्ति मौका ॥३०॥

यह प्राणी जड़ कर्मों के प्रसंग को पाकर चिरकाल से एक शरीर को छोड़कर अन्य शरीर को धारण करता हुआ चला आ रहा है। इसके लिए इस मानव-देह का पाना एक बढ़िया मौका है अर्थात् अपूर्व अवसर है और यह मनुष्य भव संसार-समुद्र से पार होने के लिए नौका के समान है ॥३०॥

ततो नृजन्मन्युचितं समस्ति यत्प्राणिमात्राय यशःप्रशस्ति ।
श्रव्यं पुनर्निर्वहणीयमेतद्वदामि युक्तावगमश्रियेऽतः ॥३१॥

इसलिए इस नर-भव में प्राणिमात्र के लिए जो उचित और यशस्कर प्रशस्त कर्त्तव्य है, उसे मैं उपयुक्त और हितकर शब्दों से वर्णन करता हूँ, उसे सुनना चाहिये, सुनकर धारण करना चाहिए और धारण कर भली भांति निभाना चाहिए ॥३१॥

कौमारमत्राधिगमय्य कालं विद्यानुयोगेन गुरोरथालम् ।
मिथोऽनुभावात्सहयोगिनीया गृहस्थता स्यादुपयोगिनी या ॥३२॥

कुमार-काल में गुरु के समीप रहकर विद्या के उपार्जन में काल व्यतीत करे। विद्याभ्यास करके पुनः युवावस्था में योग्य सहयोगिनी के साथ विवाह करके परस्पर प्रेम-पूर्वक रहते हुए (तथा न्याय पूर्वक आजीविकोपार्जन करते हुए) उपयोगिनी गृहस्थ-अवस्था को बितावे ॥३२॥

सत्त्वेषु मैत्रीं गुणिषु प्रमोदं क्लिष्टेषु जीवेषु तदर्तितोदम् ।
साम्यं विरोधिष्वधिगम्य जीयात् प्रसादयन् बुद्धिमहोनिजीयाम् ॥३३॥

गृहस्थ अवस्था में रहते हुए प्राणिमात्र पर मैत्री भाव रखे, गुणी जनों पर प्रमोद भाव और दुखी जीवों पर उनके दुःख दूर करने का करुणाभाव रखे। विरोधी जनों पर समता भाव को प्राप्त होकर और अपनी बुद्धि को सदा प्रसन्न (निर्मल) रखकर जीवन-यापन करे ॥३३॥

समीक्ष्य नानाप्रकृतीन्मनुष्यान् कदर्थिभावः कमथाप्यनुस्यात् ।
सम्भावयन्नित्यनुकूलचेता नटायतामङ्गिषु यः प्रचेताः ॥३४॥

संसार में नाना प्रकृति वाले मनुष्यों को देखकर अपने हृदय में खोटा भाव कभी न आने देवे, किन्तु उनके अनुकूल चित्त होकर उनका समादर करते हुए सावधानी के साथ बुद्धिमान् मनुष्य को सब प्राणियों पर यथा योग्य स्नेह मय व्यवहार करना चाहिए, रूखा या आदर-रहित व्यवहार तो किसी भी मनुष्य के साथ न करे ॥३४॥

सम्बुद्धिमन्वेति पराङ्गनासु स्वर्णे तथान्यस्य तृणत्वमाशु ।
धृत्वाऽखिलेभ्यो मृदुवाक् समस्तु सूक्तामृतेनानुगतात्मवस्तु ।।३५।।

पर स्त्रियों में माता की सद्‌बुद्धि रखे अर्थात् उनमें यथा योग्य माता, बहिन और पुत्री जैसा भाव रखकर अपने हृदय को शुद्ध बनावे, पराये सुवर्ण में धनादिक में तृण जैसी बुद्धि रखे, वृद्ध जनों के आदेश और उपदेश को आदर से स्वीकार करे, सबके साथ मृदु वाणी बोलकर वचनामृत से सब को तृप्त करे, उन्हें अपने अनुकूल बनावे और उनके अनुकूल आचरण कर अपने व्यवहार को उत्तम रखे ।।३५।।

कुर्यान्मनो यन्महनीयमञ्चे नमद्यशः संस्तवनं समञ्चेत् ।
दृष्ट्वा पलाशस्य किलाफलत्वं को नाम वाञ्छेच्च निशाचरत्वम् ।।३६।।

हे भव्यों, यदि तुम संसार में पूजनीय बनना चाहते हो, तो मन को सदा कोमल रखो, सब के साथ भद्रता और नम्रता का व्यवहार करो, मद्य आदिक मादक वस्तुओं का सेवन कभी भी न करो। पलाश (ढाक वृक्ष) की अफलता को देखकर पल अर्थात् मांस का अशन (भक्षण) कभी मत करो और रात्रि में भोजन करके कौन भला आदमी निशाचर बनना चाहेगा ? अर्थात् कोई भी नहीं ।।३६।।

भावार्थ - पलाश अर्थात् टेसू या ढाक के फूल लाल रंग के बहुत सुन्दर होते हैं, पर न तो उनमें सुगन्ध होती है और न उस वृक्ष में फल ही लगते हैं उस वृक्ष का होना निष्फल ही है । इसी प्रकार जो पल (मांस) का भक्षण करते हैं, उनका वर्तमान जीवन तो निष्फल है ही प्रत्युत भविष्य जीवन दुष्फलों को देने वाला हो जाता है, अतएवं मांस-भक्षण का विचार भी स्वप्न में नहीं करना चाहिए। रात्रि में खाने वालों को निशाचर कहते हैं और 'निशाचर' यह नाम राक्षसों तथा उल्लू आदि रात्रि-संचारी पक्षियों का है । उन्हें लक्ष्य में रखकर कहा गया है कि कौन आत्म-हितैषी मनुष्य रात्रि में खाकर निशाचर बनना चाहेगा, या निशाचर कहलाना पसन्द करेगा? अतएव रात्रि में कभी भी खान-पान नहीं करना चाहिए।

वहावशिष्टं समयं न कार्यं मनुष्यतामञ्च कुलन्तु नार्य !
नार्थस्य दासो यशसश्च भूयाद् धृत्वा त्वधे नान्यजनेऽभ्यसूयाम् ।।३७।।

हे आर्य, सदा सांसारिक कार्यों के करने में ही मत लगे रहो, कुछ समय को भी बचाओ और उस समय धर्म-कार्य करो । मनुष्यता को प्राप्त करो, उसकी कीमत करो, जाति और कुल का मद मत करो । सदा अर्थ (धन या स्वार्थ) के दास मत बने रहो, किन्तु लोकोपकारी यश के भी कुछ काम करो । अन्य मनुष्यों पर ईर्ष्या, द्वेष आदि धारण कर पाप से अपने आपको लिप्त मत करो । ।३७।।

मनोऽधिकुर्यान्न तु बाह्यवर्गमन्यस्य दोषे स्विदवाग्विसर्गः ।
मुञ्चेदहन्तां परतां समञ्चेत्कृतज्ञतायां-महती-प्रपञ्चे ।।३८।।

सांसारिक बाह्य वस्तुओं पर अधिकार पाने के लिए मन को अपने अधिकार में रखो। (भाग्योदय से सहज में जो कुछ प्राप्त हो जाय, उसमें सन्तोष धारण करो।) दूसरे के दोषों को मत कहो, यदि कहने का अवसर भी आवे, तो भी मौन धारण करो। अहम्भाव को छोड़ो। इस छल-छिद्रों और प्रवंचनाओं से भरे महा प्रपंचमय संसार में कृतज्ञता प्रकट करो, कृतघ्नी मत बनो ॥३८॥

श्रुतं विगाल्याम्बु इवाधिकुर्यादेतादृशी गेहभृतोऽस्तु चर्या ।
तदा पुनः स्वर्गल एव गेहः क्रमोऽपि भूयादिति नान्यथेह ॥३९॥

सुनी हुई बात को जल के समान छान कर स्वीकार करे, सहसा किसी सुनी बात का भरोसा न करे, किन्तु खूब छान बीनकर उचित-अनुचित का निर्णय करे। इस उपर्युक्त प्रकार की चर्या गृहस्थ की होनी चाहिए। यदि वह ऊपर बतलाई गई विधि के अनुसार आचरण करता है, तो वह यहां पर भी स्वर्गीय जीवन बिताता है और अगले जन्म में तो अवश्य ही स्वर्ग का भागी होगा। अन्यथा इससे विपरीत आचरण करने वाला गृहस्थ यहां भी नारकीय या पशु-तुल्य जीवन बिताता है और अगले जन्म में भी वह नरक या पशु गति का भागी होगा ॥३९॥

एवं समुल्लासितलोकयात्रः संन्यस्ततामन्त इयादथात्र ।
समुज्झिताशेषपरिच्छदोऽपि अमुत्र सिद्ध्यै दुरितैकलोपी ॥४०॥

इस प्रकार भली भांति इस लोक-यात्रा का निर्वाह कर, अन्त समय में परलोक की सिद्धि के लिए सर्व परिजन और परिग्रहादि को छोड़कर, तथा पांचों पापों का सर्वथा त्याग कर सन्यास दशा को स्वीकार करे अर्थात् साधु बनकर समाधि पूर्वक अपने प्राणों का विसर्जन करे ॥४०॥

निगोपयेन्मानसमात्मनीनं श्रीध्यानवप्रे सुतरामदीनम् ।
इत्येष भूयादमरो विपश्चिन्न स्यात्पुनर्मारयिताऽस्य कश्चित् ॥४१॥

संन्यास दशा में साधक का कर्त्तव्य है कि वह अपने मन को दृढ़ता-पूर्वक श्री वीतराग प्रभु के ध्यान रूप कोट में सुरक्षित रखे और सर्व संकल्प-विकल्पों का त्याग करे। ऐसा करने वाला साधक विद्वान् नियम से अजर-अमर बन जायगा, फिर इसे संसार में मारने वाला कोई भी नहीं रहेगा ॥४१॥

सम्बोधयामास स चेति शिष्यान् सन्मार्गगामीति नरो यदि स्यात् ।
तदोन्नतेरुच्चपदं प्रगच्छेदुन्मार्गगामी निपतेदनच्छे ॥४२॥

इस प्रकार श्री ऋषभदेव ने अपने शिष्यों को समझाया और कहा कि जो मनुष्य सन्मार्गगामी बनेगा, वह उन्नति के उच्च पद को अवश्य प्राप्त होगा। किन्तु जो इसके विपरीत आचरण कर उन्मार्ग गामी बनेगा, वह संसार के दुरन्त गर्त में गिरेगा और दुःख भोगेगा ॥४२॥

एवं पुरुर्मानवधर्ममाह यत्रापि तैः संकलितोऽवगाहः ।
त्रेतेतिरूपेण विनिर्जगाम कालः पुनर्द्वापर आजगाम ॥४३॥

इस प्रकार भगवान् ऋषभ ने तात्कालिक लोगों को मानव-धर्म का उपदेश दिया, जिसे कि यहां पर संक्षेप से संकलित किया गया है । भगवान् के उपदेश को उस समय के लोगों ने बड़े आदर के साथ अपनाया । इस प्रकार त्रेता युग अर्थात् तीसरा काल समाप्त हुआ और द्वापर नाम का चौथा काल आ गया ॥४३॥

त्रेता बभूव द्विगुणोऽप्ययन्तु कालो मनागूनगुणैकतन्तुः ।
यस्मिन् शलाकाः पुरुषाः प्रभूया बभुश्च दुर्मार्गकृताभ्यसूयाः ॥४४॥

त्रेता युग दो कोड़ा-कोड़ी सागरोपम काल प्रमाण वाला था । यह द्वापर युग कुछ कम अर्थात् चौरासी हजार वर्ष कम एक कोड़ा-कोड़ी सागरोपम काल का था । इस द्वापर युग में तीर्थंकर, चक्रवर्ती आदि शलाका नाम से प्रसिद्ध महापुरुष हुए, जो कि संसार में फैलने वाले दुर्मार्ग के विनाशक एवं सन्मार्ग के प्रचारक थे ॥४४॥

पुरूदितं नाम पुनः प्रसाद्यामुष्मिंस्तु धर्माधिभुवोऽजिताद्याः ।
प्रजादुरीहाधिकृतान्यभावं निवारयन्तः प्रबभुर्यथावत् ॥४५॥

इस द्वापर युग में अजितनाथ आदिक तेईस तीर्थङ्कर और भी हुए, जिन्होंने गुरुदेव भगवान् ऋषभ के द्वारा प्रतिपादित धर्म का ही पुनः प्रचार और प्रसार करके प्रजा की दुर्वृत्तियों को दूर करते हुए सन्मार्ग का संरक्षण किया है ॥४५॥

तत्रादिमश्चक्रिषु पौरवस्तुक् शताग्रगण्यो भरतः समस्तु ।
दाढर्चेन धर्मामृतमाबुभुत्सूनाहूय तांस्तत्र परं युयुत्सुः ॥४६॥

सम्मानयामास स यज्ञसूत्र-चिह्नेन भद्रं ब्रजताममुत्र ।
कर्मेदमासीन्न पुरोरबाह्यः प्रमादतश्चक्रभृताऽवगाह्यं ॥४७॥

उन शलाका पुरुषों में के चक्रवर्तियों में प्रथम चक्रवर्ती भरत हुए, जो कि ऋषभदेव के सौ पुत्रों में सब से बड़े थे । उन्होंने अपनी प्रजा में से धर्मामृत पान करने के इच्छुक एवं परलोक सुधारने की चिन्ता रखने वाले लोगों को बुला कर यज्ञोपवीत रूप सूत्र-चिह्न देकर उनका सन्मान किया और उन्हें 'ब्राह्मण' नाम से प्रसिद्ध किया । यद्यपि यह कार्य भगवान् ऋषभदेव की दृष्टि से बाह्य था, अर्थात् ठीक न था । किन्तु भरत चक्री ने प्रमाद से यह कार्य कर लिया ॥४६-४७॥

यतस्त आशीतलतीर्थमापुरौचित्यमस्मात् पुनरुन्मनस्ताम् ।
आसाद्य जातीयकतां व्रजन्तः प्रथामुरीचक्रु रिहाप्यशस्ताम् ॥४८॥

भारत चक्रवर्ती ने जिन ब्राह्मणों का एक धार्मिक वर्ग प्रस्थापित किया था, वह दशवें तीर्थङ्कर शीतलनाथ के समय तक तो अपने धार्मिक कर्त्तव्य का यथोचित रीति से पालन करता रहा । पुनः इसके पश्चात धर्म-विमुख होकर जातीयता को प्राप्त होते हुए उन्होंने इस भारतवर्ष में अप्रशस्त प्रथाओं को स्वीकार किया और मन-माने क्रियाकाण्ड का प्रचार करना प्रारम्भ कर दिया ॥४८॥

धर्माधिकर्तृत्वममी दधाना बाह्यं क्रियाकाण्डमिताः स्वमानात् ।
गुरोरमीष्वेकतरादधीत-विदोर्विवादः समभूद्धुवीतः ॥४९॥

धीरे-धीरे जातीयता के अभिमान से इन ब्राह्मणों ने अपने आपको धर्म का अधिकारी घोषित कर दिया और बाहिरी क्रिया काण्ड को ही धर्म बता कर उसके करने-कराने में ही लग गये । बीसवें तीर्थङ्कर मुनि सुव्रतनाथ के समय में जाकर उनमें एक ही गुरु से पढ़े हुए दो ब्राह्मण विद्वानों में एक वाक्य के अर्थ पर विवाद खड़ा हो गया ॥४९॥

समस्ति यष्टव्यमजैरमुष्य छागैरियत्पर्वत आह दूष्यम् ।
पुराणधान्यैरिति नारदस्तु तयोरभूत्सङ्गरसाध्यवस्तु ॥५०॥

दोनों विद्वानों में से एक का नाम था पर्वत और दूसरे का नाम था नारद । विवाद का विषय था 'अजैर्यष्टव्यम्' (अजों से यज्ञ करना चाहिए) । पर्वत 'अज' पद का अर्थ छाग (बकरा) करता था और नारद कहता था कि उस पद का अर्थ उगने या उत्पन्न होने के अयोग्य पुराना धान्य है । जब आपस में विवाद न सुलझा, तब उसे सुलझाने के लिए उन्होंने आपस में प्रतिज्ञा-बद्ध होकर अपने सहाध्यायी तीसरे गुरु भाई वसु राजा को निर्णायक न्यायाधीश नियुक्त किया ॥५०॥

न्यायाधिपः प्राह च पार्वतीयं वचो वसुर्वाग्विवशो महीयम् ।
भिन्नाऽगिरत्सम्भवती तमाराद् यतोऽधुनाऽभूज्जनता द्विधारा ॥५१॥

(पर्वत की मां ने पहिले ही जाकर वसु राजा को अपने पुत्र के पक्ष में मत देने के लिए वचन-बद्ध कर लिया, अतः मतदान के समय) वचन-बद्ध होने से विवश न्यायधीश वसु राजा ने कहा कि पर्वत का वचन सत्य है । उसके ऐसा कहते ही अर्थात् असत्य पक्ष का समर्थन करने पर तुरन्त पृथ्वी फटी और वह राज्य-सिंहासन के साथ ही उसमें धस गया । उसी समय उपस्थित जनता दो धाराओं में विभक्त हो गई । जो तत्त्व के रहस्य को नहीं जानते थे, वे पर्वत के पक्ष में हो गये और जो तत्त्वज्ञ थे, वे नारद के पक्ष में हो गये ॥५१॥

यथा दुरन्तोच्चयमभ्युपेता जलस्त्रु तिर्नूनमशक्तरेताः ।
इत्यत्र सम्पादितसम्पदा वाऽनुमातुमर्हन्ति महानुभावाः ॥५२॥

जैसे बीच में किसी बड़े पर्वत के आ जाने पर जल का प्रवाह उसे न हटा सकने के कारण दो भागों में विभक्त होकर बहने लगता है, उसी प्रकार उस वसु राजा के असत्य पक्ष का समर्थन करने से धार्मिक जनता के भी दो भाग हो गये । ऐसा महापुरुष कहते हैं ॥५२॥

निवार्यमाणा अपि गीतवन्तः सत्यान्वितैरागमिभिर्ह्रदन्तः ।
वाक्यावलीर्घोरगुणोदरीर्यास्ते ये पुनः पर्वतपक्षकीयाः ॥५३॥

जो लोग आगम के जानकार और सत्य पक्ष से युक्त थे, जिनके ह्रदय में सत्य मार्ग से प्रेम था, उनके द्वारा पर्वत के पक्ष का निवारण किये जाने पर भी पर्वत के पक्ष वाले लोगों ने हिंसा के समर्थक गीतों की रचना करके उन्हें गाना प्रारम्भ कर दिया और तभी से यज्ञों में हिंसा करने और पशु होमने की प्रथा का प्रचलन प्रारम्भ हो गया ॥५३॥

व्यासर्षिणाथो भविता पुनस्ताः प्रयत्नतः सङ्कलिताः समस्ताः ।
यथोचितं पल्लविताश्च तेन सङ्कल्पने बुद्धिविशारदेन ॥५४॥

इसके पश्चात् पांडवों के दादा व्यास ऋषि ने, जो कि नवीन कल्पना की रचना में बुद्धि-विशारद थे,-अति चतुर थे-परम्परागत उन सब गीतों का बड़े प्रयत्न से संकलन किया, उन्हें यथोचित पल्लवित किया और उनको एक नया ही रूप दे दिया ॥५४॥

तत्सम्प्रदायश्रयिणो नरा ये जाताः स्विदद्यावधि सम्पराये ।
सर्वेऽपि हिंसापरमर्थमापुर्यतोऽभितस्त्रस्तिमिताऽखिला पूः ॥५५॥

उस सम्प्रदाय का आश्रय करने वाले आज तक जितने भी विद्वान् हुए हैं, वे सभी उन मन्त्रों का हिंसा-परक अर्थ करते हुए चले आये, जिससे कि सकल प्रजा अत्यन्त त्रास को प्राप्त हुई ॥५५॥

वाढ़ क्षणे चोपनिषत्समर्थेऽभूत्तर्कणा यद्यपि तावदर्थे ।
तथाप्यहिंसामयवाचनाया नासीत्प्रसिद्धिः स्फुटरूपकायाः ॥५६॥

यद्यपि उपनिषत्काल में उनके रचयिता आचार्यो के द्वारा हिंसापरक मंत्रों के अर्थ के विषय में तर्क-वितर्क हुआ और उन्होंने उन मन्त्रों का अहिंसा-परक अर्थ किया । तथापि उस अहिंसामयी स्पष्ट अर्थ करने वाली वाचना की जैसी चाहिए-प्रसिद्धि नहीं हो सकी और लोग हिंसा-परक अर्थ भी करते रहे ॥५६॥

स्वामी दयानन्दरवस्तदीयमर्थं त्वहिंसापरकं श्रमी यः ।
कृत्वाद्य शस्तं प्रचकार कार्यं हिंसामुपेक्ष्यैव चरेत्किलार्यः ॥५७॥

हां, अभी जो स्वामी दयानन्द सरस्वती हुए, जो कि अध्ययनशील परिश्रमी सज्जन थे, उन्होंने उन्हीं मन्त्रों का अहिंसा-परक अर्थ करके बतला दिया कि हिंसा करना अप्रशस्त कार्य है । अतः आर्यजन हिंसा की उपेक्षा करके अहिंसक धर्माचरण करें। उन्होंने यह बहुत प्रशस्त कार्य किया, जो कि धर्मात्मा-जनों के द्वारा सदा प्रशंसनीय रहेगा ॥५७॥

स्वप्नेऽपि यस्य न करोति नरो विचारं सम्पद्यते समयमेत्य तदप्ययाऽरम् ।
कुर्यात्प्रयत्नमनिशं मनुजस्तथापि न स्यात्फलं यदि पलप्रतिकूलताऽऽपि ॥५८॥

मनुष्य स्वप्न में भी जिस बात का विचार नहीं करता है, समय पाकर वही बात आसानी से सम्पन्न हो जाती है। यदि समय प्रतिकूल है, तो मनुष्य निरन्तर प्रयत्न करे, तो भी उसे अभीष्ट फल की प्राप्ति नहीं होती है ॥५८॥

श्रीमान् श्रेष्ठिचतुर्भुजः स सुषुवे भूरामलेत्याह्वयं
वाणीभूषणवर्णिनं घृतवरी देवी च यं धीचयम् ।
तस्यानन्दपदाधिकारिणि शुभे वीरोदयेऽयं क्रम
प्राप्तोऽत्येतितमामिहाष्टविधुमान् सर्गोऽधुना सत्तमः ॥१८॥

इस प्रकार श्रीमान सेठ चतुर्भुजजी और घृतवरी देवी से उत्पन्न हुए वाणी भूषण, बाल ब्रह्मचारी पं. भूरामल वर्तमान मुनि ज्ञानसागर द्वारा विरचित इस वीरोदय काव्य में सत्ययुगादि तीनों युगों का वर्णन करने वाला यह अठारहवां सर्ग समाप्त हुआ ॥१८॥

❖ ❖ ❖

अथैकोनविंशः सर्गः

श्रीवीरदेवेन तमामवादि सत्सम्मतोऽयं नियमोऽस्त्यनादिः ।
अर्थक्रियाकारितयाऽस्तु वस्तु नोचेत्पुनः कस्य कुतः स्तवस्तु ॥१॥

श्री महावीर भगवान् ने बतलाया कि प्रत्येक पदार्थ सत्स्वरूप है । वस्तु-स्वभाव का यह नियम अनादि है और जो भी वस्तु है, वह अर्थक्रियाकारी है, अर्थात् कुछ न कुछ क्रियाविशेष को करती है । यदि अर्थक्रियाकारिता वस्तु का स्वरूप न माना जाय, तो कोई उसे मानेगा ही क्यों ? और क्यों किसी वस्तु की सत्ता को स्वीकार किया जायगा ॥१॥

प्राग्‌-रूपमुज्झित्य समेत्यपूर्वमेकं हि वस्तूत विदो विदुर्वः ।
हे सज्जना स्तत्त्रयमेककालमतो विरूपं वदतीति बालः ॥२॥

प्रत्येक वस्तु प्रति समय अपने पूर्व रूप (अवस्था) को छोड़कर अपूर्व (नवीन) रूप को धारण करती है फिर भी वह अपने मूल स्वरूप को नहीं छोड़ती है, ऐसा ज्ञानी जनों ने कहा है, सो हे सज्जनो, आप लोग भी वस्तु की वह उत्पाद-व्यय-ध्रौव्यात्मक त्रिरूपता एक एक काल में ही अनुभव कर रहे हैं । जो वस्तु-स्वरूप से अनभिज्ञ हैं, ऐसे बाल (मूर्ख) जन ही इससे विपरीत स्वरूप वाली वस्तु को कहते हैं ॥२॥

भावार्थ - जो केवल उत्पाद या व्यय या ध्रौव्यरूप ही वस्तु को मानते हैं, वे वस्तु के यथार्थ स्वरूप को न जानने के कारण अज्ञानी ही हैं ।

प्रवर्धते चेत्पयसाऽऽमशक्तिस्तद्धायनये किन्तु दधिप्रयुक्तिः ।
द्वये पुनर्गोरसता तु भाति त्रयात्मिकाऽतः खलु वस्तुजातिः ॥३॥

देखो-दूध के सेवन करने से आमशक्ति बढ़ती है और उसी दूध से बने दही का प्रयोग आम को नष्ट करता है । किन्तु उस दूध दही दोनों में ही गोरसपना पाया जाता है, अतः समस्त वस्तु-जाति उत्पाद-व्यय-ध्रौव्यरूप त्रयात्मक है, यह बात सिद्ध होती है ॥३॥

नरस्य दृष्टौ विडभक्ष्यवस्तु किरेस्तदेतद्वरभक्ष्यमस्तु ।
एकत्र तस्मात्सदसत्प्रतिष्ठामङ्गीकरोत्येव जनस्य निष्ठा ॥४॥

मनुष्य की दृष्टि में विष्टा अभक्ष्य वस्तु है, किन्तु सूकर के तो वह परम भक्ष्य वस्तु है । इसलिए एक ही वस्तु में सत् और असत् की प्रतिष्ठा को ज्ञानी जन की श्रद्धा अङ्गीकार करती ही है ॥४॥

रेखैकिका नैव लघुर्न गुर्वी लघ्व्याः परस्या भवति स्विदुर्वी ।
गुर्वी समीक्ष्याथ लघुस्तृतीयां वस्तुस्वभावः सुतरामितीयान् ॥५॥

कोई एक रेखा (लकीर) न स्वयं छोटी है और न बड़ी है । यदि उसी के पास उससे छोटी रेखा खींच दी जाय, तो वह पहिली रेखा बड़ी कहलाने लगती है, और यदि उसी के दूसरी ओर बड़ी रेखा खींच दी जाय, तो वही छोटी कहलाने लगती है । इस प्रकार वह पहिली रेखा छोटी और बड़ी दोनों रूपों को, अपेक्षा-विशेष से धारण करती है । बस, वस्तु का स्वभाव भी ठीक इसी प्रकार का जानना चाहिए ॥५॥

भावार्थ - इस प्रकार अपेक्षा-विशेष से वस्तु में अस्तित्व और नास्तित्व धर्म सिद्ध होते हैं । प्रत्येक वस्तु अपने द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव की अपेक्षा अस्ति रूप है और पर द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव की अपेक्षा नास्ति रूप है ।

सन्ति स्वभावात्परतो न यावास्तस्मादवाग्गोचरकृत्प्रभावाः ।
सहेत्यतस्तत्त्रितयात्प्रयोगाः सप्तात्र विन्दति कलावतो गाः ॥६॥

जैसे यव (जौ) अपने यवरूप स्वभाव से 'हैं', उस प्रकार गेहूँ आदि के स्वभाव से 'नहीं' हैं। इस प्रकार यव में अस्तित्व और नास्तित्व ये दो धर्म सिद्ध होते हैं । यदि इन दोनों ही धर्मों को एक साथ कहने की विवक्षा की जाय, तो उनका कहना संभव नहीं है, अतः उस यव में अवक्तव्य रूप तीसरा धर्म भी मानना पड़ता है । इस प्रकार वस्तु में अस्ति, नास्ति और अवक्तव्य ये तीन धर्म सिद्ध होते हैं। इनके द्विसंयोगी तीन धर्म और त्रिसंयोगी एक धर्म इस प्रकार सब मिला कर सात धर्म सिद्ध हो जाते हैं । ज्ञानी-जन इन्हें ही सप्त भंग नाम से कहते हैं ॥६॥

सप्तप्रकारत्वमुशन्ति भोक्तुः फलानि च त्रीण्यधुनोपयोक्तुम् ।
पृथक्कृतौ व्यस्त-समस्ततातः न्यूनाधिकत्वं न भवत्यथातः ॥७॥

जैसे हरड, बहेड़ा और आंवला, इन तीनों का अलग-अलग स्वाद है । द्विसंयोगी करने पर हरड और आवंले का मिला हुआ एक स्वाद होगा, हरड और बहेड़े का मिला हुआ दूसरा स्वाद होगा और बहेड़े आंवले का मिला हुआ तीसरा स्वाद होगा । तीनों को एक साथ मिला कर खाने पर एक चौथी ही जाति का स्वाद होगा । इस प्रकार मूल रूप हरड, बहेड़ा और आंवला के एक संयोगी तीन भंग, द्विसंयोगी तीन भंग और त्रिसंयोगी एक भंग, ये सब मिल कर सात भंग जैसे हो जाते हैं, उसी प्रकार अस्ति, नास्ति और अवक्तव्य के भी द्विसंयोगी तीन भंग और त्रिसंयोगी एक भंग, ये सब मिला कर सात भंग हो जाते हैं । ये भंग न इससे कम होते हैं और न अधिक होते हैं ॥७॥

भावार्थ - अस्ति १, नास्ति २, अवक्तव्य ३, अस्ति-नास्ति ४, अस्ति-अवक्तव्य ५, नास्ति-अवक्तव्य ६, और अस्ति-नास्ति-अवक्तव्य ७ ये सात भंग प्रत्येक वस्तु के यथार्थ स्वरूप का निरुपण करते हैं,

अतः उस अपेक्षा को प्रकट करने के लिए प्रत्येक भंग के पूर्व 'स्यात्' पद का प्रयोग किया जाता है । इसे ही स्याद्वाद रूप सप्तभंगी कहते हैं । इस स्याद्वाद रूप सप्तभंग वाणी के द्वारा ही वस्तु के यथार्थ स्वरूप का कथन संभव है, अन्यथा नहीं ।

अनेकशक्त्यात्मकवस्तु तत्त्वं तदेकया संवदतोऽन्यसत्त्वम् ।
समर्थयत्स्यात्पदमत्र भाति स्याद्वादनामैवमिहोक्तिजातिः ॥८॥

वस्तुतत्त्व अनके शक्त्यात्मक है, अर्थात् अनेक शक्तियों का पुञ्ज है । जब कोई मनुष्य एक शक्ति की अपेक्षा से उसका वर्णन करता है, तब वह अन्य शक्तियों के सत्त्व का अनरु अपेक्षाओं से समर्थन करता ही है । इस अन्य शक्तियों की अपेक्षा को जैन सिद्धांत 'स्यात्' पद से प्रकट करता है । वस्तु तत्त्व के कथन में इस 'स्यात्' अर्थात् कथञ्चित् पद के प्रयोग का नाम ही 'स्याद्वाद' है । इसे ही कथञ्चिद्-वाद या अनेकान्तवाद भी कहते हैं ॥८॥

भावार्थ - प्रत्येक वस्तु में अनेक गुण, धर्म या शक्तियां हैं । उन सब का कथन एक साथ एक शब्द से संभव नहीं है, इसलिए किसी एक गुण या धर्म के कथन करते समय यद्यपि वह मुख्य रूप से विवक्षित होता है, तथापि शेष गुणों या धर्मों की विवक्षा न होने से उनका अभाव नहीं हो जाता, किन्तु उस समय उनकी गौणता रहती है । जैसे गुलाब के फूल में रूप, रस, गन्ध, स्पर्श आदि अनेक गुण विद्यमान है, तो भी जब कोई मनुष्य यह कहता है कि देखो यह फूल कितना कोमल है, तब उसकी विवक्षा स्पर्श गुण की है । किन्तु फूल की कोमलता को कहते हुए उसके गन्ध आदि गुणों की विवक्षा नहीं है । इस विवक्षा की अपेक्षा से जो कथन होता है, उसे ही स्याद्वाद, अनेकान्तवाद, अपेक्षावाद आदि नामों से कहा जाता है ।

द्राक्षा गुडः खण्डमथो सिताऽपि माधुर्यमायाति तदेकलापी ।
वैशिष्ट्यमित्यत्र न वक्तु मीशास्तस्मादवक्तव्यकथाश्रयी सः ॥९॥

दाख मिष्ट है, गुड़ मिष्ट है, खांड मिष्ट है और मिश्री मिष्ट है, इस प्रकार इन चारों में ही रहने वाले माधुर्य या मिठास को 'मिष्ट' इस एक ही शब्द से कहा जाता है । किन्तु उक्त चारों ही वस्तुओं में मिष्टता की जो तर-तमभावगत विशिष्टता है, उसे कहने के लिए हमारे पास कोई शब्द नहीं है । (तर और तम शब्द भी साधारण स्थिति को ही प्रकट करते हैं, पर उनमें परस्पर कितनी मिष्टता का अन्तर है, इसे वे भी व्यक्त नहीं कर सकते ।) इसलिए उक्त भाव के अभिव्यक्त करने को 'अवक्तव्य' पद के कथन का ही आश्रय लेना पड़ता है ॥९॥

तुरुष्कताभ्येति कुरानमाराादीशायिता वाविलमेकधारा ।
तयोस्तु वेदेऽयमुपैति विप्रः स्याद्वाददृष्टान्त इयान् सुदीप्रः ॥१०॥

तुरुष्क (मुसलमान) 'कुरान' का आदर करता है, किन्तु ईसाई उसे न मानकर 'बाइबिल' को मानता है । इन दोनों का ही 'वेद' में आदर भाव नहीं है । किन्तु ब्राह्मण वेद को ही प्रमाण मानता है,

कुरान और बाइबिल को नहीं । इस प्रकार 'स्याद्वाद' सिद्धान्त उक्त दृष्टान्त से बहुत अच्छी तरह दैदीप्यमान सिद्ध होता है ॥१०॥

भावार्थ - मुसलमान और ईसाई अपने-अपने धर्म ग्रन्थ को ही प्रमाण मानते हैं, इस अपेक्षा एक ग्रन्थ एक के लिए प्रमाण है, तो दूसरे के लिए अप्रमाण है । किन्तु ब्राह्मण दोनों को ही अप्रमाण मानते हैं और वेद को प्रमाण मानते हैं । इस दृष्टान्त में मुसलमान और ईसाई परस्पर विरोधी होते हुए भी वेद को प्रमाण नहीं मानने में दोनों अविरोधी है, अर्थात् एक हैं । इस प्रकार एक की अपेक्षा जो ग्रन्थ प्रमाण है, वही दूसरे की अपेक्षा अप्रमाण है और तीसरे की अपेक्षा दोनों ही अप्रमाण हैं । इस स्थिति को एक मात्र स्याद्वाद सिद्धान्त ही यथार्थतः कहने में समर्थ है, अन्य एकान्तवादी सिद्धान्त नहीं। इसी से स्याद्वाद की प्रामाणिकता सिद्ध होती है ।

गोऽजोष्ट्रका बेरदलं चरन्ति वाम्बूलमुष्ट्रश्छगलोऽप्यनन्तिन् ।
समत्ति मान्दारमजो हि किन्तु तान्येकभावेन जनाः श्रयन्तु ॥११॥

गाय, बकरी और ऊंट ये तीनों ही बेरी के पत्तों को खाते हैं, किन्तु बबूल के पत्तों को ऊंट और बकरी ही खाते हैं, गाय नहीं । मन्दार (आकड़ा) के पत्तों को बकरी ही खाती है, ऊंट और गाय नहीं । किन्तु मनुष्य बेरी, बबूल और आक इन तीनों के ही पत्तों को नहीं खाता है । इसलिए हे अनन्त धर्म के मानने वाले भव्य, जो वस्तु एक के लिए भक्ष्य या उपादेय है, वही दूसरे के लिए अभक्ष्य या हेय हो जाती है । इसे समझना ही स्याद्वाद है, सो सब लोगों को इसका ही एक भाव से आश्रय लेना चाहिए ॥११॥

हंसस्तु शुक्लोऽसृगमुष्य रक्तः पदोरिदानीमसकौ विरक्तः ।
किंरूपतामस्य वदेद्विवेकी भवेत्कथं निर्वचनान्वयेऽकी ॥१२॥

यद्यपि हंस बाहिर से शुल्क वर्ण है, किन्तु भीतर तो उसका रक्त लाल वर्ण का है, तथा उसके पैर श्वेत और लाल दोनों ही वर्णों के होते हैं । ऐसी स्थिति में विवेकी पुरुष उसको किस रूप वाला कहे ? अतएव कथञ्चिद्-वाद के स्वीकार करने पर ही उसके ठीक निर्दोष रूप का वर्णन किया जा सकता है ॥१२॥

घूकाय चान्ध्यं ददेव भास्वान् कोकाय शोकं वितरन् सुधावान् ।
भुवस्तले किन्न पुनर्धियापि अस्तित्वमेकत्र च नास्तितापि ॥१३॥

देखो-इस भूतल पर प्राणियों को प्रकाश देने वाला सूर्य उल्लू को अन्धपना देता है और सब को शान्ति देने वाला चन्द्रमा कोक पक्षी को प्रिया-वियोग का शोक प्रदान करता है ? फिर बुद्धिमान् लोग यह बात सत्य क्यों न मानें कि एक ही वस्तु में किसी अपेक्षा अस्तित्व धर्म भी रहता है और किसी अपेक्षा नास्तित्व धर्म भी रहता है ॥१३॥

पटं किमञ्चेद् घटमासुमुक्तः नोचेत्प्रबन्धः इह प्रयुक्तः ।
घटस्य कार्यं न पटः श्रियेति घटः स एवं न पटत्वमेति ॥१४॥

घड़े को लाने के लिए कहा गया पुरुष क्या कपड़ा लायगा ? नहीं, क्योंकि घड़े का काम कपड़े से नहीं निकल सकता । अर्थात् प्यासे पुरुष की प्यास को घड़ा ही दूर कर सकता है, कपड़ा नहीं । यदि ऐसा न माना जाय, तो फिर इस प्रकार के वाक्य-प्रयोग का क्या अर्थ रहेगा ? कहने का भाव यह है कि घड़े का कार्य कपड़ा नहीं कर सकता । और न घड़ा पट के कार्य कर सकता है । घड़े अपने जल-आहरण आदि कार्य को करेगा और कपड़ा अपने शीत-निवारण आदि कार्य को करेगा ॥१४॥

घटः पदार्थश्च पटः पदार्थः शैत्यान्वितस्यास्ति घटेन नार्थः ।
पिपासुरभ्येति यमात्मशक्त्या स्याद्वादमित्येतु जनोऽति भक्त्या ॥१५॥

घट भी पदार्थ है और पट भी पदार्थ है, किन्तु शीत से पीड़ित पुरुष को घट से कोई प्रयोजन नहीं । इसी प्रकार प्यास से पीड़ित पुरुष घट को चाहता है, पट को नहीं । इससे यह सिद्ध होता है कि पदार्थपना घट और पट में समान होते हुए भी प्रत्येक पुरुष अपने अभीष्ट को ही ग्रहण करताहै, अनभीप्सित पदार्थ को नहीं । इस प्रकार प्रत्येक मनुष्य को स्याद्वाद सिद्धान्त भक्ति से स्वीकार करना चाहिए ॥१५॥

स्यूतिः पराभूतिरिव ध्रुवत्वं पर्यायतस्तस्य यदेकतत्त्वम् ।
नोत्पद्यते नश्यति नापि वस्तु सत्त्वं सदैतद्विदधत्समस्तु ॥१६॥

जैसे पर्याय की अपेक्षा वस्तु में स्यूति (उत्पत्ति) और पराभूति (विपत्ति या विनाश) पाया जाता है, उसी प्रकार द्रव्य की अपेक्षा ध्रुवपना भी उसका एक तत्त्व है, जो कि उत्पत्ति और विनाश में बराबर अनुस्यूत रहता है । उसकी अपेक्षा वस्तु न उत्पन्न होती है और न विनष्ट होती है । इस प्रकार उत्पाद, व्यय और ध्रुव इन तीनों रूपों को धारण करने वाली वस्तु को ही यथार्थ मानना चाहिए ॥१६॥

भाष्ये निजीये जिनवाक्यसारम्पतञ्जलिश्चैतदुरीचकार ।
तमांसमीमांसकनामकोऽपि स्ववार्त्तिके भट्टकुमारिलोऽपि ॥१७॥

जिन भगवान् के स्याद्वाद रूप इस सार वाक्य को पतञ्जलि महर्षि ने भी अपने भाष्य में स्वीकार किया है, तथा मीमांसक मत के प्रधान व्याख्याता कुमारिल भट्ट ने भी अपने श्लोक-वार्तिक में इस स्याद्वाद सिद्धान्त को स्थान दिया है ॥१७॥

ध्रुवांशमाख्यान्ति गुणेति नाम्ना पर्येति योऽन्यद्द्वितयोक्तधामा ।
द्रव्यं तदेतद्गुणपर्ययाभ्यां यद्वाऽत्र सामान्यविशेषताऽऽभ्याम् ॥१८॥

ज्ञानी जन वस्तु-गत ध्रुवांश को 'गुण' इस नाम से कहते हैं और अन्य दोनों धर्मों को अर्थात् उत्पाद और व्यय को 'पर्याय' इस नाम से कहते हैं । इस प्रकार गुण और पर्याय से संयुक्त तत्त्व को, अथवा सामान्य और विशेष धर्म से युक्त तत्त्व को 'द्रव्य' इस नाम से कहा जाता है ॥१८॥

सद्भिः परैरातुलितं स्वभावं स्वव्यापिनं नाम दधाति तावत् ।
सा मान्यमूर्ध्वं च तिरश्च गत्वा यदस्ति सर्वं जिनपस्य तत्त्वात् ॥१९॥

जो कोई भी वस्तु है वह आगे पीछे होने वाली अपनी पर्यायों में अपने स्वभाव को व्याप्त करके रहती है, इसी को सन्त लोगों ने ऊर्ध्वता सामान्य कहा है । तथा एक पदार्थ दूसरे पदार्थ के साथ जो समानता रखता है, उसे तिर्यक् सामान्य कहते हैं । इस प्रकार जिनदेव का उपदेश है ॥१९॥

भावार्थ - सामान्य दो प्रकार का है - तिर्यक् सामान्य और ऊर्ध्वता सामान्य । विभिन्न पुरुषों में जो पुरुषत्व-सामान्य रहता है, उसे तिर्यक् सामान्य कहते हैं । तथा एक ही पुरुष की बाल, युवा और वृद्ध अवस्था में जो अमुक व्यक्तित्व रहता है, उसे ऊर्ध्वता सामान्य कहते हैं । प्रत्येक वस्तु में यह दोनों प्रकार का सामान्य धर्म पाया जाता है ।

अन्यैः समं सम्भवतोऽप्यमुष्य व्यक्तित्वमस्ति स्वयमेव पुष्यत् ।
यथोत्तरं नूतनतां दधान एवं पदार्थः प्रतिभासमानः ॥२०॥

अन्य पदार्थों के साथ समानता रखते हुए भी प्रत्येक पदार्थ अपने व्यक्तित्व को स्वयं ही कायम रखता है, अर्थात् दूसरों से अपनी भिन्नता को प्रकट करता है । यह उसकी व्यतिरेक रूप विशेषता है। तथा वह पदार्थ प्रति समय नवीनता को धारण करता हुआ प्रतिभासमान होता है, यह उसकी पर्यायरूप विशेषता है ॥२०॥

भावार्थ-वस्तु में रहने वाला विशेष धर्म भी दो प्रकार का है-व्यतिरेक रूप और पर्याय रूप । एक पदार्थ में जो असमानता या विलक्षणता पाई जाती है, उसे व्यतिरेक कहते हैं और प्रत्येक द्रव्य प्रति समय जो नवीन रूप को धारण करता है, उसे पर्याय कहते हैं । यह दोनों प्रकार का विशेष धर्म भी प्रत्येक पदार्थ में पाया जाता है ।

समस्ति नित्यं पुनरप्यनित्यं यत्प्रत्यभिज्ञाख्यविदा समित्यम् ।
कुतोऽन्यथा स्याद् व्यवहारनाम सूक्तिं पवित्रामिति संश्रयामः ॥२१॥

द्रव्य की अपेक्षा वस्तु नित्य है और पर्याय की अपेक्षा वह अनित्य है । यदि वस्तु को सर्वथा नित्य कूटस्थ माना जाय, तो उसमें अर्थक्रिया नहीं बनती है । और यदि सर्वथा क्षण-भंगुर माना जाय, तो उसमें 'यह वही है' इस प्रकार का प्रत्यभिज्ञान नहीं हो सकता । अतएव वस्तु को कथञ्चित् नित्य और कथञ्चित् अनित्य मानना पड़ता है । अन्यथा लोक-व्यवहार कैसे संभव होगा । इसलिए लोक-व्यवहार के संचालनार्थ हम भगवान् महावीर के पवित्र अनेकान्तवाद का ही आश्रय लेते हैं ॥२१॥

दीपेऽञ्जनं वार्दकुले तु शम्पां गत्वाऽम्बुधौ वाडवमप्यकम्पा ।
मेधा किलास्माकमियं विभाति जीयादनेकान्तपदस्य जातिः ॥२२॥

दीपक में अञ्जन, बादलों में बिजली और समुद्र में बड़वानल को देखकर हमारी बुद्धि निःशङ्क रूप से स्वीकार करती है कि भगवान् का अनेकान्तवाद सदा जयवन्त है ॥२२॥

भावार्थ - दीपक भासुराकार है, तो भी उससे काला काजल उत्पन्न होता है । बादल जलमय होते हैं, फिर भी उनसे अग्निरूप बिजली पैदा होती है । इन परस्पर-विरोधी तत्त्वों को देखने से यही मानना पड़ता है कि प्रत्येक पदार्थ में अनेक धर्म हैं । इसी अनेक धर्मात्मकता का दूसरा नाम अनेकान्त है । इसकी सदा सर्वत्र विजय होती है ।

सेना–वनादीन् गदतो निरापद् दारान् स्त्रियं किञ्च जलं किलापः ।
एकत्र चैकत्वमनेकताऽऽपि किमङ्गभर्तुर्न धियाऽभ्यवापि ॥२३॥

जिसे 'सेना' इस एक नाम से कहते हैं, उसमें अनेक हाथी, घोड़े और पयादे होते हैं । जिसे 'वन' इस एक नाम से कहते हैं, उनमें नाना जाति के वृक्ष पाये जाते हैं । एक स्त्री को 'दारा' इस बहुवचन से, तथा जल को 'आप' इस बहुवचन से कहते हैं । इस प्रकार एक ही वस्तु में एकत्व और अनेकत्व की प्रतीति होती है । फिर हे अङ्ग (वत्स), क्या तुम्हारी बुद्धि इस एकानेकात्मक रूप अनेकान्ततत्त्व को स्वीकार नहीं करेगी । अर्थात् तुम्हें उक्त व्यवहार को देखते हुए अनेकान्ततत्त्व को स्वीकार करना ही चाहिए ॥२३॥

द्रव्यं द्विधैतच्चिदचित्प्रभेदाच्चिदेष जीवः प्रभुरात्मवेदात् ।
प्रत्यङ्गमन्यः स्वकृतैकभोक्ता यथार्थतः स्वस्य स एव मोक्ता ॥२४॥

जो द्रव्य सत्सामान्य की अपेक्षा एक प्रकार का है, वही चेतन और अचेतन के भेद से दो प्रकार का है । उनमें यह जीव चेतन द्रव्य है जो अपने आपका वेदन (अनुभवन) करने में समर्थ है, प्रत्येक शरीर में भिन्न-भिन्न प्रतीत होता है, अपने किये हुए कर्मों का स्वयं ही भोक्ता है और यथार्थतः अपने आपका विमोक्ता भी यही है ॥२४॥

मद्याङ्गवद्भूतसमागमेभ्यश्चिच्चोन्न भूयादसमोऽमुकेभ्यः ।
कुतः स्मृतिर्वा जनुरन्तरस्यानवद्यरूपाद्य च भूरिशः स्यात् ॥२५॥

कुच लोग ऐसा कहते हैं कि मदिरा के अंग-भूत गुड़-पीठी आदि के संयोग से जैसे मदशक्ति उत्पन्न हो जाती है, उसी प्रकार पृथ्वी आदि चार भूत द्रव्यों के संयोग से एक चेतन शक्ति उत्पन्न हो जाती है, वस्तुतः चेतन जीव नाम का कोई पदार्थ नहीं है । किन्तु उनका यह कथन ठीक नहीं है, क्योंकि गुड़-पीठी आदि में तो कुछ न कुछ मद शक्ति रहती ही है, वही उनके संयोग होने पर अधिक

विकसित हो जाती है। किन्तु पृथ्वी आदि भूत चतुष्टय में तो कोई चेतनाशक्ति पाई नहीं जाती। अतः उनसे वह विलक्षण चैतन्य कैसे उत्पन्न हो सकता है? दूसरी बात यह है कि यदि जीव नाम का कोई चेतन पदार्थ हो ही नहीं, तो फिर लोगों को जो जन्मान्तर की स्मृति आज भी निर्दोष रूप से देखने में आती है, वह कैसे संभव हो। तथा भूत-प्रेतादि जो अपने पूर्व भवों को कहते हुए दृष्टिगोचर होते हैं, उनकी सत्यता कैसे बने। अतएव यही मानना चाहिए कि अचेतन पृथ्वी आदि से चेतन जीव एक स्वतन्त्र पदार्थ है ॥२५॥

निजेङ्गिताप्ताङ्गविशेषभावात्संसारिणोऽमी ह्यचराश्चरा वा।
तेषां श्रमो नारकदेवमर्त्यतिर्यक्कया तावदितः प्रवर्त्यः ॥२६॥

अपने शुभाशुभ भावों से उपार्जित कर्मों के द्वारा शरीर-विशेषों को धारण करते हुए ये जीव सदा संसार में परिभ्रमण करते हुए चले आ रहे हैं, अतः इन्हें संसारी कहते हैं। ये संसारी जीव दो प्रकार के हैं चर (त्रस) और अचर (स्थावर)। जिनके केवल एक शरीर रूप स्पर्शनेन्द्रिय होती है, उन्हें अचर या स्थावर जीव कहते हैं और जिनके स्पर्शनेन्द्रिय के साथ रसना आदि दो, तीन, चार या पांच इन्द्रियां होती हैं उन्हें चर या त्रस जीव कहते हैं। नारक, तिर्यंच, मनुष्य और देवगति के भेद से वे जीव चार प्रकार के होते हैं। नारक, देव और मनुष्य तो त्रस जीव हैं और तिर्यंच त्रस तथा स्थावर दोनों प्रकार के होते हैं। इस प्रकार से जीवों के और भी भेद-प्रभेद जानना चाहिए ॥२६॥

नरत्वमाप्त्वा भुवि मोहमायां मुञ्चेदमुञ्चेच्छिवतामथायात्।
नोचेत्पुनः प्रत्यववर्तमानः संसारमेवाञ्चति चिन्निधानः ॥२७॥

संसार में परिभ्रमण करते हुए जो जीव मनुष्य भव को पाकर मोह-माया को छोड़ देता है, वह शिवपने को प्राप्त हो जाता है अर्थात् कर्म-बन्धन से छूट जाता है। किन्तु जो संसार की मोह-माया को नहीं छोड़ता है, वह चैतन्य का निधान (भण्डार) होकर भी चतुर्गति में परिभ्रमण करता हुआ संसार में ही पड़ा रहता है ॥२७॥

धूलिः पृथिव्याः कणशः सचित्तास्तत्कायिकैरार्हतसूक्तवित्तात्।
अचेतनं भस्म सुधादिकन्तु शौचार्थमेतन्मुनयः श्रयन्तु ॥२८॥

(उपर्युक्त देव, नारकी और मनुष्यों के सिवाय जितने भी संसारी जीव हैं, वे सब तिर्यंच कहलाते हैं। वे भी पांच प्रकार के हैं-एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और पंचेन्द्रिय। इनमें एकेन्द्रिय जीव भी पांच प्रकार के हैं-पृथ्वीकायिक, जलकायिक, अग्निकायिक, वायुकायिक और वनस्पतिकायिक।) पृथ्वी ही जिनका शरीर है, ऐसे जीवों को पृथ्वीकायिक कहते हैं। पृथ्वी की धूलि, पत्थर के कण आदिक सचित्त हैं, क्योंकि उन्हें अर्हत्परमागम में पृथ्वीकायिक जीवों से युक्त कहा गया है। जली हुई पृथ्वी की भस्म, चूना की कली आदि पार्थिव वस्तुएं अचेतन हैं, शौच-शुद्दि के लिए मुनिजनों को इस भस्म आदि का ही उपयोग करना चाहिए ॥२८॥

संगालिते वारिणि जीवनन्तु तत्कायिकं किन्तु न तत्र जन्तुः ।
ततः समुष्णीकृतमेव वारि पिबत्यहो संयमिनामधारी ॥२९॥

सभी प्रकार के जल के भीतर जलकायिक जीव होते हैं, जल ही जिनका शरीर है उन्हें जलकायिक कहते हैं । वस्त्र से गालित (छाने हुए) जल में भी जलकायिक जीव रहते हैं । हां, छान लेने पर उसमें त्रस जीव नहीं रहते । इसलिए वस्त्र-गालित जल को अच्छी तरह उष्ण करके प्रासुक बना लेने पर संयमी नाम-धारी पुरुष उसे पीते हैं ॥२९॥

नान्यत्र सम्मिश्रणकृत्प्रशस्तिर्वह्निश्च सञ्जीवनभृत्समस्ति ।
भोज्यादिकेष्वात्तपदस्त्वजीवभावं भजेद्भो सुतपःपदी वः ॥३०॥

अग्नि ही जिनका शरीर है उन्हें अग्निकायिक जीव कहते हैं । जैसे काष्ठ, कोयला आदि के जलाने से उत्पन्न हुई सभी प्रकार की अग्नि, बिजली, दीपक की लौ आदि । किन्तु जो अग्नि भोज्य पदार्थों में प्रविष्ट हो चुकी है, वह सचित्त नहीं है, किन्तु अचित्त है । पर जो अनय पदार्थों में मिश्रण को नहीं प्राप्त हुई है, ऐसे धधकते अंगार आदि सचित्त ही हैं, ऐसा जान कर हे सुतपस्वी जनो, आप लोग अचित्त अग्नि का उपयोग करें ॥३०॥

प्रत्येक–साधारणभेदभिन्नं वनस्पतावेवमवेहि किन्न ।
भो विज्ञ ! पिण्डं तनुमत्तनूनां चिदस्ति चेते सुतरामदूना ॥३१॥

वृक्ष, फल, फूल आदि में रहने वाले एकेन्द्रिय जीव वनस्पति कायिक कहलाते हैं । प्रत्येक और साधारण के भेद से वनस्पति कायिक जीव दो प्रकार के होते हैं । हे विज्ञ जनो, क्या तुम लोग वनस्पति के पिण्ड को सचेतन नहीं मानते हो ? अग्नि-पक्व या शुष्क हुए बिना पत्र, पुष्प,फलादि सभी प्रकार की वनस्पति को सचित्त ही जानना चाहिए ॥३१॥

एकस्य देहस्य युगेक एव प्रत्येकमाहेति जिनेशदेवः ।
यत्रैकदेहे बहवोऽङ्गिनः स्युः साधारणं तं भवदुःखदस्युः ॥३२॥

जिस वनस्पति में एक देह का एक जीव ही स्वामी होता है, उसे संसार के दुःख नष्ट करने वाले जिनेन्द्रदेव ने प्रत्येक वनस्पति कहा है । जैसे नारियल, खजूर आदि के वृक्ष । जिस वनस्पति में एक देह में अनेक वनस्पति जीव रहते हैं, उसे साधारण वनस्पति कहते हैं । जैसे कन्द मूल आदि। साधारण वनस्पति का भक्षण संसार के अनन्त दुःखों को देने वाला है ॥३२॥

यदग्निसिद्धं फलपत्रकादि तत्प्रासुकं श्रीविभुना न्यगादि ।
यच्छुष्कतां चाभिदधत्तृणादि खादेत्तदेवासुमतेऽभिवादी ॥३३॥

जो पत्र, फल आदिक अग्नि से पक जाते हैं, अथवा सूर्य की गर्मी, आदि से शुष्कता को प्राप्त हो जाते हैं, उन्हें ही श्री जिनेन्द्रदेव ने प्रासुक (निर्जीव) कहा है । प्राणियों पर दया करने वाले संयमी जनों को ऐसी प्रासुक वनस्पति ही खाना चाहिए ॥३३॥

वातं तथा तं सहजप्रयातं सचित्तमाहाखिलवेदितातः ।
स्यात्स्पर्शनं हीन्द्रियमेतकेषु यत्प्रासुकत्वाय न चेतरेषु ॥३४॥

वायु (पवन) ही जिनका शरीर है, ऐसे जीवों को वायुकायिक कहते हैं । सहज स्वभाव से बहने वाली वायु को सर्वज्ञ देव ने सचित्त कहा है । इन सभी स्थावरकायिक जीवों के एक स्पर्शनेन्द्रिय ही होती है । ये सभी प्रयोग-विशेष से प्रासुक या अचित्त हो जाते हैं किन्तु इतर त्रस जीवों का शरीर कभी भी अचित्त नहीं होता है ॥३४॥

कृमिर्घुणोऽलिर्नर एवमादिरेकैकवृद्धेन्द्रिययुग न्यगादि ।
महात्मभिस्तत्तनुरत्र जातु केनाप्युपायेन विचित्र भातु ॥३५॥

कृमि (लट) घुण, कीट, भ्रमर और मनुष्य आदि के एक-एक अधिक इन्द्रिय होती है । अर्थात् लट, शंख, केंचुआ आदि द्वीन्द्रिय जीवों के स्पर्शन और रसना ये दो इन्द्रियां होती हैं । घुण, कीड़ी-मकोड़ा आदि त्रीन्द्रिय जीवों के स्पर्शन, रसना और घ्राण ये तीन इन्द्रियां होती हैं । भ्रमर मक्षिका, पतंगा आदि चतुरिन्द्रिय जीवों के स्पर्शन, रसना, घ्राण और चक्षु ये चार इन्द्रियां होती हैं । मनुष्य, देव, नारकी और गाय, भैंस, घोड़ा आदि पंचेन्द्रिय जीवों के कर्ण सहित उक्त चारों इन्द्रियां होती हैं । इन द्वीन्द्रियादि जीवों का शरीर किसी भी उपाय से अचित्त नहीं होता, सदा सचित्त ही बना रहता है, ऐसा महर्षि जनों ने कहा है ॥३५॥

अचित्पुनः पञ्चविधत्वमेति रूपादिमान् पुद्गल एव चेति ।
भवेदणु-स्कन्धतया स एव नानेत्यपि प्राह विभुर्मुदे वः ॥३६॥

अचेतन द्रव्य पांच प्रकार का होता है-पुद्गल, धर्म अधर्म, आकाश और काल । इनमें पुद्गल द्रव्य ही रूपादिवाला है, अर्थात् पुद्गल में ही रूप, रस, गन्ध और स्पर्श पाया जाता है, अतः वह रूपी या मूर्त्त कहलाता है । शेष चार द्रव्यों में रूपादि गुण नहीं पाये जाते, अतः वे अरूपी या अमूर्त्त कहलाता हैं । पुद्गल के अणु और स्कन्ध रूप से दो भेद हैं । पुनः स्कन्ध के भी बादर, सूक्ष्म आदि की अपेक्षा नाना भेद जिन भगवान् ने कहे हैं । आप लोगों को प्रमोद-वर्धक जितना कुछ दिखाई देता है, वह सब पुद्गल द्रव्य का ही वैभव है ॥३६॥

गतेर्निमित्तं स्वसु-पुद्गलेभ्यः धर्मं जगद्-व्यापिनमेतकेभ्यः ।
अधर्ममेतद्विपरीतकार्यं जगाद सम्वेदकरोऽर्हदार्यः ॥३७॥

जीव और पुद्गल द्रव्यों को गमन करने में जो निमित्त कारण है, उसे धर्म द्रव्य कहते हैं । इससे विपरीत कार्य करने वाले द्रव्य को, अर्थात् जीव और पुद्गलों के ठहरने में सहायक निमित्त कारण को अधर्म द्रव्य कहते हैं । ये दोनों ही द्रव्य सर्व जगत् में व्याप्त हैं, ऐसा विश्व-ज्ञायक अर्हद्देव ने कहा है ॥३७॥

नभोऽवकाशाय किलाखिलेभ्य: काल: परावर्तनकृत्तकेभ्य: ।
एवं तु षड्द्रव्यमयीयमिष्टिर्यत: समुत्था स्वयमेव सृष्टि: ॥३८॥

जो समस्त द्रव्यों को अपने भीतर अवकाश देता है उसे आकाश द्रव्य कहते हैं । और जो सर्व द्रव्यों के परिवर्तन कराने में निमित्त कारण होता है, उसे काल द्रव्य कहते हैं । इस प्रकार यह समस्त जगत् षट द्रव्यमय जानना चाहिए । इसी से यह सब सृष्टि स्वत: सिद्ध उत्पन्न हुई जानना चाहिए ॥३८॥

भावार्थ - इस षट् द्रव्यमयी लोक को किसी ने बनाया नहीं है । यह स्वत: सिद्ध अनादि-निधन है । इसमें जो भी रचना दृष्टिगोचर होती है, वह भी स्वत: उत्पन्न हुई जानना चाहिए ।

न सर्वथा नूत्नमुदेति जातु यदस्ति नश्यत्तदथो न भातु ।
निमित्त-नैमित्तिकभावतस्तु रूपान्तरं सन्दधदस्ति वस्तु ॥३९॥

कोई भी वस्तु सर्वथा नवीन उत्पन्न नहीं होती । इसी प्रकार जो वस्तु विद्यमान है, वह भी कभी नष्ट नहीं होती है । किन्तु निमित्त नैमित्तिक भाव से प्रत्येक वस्तु नित्य नवीन रूप को धारण करती हुई परिवर्तित होती रहतीहै, यही वस्तु का वस्तुत्व धर्म है ॥३९॥

भावार्थ - यद्यपि वस्तु के परिणमन में उसका उपादान कारण ही प्रधान होता है, तथापि निमित्त कारण के बिना उसका परिणमन नहीं होता है, अतएव निमित्त-नैमित्तिक भाव से वस्तु का परिणमन कहा जाता है ।

समस्ति वस्तुत्वमकाटचमेतन्नोचेत्किमाश्वासनमेतु चेत: ।
यदग्नित: पाचनमेतिकर्तुं जलेन तृष्णामथवाऽपहर्तुम् ॥४०॥

प्रत्येक वस्तु का वस्तुत्व धर्म अकाट्य है, वह सर्वदा उसके साथ रहता है । यदि ऐसा न माना जाय, तो मनुष्य का चित्त कैसे किसी वस्तु का विश्वास करे ? देखो-किसी वस्तु के पकाने का कार्य अग्नि से ही होता है और प्यास दूर करने के लिए जल से ही प्रयोजन होता है । अग्नि का कार्य जल नहीं कर सकता और जल के कार्य को अग्नि नहीं कर सकती । वस्तु की वस्तुता यही है कि जिसका जो कार्य है, उसे वही सम्पन्न करे ॥४०॥

बीजादगोऽगादुत बीज एवमनादिसन्तानतया मुदे व: ।
सर्वे पदार्था: पशवो मनुष्या न कोऽप्यमीषामधिकार्यनु स्यात् ॥४१॥

बीज से वृक्ष होता है और वृक्ष से बीज उत्पन्न होता है। यह परम्परा अनादिकाल से बराबर सन्तान रूप चली आ रही है। इसी प्रकार पशु, मनुष्य आदिक सभी पदार्थ अपने-अपने कारणों से उत्पन्न होते हुए अनादि से चले आ रहे हैं। इन पदार्थों का कोई अधिकारी या नियन्ता ईश्वर आदि नहीं है, जिसने कि जगत् के पदार्थों को बनाया हो। सभी चेतन या अचेतन पदार्थ अनादिकाल से स्वयं सिद्ध हैं ॥४१॥

चेत्कोऽपि कर्त्तेति पुनर्यवार्थं यवस्य भूयाद्वपनं व्यपार्थम् ।
प्रभावकोऽन्यस्य भवन् प्रभाव्यस्तेनार्थ इत्येवमतोऽस्तु भाव्यः ॥४२॥

यदि जगत् के पदार्थों का कोई ईश्वरादि कर्त्ता-धर्त्ता होता, तो फिर जौ के लिए जौ का बोना व्यर्थ हो जाता। क्योंकि वही ईश्वर बिना ही बीज के जिस किसी भी प्रकार से जौ को उत्पन्न कर देता। फिर विवक्षित कार्य को उत्पन्न करने के लिए उसके कारण-कलापों के अन्वेषण की क्या आवश्यकता रहती ? अतएव यही मानना युक्ति संगत है कि प्रत्येक पदार्थ स्वयं प्रभावक भी है और स्वयं प्रभाव्य भी है, अर्थात् अपने ही कारण कलापों से उत्पन्न होता है और अपने कार्य-विशेष को उत्पन्न करने में कारण भी बन जाता है। जैसे बीज के लिए वृक्ष कारण है और बीज कार्य है। किन्तु वृक्ष के लिए वही कार्य रूप बीज कारण बन जाता है और वृक्ष उसका कार्य बन जाता है। यही नियम विश्व के समस्त पदार्थों के लिए जानना चाहिए ॥४२॥

सूर्यस्य घर्मत इहोत्थितमस्ति पश्य
वाष्पीभवद्यदपि वारि जलाशयस्य ।
तस्यैव चोपरि पतेदिति कारणं किं
विश्वप्रबन्धकनिबन्धविधाभृदङ्किन् ॥४३॥

देखो-जलाशय (सरोवरादि) का जल सूर्य के घाम से भाप बन कर उठता है और आकाश में जाकर बादल बन कर उसी के ऊपर बरसता है और जहां आवश्यकता होती है, वहां नहीं बरसता है, इसका क्या कारण है ? यदि कोई ईश्वरादिक विश्व का प्रबन्धक या नियामक होता, तो फिर यह गड़बड़ी क्यों होती। इसी प्रकार ईश्वर को नही मानने वाला सुखी जीवन व्यतीत करता है और दूसरा रात-दिन ईश्वर का भजन करते हुए भी दुखी रहता है, सो इसका क्या कारण माना जाय? अतएव यही मानना चाहिए कि प्रत्येक जीव अपने ही कारण-कलापों से सुखी या दुखी होता है, कोई दूसरा सुख या दुःख को नहीं देता ॥४३॥

यदभावे यन्न भवितुमेति तत्कारणकं तत्सुकथेति ।
कुम्भकृदादिविनेव घटादि किमितरकल्पनयाऽस्त्वभिवादिन् ॥४४॥

न्याय शास्त्र का यह सिद्धान्त है कि जिसके अभाव में जो कार्य न हो, वह तत्कारणक माना जाता है। जैसे कुम्भकार आदि के बिना घड़ा उत्पन्न नहीं होता, तो वह उसका कारण या कर्त्ता कहा जाता है । इस प्रकार यह सिद्ध हुआ कि प्रत्येक कार्य अपने अपने अविनाभावी कारणों से उत्पन्न होता है । ऐसी स्थिति में हे अभिवादिन्, ईश्वरादि किसी अन्य कारण की कल्पना करने से क्या लाभ है ।।४४।।

इस विषय का विस्तृत विवेचन प्रमेयकमलमार्तण्ड, आप्त-परीक्षा, अष्टसहस्री आदि न्याय के ग्रन्थों में किया गया है । अतः यहां पर अधिक कथन करने से विराम लेते हैं ।

श्रीमान् श्रेष्ठिचतुर्भुजः स सुषुवे भूरामलेत्याह्वयं
वाणीभूषणवर्णिनं घृतवरी देवी च यं धीचयम् ।
सर्गेऽङ्केन्दुसमङ्किते तदुदितेऽनेकान्ततत्त्वस्थितिः
श्रीवीरप्रतिपादिता समभवत्तस्याः पुनीतान्वितिः ।।१९।।

इस प्रकार श्रीमान् सेठ चतुर्भुज और घृतवरी देवी से उत्पन्न हुए, वाणीभूषण, बाल-ब्रह्मचारी पं. भूरामल वर्तमान मुनि ज्ञानसागर-विरचित इस वीरोदय काव्य में वीर-भगवान् द्वारा प्रतिपादित अनेकान्तवाद और वस्तुतत्त्व की स्थिति का वर्णन करने वाला यह उन्नीसवां सर्ग समाप्त हुआ ।।१९।।

❖ ❖ ❖

अथ विंशतितमः सर्गः

जिना जयन्तूत्तमसौख्यकूपाः सम्मोहदंशाय समुत्थधूपाः ।
विश्वस्य विज्ञानि पदैकभूपा दर्पादिसर्पाय तु ताक्ष्यरूपाः ॥१॥

जो उत्तम अतीन्द्रिय सुख के भण्डार हैं, मोह रूप डांस-मच्छरों के लिए दशांगी धूप से उठे हुए धूम्र के समान हैं, जिन्होंने विश्व भर के ज्ञेय पदार्थों को जान लेने से सर्वज्ञ पद को प्राप्त कर लिया है और जो दर्प (अहंकार) मात्सर्य आदि सर्पों के लिए गरुड़-स्वरूप हैं, ऐसे जगज्जयी जिनेन्द्र देव जयवन्त रहें ॥१॥

समुत्थितः स्नेहरुडादिदोषः पटेऽञ्जनादीव तदन्यपोषः ।
निरीहता फेनिलतोऽपसार्य सन्तोषवारीत्युचितेन चार्य ! ॥२॥

जैसे श्वेत वस्त्र में अंजन (काजल) आदि के निमित्त से मलिनता आ जाती है, उसी प्रकार निर्मल आत्मा में भी स्नेह (राग) द्वेष आदि दोष भी अन्य कारणों से उत्पन्न हुए समझना चाहिए। जैसे वस्त्र की कालिमा साबुन और निर्मल जल से दूर की जाती है, उसी प्रकार हे आर्य, निरीहता (वीतराग) रूप फेनिल (साबुन) और सन्तोष रूप जल से आत्मा की मलिनता को दूर करना चाहिए ॥२॥

नक्रादिभिर्वक्रमथाम्बु यद्वन्नदस्य ते ज्ञानमिदं च तद्वत् ।
मदादिभिर्भाति ततो न वस्तु-सम्वेदनायोचितमेतदस्तु ॥३॥

जैसे मगर-मच्छों के द्वारा उन्मथित जल वाले नदी-सरोवरादिक के अन्तस्तल में पड़ी हुई वस्तुएं स्पष्ट दृष्टिगोचर नहीं होती, उसी प्रकार मद-मात्सर्यादि के द्वारा उन्मथित तेरा यह ज्ञान भी अपने भीतर प्रतिबिम्बित समस्त ज्ञेयों को जानने में असमर्थ हो रहा है ॥३॥

नैश्चल्यमाप्त्वा विलसेद्यदा तु तदा समस्तं जगदत्र भातु ।
यदीक्ष्यतामिन्धननाम बाह्यं तदेव भूयादुत बह्निदाह्यम् ॥४॥

जब यह आत्मा क्षोभ-रहित निश्चलता को प्राप्त होकर विलसित होता है, तब उसमें प्रतिबिम्बित यह समस्त जगत् स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगता है, क्योंकि ज्ञेय पदार्थों को जानना ही ज्ञान रूप आत्मा का स्वभाव है। जैसे बाहिरी दाह्य इन्धन को जलाना दाहक रूप अग्नि का काम है, उसी प्रकार बाहिरी समस्त ज्ञेयों को जानना ज्ञायक रूप आत्मा का स्वभाव है ॥४॥

भविष्यतामत्र सतां गतानां तथा प्रणालीं दधतः प्रतानाम् ।
ज्ञानस्य माहात्म्यमसावबाधा-वृत्तेः पवित्रं भगवानथाऽधात् ॥५॥

भविष्य में होने वाले, वर्तमान में विद्यमान और भूतकाल में उत्पन्न हो चुके ऐसे त्रैकालिक पदार्थों की परम्परा को जानना निरावरण ज्ञान का माहात्म्य है । ज्ञान के आवरण दूर हो जाने से सार्वकालिक वस्तुओं को जानने वाले पवित्र ज्ञान को सर्वज्ञ भगवान् धारण करते हैं, अतः वे सर्व के ज्ञाता होते हैं।

भूतं तथा भावि खपुष्पवद्वा निवेद्यमानोऽपि जनोऽस्त्वसद्वाक् ।
तमग्नये त्विन्धनमासमस्य जलायितत्त्वं करकेषु-पश्यन् ॥६॥

जो कार्य हो चुका, या आगे होने वाला है वह आकाश-कुसुम के समान असद्-रूप है और असत् पदार्थ को विषय करने वाला ज्ञान सम्यग्ज्ञान कैसे हो सकता है ? ऐसा कहने वाला मनुष्य भी सम्यक् भाषी नहीं है, क्योंकि अग्नि के लिए इन्धन एकत्रित करने वाला मनुष्य इन्धन में आगे होने वाली अग्नि पर्याय को देखता है और करकों (ओलों) में जल तत्त्व को वह देखता है, अर्थात् वह जानता है कि जल से ओले बने हुए हैं । फिर यह कैसे कहा जा सकता है कि भूत और भावी वस्तु असद्-रूप है, कुछ भी नहीं है ॥६॥

त्रैकालिकं चाक्षमतिश्च वेत्ति कुतोऽन्यथा वार्थ इतः क्रियेति ।
अस्माकमासाद्य भवेदकम्पा नाम्वा प्रजा पातुमुपैति कंका ॥७॥

उपर्युक्त कथन से यह बात सिद्ध होती है कि सर्वज्ञ के ज्ञान की तो बात ही क्या है, हमारा-तुम्हारा इन्द्रिय जन्य ज्ञान भी कथंचित् कुछ त्रिकालवर्ती वस्तुओं को जानता है । अन्यथा मनुष्य किसी भी पदार्थ से कोई काम नहीं ले सकेगा । देखो- पानी को देखकर प्यासा मनुष्य क्या उसे पीने के लिए नहीं दौड़ता ? अर्थात् दौड़ता ही है । इसका अभिप्राय यही है कि पानी के देखने के साथ ही उसके पीने से मिटने वाली प्यास का भी ज्ञान उसे हो गया है । तभी तो वह निःशङ्क होकर उसे पीवेगा और अपनी प्यास को बुझावेगा ॥७॥

प्रास्कायिकोऽङ्गान्तरितं यथेति सौगन्धिको भूमितलस्थमेति ।
को विस्मयस्तत्र पुनर्यतीशः प्रच्छन्नवस्तूचितसम्मतिः सः ॥८॥

इसी प्रकार प्रच्छन्न (गुप्त) वस्तुओं का ज्ञान भी लोगों को होता हुआ देखा जाता है । देखो- प्रास्कायिक-(अङ्ग-निरीक्षक) एक्स रे यन्त्र के द्वारा शरीर के भीतर छिपी हुई वस्तु को देख लेता है और सौगन्धिक (भूमि को सूंघ कर जानने वाला) मनुष्य पृथ्वी के भीतर छिपे या दबे हुए पदार्थों को जान लेता है । फिर यदि अतीन्द्रिय ज्ञान का धारक यतीश्वर देश, काल और भूमि आदि से प्रच्छन्न सूक्ष्म, अन्तरित और दूर-वर्ती पदार्थों को जान लेता है, तो इसमें विस्मय की क्या बात है ॥८॥

यथैति दूरेक्षणयन्त्रशक्त्या चन्द्रादिलोकं किमु योगभक्त्या ।
स्वर्गादिदृष्टावधुनातियोगः सोऽतीन्द्रियो यत्र किलोपयोगः ॥९॥

देखो-दूर-दर्शक यन्त्र की शक्ति से चन्द्रलोक आदि में स्थित वस्तुओं को आज मनुष्य प्रत्यक्ष देख रहे हैं । फिर योग की शक्ति से स्वर्ग-नरक आदि के देखने में क्या आपत्ति आती है ? योगी पुरुष अतीन्द्रिय ज्ञान के धारक होते हैं, वे स्वर्गादि के देखने में उस अतीन्द्रिय ज्ञान का उपयोग करते हैं, ऐसा मानने में कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए ॥९॥

एको न सूचीमपि दृष्टुमर्हः विमन्ददृष्टिः कलितात्मगर्हः ।
परो नरश्चेत् त्रसरेणुदृक्कः किन्नाम न स्यादणुमादधत्कः ॥१०॥

एक मन्द दृष्टिवाला पुरुष सुई को भी देखने के लिए समर्थ नहीं है, इसलिए वह अपनी मन्द दृष्टि की निन्दा करता है और दूसरा सूक्ष्म-दृष्टि वाला मनुष्य त्रसरेणु (अति सूक्ष्म रजांश) को भी देखता है और अपनी सूक्ष्म दृष्टि पर गर्व करता है । फिर योगदृष्टि से कोई पुरुष परमाणु जैसी सूक्ष्म वस्तु को क्यों नहीं जान लेगा ॥१०॥

न्यगादि वेदे यदि सर्ववित्कः निषेधयेत्तं च पुनः सुचित्कः ।
श्रुत्यैव स स्यादिति तूपक्लृप्तिः शाणेन किं वा दृषदोऽपि दृप्तिः ॥११॥

यदि वेद में सर्ववेत्ता होने का उल्लेख पाया जाता हैं, तो फिर कौन सुचेता पुरुष उस सर्वज्ञ का निषेध करेगा । यदि कहा जाय कि श्रुति (वेद-वाक्य) से ही वह सर्वज्ञ हो सकता है, अन्यथा नहीं, तो यह तभी सम्भव है, जब कि मनुष्य में सर्वज्ञ होने की शक्ति विद्यमान हो । देखो-मणि के भीतर चमक होने पर ही वह शाण से प्रकट होती है । क्या साधारण पाषाण में वह चमक शाण से प्रकट हो सकती है ? नहीं । इसका अर्थ यही है कि मनुष्य में जब सर्वज्ञ बनने की शक्ति है, तभी वह श्रुति के निमित्त से प्रकट हो सकती है ॥११॥

सूची क्रमादञ्चति कौतुकानि करण्डके तत्क्षण एव तानि ।
भवन्ति तद्वद्भुवि नस्तु बोध एकैकशो मुक्त इयान्न रोधः ॥१२॥

जैसे सूई माला बनाते समय क्रम-क्रम से एक-एक पुष्प को ग्रहण करती है किन्तु हमारी दृष्टि तो टोकरी में रखे हुए समस्त पुष्पों को एक साथ ही एक समय में ग्रहण कर लेती है । इसी प्रकार हमारे छद्मस्थ जीवों का इन्द्रिय-ज्ञान क्रम-कम से एक-एक पदार्थ को जानता है । किन्तु जिनका ज्ञान आवरण से मुक्त हो गया है, वे समस्त पदार्थों को एक साथ जान लेते हैं, इसमें कोई विरोध नहीं है ॥१२॥

किन्नानुगृह्णाति जगज्जनोऽपि सेना-वनाद्येकपदन्तु कोऽपि ।
समस्तवस्तून्युपयातु तद्वद् विरोधनं भाति जनाः कियद्वः ॥१३॥

हमारे जैसा कोई भी संसारी मनुष्य सेना, वन आदि एक पद को ही सुनकर हाथी, घोड़े, रथ, पियादों के समूह को या नाना प्रकार के वृक्षों के समुदाय को एक साथ जान लेता है, फिर सर्वज्ञ प्रभु का अतीन्द्रिय ज्ञान यदि समस्त वस्तुओं को एक साथ जान लेवे, तो इसमें आप लोगों को कौनसा विरोध प्रतीत होता है ॥१३॥

समेति भोज्यं युगपन्मनस्तु मुखं क्रमेणात्ति तदेव वस्तु ।
मुक्तान्ययोरीदृशमेव भेदमुवैमि भो सज्जन नष्टखेदः ॥१४॥

हे सज्जनो, देखो-थाली में परोसे गये समस्त भोज्य पदार्थों को हमारा मन तो एक साथ ही ग्रहण कर लेता है, अर्थात् प्रत्येक वस्तु के भिन्न-भिन्न स्वादों को एक साथ जान लेता है, किन्तु उन्हीं वस्तुओं को मुख एक-एक ग्रास के क्रम से ही खाता है । बस, इसी प्रकार का भेद आवरण-विमुक्त अतीन्द्रिय ज्ञानियों के और आवरणयुक्त इन्द्रिय ज्ञान वाले अन्य लोगों के ज्ञान में दुखातीत सर्वज्ञ ने कहा है, ऐसा जानना चाहिए ॥१४॥

उपस्थिते वस्तुनि वित्तिरस्तु नैकान्ततो वाक्यमिदं सुवस्तु ।
स्वप्नादिसिद्धेरिह विभ्रमस्तु भो भद्र ! देशादिकृतः समस्तु ॥१५॥

यदि कहा जाय कि वर्तमान काल में उपस्थित वस्तु का तो ज्ञान होना ठीक है, किन्तु जो वस्तु है ही नहीं, ऐसी भूत या भविष्यत्कालीन अविद्यमान वस्तुओं का ज्ञान होना कैसे संभव है ? तो यह कहना भी एकान्त से ठीक नहीं है, क्योंकि स्वप्नादि से अविद्यमान भी वस्तुओं का ज्ञान होना सिद्ध है । यदि कहा जाय कि स्वप्नादि का ज्ञान तो विभ्रम रूप है, मिथ्या है, सो हे भद्र पुरुष यह कहना ठीक नहीं है, क्योंकि स्वप्न में देखी गई वस्तु का देश-कालादि-कृत भेद हो सकता है, किन्तु सर्वथा वह ज्ञान मिथ्या नहीं होता ॥१५॥

भावार्थ - स्वप्न में देखी गई वस्तु भले ही उस समय उस देश में न हो, किन्तु कहीं न कहीं किसी देश में और किसी काल में तो उसका अस्तित्व है ही । इसलिए वह सर्वथा मिथ्या रूप नहीं है ।

यद्वा स्मृतेः साम्प्रतमर्थजातिः किमस्ति या सङ्गतये विभाति ।
सा चेदसत्याऽनुमितिः कथं स्यादेवन्तु चार्वाकमतप्रशंसा ॥१६॥

अथवा स्वप्न ज्ञान को रहने दो । स्मरण ज्ञान का विषयभूत पदार्थ- समूह क्या वर्तमान में विद्यमान है । वह भी तो देशान्तर और कालान्तर में ही रहता है । फिर अविद्यमान वस्तु के ज्ञान को सत्य माने बिना स्मृति ज्ञान के प्रमाणता की संगति के लिए क्या आधार मानोगे । यदि कहा जाय कि स्मृति तो असत्य है, प्रमाण रूप नहीं है, तो फिर अनुमान ज्ञान के प्रमाणता कैसे मानी जा सकेगी ? क्योंकि कार्य-कारण के अविनाभावी सम्बन्ध के स्मरणपूर्वक ही तो अनुमान ज्ञान उत्पन्न होता है । यदि कहो

कि अनुमान ज्ञान भी अवस्तु है-अप्रमाण रूप है-तब तो चार्वाक (नास्तिक) मत ही प्रशंसनीय हो जाता है, जो कि केवल एक प्रत्यक्ष वस्तु के ज्ञान को ही प्रमाण मानता है ॥१६॥

स चात्मनोऽभीष्टमनिष्टहानि-पुरस्सरं केन करोतु मानी ।
ततोऽनुमापि प्रतिपादनीया या चाऽविनाभूस्मृतितो हि जायात् ॥१७॥

यदि कहा जाय कि अनुमान ज्ञान को प्रमाण नहीं मानना हमें अभीष्ट है, तो हम पूछते हैं कि फिर अनुमान के बिना आप चार्वाक लोगों के लिए अनिष्ट परलोक आदिका निषेध कैसे संभव होगा? इसलिये चार्वाकों को भी अपने अभीष्ट सिद्धि के लिये अनुमान को प्रमाण मानने पर स्मृति-को प्रमाण मानना ही पड़ेगा, क्योंकि अनुमान तो साध्य-साधन के अविनाभाव-सम्बन्ध की स्मृति से ही होता है। इस प्रकार जब बीती हुई बात को जानने वाला हम लोगों का स्मरण-ज्ञान प्रमाण सिद्ध होता है, तब भूत और भविष्य की बातों को जानने वाला सर्वज्ञ का अतीन्द्रिय ज्ञान कैसे प्रमाण न माना जायगा ? अतएव सर्वज्ञ के भूत-भावी वस्तु-विषयक ज्ञान को प्रमाण मानना ही चाहिए ॥१७॥

श्रुताधिगम्यं प्रतिपद्य वस्तु नाध्यक्षमिच्छेदिति कोऽयमस्तु ।
दुराग्रहोऽपास्य गुरुं विनेयमभीच्छतो यद्वदहो प्रणेयः ॥१८॥

परोक्ष ज्योतिष शास्त्र आदि से ज्ञात होने वाले सूर्य-ग्रहण, चन्द्र-ग्रहण आदि बातों को स्वीकार करके भी यदि कोई अतीन्द्रिय प्रत्यक्ष ज्ञान के द्वारा ज्ञात होने वाली वस्तुओं को स्वीकार न करें, तो उसे दुराग्रह के सिवाय और क्या कहा जाय ? क्योंकि प्रत्यक्षदृष्टा के वचनों को ही शास्त्र कहते हैं। इसलिए प्रत्यक्ष-दृष्टा सर्वज्ञ को स्वीकार करना चाहिए । जैसे गुरु के बिना शिष्य नहीं हो सकता, उसी प्रकार सर्वदर्शी शास्ता के बिना शास्त्र का होना संभव नहीं है ॥१८॥

यदस्ति वस्तूदितनामधेयं ज्ञेयं न भूयात्तु कुतः प्रणेयम् ।
ज्ञेयं तदध्यक्षमपीति नीतेस्तत्पूर्वकत्वादपरप्रणीतेः ॥१९॥

जो कोई भी वस्तु है, वह ज्ञेय है, और ज्ञेय को किसी न किसी ज्ञान का विषय अवश्य होना चाहिए । यदि वस्तु को ज्ञेय न माना जाय, तो उसको प्रणेय (ज्ञातव्य या वर्णन) कैसे माना जा सकेगा। अतएव प्रत्येक वस्तु ज्ञेय है, वह किसी न किसी के प्रत्यक्ष होना ही चाहिए। क्योंकि अन्य सब ज्ञानों का मूल आधार तो प्रत्यक्ष ज्ञान ही है । इस प्रत्यक्ष ज्ञान-पूर्वक ही अन्य ज्ञान प्रस्तुत होते हैं । अतः सम्पूर्ण पदार्थों का प्रत्यक्ष-दृष्टा भी कोई न कोई अवश्य है, यह बात निश्चित होती है ॥१९॥

नालोकसापेक्षमुलूकजातेर्ज्ञानं दृगुत्पन्नमहो यथा ते ।
नासन्नतापेक्ष्यमिदं भविन्नः प्रत्यक्षमीशस्य समस्तु किन्न ॥२०॥

यदि कहा जाय कि आलोक (प्रकाश) आदि बाहिरी साधनों की सहायता से ही हमें पदार्थों का ज्ञान होता है, तब उसके बिना अतीन्द्रिय ज्ञानी को पदार्थों का ज्ञान कैसे हो जायगा ? सो यह कहना

भी ठीक नहीं है, कारण कि उल्लू आदि रात्रिचर जीवों को आलोक आदि के बिना भी ज्ञान होता हुआ देखा जाता है । इसलिए आलोक आदि की अपेक्षा से ज्ञान होता है, यह कथन दूषित सिद्ध होता है । यदि कहा जाय कि आसन्नता (निकटता) की अपेक्षा पदार्थों का ज्ञान होता है, सो यह कहना भी ठीक नहीं, क्योंकि दूरवर्ती भी पदार्थों का ज्ञान गिद्ध आदि पक्षियों को होता हुआ देखा जाता है। जब इन उल्लू-गिद्ध आदि को भी प्रकाश और सामीप्य के बिना अन्धकार-स्थित एवं दूर-वर्ती पदार्थों का ज्ञान होना संभव है, तब हे भव्य प्राणी, सर्व-दर्शी ईश्वर को सब का प्रत्यक्ष ज्ञान होना क्यों न संभव माना जाय ॥२०॥

आत्मानमक्षं प्रति वर्तते यत् प्रत्यक्षमित्याह पुरुः पुरेयत् ।
यदिन्द्रियाद्यैरुपजायमानं परोक्षमर्थाद्भवतीह मानम् ॥२१॥

विश्वदृष्वा सर्वज्ञ का ज्ञान प्रत्यक्ष होकर भी इन्द्रिय, आलोक आदि की सहायता के बिना ही उत्पन्न होता है । भगवान् पुरु (ऋषभ) देव ने 'अक्षं आत्मानं प्रति यद् वर्तते, तत्प्रत्यक्ष' ऐसा कहा है । अर्थात् जो ज्ञान केवल आत्मा की सहायता से उत्पन्न हो, वह प्रत्यक्ष ज्ञान कहलाता है और जो ज्ञान इन्द्रिय, आलोक आदि की सहायता से उत्पन्न होता है, वह ज्ञान जैनागम में वस्तुतः परोक्ष ही माना गया है ॥२१॥

सर्वज्ञतामाप च वर्धमानः न श्राद्धिकोऽयं विधिरेकतानः ।
ताथागतोक्तेऽध्ययनेऽपि तस्य प्रशस्तिभावाच्छृणु भो प्रशस्य ॥२२॥

श्री वर्धमान स्वामी ने सर्वज्ञता को प्राप्त किया था, यह बात केवल श्रद्धा का ही विषय नहीं है, अपितु इतिहास से भी सिद्ध है । देखो-ताथागत (बौद्ध) प्रतिपादित मज्झिमनिकाय आदि ग्रन्थों में भी निग्गंथनाठपुत्त भगवान् महावीर को दिव्य ज्ञानी और जन्मन्तरों का वेत्ता कहा गया है । अतएव हे भव्योत्तम, बौद्ध ग्रन्थों की उक्त प्रशस्ति से तुम्हें भी भगवान् महावीर को सर्वज्ञ मानना चाहिए ॥२२॥

वृथाऽभिमानं व्रजतो विरुद्धं प्रगच्छतोऽस्मादपि हे प्रबुद्ध ।
प्रवृत्तिरेतत्पथतः समस्ति ततोऽस्य सत्यानुगता प्रशस्तिः ॥२३॥

इसलिए हे प्रबुद्ध (जागरूक) भव्य, व्यर्थ के अभिमान को प्राप्त होकर भगवान् महावीर के द्वारा प्रतिपादित मार्ग से विरुद्ध चलना ठीक नहीं है । क्योंकि उनके द्वारा प्रतिपादित अनेकान्तवाद के मार्ग से ही लौकिक, दार्शनिक एवं आध्यात्मिक जगत की प्रवृत्ति समीचीन रूप से चल सकती है, अन्यथा नहीं । इसलिए भगवान् महावीर के सर्वज्ञता सम्बन्धी प्रशस्ति सत्यानुगत (सच्ची) है, यह अनायास ही स्वतः सिद्ध हो जाता है ॥२३॥

ज्ञानाद्विना न सद्वाक्यं ज्ञानं नैराश्यमञ्चतः ।
तस्मान्नमो नमोहाय जगतामतिवर्तिने ॥२४॥

पूर्ण या सत्य ज्ञान के बिना सद्-वाक्य संभव नहीं है और निराशा, निरीहता एवं वीतरागता को प्राप्त पुरुष के ही पूर्ण सत्य ज्ञान हो सकता है, अन्य के नहीं। इसलिए जगत् से परवर्ती अर्थात् जगज्जंजालों से रहित उस विमोही महात्मा के लिए हमारा नमस्कार है ॥२४॥

यज्ज्ञानमस्तसकलप्रतिबन्धभावाद्
व्याप्नोति विश्वगपि
विश्वभवांश्च भावान् ।
भद्रं तनोतु भगवान् जगते जिनोऽसा-
वङ्केऽस्य न स्मयरयाभिनयादिदोषाः ॥२५॥

जिनका ज्ञान समस्त प्रतिबन्धक कारणों के दूर हो जाने से सर्व विश्व भर के पदार्थों को व्याप्त कर रहा है, अर्थात् जान रहा है और जिनके भीतर मद, मत्सर, आवेग, राग, द्वेषादि दोष नहीं है, ऐसे वे जिन भगवान् समस्त संसार का कल्याण करें ॥२५॥

श्रीमान् श्रेष्ठिचतुर्भुजः स सुषुवे भूरामलेत्याह्वयं
वाणीभूषणवर्णिनं घृतवरी देवी च यं धीचयम् ।
सर्वज्ञत्वमुताह वीरभगवान् यत्प्राणिनां भूषणं
सर्गे खाक्षिमिते तदीयगदिते व्यक्तं किलादूषणम् ॥२०॥

इस प्रकार श्रीमान् सेठ चतुर्भुज और घृतवरी देवी से उत्पन्न हुए, वाणी-भूषण, बाल ब्रह्मचारी, पं. भूरामल वर्तमान मुनि ज्ञानसागर-विरचित इस वीरोदय काव्य में भगवान् महावीर की सर्वज्ञता का प्रतिपादन करने वाला बीसवां सर्ग समाप्त हुआ ॥२०॥

❖ ❖ ❖

अथैकविंशः सर्गः

शिवश्रियं यः परिणेतुमिद्धः समाश्रितो वल्लभतां प्रसिद्धः ।
धरातले वीक्षितुमर्हतां तं पतिं शरत् प्राप किलैककान्तम् ॥१॥

जो शिव-लक्ष्मी को विवाहने के लिये उद्यत हैं, सर्व जनों की वल्लभता को प्राप्त हैं, जगत् में प्रसिद्ध हैं, अरहन्तों के स्वामी हैं और अद्वितीय सुन्दर हैं, ऐसे भगवान् महावीर कोदेखने के लिए ही मानो शरद् ऋतु धरातल पर अवतीर्ण हुई ॥१॥

परिस्फुरत्तारकता ययाऽऽपि सिताम्बरा गुप्तपयोधरापि ।
जलाशयं सम्प्रति मोदयन्ती शरन्नवोढेयमथाव्रजन्ती ॥२॥

यह शरद्-ऋतु नव-विवाहिता स्त्री के समान आती हुई ज्ञात हो रही है । जैसे नवोढ़ा स्त्री के नेत्रों की तारकाएं (पुतलियां) चंचल होती हुई चमकती हैं, उसी प्रकार यह शरद्-ऋतु भी आकाश में ताराओं की चमक से युक्त हैं । जैसे नवोढा वधू स्वच्छ वस्त्र धारण करती हैं, उसी प्रकार यह शरद्-ऋतु भी स्वच्छ आकाश को धारण कर रही है । जैसे नवोढा अपने पयोधरों (स्तनों) को गुप्त रखती है, उसी प्रकार यह शरद्-ऋतु भी पयोधरों (बादलों) को अपने भीतर छिपा कर रख रही है । और जैसे नवोढा लोगों के हृदयों को प्रमुदित करती है, उसी प्रकार यह शरद्-ऋतु भी जलाशयों में कमलों को विकसित कर रही है ॥२॥

परिस्फुरत्षष्ठिशरद् धराऽसौ जाता परिभ्रष्टपयोधरा द्यौः ।
इतीव सन्तप्ततया गभस्तिः स्वयं यमाशायुगयं समस्ति ॥३॥

शरद्-ऋतु में साठी धान्य पक जाती है, आकाश बादलों से रहित हो जाता है और सूर्य उत्तरायण से दक्षिणायन हो जाता है । इस स्थिति को लक्ष्य में रख कर इस श्लोक में व्यंग्य किया गया है कि अपनी धरा रूप स्त्री को साठ वर्ष की हुई देखकर, तथा द्यौ नाम की स्त्री को भ्रष्ट-पयोधरा (लटकते हुए स्तनों वाली) देखकर ही मानों सूर्य सन्तप्त चित्त होकर स्वयं भी यमपुर जाने के लिए तत्पर हो रहा है ॥३॥

पुरोदकं यद्विषदोद्भवत्वात्सुधाकरस्याद्यकरैर्धृतत्वात् ।
पयस्तदेवास्ति विभूतिपाते बलीयसी सङ्गतिरेव जातेः ॥४॥

वर्षा ऋतु में जो जल विषद अर्थात् मेघों से, पक्षान्तर में विष देने वालों से उत्पन्न होने के कारण लोगों को अतीव कष्ट-कारक प्रतीत होता था, वही अब शरद्-ऋतु में सुधा (अमृत) मय कर (हाथ)

वाले सुधाकर (चन्द्रमा) की किरणों का सम्पर्क पाने से दूध जैसा स्वच्छ एवं सुस्वादु बन गया । नीतिकार कहते हैं कि जाति की अपेक्षा संगति ही बलवती होती है ॥४॥

विलोक्यते हंसरवः समन्तान्मौनं पुनर्भोगभुजो यदन्तात् ।
दिवं समाक्रामति सत्समूहः सेयं शरद्योगिसभाऽस्मदूहः ॥५॥

कवि कहते हैं कि हमारे विचार से यह शरद्-ऋतु योगियों की सभा के समान प्रतीत होती है जैसे योगियों की सभा में 'अहं सः' (मैं वही परमात्म-रूप हूँ) इस प्रकार ध्यान में प्रकट होने वाला शब्द होता है, उसी प्रकार इस शरद्-ऋतु में हंसों का सुन्दर शब्द प्रकट होने लगता है । तथा जैसे योगियों की सभा में भोगों को भोगने वाले भोगी-जन मौन-धारण करते हैं, उसी प्रकार इस शरद्-ऋतु में भोगों अर्थात सर्पों को खा जाने वाले मयूर गण बोलना बन्द कर मौन धारण कर लेते हैं । इसी प्रकार जैसे योगियों की सभा में सज्जनों का समूह स्वर्ग पाने का प्रयत्न करता है, उसी प्रकार इस शरद् ऋतु में तारागण आकाश में चमकते हुए आगे बढ़ने का प्रयत्न करते हैं ॥५॥

स्फुरत्पयोजातमुखी स्वभावादङ्के शयालीन्द्रकुशेशया वा ।
शरच्छ्रियं दृष्टुमपङ्कपात्री विस्फालिताक्षीव विभाति धात्री ॥६॥

शरद्-ऋतु में पृथ्वी पर कमल खिलने लगते हैं और उन पर आकर भौंरें बैठते हैं, तथा सारी पृथ्वी कीचड़-रहित हो जाती है । इस स्थिति को देखकर कवि उत्प्रेक्षा करते हुए कहते हैं कि निर्मल पात्र वाली पृथ्वी विकसित कमल-मुखी होकर भ्रमर रूप नेत्रों को धारण करती हुई मानों अपने नेत्रों को खोल कर शरद् ऋतु की शोभा देखती हुई शोभित हो रही है ॥६॥

इत प्रसादः कुमुदोदयस्य श्रीतारकाणान्तु ततो वितानम् ।
मरालबालस्तत इन्दुचालः सरोजलं व्योमतलं समानम् ॥७॥

शरद् ऋतु में सरोवर का जल और गगन-तल एक समान दिखते हैं । देखो-इधर सरोवर में तो कुमुद (श्वेत कमल) के उदय का प्रसाद होता है, अर्थात् श्वेत कमल खिल जाते हैं और उधर ताराओं की कान्ति का विस्तार हो जाता है । इधर सरोवर में मराल (हंस) का बालक चलता हुआ दृष्टिगोचर होता है और उधर चन्द्रमा की चाल दृष्टिगोचर होती है ॥७॥

नभोगृहे प्राग्विषदैरुदूढे चान्द्रीचयैः क्षालननामगूढे ।
विकीर्य सत्तारकतन्दुलानीन्दुदीपमञ्चेत्क्षणदा त्विदानीम् ॥८॥

जो आकाश रूप गृह पहिले विष (जल) दायी मेघों से उपगूढ़ (व्याप्त) अर्थात् विष-दूषित था, वह अब चन्द्रिका रूप जल-समूह से प्रक्षालित हो गया है । अतएव उसमें इस समय मंगल के लिए ही मानों रात्रि ने चन्द्रमा रूप दीपक रखकर तारा रूप चांवलों को बिखेर दिया है ॥८॥

तारापदेशान्मणिमुष्टिनारात्प्रतारयन्ती विगताधिकारा ।
सोमं शरत्सम्मुखमीक्षमाणा रुषेव वर्षा तु कृतप्रयाणा ॥९॥

सोम (चन्द्रमा) को शरद् ऋतु के सम्मुख गया हुआ देखकर अपने अधिकार से रहित हुई वर्षा ऋतु मानों रोष से ताराओं के बहाने मुट्ठी में भरे हुए मणियों को फेंक कर प्रतारणा करती हुई वहां से शीघ्र चली गई ॥९॥

जिघांसुरप्येणगणः शुभानामुपान्तभृच्छालिकबालिकानाम् ॥
सुगीतिरीतिश्रवणेशितेति न शालिमालं स पुनः समेति ॥१०॥

धान्य चरने के लिए आया हुआ मृग-समूह धान्य रखाने वाली सुन्दर बालिकाओं के द्वारा गाये जाने वाले मधुर गीतों के सुनने में इस प्रकार तल्लीन हो जाता है कि वह धान्य को चरना भूल जाता है और फिर धान्य की क्यारियों में नहीं आता है ॥१०॥

जिता जिताम्भोधरसारभासां रुतैरुतामी पततामुदासाः ।
उन्मूलयन्ति स्वतनूरुहाणि शिखावला आश्विनमासि तानि ॥११॥

इस शारदीय आश्विन मास में मेघों की भी गम्भीर वाणी को जीतने वाले हंसों के शब्दों से हम लोग पराजित हो गये हैं, यह सोच करके ही मानों उदास हुए मयूर गण अपने शरीर की पांखों को उखाड़-उखाड़ कर फेंकने लगते हैं ॥११॥

क्षेत्रेभ्य आकृष्य फलं खलेषु निक्षिप्यते चेत्कृषकैस्तु तेषु ।
फलेशवेषः कुनरेशदेशः को वाऽनयोरस्तु मिथो विशेषः ॥१२॥

जब किसान लोग उत्पन्न हुई धान्य को खेतों में से ला-लाकर खलों (खलियानों और पक्षान्तर में दुर्जन पुरुषों) में फेंक रहे हैं, तब यह शरद् काल खोटे राजा के देश के समान है, क्योंकि उन दोनों में परस्पर क्या विशेषता है ? अर्थात् कुछ भी नहीं ॥१२॥

स्मरः शरद्यस्ति जनेषु कोपी तपस्विनां धैर्यगुणो व्यलोपि ।
यतो दिनेशः समुपैति कन्याराशिं किलासीमतपोधनोऽपि ॥१३॥

शरद्-ऋतु में कामदेव मनुष्यों पर कुपित होता है और तपस्वी जनों के भी धैर्य गुण का लोप कर देता है । क्योंकि असीम तपोधन वाला अर्थात् प्रचुर ताप को धारण करने वाला सूर्य भी इस समय सिंह-राशि को छोड़ कर कन्या-राशि को प्राप्त होता है ॥१३॥

भावार्थ - सूर्य जैसा तेजस्वी देव भी इस शरद् काल में कामासक्त होकर अपनी सिंह वृत्ति को छोड़ कन्याओं के समूह पर आ पहुँचता है । यह आश्चर्य की बात है ।

ते शारदा गन्धवहाः सुवाहा वहन्ति सप्तच्छदगन्धवाहाः ।
सन्मैथुनम्लानवधूविहारातिमन्थरामोदमयाधिकाराः ॥१४॥

वे शरद्-कालीन हवाएं, जो सप्तपर्ण वृक्षों की सुगन्ध को लेकर बहा करती हैं, वे इस समय मैथुन-प्रसंग से शिथिल हुई बधुओं के समीप विहार करने से अति मन्थर (मन्द) गति वाली और आमोदयुक्त अधिकार वाली होकर काम-वासना को बढ़ाने में और भी अधिक सहायक हो जाती है ॥१४॥

मही-महाङ्के मधुबिन्दुवृन्दैः सुपिच्छिले पान्थ इतोऽपि विष्वक् ।
सरोजिनीं चुम्बति चञ्चरीके निक्षिप्तदृष्टिः स्खलतीति शश्वत् ॥१५॥

फूलों के मधु-बिन्दुओं के समूह से अति पिच्छिल (कीचड़युक्त) हुए इस भूमण्डल पर चलने वाला पथिक जब कमलिनी को चूमते हुए भ्रमर अपनी दृष्टि डालता है, तब अपनी प्राणप्रिया की याद कर पग-पग पर स्खलित होने लगता है ॥१५॥

तल्लीनरोलम्बसमाजराजि-व्याजेन जाने शरदाऽङ्कितानि ।
नामाक्षराणीव मनोभवस्यातिपेशले पद्मदलेऽर्पितानि ॥१६॥

अति सुन्दर कमल-दल पर आकर निश्चल रूप से बैठे हुए भ्रमर-पंक्ति के बहाने से मानों शरद् ऋतु ने कामदेव की प्रशस्ति के अक्षर ही लिख दिये है, ऐसा प्रतीत होता है ॥१६॥

रमा समासाद्य भुजेन सख्याः स्कन्धं तदन्यार्धशयात्तमध्या ।
पन्थानमीषन्मरुता धुतान्तःकुचाञ्चला कस्य कृतेऽक्षिकृद्या ॥१७॥

इस शरद् ऋतु में मन्द-मन्द चलती हुई हवा से जिसके स्तनों का आंचल कम्पित हो रहा है, ऐसी कोई प्रोषित-भर्तका नारी एक हाथ अपनी सखी के कन्धे पर रख कर और दूसरा हाथ अपनी कमर पर रख कर खड़ी होकर किस भाग्यवान् के लिए प्रतीक्षा करती हुई मार्ग को देख रही है ॥१७॥

स्वयं शरच्चामरपुष्पिणीयं छत्रं पुनः सप्तपलाशकीयम् ।
हंसध्वनिर्बन्धनतो विमुक्तः स्मरस्तु साम्राज्यपदे नियुक्तः ॥१८॥

इस शरद्-ऋतु में ऐसा प्रतीत होताहै, मानों कामदेव साम्राज्य पद पर नियुक्त हुआ है, जिसके चंवर तो फूले हुए कांस हैं और सप्तपर्ण के पत्र ही मानों छत्र हैं । तथा राज्याभिषेक की खुशी में कारागार के बन्धन से विमुख हंसो की ध्वनि ही गाई जाने वाली विरुदावली है ॥१८॥

अनन्यजन्यां रुचिमाप चन्द्र आत्मप्रियायामिति कोऽस्त्वमन्द्रः ।
इत्येवमेकान्ततयाऽनुराग-सम्वर्धनोऽभूच्छरदो विभागः ॥१९॥

इस समय चन्द्रमा भी अपनी प्राणप्रिया रात्रि में ऐसी अनन्यजन्य कान्ति को धारण कर रहा है, जैसी कि उसने शेष पांचों ऋतुओं में कभी नहीं धारण की थी। इस समय कौन आलसी पुरुष अपनी प्राण-प्यारी के प्रति उदासीन रहेगा ? इस प्रकार शरद्-ऋतु का यह समय-विभाग एकान्त रूप से लोगों में अपनी स्त्रियों के प्रति अनुराग बढ़ाने वाला हो रहा है ॥१९॥

अपि मृदुभावाधिष्ठशरीरः सिद्धिश्रियमनुसर्तुं वीरः ।
कार्त्तिककृष्णाब्धीन्दुनुमायास्तिथेर्निशायां विजयनमथाऽयात् ॥२०॥

ऐसी शरद-ऋतु में अति मृदुल शरीर को धारण करने वाले भगवान् महावीर भी मुक्ति-लक्ष्मी को प्राप्त करने के लिए कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी की रात्रि में एकान्त स्थान को प्राप्त हुए ॥२०॥

पावानगरोपवने मुक्तिश्रियमनुगतो महावीरः ।
तस्या वर्त्मानुसरन् गतोऽभवत् सर्वथा धीरः ॥२१॥

उसी रात्रि के अन्तिम समय में वे धीर वीर महावीर पावानगर के उपवन में मुक्ति-लक्ष्मी के अनुगामी बने और उसके मार्ग का अनुसरण करते हुए वे सदा के लिए चले गये ॥२१॥

प्रापाथ तादृगनुबन्धनिबद्धभावं
प्रत्यागतो न भगवान् पुनरद्य यावत् ।
तस्या मुखाम्बुरुहि सङ्गतदृष्टिरस्मात्
तस्यैव भाक्तिकजनानपि दृष्टुमस्मान् ॥२२॥

इसके पश्चात् भगवान महावीर उस सिद्धि-वधू के साथ ऐसे अनुराग भाव से निबद्ध हुए कि वहां से वे आज तक भी लौट कर वापिस नहीं आये। वे उस सिद्धि:वधू के मुख-कमल पर ऐसे आसक्त दृष्टि हुए कि हम भक्त जनों को देखने की भी उन्हें याद नहीं रही ॥२२॥

देवैर्नरैरपि परस्परतः समेतै
र्दीपावली च परितः समपादि एतैः ।
तद्वर्त्म शोधितुमिवाथ तकैः स हूतः
नव्यां न मोक्तुमशकत्सहसात्र पूतः ॥२३॥

भगवान् महावीर के मुक्ति-वधू के पास चले जाने पर उनका मार्ग शोधन करने के लिए ही मानों देवों और मनुष्यों ने परस्पर मिलकर चारों ओर दीपावली प्रज्वलित की, उन्हें ढूंढा और पुकारा भी। किन्तु वे पवित्र भगवान् उस नव्य दिव्य मुक्ति-वधू को सहसा छोड़ने के लिए समर्थ न हो सके ॥२३॥

सोऽसौ स्वशिष्यगुरुगौतममात्मनीने
कैवल्यशर्मणि नियुक्तमगादहीने ।
कृत्वेति सिद्धवनितामनुतामचिन्तः
रेमे स्म किं पुनरुदीक्षत इङ्गिनीं तत् ॥२४॥

वे भगवान् महावीर अपने महान् केवलज्ञान मयी अनन्त सुख रूप सिंहासन पर अपने प्रधान शिष्य गौतम गणधर को नियुक्त करके गये, इसलिए उन्हें हम लोगों के संभालने की चिन्ता न रही और इसी कारण वे उस आनन्द-दायिनी मुक्ति-वधू के प्रेम में अनन्य रूप से संलग्न हो गये ॥२४॥

श्रीमान् श्रेष्ठिचतुर्भुजः स सुषुवे भूरामलेत्याह्वयं
वाणीभूषणवर्णिनं घृतवरी देवी च यं धीयतम् ।
तस्या सावुपयाति सर्ग उत सा चन्द्राक्षिसंख्ये कृतिः
सम्प्राप्ते शरदागमेऽनु समभूद्वीरप्रभुर्निर्वृतिम् ॥२१॥

इस प्रकार श्रीमान् सेठ चतुर्भुज और घृतवरी देवी से उत्पन्न हुए, वाणी-भूषण, बाल-ब्रह्मचारी, पं. भूरामल वर्तमान मुनि ज्ञानसागर विरचित इस वीरोदय काव्य में भगवान् महावीर के निर्वाणगमन को वर्णन करने वाला इक्कीसवां सर्ग समाप्त हुआ ॥२१॥

❖ ❖ ❖

अथ द्वाविंशः सर्गः

वीरस्तु धर्ममिति यं परितोऽनपायं
विज्ञानतस्तुलितमाह जगद्धिताय।
तस्यानुयायिधृतविस्मरणादिदोषा-
द्याऽभूद्दसा क्रमगतोच्यत इत्यहो सा ॥१॥

वीर भगवान् ने सर्व प्रकार से निर्दोष और विज्ञान-सन्तुलित जिस धर्म का उपदेश जगत् भर के प्राणियों के हित के लिए दिया था, उस धर्म की जो दशा भगवान् महावीर के ही अनुयायियों द्वारा विस्मरण आदि दोष से हुई, वह क्रम से यहां पर कही जाती है ॥१॥

भो भो प्रपश्यत पुनीतपुराणपन्था विश्वस्य शैत्यपरिहारकृदेककन्था ।
आभद्रबाहु किल वीरमतानुगाना मेका स्थितिः पुनरभूदसकौ द्विदाना ॥२॥

हे पाठको देखो- वह पवित्र, पुरातन (सनातन) धर्म-पन्थ (मार्ग) विश्व की शीतता (जड़ता) को परिहार करने के लिए अद्वितीय कन्था (रिजाई) के समान था । उस धर्म के अनुयायियों की स्थिति भद्रबाहु श्रुतकेवली तक तो एक रूप रही,पुनः वह दो धाराओं में परिणत हो गई ॥२॥

कर्णाटकं स्थलमगात् स तु भद्रबाहु
र्यं वीरवाचि कुशलं मनुयः समाहुः ।
स्थौल्येन भद्र इति कोऽपि तदर्थवेत्ता ।
वीरस्य वाचमनुसन्धृतवान् सचेताः ॥३॥

जिन भद्रबाहु को मुनिजन वीर-वचन कुशल (श्रुत केवली) कहते थे, वे भद्रबाहु तो उत्तर-प्रान्त में दुर्भिक्ष के प्रकोप से दक्षिण प्रान्त के कर्णाटक देश को चले गये । इधर उत्तर प्रान्त में रह गये स्थूलभद्र मुनि ने - जो कि अपने को वीर-वाणी के अर्थ-वेत्ता और सुचेत्ता मानते थे-उन्होंने महावीर के प्रवचनों का संग्रह किया ॥३॥

ये स्पष्टशासनविदः खलु भद्रबाहो
स्तैरस्य कर्म सतुषं गदितं तदाहो ।

संशोधितं न निजचेष्टितमित्यनेन
तेषां समं न समभून्मिलनं निरेनः ॥४॥

जो मुनिजन भद्रबाहु श्रुतकेवली के शासन के स्पष्ट जानकार थे, उन्होंने स्थूलभद्र के उक्त संग्रह को उस समय सदोष कहा और उसे संशोधन करने के लिए निवेदन किया। किन्तु उन्होंने अपनी कृति का संशोधन नहीं किया और इसी कारण उनका परस्पर निर्दोष सम्मिलन नहीं हो सका ॥४॥

यत्सम्प्रदाय उदितो वसनग्रहेण
सार्धं पुरोपवनादिविधौ रयेण ।
यो वीरभावमतिवर्त्य सुकोमलत्व
शिक्षां प्रदातुमधितिष्ठति सर्वकृत्वः ॥५॥

इन स्थूलभद्र के उपदेश एवं आदेश से जो सम्प्रदाय प्रकट हुआ, वह वीर-भाव (सिंह वृत्ति) को गौण करके वन-वास छोड़कर पुर-नगरादि में रहने लगा और कठिन तपश्चरण एवं नग्नता के स्थान पर वस्त्र-धारणादि सुकुमारता की शिक्षा देने के लिए वेग से सर्व ओर फैल गया ॥५॥

देवर्द्धिराप पुनरस्य हि सम्प्रदायी
यो विक्रमस्य शरवर्षशतोत्तरायी ।
सोऽङ्गाख्यया प्रकृतशास्त्रविधिस्तदीयाऽऽ
म्नायं च पुष्टिमनयज्जगतामितीयान् ॥६॥

पुनः इन्हीं स्थूलभद्र की सम्प्रदाय वाले देवर्द्धि गणी जो विक्रम से पांच सौ वर्ष पीछे हुए। उन्होंने आचाराङ्ग आदि अंगनाम से प्रसिद्ध आगमों की रचना कर स्थूलभद्र के आम्नाय की पुष्टि की, जिससे कि उनका सम्प्रदाय जगत् में इतना अधिक फैल गया ॥६॥

काँश्चित् पटेन सहितान् समुदीक्ष्य चान्या
नाहुर्दिगम्बरतया जगतोऽपि मान्याः ।
स्वाभाविकं सहजवेषमुपाददानान्
वेदेऽपि कीर्त्तितगुणान्मनुजास्तथा तान् ॥७॥

उस समय कितने ही वीर-मतानुयायी साधुओं को स्वेत पट-सहित देखकर लोग उन्हें सितपट या श्वेताम्बर कहने लगे और वेद में भी जिनके गुणों का गान किया गया है ऐसे जगन्मान्य,सहज (जन्म-जात) स्वाभाविक नग्न वेष के धारक अन्य साधुओं को नग्नाट या दिगम्बर कहने लगे ॥७॥

वीरस्य वर्त्मनि तकैः समकारि यत्नः स्थातुं यथावदथ कः खलु मर्त्यरत्नः ।
बाल्येऽपि यौवनवयस्यपि वृद्धतायां तुल्यत्वमेव वसुधावलयेसदाऽयात् ॥८॥

उन लोगों ने भगवान् महावीर के मार्ग पर यथावत् स्थिर रहने के लिए भर-पूर प्रयत्न किया, किन्तु कालदोष से वे उस पर यथापूर्व स्थिर न रह सके । जैसे कि कोई पुरुष-रत्न (श्रेष्ठ-मनुष्य) प्रयत्न करने पर भी बालपन में, यौवन वय में और वृद्धावस्था में काल के निमित्त से होने वाले परिवर्तन में तुल्यता रखने के लिए इस भूतल पर कभी भी समर्थ नहीं हो सकता है ॥८॥

पार्श्वस्थसङ्गमवशेन दिगम्बरेषु शैथल्यमापतितमाशु तपःपरेषु ।
तस्मात्तकेष्वकथिकैर्न वने निवासः कार्यः कलेरिति तमां समभूद्विलासः ॥९॥

शिथिलता को प्राप्त हुए समीपवर्ती साधुओं की संगति के वश से तप में तत्पर दिगम्बर साधुओं में भी शीघ्र शिथिलता आ गई । इसलिए उनमें भी कितने ही आचार्यों ने यह कहना प्रारम्भ कर दिया कि साधुओं को इस काल में वन में निवास नहीं करना चाहिए । सो यह कलिकाल का ही महान् विलास है, ऐसा जानना चाहिए ॥९॥

मन्दत्वमेवमभवत्तु यतीश्वरेषु तद्वच्छनैश्च गृहमेधिनुमाधरेषु ।
याहङ् नरे जगति दारवरेऽपि ताहक् भूयात् क्रमः किमिति नेति महात्मनां हक् ॥१०॥

इस प्रकार जैसे बड़े मुनि-यतीश्वरों में शिथिलता आई, उसी प्रकार धीरे-धीरे गृहस्थ श्रावकों में भी शिथिलता आ गई । सो महापुरुषों का कथन सत्य ही है कि जैसी प्रवृत्ति इस जगत् में मनुष्यों की होगी, वैसी ही प्रवृत्ति स्त्रीजनों में भी होगी ॥१०॥

श्रीभद्रबाहुपदपद्ममिलिन्दभावभाक् चन्द्रगुप्तनृपतिः स बभूव तावत् ।
सम्पूर्णभारतवरस्य स एक शास्ता तद्राज्यकाल इह सम्पद एव तास्ताः ॥११॥

श्री भद्रबाहु के चरण-कमलों के भ्रमर-भाव को धारण करने वाला चन्द्रगुप्त नाम का राजा उस समय हुआ । वह सम्पूर्ण भारतवर्ष का अद्वितीय शासक था । उसके राज्य-काल में यहां पर प्रजा को सुख देने वाली सभी प्रकार की सम्पत्तियां प्राप्त थी ॥११॥

मौर्यस्य पुत्रमथ पौत्रमुपेत्य हिन्दुस्थानस्य संस्कृतिरभूदधुनैकबिन्दुः ।
पश्चादनेकनरपालतया विभिन्न विश्वासासवाञ्जनगणः समभूत्तु खिन्नः ॥१२॥

चन्द्रगुप्त मौर्य का पुत्र बिन्दुसार और उसका पौत्र अशोक और तत्पश्चात् सम्प्रति आदि श्रेष्ठ राजाओं का आश्रय पाकर इस भारत देश की संस्कृति एक बिन्दु वाली रही, अर्थात् उक्त राजाओं के समय सारे भारतवर्ष की संस्कृति और सभ्यता अहिंसा धर्मप्रधान बनी रही, क्योंकि ये सब राजा लोग जैन धर्मानुयायी थे । पीछे अनेक धर्मानुयायी राजाओं के होने से यहां के मनुष्य-गण भी भिन्न-भिन्न धर्मों के विश्वास वाले हो गये ॥१२॥

हिंसां स दूषयति हिन्दुरियं निरुक्तिःश्रीवीरराट्समनुयायिषु यत्प्रयुक्तिः ।
युक्ताऽथ वैदिकजनेष्वपि तत्प्रयोगःकैर्देहिभिः पुनरमानि न योग्ययोगः ॥१३॥

'जो हिंसा को दोष-युक्त कहे' वह हिन्दू है, ऐसी हिन्दू शब्द की निरुक्ति अहिंसा को ही धर्म मानने वाले वीर भगवान् के अनुयायी लोगों में ही युक्त होती थी । कितने ही लोग 'हिन्दु' इस शब्द का प्रयोग वैदिक जनों में करते हैं और उसे ही युक्ति-युक्त बतलाते हैं । हमारी दृष्टि से तो उनका यह कथन युक्ति-संगत नहीं है ॥१३॥

अत्युद्धतत्वमिह वैदिकसम्प्रदायी प्राप्तोऽभवत् कुवलये वलयेऽभ्युपायी ।
तत्सन्निषेधनपरः परमार्हतस्तु विष्वग्भुवोऽधिकरणं कलहैकवस्तु ॥१४॥

मौर्य-वंशी राजाओं के पश्चात् इस भूमण्डल पर वैदिक सम्प्रदायी पुनः पशु-बलि और हिंसा प्रधान यज्ञों का प्रचार कर अति उद्धतता को प्राप्त हुए । तब उनका निषेध परम आर्हत (अर्हन्त मतानुयायी) जैन लोग करने लगे । इस प्रकार यह सारा देश एक मात्र कलह का स्थान बन गया ॥१४॥

वीरस्य विक्रममुपेत्य तयोः पुनस्तु सम्पर्कजातमनुशासनमैक्यवस्तु ।
यद्वत्सुधासु निशयोर्जगतां हिताय श्रद्धाविधिः स्वयमिहाप्यनुरागकाय ॥१५॥

पुनः परम प्रतापशाली वीर विक्रमादित्य के शासन को प्राप्त कर उक्त दोनों सम्प्रदाय वाले एक ही अनुशासन में बद्ध हो मेलमिलाप से रहने लगे । जैसे कि चूना और हल्दी परस्पर मिलकर एक रंग को धारण कर लेते हैं ॥१५॥

स्नानाऽऽचमादिविधिमभ्युपगम्य तेन बह्नेरुपासनमुरीकृतमार्हतेन ।
यक्षादिकस्य परिपूजनमप्यनेनः साडम्बरं च विहितं मधुर मते नः ॥१६॥

इस राजा के शासन-काल में वैदिक-सम्प्रदाय-मान्य स्नान, आचमन आदि बाह्य क्रिया-काण्ड की विधि को स्वीकार करके उन परम आर्हत-मतानुयायी जैन लोगों ने अग्नि की उपासना को भी अङ्गीकार कर लिया, यज्ञादिक व्यन्तर देवों की पूजन को भी इस निराडम्बर, मधुर दिगम्बर जैन मत में स्थान मिला और याज्ञिक वेदानुयायी जनों की अन्य भी बहुत सी बातों को जैन लोगों ने अपना लिया ॥१६॥

त्यक्तं क्रतौ पशुबलेः करणं परेण निर्हिंसनैकसमये सुसमादरेण ।
देवानुपेक्ष्य नृवरस्तवनाय चेतः कृत्वाऽवतारविधिरुत्कलितोऽथवेतः ॥१७॥

इधर यज्ञों में पशु-बलि करने वाले वैदिक जनों ने भी अहिंसा मय जैन धर्म में अति आदर-भाव प्रकट करके यज्ञ में पशुओं की बलि करना छोड़ दिया और नाना प्रकार के देवी-देवताओं की उपेक्षा करके श्रेष्ठ मनुष्यों के स्तवन में अपना चित्त लगा कर मानव पूजा को स्थान दिया और तभी से उन्होंने महापुरुषों के अवतार लेने की कल्पना भी की ॥१७॥

जातीयतामनुबभूव च जैनधर्मः विश्वस्य यो निगदितः कलितुं सुशर्म ।
आगारवर्तिषु यतिष्वपि हन्त खेद स्तेनाऽऽश्वभूदिह तमां गण-गच्छभेदः ॥१८॥

जैन और वैदिक जनों के इस पारस्परिक आदान-प्रदान का यह फल हुआ कि विश्व का कल्याण करने वाला यह जैन धर्म जातीयता का अनुभव करने लगा अर्थात् वह धर्म न रहकर सम्प्रदाय रूप से परिणत हो गया और उसमें अनेक जाति-उपजातियों का प्रादुर्भाव हो गया । अत्यन्त दुःख की बात है कि इसके पश्चात् गृहस्थों में और मुनियों में शीघ्र ही गण-गच्छ के भेद ने स्थान प्राप्त किया और एक जैन धर्म अनेक गण-गच्छ के भेदों में विभक्त हो गया ॥१८॥

तस्मात्स्वपक्षपरिरक्षणवर्धनायाऽ हङ्कारितापि जगतां हृदयेऽभ्युपायात् ।
अन्यत्र तेन विचिकित्सनमप्यकारि सत्यादपेतपरताशनकैरधारि ॥१९॥

जैन धर्म में गण-गच्छ के भेद होने से प्रत्येक पक्ष को अपने पक्ष के रीति-रिवाजों की रक्षा करने का भाव प्रकट हुआ, इससे लोगों के हृदय में अहङ्कार का भाव भी उदित हुआ, अर्थात् प्रत्येक पक्ष अपने ही रीति-रिवाजों को श्रेष्ठ मानने लगा और अन्य पक्ष के रीति-रिवाजों को अपने से हलका मान कर उससे ग्लानि करने लगा । इस प्रकार धीरे-धीरे लोग सत्य से दूर होते गये ॥१९॥

तस्माद् दुराग्रहवतीर्षणशीलताऽऽपि अन्योन्यतः कलहकारितया सदापि ।
एवं मिथो हतितया बलहानितो क्षेत्रे बभूव दुरितस्य न सम्भवो न ॥२०॥

इसगण-गच्छ-भेद के फल स्वरूप जैन धर्म-धारकों में दुराग्रह और ईर्ष्या ने स्थान प्राप्त किया, तथा परस्पर में कलहकारिता भी बढ़ी । इस प्रकार जैनों की पारस्परिक लड़ाई से उनके सामाजिक बल (शक्ति) की हानि हुई और हमारे इस पवित्र भारतवर्ष में अनेक प्रकार की बुराइयों ने जन्म लिया ।
।२०॥

धर्मः समस्तजनताहितकारि वस्तु यद्वाह्यडम्बरमतीत्य सदन्तरस्तु ।
तस्मायनेकविधरूपमदायि लोकै र्यस्मिन् विलिप्यत उपेत्य सतां मनोऽकैः ॥२१॥

जो धर्म समस्त जनता का हितकारी है और जो बाहिरी आडम्बर से रहित आन्तरिक वस्तु है, अर्थात् जो अपने मन को मदमत्सरादि दुर्भावों से जितना अधिक दूर रखेगा, वह धर्म के उतने ही समीप पहुँचेगा, ऐसे पवित्र धर्म को भी लोगों ने अनेक प्रकार के बाहिरी रूप प्रदान किये, जिनके चक्र में पड़कर सत्पुरुषों का मन भी नाना प्रकार के विकल्पों से संलिप्त रहने लगा ॥२१॥

बिम्बार्चनञ्च गृहिणोऽपि निषेधयन्ति केचित्परे तु यतयेऽपि विशेषयन्ति ।
तस्मै सदन्दुवसनाद्यपि केचनाहु र्नान्योऽभिषेचनविधावपि लब्धबाहुः ॥२२॥

कितने ही लोग गृहस्थों के लिए भी प्रतिमा-पूजन का निषेध करते है और कितने ही लोग मुनियों के लिए भी उसकी आवश्यकता बतलाते हैं । कितने ही लोग वीतराग परमात्मा की मूर्त्ति को भी वस्त्राभूषणादि पहिराना आवश्यक मानते हैं, तो कितने ही लोग मूर्ति का अभिषेक आदि करना अनावश्यक बतला कर उनका निषेध करते हैं ॥२२॥

कश्चित्त्वसिद्धमपि पत्रफलाद्यचित्तं संसिद्धमालुकमलादि पुनः सचित्तम् ।
निर्देष्टुमुद्यतमना न मनागिदानीं सङ्कोचमञ्चति किलात्ममताभिमानी ॥२३॥

उस पवित्र जैन धर्म को मानने वालों की आज यह दशा है कि कोई तो अग्नि से सीझे बिना ही पत्र-फल आदि को अचित्त मानता है और कोई भली-भांति अग्नि से पकाये गये आलु आदि को भी सचित्त मानता है । इस प्रकार लोग अपने-अपने मत के अभिमानी बनकर और अन्यथा प्ररूपण करने के लिए उद्यत चित्त होकर आज कुछ भी सङ्कोच नहीं करते हैं ॥२३॥

कूपादिसंखननमाह च कोऽपि पापं लग्नस्य वाश्रयभुजः शमनेऽपि शापम् ।
इत्यादिभूरिजनमानसदुःस्थितत्वा त्संकल्पयन्निह जनो यमुपैति तत्त्वात् ॥२४॥

कितने ही जैन लोग कूप-वावड़ी आदि के खुदवाने को पाप कहते हैं और किसी स्थान पर लगी हुई आग के बुझाने में भी पाप बतलाते हैं । इत्यादि रूप से नाना प्रकार की मनमानी कल्पनाएं करके आज का यह मानव तत्त्व का अन्यथा प्रतिपादन कर रहा है ॥२४॥

भावार्थ - जनता को पीने का पानी सुलभ करने के लिए कुंआ बावड़ी आदि का खुदवाना पुण्य-कार्य है । पर कितने ही जैनी उसे आरम्भ-समारम्भ का कार्य बताकर पाप-कार्य बतलाते हैं । इसी प्रकार किसी स्थान पर लगी आग को उसमें घिरे हुए प्राणियों की रक्षार्थ बुझाना पुण्य-कार्य है । परन्तु वे लोग उसमें जलकायिक तथा अग्नि कायिक जीवों की विराधना बतलाकर उसे पाप-कार्य कहते हैं। उन लोगों को ज्ञात होना चाहिए कि जब तक श्रावक आरम्भ का त्यागी अष्टम प्रतिमाधारी नहीं बन जाता है, तब तक उसके लिये उक्त कार्य विधेय है और वह उन्हें कर सकता है । अन्यथा सभी लोकोपकारी कार्यों का करना असम्भव हो जायगा । हां आरम्भ-त्यागी हो जाने पर गृहस्थ को उनके करने का जैन-आगम में निषेध किया गया है ।

सत्त्वेषु सन्निगदतः करुणापरत्वं भूत्वानुयाय्यपि वदेत्तदिहाद्धु तत्वम् ।
यत्साधुतोऽन्यपरिरक्षणमेव पापं हा हन्त किन्तु समुपैमि कलेः प्रतापम् ॥२५॥

जो धर्म प्राणिमात्र पर मैत्री और करुणाभाव रखने का उपदेश देता है, उसी के अनुयायी कुछ जैन लोग कहें कि साधु के सिवाय अन्य किसी भी प्राणी की रक्षा करना पाप है । सो हाय यह बडे दुःख और आश्चर्य की बात है । अथवा मैं तो इसे कलिकाल का ही प्रताप मानता हूँ कि लोग जीव-रक्षा जैसे धर्म-कार्य को भी पाप-कार्य बतलाते हुए संकोच का अनुभव नहीं करते ॥२५॥

यः क्षत्रियेश्वरवरैः परिधारणीयः सार्वत्वमावहति यश्च किलानणीयः
सैवाऽऽगतोऽस्ति वणिजामहहाद्य हस्ते वैश्यत्वमेव हृदयेन सरन्त्यदस्ते ॥२६॥

जो धर्म उत्तम क्षत्रिय राजाओं के द्वारा धारण करने योग्य था, और अपनी सर्व कल्याणकारी निर्दोष प्रवृत्ति के कारण सब का हितकारी था, वही जैन धर्म आज व्यापार करने वाले उन वैश्यों के हाथ में आ गया है, जो धर्म के विषय में भी हृदय से वणिक्-वृत्ति का आश्रय कर रहे हैं ॥२६॥

भावार्थ - आज तक संसार में जितने भी जैन धर्म के प्रवर्तक तीर्थङ्कर हुए हैं, वे सब क्षत्रिय थे और क्षत्रिय उसे कहते हैं जो दूसरों की दुःख से रक्षा करे । ऐसा क्षत्रियों के द्वारा धारण करने योग्य यह जैन धर्म उन व्यापारी वैश्य वर्ग के हाथों में आया है, जिनका कि अपनी वस्तु को खरी और दूसरों की वस्तु को खोटी बताना ही काम है । यही कारण है कि जैन-धर्म आज जहां प्राणि-मात्र का हितैषी होने के कारण लोक-धर्म या राज-धर्म होना चाहिए था, वह आज एक जाति या सम्प्रदाय वालों का धर्म माना जा रहा है, यह बडे दुःख की बात है ।

येषां विभिन्नविपणित्वमनन्यकर्म स्वस्योपयोगपरतोद्धरणाय मर्म ।
नो चेतपुनस्तु निखिलात्मसु तुल्यमेव धर्मं जगाद न वधं जिनराजदेवः ॥२७॥

अपनी-अपनी जुदी दुकान लगाना ही जिनका एक मात्र कार्य है और अन्यों से अपना निरालापन प्रकट कर अपनी उपयोगिता सिद्ध करना ही जिनका धर्म है, ऐसे वैश्यों के हाथों में आकर यदि यह विश्व धर्म आज अनेक गण, गच्छ आदि के भेदों में विभक्त हो रहा है, तो इसमें आश्चर्य ही क्या है ? श्री जिनराज देव ने तो समस्त जीवों में समान भाव से जीव-रक्षा को ही धर्म कहा है, जीव-घात को नहीं ॥२७॥

इदानीमपि वीरस्य सन्ति सत्यानुयायिनः ।
येषां जितेन्द्रियं जन्म परेषां दुखदायि न ॥२८॥

इतना सब कुछ होने पर भी आज भी भगवान् महावीर के सच्चे अनुयायी पाये जाते हैं, जो जितेन्द्रिय है और जिनका जीवन दूसरों के लिए दुःखदायी नहीं है, प्रत्युत सर्व प्रकार औरों का कल्याण करने वाला ही है ॥२८॥

सुखं सन्दातुमन्येभ्यः कुर्वन्तो दुःखमात्मसात् ।
छायावन्तो महात्मानः पादपा इव भूतले ॥२९॥

जैसे भूतल पर छायावान् वृक्ष शीत-उष्णता आदि की स्वयं बाधा सहते हुए औरों को सुख प्रदान करते हैं, उसी प्रकार महापुरुष भी आने वाले दुःखों को स्वयं आत्मसात् करते (झेलते) हुए औरों को सुख प्रदान करने के लिए इस भूतल पर विचरते रहते हैं ॥२९॥

मक्षिकावज्जना येषां वृत्तिः सम्प्रति जायते ।
जीवनोत्सर्गमप्याऽऽसृवा परेषां वमिहेतवे ॥३०॥

कुछ लोगों की प्रवृत्ति आज मक्खी के समान हो रही है, जो अपना जीवन उत्सर्ग कर दूसरों के वमन का कारण बनती है ॥३०॥

भावार्थ - जैसे मक्खी किसी के मुख में जाकर उसके खाये हुए मिष्टान्न का वमन कराती हुई स्वयं मौत को प्राप्त होती है, इसी प्रकार आज कितने ही लोग इस वृत्ति के पाये जाते हैं कि जो अपना नुकसान करके भी दूसरों को हानि पहुँचाने में संलग्न रहते हैं । ऐसे लोगों की मनोवृत्ति पर ग्रन्थकार ने अपना हार्दिक दुःख प्रकट किया है ।

दुःखमेकस्तु सम्पर्के प्रददाति परः परम् ।
दुःखायापसरन् भाति को भेदोऽस्त्वसतः सतः ॥३१॥

अहो देखो-एक तो सम्पर्क होने पर दूसरे को दुःख देता है और दूसरा दूर होता हुआ दुःख देता है, दुर्जन और सज्जन का यह क्या विलक्षण भेद प्रतीत होता है ॥३१॥

भावार्थ - दुर्जन का तो समागम दुःखदायी होता है और सज्जन का वियोग दुःखदायी होता है, संसार की यह कैसी विलक्षण दशा है ।

ग्रन्थकार का लघुता-निवेदन

ममाऽमृदुगुरङ्कोऽयं सोमत्वादतिवर्त्यपि ।
विकासयतु पूषेव मनोऽम्भोजं मनस्विनाम् ॥३२॥

मेरा यह काव्य-प्रबन्ध यद्यपि मृदुता-रहित है, कटूक्ति होने से सौम्यता का भी उल्लंघन कर रहा है, तथापि सन्ताप-जनक सूर्य के समान यह मनस्वी जनों के हृदय-कमलों को विकसित करेगा ही, ऐसा मेरा विश्वास है ॥३२॥

योऽकस्माद्भयमेत्यपुंसकतया भीमे पदार्थे सति
एकस्मिन् समये परेण विजितः स्त्रीभावमागच्छति ।

क्षीणं वीक्ष्य विजेतुमभ्युपगतः स्फीतो नरत्वं प्रति
नित्यं यः पुरुषायतामदरवान् वीरोऽसकौ सम्प्रति ॥३३॥

साधारण जन प्रायः भयंकर पदार्थ के अकस्मात् सम्मुख उपस्थित होने पर नपुंसकता से भयभीत हो कायर बन जाता है, वही दूसरे समय में अन्य से पराजित होने पर उसकी नाना प्रकार की अनुनय-विनय करता हुआ स्त्री भाव को धारण करता है, कालान्तर में वही मनुष्य किसी क्षीण (दुर्बल-अशक्त) मनुष्य को देखकर उसे जीतने के लिए अपना पौरुष दिखाता हुआ दृष्टिगोचर होता है। किन्तु जो निरन्तर ही पुरुषार्थी है, निर्भय है और दूसरे जीवों के संरक्षण के लिए सदा उद्यत रहता है वही पुरुष वास्तव में आज 'वीर' कहलाने के योग्य है और ऐसा वीर पुरुष ही जगत् में धन्य है ॥३३॥

सूपकार इवाहं यं कृतवान् वस्तु केवलम् ।
तत्स्वादूत किलास्वादु वदेयुः पाठका हि तत् ॥३४॥

मैं तो सूपकार (रसोइया) के समान केवल प्रबन्ध रूप भोज्य वस्तु का निर्माता हूँ। वह वस्तु स्वादु है, अथवा अस्वादु है, यह तो भोजन करने वालों के समान पढ़ने वाले पाठक-गण ही अनुभव करके कहेंगे ॥३४॥

भावार्थ - मेरी यह काव्य-कृति कैसी बनी है, इसका निर्णय तो विज्ञ पाठकगण ही करेंगे। मेरा काम तो रसोइये के समान प्रबन्ध-रचना मात्र था, सो मैंने कर दिया।

कलाकन्दतयाऽऽह्लादि काव्यं सद-विधुबिम्बवत् ।
अदोषभावमप्यङ्गीकुर्यादेतन्महाद्भुतम् ॥३५॥

नाना प्रकार की कलाओं का पुञ्ज होकर काव्य पूर्ण शरच्चन्द्र बिम्ब के समान जगत् का आह्लादक हो और अदोष भाव को भी अङ्गीकार करे, यह सचमुच में महान् आश्चर्य की बात है ॥३५॥

भावार्थ - दोषा नाम रात्रि का है, सम्पूर्ण कलाओं का धारक चन्द्रमा भी अदोष भाव को नहीं धारण करता, अर्थात् वह भी कलंक से युक्त रहता है। फिर मेरा यह काव्य सर्व काव्य-गत कलाओं से युक्त हो और सर्वथा निर्दोष भी हो, यह असंभव सी बात यदि हो जाय, तो वास्तव में आश्चर्यकारी ही समझना चाहिए।

अनन्यभावतस्तद्धि सद्भिरासेव्यते न किम् ।
केवलं जडजैर्यत्र मौनमालम्ब्यते प्रभो ॥३६॥

हे प्रभो, फिर भी क्या वह सकलंक चन्द्र-बिम्ब सदा सर्व ओर से नक्षत्रों के द्वारा घिरा रहकर अनन्य भाव से सेवित नहीं होता है ? अर्थात् होता ही है। हां, केवल जड़जों (कमलों) दूसरे पक्ष में जड़ बुद्धियों के द्वारा ही मौन का आलम्बन लिया जाता है ॥३६॥

भावार्थ - चन्द्रमा कलंक-युक्त होने पर भी अपने नक्षत्र-मण्डल से सदा सेवित रहता है, भले ही कमल उसे देख कर मौन रहें, अर्थात् विकसित न हों। इसी प्रकार मेरे इस सदोष प्रबन्ध को भी ज्ञानी जन तो पढ़ेंगे। भले ही कमलों के समान कुछ विशिष्ट व्यक्ति उसके पढ़ने में अपना आदर-भाव न दिखावें और मौन रखें।

रमयन् गमयत्वेष वाङ्मये समयं मनः ।
नमनागनयं द्वेष-धाम वा समयं जनः ॥३७॥

(गोमूत्रिकमिदं पद्यम्)

ज्ञानी जन अपना मन शुद्ध वाङ्मय में संलग्न कर समय व्यतीत करें । वे अपने मन को ईर्षा, द्वेष, और अन्याय मार्ग की ओर किंचिन्मात्र भी न जाने देवें ॥३७॥

विशेष - इस पद्य की गोमूत्रिका रचना परिशिष्ठ में देखें ।

नमनोद्यमि देवेभ्योऽर्हद्भ्यः सम्व्रजतां सदा ।
दासतां जनमात्रस्य भवेदप्यद्य नो मनः ॥३८॥

(यानबन्धरूपमिदम्)

सदा से ही सर्व साधारण जनों की दासता करने वाले हम जैसे लोगों का मन आज भगवान् अरहन्त देव के चरण-कमलों को नमस्कार करने के लिए प्रयत्नशील हो और उनका गुणानुवाद करे, यह हमारे सौभाग्य की बात ही है ॥३८॥

विशेष-इस पद्य की यानबन्ध-रचना परिशिष्ट में देखें ।

विनयेन मानहीनं विनष्टैनः पुनस्तु नः ।
मुनये नमनस्थानं ज्ञानध्यानधनं मनः ॥३९॥

(पद्मबन्धरूपमिदम्)

हमारा यह मन विनय के द्वारा अभिमान-रहित होकर पापरहित निर्दोष बन जाय, महा मुनियों को नमस्कार करे, एवं सदा ज्ञान और ध्यान में तन्मय रहे, ऐसी हमारी भावना है ॥३९॥

विशेष - इस पद्य की पद्मबन्ध-रचना परिशिष्ट में देखें ।

सन्तः सदा समा भान्ति मर्जूमति नुतिप्रिया ।
अयि त्वयि महावीर ! स्फीतां कुरु मर्जूं मयि ॥४०॥

(तालवृन्तबन्धमिदं वृत्तम्)

हे महावीर प्रभो, आपके विषय में सन्त जन यद्यपि सदा समभाव रखते हैं, तथापि अति भक्ति से वे आपको नमस्कार करते हैं, क्योंकि आप वीतराग होते हुए भी विश्व-भर के उपकारक हैं, निर्दोष हैं और संकीर्णता से रहित हैं । हे भगवन्, आपकी कृपा से आपकी यह निर्दोषता मुझे भी प्राप्त हो, ऐसी मुझ पर कृपा करें ॥४०॥

विशेष - इस पद्य की तालवृन्त-रचना परिशिष्ट में देखें ।

मङ्गल–कामना

भूपालाः पालयन्तु प्रशमितसकलोपद्रवां भूतधात्रीं
काले काले समन्ताद्विकिरतु मथवा वृष्टिमानन्दपात्रीम् ।
एतद्विद्याधराणामनुभवतु पुनर्मानसं काव्यवस्तु
भव्यानां जैनमार्गप्रणिहितमनसां शाश्वतं भद्रमस्तु ॥४१॥

शासक लोग प्रजा को सकल उपद्रवों से रहित करते हुए इस भूमण्डल का भली-भांति पालन करें, इन्द्रदेव समय-समय पर आनन्द-दायिनी जल-वर्षा करते रहें, विद्वानों का मन इस काव्य के पढ़ने में सदा लगा रहे और भव्य जनों का मन जैन मार्ग पर अग्रेसर हो, अर्थात् भव्य जन जैन धर्म धारण करें और सारे संसार का सदा कल्याण होवे ॥४१॥

जिनेन्द्रधर्मः प्रभवेत्समन्ताद्यतः स्वकर्तव्यपथानुगन्ता ।
भूयाज्जनः कर्मठतान्वयीति धर्मानुकूला जगतोऽस्तु नीतिः ॥४२॥

श्री जिनेन्द्रदेव प्ररूपित यह जैन धर्म सर्व ओर प्रसार को प्राप्त हो, जिससे कि जगज्जन अपने कर्तव्य-मार्ग पर चलें, समस्त लोग कर्मठ बने और धर्म के अनुकूल उनकी नीति हो, ऐसी मेरी भावना है ॥४२॥

नीतिर्वीरोदयस्येयं स्फुरद्रीतिश्च देहिने ।
वर्धतां क्षेममारोग्यं वात्सल्यं श्रद्धया जिने ॥४३॥

वीरोदय काव्यकी यह नीति प्राणि-मात्र के कल्याण के लिए स्फुरायमान रहे जगत् में क्षेम और आरोग्य बढ़ें, एवं जिन भगवान् में श्रद्धा के साथ प्राणिमात्र पर वात्सल्य भाव रहे ॥४३॥

श्रीमान् श्रेष्ठिचतुर्भुजः स सुषुवे भूरामलेत्याह्वयं
वाणीभूषणवर्णिनं घृतवरी देवी च यं धीचयम् ।
तेनेदं रचितं समर्थखचितं भद्रैः पदैरञ्चितं
जीयाद्वीरमहोदयस्य चरितं युग्माक्षिसर्गैर्मितम् ॥२२॥

इस प्रकार श्रीमान् सेठ चतुर्भुजजी और घृतवरी देवी से उत्पन्न हुए, वाणी-भूषण, बाल-ब्रह्मचारी पं. भूरामल वर्तमान मुनि ज्ञान सागर के द्वारा रचित भद्र पदों से संयुक्त, वीर भगवान् के इस चरित में यह बाईसवां सर्ग समाप्त हुआ ॥२२॥

❖ *वीरोदय काव्य समाप्त* ❖

वीरोदय महाकाव्यम्

स्वोपज्ञ–टीका–सहितम्

प्रथमः सर्गः

श्री वीरदेवमानस्य प्रमाविक्रमशालिनम् ।
भक्त्या तदुदयस्येयं मया वृत्तिर्विधीयते ॥१॥

श्रिय इत्यादि – जयति सर्वोत्कर्षेण वर्तते स जिनोऽर्हन् स चात्र प्रबन्धविषये श्रिये स्वस्तिलक्षणायै लक्ष्म्यै, अस्तु मङ्गलकरो भवतु । यस्येयं यदीया, सा चासौ सेवा चेति यसः । समस्ताश्च ते संश्रोतारश्च तेषां जनाय समूहाय वाऽथवा मे मह्यमपि रसने समास्वादने द्राक्षेव यथा गोस्तनी तथा मृद्व मृदुप्रायाऽनुभूयते तथा हृदोऽपि हृदयस्यापि प्रसादिनी प्रसादकर्त्री भवति द्राक्षातुल्यैव । किञ्चात्रास्मिन् विषये श्रमोऽपि मनागेव न भवति ततोऽसौ मेवा खुल इति प्रचलितभाषानुकरणात् ॥१॥

कामारितेत्यादि – येन महोदयेन नोऽस्माकं कामितस्य वाञ्छितस्य सिद्धये सम्पादनार्थं कामारिता वाञ्छितविरोधिता समर्थिता स्वीकृतेति विरोधस्तत्परिहारस्तावत् कामस्य पञ्चबाणस्यारिता स्वीकृतेति । सैव भगवान् अभिजातः सुभगोऽपि नाभिजातः सौन्दर्यरहित इति विरोधस्तस्मान्नाभेर्नाम्नो महाराजस्य जातः पुत्र इति । अभिधातो नामतो वृषभो बलीवर्दः स एव समैः प्रशंसनीयैरजैश्छागैर्मान्य इति विरोधस्ततः समाजेन जनसमूहेन माननीयः स वृषभो नाम प्रथमस्तीर्थंकरो गृह्यते । अत्र विरोधाभासालङ्कारः ॥२॥

चन्द्रप्रभमित्यादि – चन्द्रप्रभमष्टतीर्थंकरं नौमि यस्याङ्गस्य सारः कान्तिसौष्ठवादिरूपः स कौ पृथिव्यां मुदस्तोमं हर्षप्रकर्षमुरीचकार प्रसारितवान्, यतश्च प्रणश्यत्तमस्तया मोहस्याभावेनात्मीयपदं स्वस्वरूपं समस्य लब्ध्वाऽसौ जनः सुखं लभते । चन्द्रपक्षे कुमुदानां समूहः कौमुदश्चासौ स्तोमश्च तं तथा सुखञ्जनो नाम चकोरपक्षी । श्लेषः ॥३॥

समस्तित्यादि – भो मनुजाः ! पार्श्वप्रभोस्त्रयोविंशाख्यतीर्थंकरस्य सन्निधये सामीप्यार्थं वो युष्माकं चित्ते बहुलाश्च ते ऊहा वितर्काश्च तेषां भावो मुहुर्विचारः समस्तु यतः काञ्चनानिर्वचनीयां सम्प्रवृत्तिं लब्ध्वा प्रसत्तिं प्रसन्नतां संलभेध्वं । पार्श्वपाषाणस्य सन्निधये बहुलोहत्वं वाऽस्तु यतः कञ्चनस्येयं काञ्चना सा चासौ सम्प्रवृत्तिश्च तां सुवर्णरूपतां धृत्वा प्रसत्तिं बहुमूल्यतां संलभेध्वमिति च ॥४॥

वीर इत्यादि – हे वीर ! त्वमानन्दभुवामुत्सवस्थानानामवीरः सुगन्धिचूर्णवद् भवसि । खलु गुणानां क्षमाधैर्यादीनां मीरः 'मीरोऽब्धिशैल–नीरेषु' इति विश्वलोचनकोशः । समुद्र एवं किन्तु जगतां प्राणिनां मध्ये अमीरः सर्वश्रेष्ठः । इ एव इकः कामः खेदो वा स न विद्यते यस्य स नेकस्तस्य सम्बोधनम् । त्वमेकः केवलो मुख्यश्च भवन्ननेकान्तमतेन स्याद्वादेनानेकलोकान् पासितमां अतिशयेन पालयसि । शाब्दिकविरोधालङ्कारः ॥५॥

ज्ञानेनेत्यादि - ये पथि सन्मार्गे सन्तस्तिष्ठन्त इत्यतश्च ज्ञानेन विवेकेन हेतुनाऽऽनन्दमुपाश्रयन्त: समसुखमनुभवन्त: सदा ब्रह्म चरन्ति आत्मानमेवानुशीलयन्ति, तेषां गुरूणां दिगम्बर-परमर्षीणां तथा च ज्ञानानन्दनामधारकाणां परमब्रह्मचारिणां विद्यागुरूणां सदनुग्रह: कृपाकटाक्ष एवं मम कवित्वशक्तौ कविताकरणे तथैव कं वेत्तीति कवित् तस्य भाव: कवित्त्वं तस्य शक्तावात्मसम्वेदनेऽपि विघ्नलोपी भूयात् ॥६॥

वीरोदयमित्यादि - यमिमं वीरोदयं नाम भगवच्चरित्रं विदधातुं पूर्णतया वर्णयितुं श्रीगणराजदेवो गौतमस्वाम्येव शक्तिमान्नाभूत् तम्प्रतीदानीमहं विदधातुमिच्छु: सन् जलं गच्छतीति जलगश्चासाबिन्दुश्च तस्य तत्त्वं जलगतचन्द्रबिम्बं वहन् बालसत्त्वम् बालकवदज्ञानभावमेव विदधातुमिव । अथवा पुनरलसत्वमेव स्वीकरोमि, यत: कर्तुं न शक्नोमीति लाघवम् ॥७॥

शक्त इत्यादि - अथवा तु पुनरुपायादहमपि शक्तो भवितास्मि युक्तिबलेन समर्थयिष्यामि, यत: किल ते श्री गुरव: सहाया भवन्तु तावदित्येतदेव पुष्णाति-यथा शिशुरेव शिशुको लघुतरबालकोऽपि पितु: सम्बन्धिनो बिलब्धा संधृताऽङ्गुलिमूलस्य ताति: पङ् क्तिर्येनेत्येतादृक् सन् यथेष्टदेशं वाञ्छितस्थानं यात्येवेति । दृष्टान्तोऽलङ्कार ॥८॥

मन इत्यादि - यत्राङ्गिनां संसारिणां मनो यस्य श्रीवीरभगवत: पदे चरणौ तयोश्चिन्तनेन स्मरणमात्रेणैवानेन: पापवर्जितं सत् किलामलतां स्वच्छतां समेति तत्र तदीयवृत्तस्य चरित्रस्यैकमनन्यतया समर्थनं यस्यां सा मे वाक् वाणीयमात्त: सुवर्णानां शोभनवर्णानां भावो ययैतादृशी किन्न समस्तु स्यादेव । यदि-पदेनैकशब्देनामलत्वं स्फटिकत्वं तदावृत्तेनानेकानेकशब्दात्मकेन सुवर्णता किं खलु दुर्लभेति यावत् रलयोरभेदादमरतां देवत्वमेति भव्यानां मन इति च ॥९॥

रज इत्यादि - आविलं मलिनं च रजो यथा पुष्पसमाश्रयेण किल सतां गलस्यालङ्करणाय भवति तथैवेदं मद्वचनमपि किन्नास्तु भवत्येव, येनेदं वीरोदयस्य श्रीमद्वीरप्रभोश्चरितनिर्माणकरणस्य योऽसावुदारविचार: स एव चिह्नं यस्येत्येतादृक् समस्ति । वक्रोक्तिर्दृष्टान्तश्चालङ्कार: ॥१०॥

लसन्तीत्यादि - अथापि पुनर्यथाऽयो लोहधातु: रसै: पारदादिभि: संयोगात् सुवर्णत्वमुपैति तथैव निस्सारमप्यस्मद्वचनं येन वचनेनार्हत: परमेष्ठिनो वृत्तस्य चरित्रस्य विधानं निर्माणं तदापि स्वीकृतं तदपि भवतु यस्योपयोजनाय स्वीकरणाय सन्त: परदु:खकातरा जना लसन्ति वर्तन्तेऽस्मिन्भूतले, इति शेष: ॥११॥

सतामित्यादि - सतां साऽनिर्वचनीया गुणग्रहणरूपा शुद्धि: सहजेन स्वभावेनानायासेनैव भवति यतस्तेषां बुद्धिर्विचारशक्ति: परोपकारे परेषां प्राणिनामनुग्रह एव निरता तल्लीना भवति यथैषोऽस्मदादीनां दृक्पथमुपगतस्तरुराम्रादि: स उपद्रुत: पाषाणादिनोपहतोऽपि सन् तस्मायङ्गभृते प्राणिने त्रिकालं सर्वदैव यथा स्यात्तथा रसालं सरसं फलं श्रणति ददाति, न तु रुष्टो भवति ॥१२॥

यत्रेत्यादि - यस्य सोधर्युक्ति: सदैवान्यगुणाय परगुणग्रहणाय परस्मिंश्च गुणसम्पादनाय वा भवति तस्य सूक्तिर्मञ्जुवागपि सुधेव रुचिरामृतधारेवोपयोगिनी, अथ च सुधेव चूर्णकलिकेव गुणवती यत्रानुरागार्थं प्रीत्यर्थं शोणिमसम्पत्त्यर्थं च समवायहेतो: परस्परं सम्मेलं कर्तुमिदमस्माकं चेतोऽन्त: करणं कर्तृ, तत् हारिद्रवत्वं हारि मनोहरं च तद्द्रवत्वं चाथवा हरिद्राया इदं हारिद्रं तद्वत्त्वं तावदुपैति ॥१३॥

सुवृत्तभावेनेत्यादि - सन्तो ये सत्पुरुषा भवन्ति ते सुवृत्तभावेन सच्चरित्रत्वेन समुल्लसन्तो हर्षयुक्तं यथा स्यात्तथा भवन्तो जनस्य सर्वसाधारणस्य गुणमेवानुभवन्ति जानन्ति, ते न तु तस्य दोषं कदाचिदपि, अतएव ते मुक्ताफलत्वं मुक्तं च तदफलत्वं च तन्मुक्ताफलत्वं सफलत्वमित्यर्थस्तथा च मौक्ति कत्वं प्रतिपादयन्तः सन्ति मौक्तिकमपि वर्तुलं भवत् गुणं सूत्रमनुभवति तत्तस्मादेव कारणादहं तत्र सत्पुरुषेषु आदरित्वं विनीतभावं प्रवहामि । श्लेषोपमा ॥१४॥

साधारित्यादि = साधोः सत्पुरुषस्य विनिर्माणविधावुत्पादनकाले विधातुर्नामकर्मणः कराद्धस्ततो या तूत्करसम्विधा निस्सारांशततिश्च्युता पतिता तयैवामी अन्ये उपकारिणः श्रीचन्दनाद्या ये जगति दृश्यन्ते चन्दननदीचन्द्रप्रमुखास्ते जाता इतीवाहं मन्ये । उत्प्रेक्षालङ्कारोऽयम् ॥१५॥

साधुरित्यादि - साधुः सज्जनः स गुणस्य ग्राहकोऽतएवैष तु पुनरास्तां तावत्, किन्तु मम तु याः का अपि श्लाघास्तास्तास्सर्वाः, सर्वप्रियप्रायतया सर्वाङ्गसुन्दरत्वेनोदितस्य प्रबन्धस्य यं कञ्चिदपि प्रमादादिनाऽवशिष्टं दोषं तं ततः समुद्घाट्य वरंकरस्यास्माकमनुकूलमाचरतोऽसत एव सन्तु ॥१६॥

सदङ्कुराणामित्यादि - नुर्मनुष्यस्य गीर्वाणी सा कामधेनुर्गौरिव सा चेह सतां सभ्यपुरुषाणामङ्कुराः कृपारूपास्तथा सन्तश्च तेऽङ्कुराश्च तृणानि तेषां समुपायने समागमे सति यथा पुष्टा भवति तथैव सा खलस्य दुष्टस्य तिलविकारस्य च शीलनेन समागमेन पयस्विनी सरसा दुग्धदात्री भवतीत्यनेन हेतुना तस्य खलस्यैवोपयोगो महानस्तु ॥१७॥

कर्णेजपमित्यादि - हे विधे, यत्किल त्वं कर्णेजपं पिशुनं कृतवानभूः करोषि स्म तदेतदपि ते पटुत्वं चातुर्यं विचारकारित्वमेवास्ति यतोऽनेन दुर्जननिर्माणकरणेन साधोर्नृभावः मनुष्यत्वं सफलोऽभूत् सर्वसाधारणानां दृष्टौ तस्य समादरणमभूत्, तमपेक्ष्यैव यदिह तम ऋतेऽन्धकाराभावे रवेरपि प्रभावः क्व तावत्स्यात् ॥१८॥

अनेकधान्येष्वित्यादि - स एष पिशुनो धूर्तस्य आखोर्मूषकस्य सजातिः समान एव भाति, मूषकोऽनेकेषु धान्येषु विपत्तिकारी तथाऽयमप्यनेकधा बहुप्रकारेणान्येषुजनेषु विपत्तिं करोति । मूषको निष्कपटस्य बहुमूल्यस्य वस्त्रस्यारिर्विनाशकः पिशुनो निष्कपटस्य सरलमनुष्यस्यारिर्भवति । मूषकश्छिद्रं बिलं निरूप्य दृष्टवा स्थितिमादधाति पिशुनश्छिद्रं पश्यति दोषं समीक्षते तावत् ॥१९॥

य इत्यादि - हे ईश ! काकारिलोकस्योलूकस्य खलस्य च परस्परं कोऽसौ विशेषो भेदस्स्यादित्यहं न जाने यतोऽसौ दोषायां रात्रौ दोषेषु वाऽनुरक्तः तथा दिने वा काव्ये वाशब्दोऽत्रेवार्थे । प्रतिभासमाने प्रकाश रूपे प्रतिभया वा समाने सम्माननीयेऽसौ मालिन्यं सान्धकारतां दुष्प्रेक्षतामेवाप्येति । अहो आश्चर्याभिव्यक्तयेऽत्र ॥२०॥

खलस्येत्यादि - खलस्य हृद् हृदयं तन्नक्तमिव रात्रिवदघवस्तु पापकारि भवति, तु पुनः सतः सभ्यस्य तदेव वासरवद् दिवसतुल्यं प्रकाशकृत् तयोर्द्वयोर्मध्यं सायंकालमिवोपेत्य गत्वा तदेतत्काव्यं नाम वस्तु जनानामनुरञ्जनाय प्रीत्युत्पत्तये भवत्वेव ॥२१॥

रसायनमित्यादि - हे बुधा भवन्तः शृण्वन्तु तावद् ये खलु विबुधा देवास्ते पीयूषं नामामृतमीयुर्गच्छेयुर्विबुधत्वाद् बुद्धिहीनत्वादेव यतो यत्सेवनेनाद्यापि तेऽनिमेषभावादनिमेषनामाऽऽमयात् पिचुकाख्यात् नोऽपयान्ति न निवर्तन्ते। वयन्तु पुनः काव्यमेव रसायनं रसानां शृङ्गारादीनामयनं स्थानं वर्त्म वा तदेव रसायनं कायकल्पकारि भेषजमाश्रयामो

यतो द्रुतमेव स्वयमात्मान मानवतां मा लक्ष्मी. शोभा च तया तस्यां वा नवतां नवीनतां नयामो देहसौन्दर्यमाश्रयामस्तथा मानवतां मनुष्यभावं गच्छामः ॥२२॥

सारमित्यादि - अहन्तु काव्यमेव त्रिविष्टपं स्वर्गमुपैमि यत इदं सारं कृतीष्टं सारं सर्वोपयोगि भवत् कृतिभिर्बुद्धिमद्भिरिष्टमभिलषितं पक्षे रलयोरभेदात्-अलंकृतिभिरुपमाद्यलङ्कारैः सहितं तत इष्टं च । सुराणां देवानां सार्थेन समूहेन रम्यं पक्षे सुरसो रससहितो योऽर्थस्तेन रम्यं रमणीयं यतः विपदो विपत्तेर्ये लवा अंशास्तेषामभावो विनाशस्तत्तया पक्षे विकृतानां पदानां ये लवास्ते विपल्लवा पदस्य पदित्यादेशात् । तेषामभावतयाऽभिगम्यमनुमननीयम्। समुल्लसन्तीनां कल्पलतानां पक्षे समुल्लसन्तो ये कल्पा विचारास्तेषां परम्परास्तासामेकस्तन्तुर्यत्र तत् । श्लेषोपमालङ्कार ॥२३॥

हारायत इत्यादि - अथ किन्तु उत्तमं च तद् वृत्तं छन्द एव मुक्ता मौक्तिकं सा कीदृशी भवति या सूत्रस्य पूर्वपरम्परागतवृद्धवचनस्य सार उपयोगिभागस्तमनुगच्छति वर्णयति सा । पक्षे सूत्रं दोरकं तस्य सारमनुसरति सोऽधिकारो यस्यास्साऽतएवोदारा ऽसंकीर्णा ततश्च सत्पुरुषैः कण्ठीकृता कण्ठस्थाने धारितोद्घोषिता च सा हारायते हारवदाचरति । समन्ताद्भद्रं कुशलं तस्मै समस्तु भवतु हारपक्षे समन्तभद्राय एतन्नामाचार्यायैव समस्तु समर्पणमस्तु ॥२४॥

किलेत्यादि - अकलंकस्याचार्यस्यार्थमभिप्रायमभिष्टुवन्ती नामाभिव्यञ्जयन्ती समन्ततः सर्वत्र कौ पृथिव्यामतएव मुदं हर्षमेधयन्ती नोऽस्माकं च तिमिरमज्ञानाख्यं निरस्य दूरीकृत्य सा प्रभाचन्द्रमहाशयस्य सुमञ्जुर्मृदुतमा याऽसौ वाक् सा जीयात् । यद्वा वसं कृत्वा प्रभाशब्दस्य विशेषणं कर्तव्यं चन्द्रमहाशयस्य प्रभापि अकलङ्कार्थमभिष्टुवन्ती कुमुदानां समूहं चैधयन्ती किलास्ति । लङ्कानां व्यभिचारिणीनामर्थो लङ्कार्थः, अकोऽघकरश्चासौ लङ्कार्थश्च तम् ॥२५॥

नव्याकृतिरित्यादि - भो सुचित् शोभनचिद् धीर्यस्य तस्य सम्बोधनं त्वं शृणु तावत् वक्तव्यतो वचनमात्रादपि किं पुनरर्थात् अलंकृतिभ्य उपमाद्यलंकारेभ्यो दूरा । वृत्तिश्चेष्टा यस्य तस्य वृत्ताधिकारेष्वपि च्छन्दःशास्त्रेष्वपि च न प्रवृत्तिर्यस्य तस्य मे मम व्याकृतिर्व्याकरणमपि नास्ति कवित्वन्तु पुनः कुतः सम्भवतात्तत्पूर्वकत्वात्तस्य । तथा च वक्तव्यतोऽलं यतः कृतिभ्यः सभ्यजनेभ्यो दूरवृत्तेः पराङ्मुखस्य वृत्ताधिकारेष्वाचरणशास्त्रेष्वपि प्रवृत्तिहीनस्य मे कृतिश्चेष्टा। नव्या वृद्धजनासम्मता, कवित्वमात्मवित्त्वं तु पुनः कुतः सम्भवतान्नैव सम्भवेदिति ॥२६॥

सुवर्णमूर्तिरित्यादि - इयं कविता भार्येव कुलवधूसदृशी यत आर्या प्रशंसनीया सद्भिः सुवर्णस्य मूर्तिरिव मूर्तिः शरीरं यस्याः, पक्षे शोभनानां वर्णानां ककारादीनां मूर्तिः । लसन् शोभनः पदयोर्न्यासो गमनं यस्याः पक्षे लसतां पदानां सुप्तिङन्तानां न्यासः संकलनं यत्र सा तत्तया, तथा चालंकारणां नूपुरादीनां पक्षे रूपकादीनां सम्भारवतीति हेतोः कारणादपीतो भूतले जनस्य चेतो हृदयमनुगृह्णाति सम्मोहयति ॥२७॥

तम इत्यादि - कवेः कृतिरिन्दुरुचिरिव ज्योत्स्नासदृशी भवति यतोऽसौ तमोऽज्ञानमन्धकार च धुनाना संहरन्ती किञ्च सुधाया अमृतस्याथवा तद्विधानं यस्याः कौमुदं यद्वा कौमुदमादधाना प्रसारयन्ती जनानामाह्लादनाय सुखाय, किन्तु सैव जडजायाज्ञपुत्राय कमलाय च नानाव्यथाकरी स्यादेव ॥२८॥

सार्द्धेत्यादि - अथ प्रकृतिविषयं प्रतिपादयितुमाह - अद्यादिनादेतत्समयात् सार्द्धद्विवर्षायुतपूर्वं अर्धतृतीयसहस्रवर्षपूर्वं समयं प्रपद्येह भुवस्तलेऽस्मिन् पृथिवी-मण्डले खलु या कापि रूपरेखाऽऽसीत् जनानां प्रवृत्तिरभूत्तामेवामुतो लेखान्निम्नाङ्कितादनुविन्देज्जानीयाज्जनः ॥२९॥

यज्ञार्थमित्यादि - रसाशिश्नयोर्जिह्वागुह्येन्द्रिययोर्वशंगतैरधीनैरत-एवाशस्तैरप्रशंसायोग्यैस्तैर्धूर्तैर्लोकैः, एते दृश्यमानाः पशवश्छागादयो यज्ञार्थं यज्ञे बलिदानार्थमेव वेधसा सृष्टास्तावन्नह्येतेषामन्यः कश्चिदुपयोग इत्येवंरूपा भ्रष्टा या काचिदुक्तिः सा बहुशोप्यनेकरूपेणाभितस्यसर्वत्रैव प्राचालि प्रचारमिता तदानीम् ॥३०॥

किं छाग इत्यादि - अधुनेति तत्कालीनविषयं स्वसंवेदनगोचरीकृत्योक्तमस्ति ततस्तदानीं किं छागः किं महिषः किमश्वः किं गौरिवं नरोऽपि स्वरसेण यदृच्छया शश्वद्वारं वारं वैश्वानरस्य वह्नेरिन्धनतामवाप धूर्तैस्तस्मिन् हुत आसीत् । अहिंसाविधये तु पुनराप एव दत्ता जलाञ्जलिरेव सम्पादितः ॥३१॥

धूर्तैरित्यादि - जनस्य सर्वसाधारणस्य सा दृक् बुद्धिर्धूर्तैर्वाचालैः समाच्छादि संवरणं नीता वेदस्य चार्थस्तादृक् हिंसापरक एव समवादि प्रत्युक्त इतस्ततः सर्वत्रैव पैशाच्यं परासृक्पिपासुत्वमभूत् यतः कारणादियं भूः स्वयमपि रक्तमयि जाता । अहो इतायश्चर्ये ॥३२॥

पर इत्यादि - सर्व एव लोकोऽन्यजनस्यापकारे दुःखोत्पादने परस्तल्लीनः समभूत्तु पुनः परोपकारः परस्मायनुग्रहबुद्धिः खर्व उत्तरोत्तरं क्षीणातामवाप्तः वर्वो नृशंस एव जनः सम्माननीयत्वमवाप स्वागतं लेभे । इत्यातोऽधिकमहं वो युष्माकं किं पुनर्वच्मि ॥३३॥

